वाराणसी, मंगलवार 21 जनवरी, 2025

माघ, कृष्ण पक्ष 7, वर्ष 13, अंक 344, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : देखने और परखने की क्रिया

अन्दर : चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के इरादे से उतरेंगे: रोहित



डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



# ट्रेनी डॉक्टर रेप मर्डर के दोषी को उम्रकैद

## 50 हजार का जुर्माना, कोर्ट ने नहीं माना रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुए डॉक्टर रेप-मर्डर केस में संजय रॉय को मरते दम तक उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। सजा का ऐलान करते वक्त अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिरबन दास ने कहा कि ये रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस नहीं है। इसलिए इस मामले में वो अपराधी को उम्रकैद की सजा सुना रहे हैं। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिरबन दास ने कहा, "सीबीआई ने मौत की सजा की मांग की है। बचाव पक्ष के वकील ने की प्रार्थना की है कि मौत की जगह दूसरी सजा दी जाए। यह अपराध दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है।" उन्होंने आगे कहा, "पीड़िता की मौत अस्पताल में ड्यूटी के दौरान हुई। वो उसका कार्यस्थल था। इसलिए डॉक्टर के परिवार को मुआवजा मिलना चाहिए, जो कि राज्य की जिम्मेदारी है।" संजय रॉय को उम्रकैद की सजा देने के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार को पीड़िता के परिजनों को 17 लाख मुआवजा देने का निर्देष दिया। इस पर पीड़िता के माता-पिता ने कहा कि उन्हें किसी तरह का मुआवजा नहीं चाहिए। संजय रॉय को बीएनएस की धारा 64, 66 और 103 (1) के तहत के दोषी पाया गया है। इन धाराओं के तहत अपराधी को अधिकतम फांसी या उम्रैकद का प्रावधान है। लेकिन जज ने उम्रकैद की सजा दी है।

### कार्रवाई

**राज्य सरकार को पीड़िता के परिजनों को 17 लाख मुआवजा देने का कोर्ट ने दिया निर्देश**

**संजय रॉय ने कहा- मैंने अपराध नहीं किया, लेकिन दोषी ठहराया गया**

सजा सुनाने से पहले जज ने संजय रॉय से कहा, "मैंने तुम्हें पहले ही बताया था कि तुम पर लगाए गए सभी आरोप जैसे बलात्कार और हत्या के आरोप साबित हो चुके हैं।" इस पर संजय रॉय ने कहा, "मुझे बिना किसी वजह के फंसाया गया है। मैं हमेशा रुद्राक्ष की माला पहनता हूं। यदि मैं अपराध करता तो क्राइम सीन पर ही माला टूट जाती। मुझे बोलने नहीं दिया गया। कई कागजों पर जबरदस्ती साइन करवाए गए।"

संजय रॉय ने दावा किया, जब सीबीआई ने इस मामले को अपने हाथ में लिया, तो यहां रेलवे अस्पताल में मेडिकल जांच कराई गई, लेकिन उसमें कुछ भी नहीं दिखा।₹ जज ने जब उसके परिवार के बारे में पूछा, तो उसने कहा कि उसकी मां है, लेकिन गिरफ्तारी के बाद कोई भी उससे मिलने नहीं आया। गिरफ्तारी से पहले वो पुलिस कैंप में रहता था। उसने कहा कि उसने अपराध नहीं किया है, लेकिन उसे दोषी करार दिया गया।

सीबीआई के वकील ने कोर्ट में कहा, यह एक ऐसा मामला है जो दुर्लभतम श्रेणी में आता है। समाज में लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए संजय रॉय को अधिकतम सजा दी जानी चाहिए। संजय रॉय के वकील ने तर्क दिया कि अभियोजन पक्ष को ऐसे साक्ष्य प्रस्तुत करने चाहिए, जो यह साबित कर सकें कि दोषी के सुधार की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि वो फांसी के अलावा सजा के लिए प्रार्थना करते हैं। तीसरी, सबसे अहम चीज फॉरेंसिक रिपोर्ट थी। ट्रेनी जूनियर डॉक्टर के नाखुन में मिले खून से संजय का डीएनए मैच कर गया। इसके अलावा सीमन का डीएनए भी संजय रॉय से मैच कर गया था। प्राइवेट पार्ट से भी संजय का ही डीएनए सैंपल मिला था।

**पीड़िता के माता-पिता ने की थी फांसी की सजा की मांग**

पीड़िता के माता-पिता के वकील ने भी अधिकतम सजा की मांग करते हुए कहा कि संजय रॉय एक सिविक वालंटियर होने के नाते अस्पताल की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार था, लेकिन उसने खुद ही उस पीड़ित के साथ जघन्य अपराध किया जिसकी रक्षा करने की जिम्मेदारी उस पर थी। सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में संजय रॉय को ही असली अपराधी बताया था। इसके साथ ही इसको गैंगरेप की बजाए रेप बताया था। चार्जशीट के अनुसार संजय रॉय ने अकेले ही इस वारदात को अंजाम दिया था। पीड़िता से लिए गया सीमन का सैंपल उससे मैच हो गया था। सीएफएसएल रिपोर्ट से पुष्टि हुई थी कि सीमन संजय रॉय का ही है। कई भौतिक-परिस्थितिजन्य साक्ष्य, फोरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर साबित हुआ कि वारदात उसने ही किया है। 9 अगस्त 2024 को क्राइम सीन से मिले छोटे बाल को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा गया था।

चार्जशीट के मुताबिक, वारदात वाली रात संजय रॉय ने काफी शराब पी रखी थी। उसी नशे में वो रात करीब चार बजे अस्पताल के तीसरी मंजिल पर पहुंचा। इस बात से अंजान कि सेमिनार हॉल में ट्रेनी जूनियर डॉक्टर सो रही है, वो वहां पहुंच गया। वहां उसे ट्रेनी डॉक्टर दिखाई दी। इसके बाद वो उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। डॉक्टर बचने की कोशिश करती रही। संजय रॉय ने उसका मुंह और गला दबा दिया। उसने जब ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप किया, तब वो बेहोश थी। पीड़ित के जिस्म पर 16 बाहरी और 9 अंदरुनी चोट थी। खुद को बचाने के दौरान उसने संजय पर हमला भी किया था।

# केरल में 24 साल की युवती को फांसी की सजा

**तिरुवनंतपुरम।** डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने सोमवार को 24 साल की एक युवती को फांसी की सजा सुनाई। युवती ने अक्टूबर 2022 में आयुर्वेदिक टॉनिक में जहर मिलाकर अपने बॉयफ्रेंड को पिला दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। युवती की शादी कहीं और तय हो गई थी, इसलिए उसने बॉयफ्रेंड से पीछा छुड़ाने के लिए उसकी जान ले ली थी। उसके चाचा निर्मलाकुमारण नायर को हत्या में साथ देने और सबूत मिटाने का दोषी पाया गया गया, उसे 3 साल की सजा सुनाई गई। जबकि युवती की मां को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। कोर्ट ने कहा, ये रेयरेस्ट ऑफ द रेयर केस है। लड़की ने उस व्यक्ति को धोखा दिया जो उससे प्यार करता था और इससे समाज में अच्छा संदेश नहीं गया। ग्रीष्मा के वकील ने कहा, वह पढ़ी लिखी है और अपने माता-पिता की इकलौती बेटी है। उसका कोई क्राइम रिकॉर्ड भी नहीं है। ऐसे में सजा कम की जानी चाहिए। कोर्ट ने 586 पन्नों के अपने फैसले में कहा, अपराध की गंभीरता के सामने दोषी की उम्र और अन्य परिस्थितियों को ध्यान में रखने की जरूरत नहीं है। ग्रीष्मा ने प्लानिंग करके शेरोन की हत्या की। गिरफ्तारी के बाद उसने अपनी जान देने की कोशिश की थी, जिससे जांच को भटकाया जा सके। स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर वीएस विनीत कुमार के मुताबिक दोषी ग्रीष्मा की शादी नागरकोइल के रहने वाले आर्मी के एक जवान से तय हो गई थी। इस वजह से वह अपने बॉयफ्रेंड शेरोन राज को रिश्ता तोड़ने के लिए कह रही थी, लेकिन शेरोन रिश्ता खत्म करना नहीं चाहता था। 14 अक्टूबर 2022 को ग्रीष्मा ने शेरोन राज को कन्याकुमारी के रामवर्मनचिराई स्थित अपने घर बुलाया। वहां ग्रीष्मा ने शेरोन को आयुर्वेदिक टॉनिक में पैराक्वाट (खतरनाक हबीसाईड) मिलाकर जहर दे दिया। जैसे ही शेरोन ग्रीष्मा के घर से निकला तो उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और वो लगातार उल्टी करने लगा। घर वालों से उसे तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। 23 साल के शेरोन की 11 दिन बाद 25 अक्टूबर को अस्पताल में मौत हो गई थी। शेरोन तिरुवनंतपुरम के परसाला का रहने वाला था।

### निर्णय

**बॉयफ्रेंड को जहर देकर मारा था अदालत बोली- ये रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस है**



NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
ठठेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

# दम घुटने से गई मां व दो बच्चों की जान

**उन्नाव।** कटरा मुहल्ले में अंगीठी जलाकर सोई महिला व उसके दो बच्चों की दम घुटने से मौत हो गई। सोमवार की सुबह घटना का पता चलने पर कोहराम मच गया। बताते हैं कि सेना में सूबेदार पद पर तैनात आलोक सिंह का परिवार कटरा मुहल्ले में रहता था। उनकी 35 साल की पत्नी नीतू अपने 7 साल के बेटे वैभव और 4 साल की बेटी वैष्णवी के साथ घर रविवार की रात अंगीठी जलाकर सोई थी। घर में धुंआ भर जाने के कारण सोते में ही इन सभी का दम घुट गया, जिससे तीनों की मौत हो गई। घटना की जानकारी तब हुई जब सोमवार सुबह करीब 10 बजे दूध वाला दूध देने घर पर आया। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद जब कोई जवाब नहीं आया तब दूधवाले ने आसपास के लोगों को बताया। लोगों के इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजन जब छत से चढ़कर कमरे के अंदर घुसे तब देखा कि नीतू और दोनों बच्चे मृत अवस्था में कमरे पर पड़े हुए थी। मां और बेटी बेड पर थीं जबकि बेटा जमीन पर पड़ा हुआ था। बेड के ही पास में अंगीठी भी मौजूद थी जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि ये मौतें दम घुटने से ही हुई हैं। शवों का पोस्टमार्टम होने के बाद ही साफ हो पाएगा कि मौत का कारण क्या है।

### दु:खद

**घर में अंगीठी जलाकर सोए थे उन्नाव की घटना**

# पांच पुलिसकर्मियों पर दर्ज हो केस

## जांच रिपोर्ट आने के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 12 अगस्त 2024 को 2 बच्चियों के साथ यौन शोषण की घटना हुई थी। इस घटना के मुख्य आरोपी अक्षय शिंदे की 23 सिंतबर को पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई थी। एनकाउंटर की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए थे, इसकी रिपोर्ट 4 माह बाद 20 जनवरी को बॉम्बे हाईकोर्ट में पेश की गई। बॉम्बे हाईकोर्ट में जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस नीला गोखले की डिवीजन बेंच ने सुनवाई कर कहा कि जांच में पता चला है कि एनकाउंटर के लिए वैन में मौजूद 5 पुलिसकर्मी जिम्मेदार थे।

इन पांचों पर एफआईआर दर्ज करें। महाराष्ट्र सरकार हमें 2 हफ्ते में बताए कि इन के खिलाफ कौनसी जांच एजेंसी जांच करेगी। दरअसल, ठाणे क्राइम ब्रांच ने आरोपी अक्षय शिंदे का 23 सिंतबर को शाम करीब 6:15 बजे एनकाउंटर किया था। क्राइम ब्रांच अक्षय को तलोजा जेल से बदलापुर लेकर गई थी। महाराष्ट्र सरकार ने कहा था कि अक्षय ने पुलिस की रिवॉल्वर छीनकर फायर किए थे, सेल्फ डिफेंस में पुलिस ने गोली चलाई और जिसमें अक्षय मारा गया था। आरोपी अक्षय की मौत के बाद पिता ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर एनकाउंटर की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग की थी। उन्होंने कहा था अक्षय को कस्टडी में जमकर पीटा गया था।

मामले को दबाने के लिए एनकाउंटर किया गया। उसका शव भी नहीं देखने दिया। आरोपी अक्षय की मां ने शव लेने से इनकार किया था आरोपी शिंदे की मां ने कहा एनकाउंटर के बाद कहा था कि हम अस्पताल में घंटों इंतजार करते रहे। लेकिन पुलिसवालों ने हमें अक्षय का शव भी देखने नहीं दिया। अक्षय के खिलाफ यौन शोषण के आरोप साबित नहीं हुए थे। वह पटाखे फोड़ने तक से डरता था। पुलिस पर गोली कैसे चला सकता था। एनकाउंटर एक साजिश है।

### बदलापुर एनकाउंटर

**2 हफ्ते में बताएं कौन सी एजेंसी जांच करेगी**

# शाह पर टिप्पणी का मामला राहुल पर नहीं चलेगा केस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने झारखंड सरकार और भाजपा नेता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले झारखंड के चाईबासा में अपने एक भाषण के दौरान राहुल ने अमित शाह को हत्यारा बताया था। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने उन पर शाह के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का केस किया था। सुनवाई के दौरान राहुल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि कई न्यायिक फैसलों में कहा गया है कि केवल पीड़ित व्यक्ति ही आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायत किसी तीसरे पक्ष की ओर से दायर की गई थी। मानहानि मामले में ऐसा करना स्वीकार्य नहीं है।

### राहत

**झारखंड सरकार व बीजेपी से कोर्ट ने मांगा जवाब**



## संक्षेप

**बाबा रामदेव के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी**

**त्रिवेंद्रम ।** केरल के पलक्कड़ में न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वितीय द्वारा बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद की मार्केटिंग शाखा दिव्य फामेर्सी के खिलाफ जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। यह वारंट 16 जनवरी को अदालत में पेश नहीं होने के कारण जारी किया गया।

**एक्टर योगेश महाजन का निधन**

**मुंबई।** हिंदी पौराणिक सीरियल्स के साथ-साथ मराठी फिल्मों में भी अपनी पहचान बनाने वाले फेमस मराठी एक्टर योगेश महाजन दिल का दौरा पड़ने से 50 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह गए। योगेश महाजन का रविवार को गुजरात के उमरगांव में निधन हो गया था। योगेश हिंदी धारावाहिक शिव शक्ति-तप, त्याग, तांडव की शूटिंग के लिए उमरगांव में थे। इस सीरीज में वह शुक्राचार्य की भूमिका निभा रहे थे, लेकिन वह इसकी शूटिंग पूरी नहीं कर सके।

**मंदिर समिति को दान दिए 6 करोड़ रुपए**

**तिरुपति।** एक शख्स ने हजार या लाख नहीं बल्कि छह करोड़ रुपए दान कर दिए तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में। चेन्नई निवासी वर्धमान जैन ने 6 करोड़ रुपये दान किए हैं। टीटीडी के अधिकारियों ने बताया कि वर्धमान जैन ने श्री वेंकटेश्वर भक्ति चैनल को 5 करोड़ रुपए और श्री वेंकटेश्वर गोसंरक्षण ट्रस्ट को एक करोड़ रुपए दान में दिए हैं। एजेंसी

**बद्रीनाथ धाम मंदिर निर्माण पर आपत्ति**

**देहरादून।** तेलंगाना में पंच केदार और बद्रीनाथ धाम मंदिर निर्माण पर बद्री केदार मंदिर समिति ने आपत्ति जताई है। बद्री केदार मंदिर समिति की तरफ से श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट और उत्तराखंड कल्याणकारी संस्था को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बद्री केदार के नाम और दोनों धाम के फोटो के इस्तेमाल करने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

# उत्तराखंड में यूसीसी पर लगी मुहर 26 जनवरी से हो सकता है लागू

**देहरादून।** उत्तराखंड कैबिनेट ने यूसीसी पर सोमवार की सुबह हुई कैबिनेट बैठक में मुहर लगा दी है। अब जल्द ही राज्य में यूसीसी लागू होगा। सीएम पुष्कर धामी ने संकेत दिया है कि सरकार इस महीने यूसीसी को अधिसूचित करेगी।

सूत्रों का कहना है कि यह 26 जनवरी को लागू हो सकता है क्योंकि उस दिन गणतंत्र दिवस है। यूसीसी की अधिसूचना की तारीख पर अभी तक आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। इस बीच संबंधित सरकारी विभाग मंगलवार को प्रदेश भर में यूसीसी पोर्टल की मॉक ड्रिल आयोजित करेंगे। बता दें कि उत्तराखंड के सीएम धामी ने कहा है कि राज्य में जनवरी 2025 से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो जाएगी। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ऐसा होने से उत्तराखंड आजादी के बाद यूसीसी लागू करने वाला राज्य बन जाएगा। दरअसल, यूनिफॉर्म सिविल कोड शादी, तलाक, मेंटिनेंस, संपत्ति का अधिकार, गोद लेने और उत्तराधिकार जैसे क्षेत्रों को कवर करता है। व्यक्ति किसी भी धर्म, जाति, संप्रदाय का क्यों न हो, उन सबके लिए एक समान कानून है यूसीसी।

### बनेगा पहला राज्य

**किसी भी धर्म, जाति, संप्रदाय के लिए एक समान होगा कानून**



# वक्फ पर जेपीसी की बैठक आज

**ब्यूरो, लखनऊ।** वक्फ अधिनियम पर संसद द्वारा गठित जेपीसी की बैठक लखनऊ में होगी। बैठक में वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर चर्चा होगी। वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम 2024 पर मुसलमानों की राय और सुझाव लेने के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मंगलवार को होटल मैरियाट, गोमती नगर में विभिन्न प्रतिनिधियों के साथ यह बैठक होगी।

समिति की पहली बैठक 22 अगस्त 2024 को हुई थी। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बताया था कि जेपीसी संसद के 31 जनवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

# फरवरी तक रुका राम मंदिर का निर्माण!

**अयोध्या।** महाकुम्भ से आने वाले भीड़ के कारण राम मंदिर के बगल चल रहे कई काम प्रभावित हुये हैं। मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी चार फरवरी तक काम शुरू नहीं हो पायेंगे। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया कि निर्माण समिति की दो दिनी बैठक में हम निर्माण की प्रगति और परेशानियों पर चर्चा करेंगे।

उन्होंने कहा कि कुंभ के चलते अयोध्या में औसतन प्रति दिन दो लाख के ऊपर श्रद्धालु आ रहे है। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने से निर्माण में थोड़ी सी बाधा आ रही है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता श्रद्धालुओं की सुरक्षा की है। पहले हम उसको सुनिश्चित करते हैं। ऐसे में जहां-जहां मौका मिल रहा है वहां निर्माण किया जा रहा है। कुछ जगहों पर श्रद्धालुओं के हित में निर्माण रोकना पड़ा है। अनुमान है कि चार फरवरी तक कार्य शुरू नहीं हो पाएगा। ऐसा अनुमान हमें पहले भी था कि निर्माण में करीब 15 दिनों तक कठिनाई आयेगी। राम जन्मभूमि परिसर के निर्माण का कार्य पर चर्चा करते हुए अध्यक्ष ने बताया कि भव्य राम मंदिर के शिखर निर्माण, परकोटा और उनमे बनने वाले छह मंदिर और 11 अन्य देवी देवता और ऋषि मुनियों के भी मंदिरों का निर्माण अंतिम चरण में चल रहा है। कहा कि लोवर प्लीथ पर जो राम कथा का कार्य हुआ है। जो पत्थर के म्यूअरल बनाएं गए है और जो परकोटे में ब्रांस के म्यूअरल बनाएं गए उनको पुणे से आए आर्टिस्ट वासुदेव कामत ने देखकर अपनी राय दी है। उस पर भी काम किया जा रहा है।



# सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से किया जवाब तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रोड सेफ्टी और मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 के नियमों के पालन के मुद्दे पर सुनवाई करते हुए 23 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों से जवाब तलब किया है। यह सुनवाई इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और रोड सेफ्टी उपायों को लागू करने के संबंध में हुई।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां की डबल बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि अब तक केवल 5 राज्यों (पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल) के साथ ही एक केंद्र शासित प्रदेश (दिल्ली) ने अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की है। ऐसे में अन्य 23 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया गया है कि वे सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी के पास अपनी रिपोर्ट जल्द से जल्द जमा करें।

इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की आवश्यकता: सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर कहा कि दुर्घटना-प्रवण क्षेत्रों, जंक्शनों और 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में इलेक्ट्रॉनिक निगरानी उपकरण लगाए जाने चाहिए। इन उपकरणों के जरिए वाहनों की गति पर नजर रखी जाएगी और नियमों के उल्लंघन पर इलेक्ट्रॉनिक चालान जारी किए जाएंगे।

मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 की धारा 136ए : कोर्ट ने 2 सितंबर 2024 को सभी राज्यों को मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 की धारा 136ए को लागू करने के निर्देश दिए थे। यह प्रावधान तेज गति वाले वाहनों की निगरानी के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के इस्तेमाल की अनुमति देता है। साथ ही, एक्ट के नियम 167ए के तहत, इलेक्ट्रॉनिक फुटेज के आधार पर चालान जारी किए जा सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को यह सुनिश्चित करने के लिए आदेश भेजने को कहा कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जल्द से जल्द इस एक्ट के प्रावधानों को लागू करें। इन रिपोर्ट्स की 25 मार्च 2025 को सुप्रीम कोर्ट की कमेटी समीक्षा करेगी। समीक्षा के बाद केंद्र सरकार इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और रोड सेफ्टी के उपायों की संचालन प्रक्रिया तैयार करने पर विचार करेगी।

### मांगी कैफियत

**रोड सेफ्टी पर कोर्ट का सख्त रुख**



# आतंकियों से मुठभेड़ में घायल जवान शहीद

**सोपोर।** आतंकवादियों की तलाश में चलाए जा रहे अभियान के बीच हुई मुठभेड़ में घायल हुआ जवान शहीद हो गया। कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के बारामूला जिले के जालोरा गांव में चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान यह मुठभेड़ हुई थी, जिसमें एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल जवान को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी अनुसार सुरक्षा बलों और पुलिस ने सोपोर के जालोरा गांव में रविवार को तलाशी अभियान के दौरान घेराबंदी करते हुए एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया था। उक्त गांव सोपोर से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जब सोपोर पुलिस के साथ 22 राष्ट्रीय राइफल्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 179वीं बटालियन सर्च अभियान चला रही थी तभी आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

# चंपारण में जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत

**पश्चिमी चंपारण।** बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत हुई है। हालांकि प्रशासन ने अभी तक मौत के कारणों की पुष्टि नहीं की है। एसपी शौर्य सुमन ने बताया कि घटना की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक लोगों ने बताया कि पिछले चार दिनों में सात लोगों की मौत हुई है। इसमें पहली मौत 15 जनवरी को हुई थी, लेकिन पुलिस को इन मौतों की सूचना 20 जनवरी को मिली। मृतकों के शव को पहले ही अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा चुका था, इससे मौत के कारण का पता लगाना और मुश्किल हो गया है। पुलिस ने बताया कि सात मौतों में से दो मामलों में शराब से संबंधित होने की पुष्टि नहीं हुई है। एक व्यक्ति की मौत ट्रैक्टर की चपेट में आने से हुई, जबकि दूसरे को लकवा मार गया था। बाकी पांच मौतों का कारण स्पष्ट नहीं है। वहीं प्रशासन के आला अधिकारियों ने बताया कि जांच टीम को 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। टीम यह भी पता लगाएगी कि पिछले तीन-चार दिनों में लौरिया क्षेत्र में किन-किन लोगों की मौत हुई।

मृतकों के परिजनों का कहना है कि सभी ने जहरीली शराब का सेवन किया था। एक मृतक के भाई ने बताया, मेरे भाई ने अपने दोस्त के साथ शराब पी थी। दोनों की मौत हो गई।

# बलिया खाद्यान्न घोटाले में तत्कालीन बीडीओ गिरफ्तार

**कसा शिकंजा**

### आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन वाराणसी टीम ने रविदास गेट से पकड़ा



**वाराणसी।** आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) वाराणसी टीम ने बलिया खाद्यान्न घोटाले में तत्कालीन बीडीओ रामकृत राम को सोमवार को गिरफ्तार करने में सफलता पायी। मूल रूप से चंदौली जिले के चकिया थाना क्षेत्र स्थित मुजफ्फरपुर निवासी रामकृत राम को लंका पुलिस के सहयोग से रविदास गेट के पास से ईओडब्ल्यू टीम ने पकड़ा।

बता दें कि संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना अंतर्गत वर्ष 2002 से 2005 के दौरान बलिया जिले के पंद्रह ब्लॉक के विभिन्न गांवों में पंचायत अंश से मिट्टी कार्य, नाली निर्माण, खडंजा, पटरी मरम्मत, सम्पर्क मार्ग, सीसी और पुलिया निर्माण का कार्य कराया जाना था। परंतु कार्य मानक के अनुरूप नहीं हुआ और अपूर्ण पाया गया था। गिरफ्तार तत्कालीन बीडीओ ने अन्य सह अभियुक्तों से मिलीभगत करके धोखाधड़ी, कूटरचित अभिलेखों के आधार पर शासकीय धन का गबन का अपराध करते हुए खाद्यान्न का वितरण मजदूरों को नहीं किया गया है। तत्कालीन बीडीओ रामकृत राम की संलिप्तता पर बलिया के सिंकदरपुर थाने में उनके खिलाफ अ.सं.46अ/2006 धारा 409, 419, 420, 467, 468, 471, 218, 201, 34, 120 इ भादवि एवं धारा 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मुकदमा दर्ज हुआ। उनकी गिरफ्तारी के लिए ईओडब्ल्यू मुख्यालय लखनऊ के पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक लाल साहब यादव ने पुलिस उपाधीक्षक सुनील कुमार एवं महेश पांडे के निर्देशन में निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया था। टीम ने सोमवार को संत रविदास गेट से रामकृत राम को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त को विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। अभियुक्त थाना गढ़वार और सिकंदरपुर पर पंजीकृत दो मामलों में वांछित था। अभियुक्त 2017 में डीडीओ के पद से जनपद फिरोजाबाद से रिटायर्ड हुआ है। अभियुक्त सेवानिवृत के बाद पुलिस को बताए गए चंदौली के दोनों पते पर निवास न कर-के पिछले सात साल से नए स्थान भगवानपुर में अपने रिश्तेदार के पास रह रहा था। गिरफ्तार करने वाली टीम में ईओडब्ल्यू के निरीक्षक सुनील वर्मा, मुख्य आरक्षी छेदी सिंह, शशिकांत सिंह, विनीत पांडे, रामाश्रय सिंह, राजकिशोर, सरफराज अंसारी और लंका थाने के आरक्षी मनोज सिंह व सुजीत सिंह शामिल रहे।

# डंपर से भिड़े बाइक सवार होमगार्ड के दो जवान, मौत



रामनारायण पांडेय व सुरेश विश्वकर्मा

**दु:खद**

### पं. दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन से ड्यूटी कर घर लौटते समय हुआ हादसा

**चिरईगांव।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के ग्रामपंचायत जाल्हूपुर निवासी होमगार्ड के जवान रामनरायन पांडेय उर्फ चौधरी गुरु (45 वर्ष) पुत्र कमला पांडेय व सुरेश विश्वकर्मा (48 वर्ष) पुत्र स्व. भोला विश्वकर्मा की प्रयागराज कुंभमेले को लेकर पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन मुगलसराय पर लगी थी। सोमवार को ड्यूटी समाप्त होने के बाद दोनों जवान एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। जलीलपुर चौकी क्षेत्र में पड़ाव स्थित वाराणसी-मुगलसराय मार्ग पर खड़े डंफर में जा भिड़े। इस हादसे में दोनों जवानों की मौके पर ही मौत हो गयी। पोस्टमार्टम के बाद दोनों जवानों का शव शाम 4.30 बजे गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एक साथ दो जवानों का शव देखकर हर किसी की आंखों से आंसू निकल पड़े। मृतक रामनरायन पाण्डेय अपने पीछे पत्नी कंचन व दो पुत्र तथा तीन पुत्रियों को छोड़ गए हैं। वहीं मृतक सुरेश विश्वकर्मा पत्नी रेखा के अलावा एक पुत्र व एक पुत्री हैं । दोनों जवानों का अंतिम संस्कार सरसौल घाट पर किया गया। मृतक रामनरायन के ज्येष्ठ पुत्र अश्वनी और मृतक सुरेश के पुत्र सुजल ने मुखाग्नि दी।

मौके पर होमगार्ड विभाग के कमांडेंट बृजेश मिश्रा, इंस्पेक्टर रामनरेश, प्रीतम व अन्य होमगार्ड के जवानों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## संक्षेप

### नायब तहसीलदार के रिश्वत लेने की शिकायत

**पिण्डरा।** सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पिण्डरा तहसील पहुंचे जिलाधिकारी एस राजलिंगम की अधिवक्ता मनीष पांडेय ने गाड़ी रोककर नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव पर 10 हजार की रिश्वत लेने की शिकायत की। उन्होंने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि संक्रमणीय भूमि करने के बाबत रिपोर्ट लगाने के लिए पांच हजार रुपए लेने के बाद पांच हजार रुपए और देने पर ही रिपोर्ट लगाने की धमकी देने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। चक खरावन की रजवंती देवी ने आरोप लगाया कि लेखपाल और कानूनगो ने सही पैमाइश नहीं की।

### 'सिविल डिफेंस से नए सदस्यों को जोड़ें'

**वाराणसी।** नागरिक सुरक्षा के कलेक्ट्रेट प्रखंड की सोमवार को पहड़िया स्थित लान में हुई बैठक में उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा जितेन्द्र देव सिंह ने सभी पोस्ट वार्डेन को परिवार रजिस्टर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने नवीनीकरण व नए सदस्य बनाने तथा स्वयंसेवकों का नया परिचय पत्र बनाने का निर्देश दिया। एडीसी इरफानुल होदा, विवेक कुमार, डिवीजनल वार्डेन संजय कुमार राय, डिप्टी डिवीजनल वार्डेन अरविंद कुमार विश्वकर्मा, राजेश कुमार सिंह, अजय यादव, अयन बोस, चंद्रकला, कंचन गुप्ता आदि मौजूद थे।

### गंदगी, खुले मैनहोल देख डीएम ने फटकारा

**पिंडरा।** तहसील दिवस पर पिंडरा पहुंचे जिलाधिकारी ने गंदगी व खुला मैनहोल देखकर संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकारा। उन्होंने तहसील परिसर में साफ– सफाई कराने तथा लीकेज को ठीक कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि रोज तहसील आने वाले अफसरों को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने एसडीएम पिण्डरा को परिसर की साफ– सफाई पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी।

### नाबालिग को बहकाकर भगाने वाला गिरफ्तार



**सिंधोरा।** कुछ दिन पूर्व सिंधोरा थाने में पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमे में फरार अभियुक्त मिथिलेश यादव पुत्र गुड्डू यादव निवासी दिनदासपुर बिलारी थाना सिंधोरा को मुखबिर की सूचना के आधार पर भरतपुर चौराहे के पास से सोमवार को गिरफ्तार कर नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया गया। चौकी इंचार्ज मिथिलेश प्रजापति की कार्य कुशलता की तारीफ पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### अधिवक्ताओं ने किया डीएम का सम्मान

**पिंडरा।** तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा की ओर से सोमवार को जिलाधिकारी एस राजलिंगम का स्वागत व अभिनन्दन किया गया। अधिवक्ताओ ने तहसील के लाइब्रेरी भवन में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें अंगवस्त्रम व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि बार व बेंच के सहयोग से ही न्यायिक प्रक्रिया पूरी होती हैं। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में व्याप्त गंदगी समेत कई समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान बार अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल, महामंत्री सुधीर कुमार सिंह, शिवपूजन सिंह, राजेश सिंह, अशोक पांडेय, सुभाष दुबे, प्रीतराज माथुर, श्रीप्रकाश मिश्र, शैलेन्द्र सिंह मीनू, श्रीनाथ गोंड़, रामभरत यादव, अश्वनी मिश्र आदि मौजूद रहे।

### केंद्रीय राज्य मंत्री आज शहर में

**वाराणसी।** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं वितरण राज्य मंत्री बीएल वर्मा मंगलवार को शहर में रहेंगे। प्रोटोकॉल कार्यालय के अनुसार केंद्रीय राज्य मंत्री मंगलवार को लखनऊ से शाम को यहां पहुंचेंगे। सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

# नगर निगम ने बड़े बकायेदारों के खिलाफ चलाया अभियान

**ऐक्शन**

### छह भवन स्वामियों ने कुर्की के पूर्व जमा किया गृहकर

### दो भवनों पर हुई सीलिंग की कार्रवाई

**वाराणसी।** नगर निगम ने बड़े बकायेदारों के खिलाफ सोमवार को वरूणापार जोन में जबरदस्त अभियान चलाया। विभाग ने दो भवनों पर जहां सीलिंग की कार्रवाई की, वहीं 6भवन स्वामियों कुर्की की कार्रवाई के दौरान गृहकर जमा करा लिया। इस दौरान नगर निगम की टीम अचानक वरूणापार इलाका में पहुंचा। जहां गृहकर नहीं जमा किए जाने पर वाले भवनों की कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी। नगर निगम की इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्रों में हड़कंप मच गया और लोगों की भारी भीड़ लग गयी। नगर निगम की टीम को देख आनन- फानन में 6 बकायेदारों ने जहां गृहकर जमा कर कार्रवाई से छुटकारा पाया,वहीं विभाग ने अरूण साहू के दो भवनों पर सीलिंग के तहत तालाबंदी की सख्त कार्रवाई की। इस दौरान नगर निगम की टीम ने शशिकान्त पाडेंय,रमेश नन्द लाल, रामाश्रय सिंह, संगीता सिंह,रश्मि सिंह,ममता राय आदि भवनस्वामियों से लाखों रूपये गृहकर जमा कराया।

इस अवसर पर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी,कर अधीक्षक,क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक सहित प्रर्वतन दल शामिल रहा।

## वाहन लेकर फरार मामले में रपट दर्ज

**बड़ागांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के काजी सराय में सोमवार को एक खरीददार के वाहन लेकर भाग जाने के मामले में वाहन स्वामी के प्रार्थना पत्र पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर गाड़ी और खरीददार की तलाश कर रही है। थाने पर दिये गये प्रार्थना पत्र में वाराणसी के बड़ी गैबी निवासी शहजाद खान के अनुसार उसने अपनी चार पहिया वाहन के विक्रय के लिये ओएलएक्स पर डाला, जिसे प्रयागराज निवासी उत्कर्ष द्विवेदी नामक व्यक्ति देखने आया और गाड़ी पसंद आने की बात कहते हुए सोमवार को सुबह पांच बजे अपने मामा के घर हरहुआ चलकर पैसा देने की बात कही। इसके बाद वह वाहन में सवार होकर काजीसराय स्थित एक दुकान पर चाय पीने के बहाने रुका। फिर गाड़ी में मोबाइल छूटने का बहाना किया। मोबाइल लेने के बहाने गाड़ी में बैठा और चंपत हो गया।

# न्यू वोटर्स को मिलेगा वोटर आईडी कार्ड

**सुविधा**

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर वितरित होगा वोटर कार्ड

### नमो घाट पर होंगे विविध कार्यक्रम

**वाराणसी।** वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने वाले नए युवा मतदाताओं के लिए खुशखबरी। न्यू वोटर्स को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को नमो घाट पर वोटर आईडी का वितरण किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम प्रशासन बिपिन कुमार ने बताया कि इस बार राष्ट्रीय मतदाता दिवस का थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' है। लोगों को मतदान दिवस पर लोकतंत्र के सबसे बड़े अधिकार के प्रयोग की शपथ दिलायी जाएगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस को भव्य रूप से मनाया जाएगा। जनसहभागिता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। युवाओं और महिलाओं की सहभागिता के लिए स्लोगन, राइटिंग, निबंध, लेखन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, प्रभात फेरी आयोजित की जाएगी। एनसीसी कैडेट्स की बैण्ड पार्टी भी हिस्सा लेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए न्यू वोटर्स और युवा मतदाताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा। तहसील स्तर पर भी कार्यक्रम किए जाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर उन्हें भी मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## धमकी देने के आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**वाराणासी।** सारनाथ थाना क्षेत्र के छाही निवासी शमशेर सिंह को जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जान से मारने की धमकी देने के आरोपियों को पकड़ने के लिए तीन टीमें गठित की गई है। उनके संभावित ठिकानों पर छापामारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों छाही निवासी शमशेर सिंह को कुछ लोगों ने फोन पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। इसका आरोप उन्होंने सुल्तानपुर निवासी नवीन सिंह व प्रवीण सिंह पर लगाया था। इस प्रकरण में स्थानीय पुलिस ने पहले ही मुकदमा दर्ज कर चुकी है।

## खिड़की का ग्रिल काट अनाज ले गए चोर



**जंसा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुरौना गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के खिड़की का ग्रिल काट कर चोर कमरे में घुसे और करीब सात कुंतल खाद्यान्न उठा ले गए। घटना की जानकारी सोमवार सुबह उस समय हुई, जब प्रधानाध्यापक राजेश पाठक पहुंचे। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला और वापस लौट गयी।

# दोहरीकरण के चलते परिवर्तित मार्ग से चलेंगी गाड़ियां

**ब्लॉक**

### पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के कपरपुरा-कांटी-पिपराहां खंड का चल रहा दोहरीकरण का कार्य

**वाराणसी।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता के लिए पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के कपरपुरा-नरकटियागंज खण्ड के मध्य कपरपुरा-कांटी-पिपराहाँ खण्ड के दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री-नान इंटरलॉक एवं नान इंटरलॉक कार्य किए जाने के कारण गाड़ियों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से किया जायेगा।बरौनी से 27 से 29 जनवरी तक चलने वाली 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मुजफ्फरपुर-बापूधाम मोतिहारी-नरकटियागंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी। मुजफ्फरपुर से 27 से 29 जनवरी तक चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मुजफ्फरपुर-बापूधाम मोतिहारी-नरकटियागंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-सगौली-नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 27 से 29 जनवरी तक चलने वाली 12558 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग नरकटियागंज-बापूधाम मोतिहारी-मुजफ्फरपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नरकटियागंज-सगौली-रक्सौल-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जायेगी। भागलपुर से 27 जनवरी को चलने वाली 09452 भागलपुर-गांधीधाम विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग मुजफ्फरपुर-बापूधाम मोतिहारी-नरकटियागंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी।

लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 27 जनवरीको चलने वाली 15268 लोकमान्य तिलक टर्मिनस -रक्सौल एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मुजफ्फरपुर-बापूधाम मोतिहारी-रक्सौल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल के रास्ते चलाई जायेगी। कटिहार से 27 जनवरी को चलने वाली 15705 कटिहार-दिल्ली एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मुजफ्फरपुर-बापूधाम मोतिहारी-नरकटियागंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी।

मुजफ्फरपुर से 27 जनवरी को चलने वाली 15001 मुजफ्फरपुर-देहरादून एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मुजफ्फरपुर-बापूधाम मोतिहारी-नरकटियागंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी। मुजफ्फरपुर से 27 जनवरी को चलने वाली 19270 मुजफ्फरपुर-पोरबंदर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग मुजफ्फरपुर-बापूधाम मोतिहारी-नरकटियागंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी-रक्सौल-सिकटा-नरकटियागंज के रास्ते चलाई जायेगी।

बांद्रा टर्मिनस से 27 जनवरी को चलने वाली 19037 बांद्रा टर्मिनस-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग नरकटियागंज-बापूधाम मोतिहारी-मुजफ्फरपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नरकटियागंज-सिकटा-रक्सौल-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जायेगी। दिल्ली से 28 जनवरी को चलने वाली 15706 दिल्ली-कटिहार एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग नरकटियागंज-बापूधाम मोतिहारी-मुजफ्फरपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नरकटियागंज-सिकटा-रक्सौल-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जायेगी। बरौनी से 22 से 26 जनवरी तक चलने वाली 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस बरौनी से 165 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। मुजफ्फरपुर से 22 से 26 जनवरी तक चलने वाली 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से 90 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 21 से 25 जनवरी तक चलने वाली 12558 आनन्द विहार टर्मिनस -मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस नरकटियागंज-महवल स्टेशनों के मध्य 165 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। दिल्ली से 21 एवं 24 जनवरी को चलने वाली 15706 दिल्ली-कटिहार एक्सप्रेस बापूधाम मोतिहारी-महवल स्टेशनों के मध्य 60 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। गांधीधाम से 24 जनवरी को चलने वाली 09451 गांधीधाम-भागलपुर विशेष गाड़ी बापूधाम मोतिहारी-महवल स्टेशनों के मध्य 45 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

# महापौर ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास



**जनता के नाम**

### दो जगहों पर करोड़ों रुपये की लागत से होगा कार्य

**वाराणसी।** क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को सशक्त बनाने और जनकल्याण के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए महापौर ने शहर के दो जगहो पर करोड़ो रूपये की लागत से विकास कार्यो का शिलान्यास किया। महापौर अशोक कुमार तिवारी रविवार को शिवपुर वार्ड में पहुंचे। जहां नगर निगम की ओर से आदर्श नगर मोड़ में जहां लगभग 22 लाख की बजट एवं सरायनंदन वार्ड के बड़ी पटिया क्षेत्र में इंटरलाकिंग के लिए 1.10 करोड़ की लागत से विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर पार्षद इंद्रा रानी, मदन मोहन तिवारी, सिंधु सोनकर, प्रवीन राय, विवेक कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, जितेंद्र पटेल ,पार्षद प्रतिनिधि नवनीत पांडेय'अतुल',अजय बिंद, पंकज पटेल , पूर्व पार्षद राम शरण बिन्द आदि लोग उपस्थित रहे।


जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

I Tanu Mishra, D/o Alok Kr. Mishra, from W. H. Smith School, Sigra, Varanasi, have lost my T.C. My UID is 7066880

मेरे नाम से जारी हेल्थ पॉलिसी में मेरे पुत्र का नाम AVIRAL SHRESHTH व जन्मतिथि 02.09.2020 अंकित है जो गलत है। मेरे पुत्र का सही नाम AVYAN SHRESHTH व सही जन्मतिथि 02.09.2021 है इसे ही सही माना जाय। सोना पत्नी मनिन्दर कुमार डीसूजा, अशर्फी नगर कालोनी, फेस-1, मड़ाव, रोहनियां, जिला-वाराणसी, उत्तर प्रदेश, पिन कोड-221108

मेरे पुत्र ओम पाण्डेय पुत्र ललन पाण्डेय माता प्रतिमा पाण्डेय निवासी- एन 12/2640 एच एस ए पी आ0 न0 114 जक्खा बजरडीहा वाराणसी के आधार कार्ड में भूलवस आराव कुमार पाण्डेय गलत अंकित हो गया है जबकि सही नाम शैक्षिक प्रमाणपत्र में ओम पाण्डेय अंकित है जिसे आधार कार्ड में सही करने की कृपा करें।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**

महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय आजमगढ़ से सम्बद्ध रामधन दामोदर महाविद्यालय, कसारा-मऊ में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में हिन्दी-2, समाजशास्त्र-2, भूगोल-3, शिक्षाशास्त्र-3 एवं गृहविज्ञान-3 पदों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यूजीसी / 30 प्र0 शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक व अर्ह अभ्यर्थी आधार कार्ड के साथ अपना फोटो लगा आवेदन पत्र सम्पूर्ण शैक्षिक एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति के साथ 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर प्रेषित करें। साक्षात्कार की सूचना दूरभाष / पंजीकरण डाक द्वारा दी जायेगी।

प्रबन्धक
मो0-9415884513


## धर्म परिवर्तन कराने वाले दो को पुलिस ने पकड़ा

**सिंधोरा।** धर्म परिवर्तन करने वालों की सूचना स्थानीय पुलिस को बराबर मिल रही थी। मुखबिर से मिली पक्की सूचना पर पुलिस ने स्थानीय थाना क्षेत्र के मझवा निवासी नंदलाल और भोजूबीर-वाराणसी निवासी कौशल पटेल को सोमवार को गिरफ्तार किया। उनके पास से एक बाइबिल पुस्तक, तीन प्रार्थना पुस्तक मिला। गिरफ्तार लोग खुद को धर्मगुरू बताते थे और भोली-भाली महिलाओं को बहला-फुसला कर उनका धर्म परिवर्तन करते थे। इन्होंने दो दिन पहले बसंतपुर निवासी दो महिलाओं का धर्म परिवर्तन कराया था। सिंधोरा पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# जिलाधिकारी ने सुनी फरियाद, 91 शिकायतों में से पांच का निस्तारण

**सुनवाई**

### संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने पिण्डरा तहसील पर सुनी शिकायत

### भूमि विवाद निबटारे को पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौका मुआयना का दिया निर्देश




**वाराणसी।** संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने पिंडरा तहसील पर आम जन की फरियाद सुनकर उसका निस्तारण किया। उन्होंने अफसरों को लोगों की समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता से सुनकर निष्पक्ष कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रत्येक शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण निर्धारित अवधि में करने की हिदायत दी। उन्होंने अफसरों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने फरियादियों को दौड़ाए जाने पर नाराजगी जताते हुए इस तरह की कार्यशैली वाले अफसरों को दंडित करने की भी चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने पिण्डरा तहसील कुल 91 शिकायतें सुनी और इसमें से पांच मामलों का तत्काल निस्तारण कर दिया।

जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने संपूर्ण समाधान दिवस पर मिली शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को उपलब्ध कराते हुए समय सीमा के अंदर पारदर्शी तरीके से निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने भूमि विवाद संबंधी मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारित करने के निर्देश दिए। पिंडरा संवाददाता के अनुसार तहसील पहुंचे बढ़ौना निवासी पूर्व ग्राम प्रधान राजेन्द्र प्रसाद यादव ने गांव के दबंग युवक की शिकायत की। उनका आरोप था कि दबंग भतीजी को परेशान करता है इसकी शिकायत करने पर युवक के पिता मारपीट पर उतारू हो गए। पुलिस से मदद मांगने पर सिंधोरा एसओ ने कार्रवाई नहीं की। जिलाधिकारी ने शिकायत सुन पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया। मंगारी ग्राम सभा में जल निगम का 20 दिनों से मोटर जलने से ठप पेयजल आपूर्ति बाधित होने की ग्रामीणों ने शिकायत की। इस पर जल निगम के अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया। बसनी दरजीपुर के दर्जनों लोगों ने बाबतपुर- जमालापुर मार्ग पर नाला की ऊंचाई अधिक होने से पानी सड़क पर भरने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने बीडीओ को कार्रवाई का निर्देश दिया। थाना गांव कि अविनाश पांडेय ने नाद नदी में यूपीएसआईडीसी की फैक्टरियों से गंदा पानी व केमिकल बहाने से प्रदूषण फैलने की शिकायत की। इस दौरान एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा, तहसीलदार विकास पांडेय समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत नई बाजार, जनपद-भदोही

पत्रांक:1042/न0पं0/नई बाजार/2024-25 दिनांक 18 जनवरी, 2025

**ई-निविदा सूचना**

संयुक्त सचिव, उ0 प्र0 शासन नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ के शासनादेश सं0-417/2024/नौ-5-2024 दिनांक 25.11.2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य सेक्टर के **"सीवरेज एवं जल निकासी योजना"** के अन्तर्गत अवमुक्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

| क्र0 | नगर पंचायत NPP Stage | ठेकेदार Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tender Release | | 21.01.2025 | 02:00 PM |
| 02 | | Tender Download | 21.01.2025 | 04:00 PM |
| 03 | | Bid Submission | 21.01.2025 | 04:00 PM |
| 04 | Close for Bid | | 12.02.2025 | 10:00 AM |
| 05 | Bid Opening | | 12.02.2025 | 02:00 PM |
| निविदा शुल्क/ई0एम0डी0 की धनराशि | | | बैंक का नाम-बैंक ऑफ इंडिया, शाखा-नई बाजार, खाता नं0-6911 20110000166 | |
| जमा कर रसीद निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। | | | आई0एफ0एस0सी0 कोड-bkid0006911 | |

- निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रुप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत नई बाजार
जनपद-भदोही

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत नई बाजार
जनपद-भदोही

वाराणसी सर्राफा भाव

सोना (RTGS 999.0) 81950/inc.GST

चांदी (99.50) 92350/- प्रति किलो

चांदी सिक्का 110000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी भव



# आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों की सबसे बड़ी दुश्मन है कांग्रेस

## आरक्षण व्यवस्था का पहला विरोध कांग्रेस के पं. जवाहर लाल नेहरू ने किया



**बोले केशव प्रसाद मौर्य**

**कांग्रेस ने संविधान को तोड़ा-मरोड़ा पर भाजपा सरकार ने की संविधान की रक्षा**

**बाबा साहेब के अधूरे स्वप्न को पूरा कर रहे पीएम मोदी : डिप्टी सीएम**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। कहा कि आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों की सबसे बड़ी दुश्मन कांग्रेस है। आरक्षण व्यवस्था का पहला विरोध कांग्रेस के पं. जवाहर लाल नेहरू ने ही किया था। कांग्रेस ने संविधान को तोड़ा-मरोड़ा परंतु भाजपा सरकार ने संविधान की रक्षा की है। वह गुलाब बाग स्थित भाजपा कार्यालय में सोमवार को 'संविधान गौरव अभियान' के तहत मीडिया से वार्ता कर रहे थे।

डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा कि मंडल आयोग की सिफारिशों को इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने ही ठंडे बस्ते में डाल दिया था। आरक्षण से लोगों को वंचित रखने का काम और पाप कांग्रेस ने ही शुरू किया था। उन्होंने कहा कि संविधान गौरव दिवस भाजपा की ओर से समूचे देश में मनाया जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी वाली भाजपा सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विरासत को सम्मानित करने का हरसंभव प्रयास किया। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 12 अप्रैल 1990 को संसद के केंद्रीय कक्ष में डॉ. अंबेडकर की तस्वीर लगाई गई, जो भारतीय लोकतंत्र में उनके महत्व को दर्शाती है। भाजपा संविधान की सबसे बड़ी पुजारी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों की पहचान की और उन्हें पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया, जिसमें उनकी जन्मस्थली महू मध्य प्रदेश, शिक्षा भूमि लंदन, दीक्षा भूमि नागपुर, महापरिनिर्वाण भूमि दिल्ली एवं चैतन्य भूमि मुंबई, जहां उनकी समाधि बनाई गई है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के अधूरे स्वप्न को पीएम मोदी पूरा कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर को उनके जीवित रहते हुए भी नजरअंदाज किया। 30 सितंबर 2015 को मोदी सरकार ने डॉ. अंबेडकर के जीवन और कार्य के सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि उनकी विरासत को पूरे देश में याद किया जाए।

डिप्टी सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पांच ऐतिहासिक संशोधनों ने सामाजिक और लैंगिक न्याय को बढ़ावा दिया। इनमें ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देना, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण और विधायिकाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण शामिल है। कहा कि 2019 में जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 एवं 35ए को हटाना एक ऐतिहासिक कदम था। इसने जम्मू और कश्मीर में महिलाओं के संपत्ति अधिकारों को बहाल किया और जनजातीय समुदायों को आरक्षण का लाभ सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2019 में नागरिकता संशोधन अधिनियम पेश किया, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में उत्पीड़न का सामना कर रहे अल्पसंख्यकों को नागरिकता प्रदान करता है। इस अधिनियम के तहत अधिकांश लाभार्थी दलित और जनजातीय समुदाय से हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के महान योगदान के बावजूद नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकारों ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया। इसके बजाय 1970 में कांग्रेस ने नारायण राव काजरोलकर को पद्म भूषण पुरस्कार दिया, जिन्होंने 1952 के चुनाव में डॉ. अंबेडकर को हराया था। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल गांधी अपने बयानों के माध्यम से यह दर्शाना चाहते हैं कि वो दलित और पिछड़ों के सबसे बड़े हिमायती हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि कांग्रेस पार्टी दलित और पिछड़ों की सबसे बड़ी दुश्मन रही है। इस दौरान जिलाध्यक्ष व एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, एमएलसी धर्मेंद्र राय, पूर्व मेयर कौशलेंद्र सिंह पटेल, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, सह मीडिया प्रभारी संतोष सोलापुरकर, किशोर सेठ, शैलेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने बार-बार संविधान के मूल भाव को तोड़ा : मौर्य



**संविधान गौरव गोष्ठी**

**भाजपा जिला एवं महानगर इकाई की ओर से आयोजन**

**वाराणसी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय संविधान में अब तक 106 संशोधन किए गए हैं। इनमें से 75 संशोधन कांग्रेस शासन के दौरान किए गए, जो यह दर्शाता है कि कांग्रेस ने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान के मूल भाव को बार-बार बदला। वह भाजपा जिला एवं महानगर इकाई की तरफ से रोहनिया स्थित पार्टी कार्यालय पर सोमवार को आयोजित संविधान गौरव गोष्ठी में मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बार-बार अनुच्छेद 356 का उपयोग कर विपक्ष-शासित राज्य सरकारों को बर्खास्त करने और केंद्रीय शासन लागू करने के लिए किया। इसके तहत 88 बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया, जिसने राज्यों की स्वायत्तता को कमजोर किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भारतीय संविधान के गौरव को कलंकित किया है जबकि भाजपा सरकार में डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को पूरा सम्मान मिला है। पीएम मोदी ने यह भी सुनिश्चित किया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की विरासत को आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसे संरक्षित रखा जाए। उन्होंने कहा कि 1990 में भाजपा समर्थित सरकार ने भारत के कानूनी और सामाजिक ढांचे को आकार देने में उनकी अद्वितीय भूमिका को मान्यता देते हुए डॉ. अंबेडकर को प्रतिष्ठित भारत रत्न से सम्मानित किया। कहा कि यदि कांग्रेस ने संविधान के तहत देश को चलाया होता तो आज अमेरिका जैसा देश पीछे होता।

स्वागत भाषण देते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार ने शोषण व वंचित समाज को असली न्याय दिया है। भाजपा सरकार ने डॉ. अंबेडकर के लेखन और भाषणों को डिजिटलाइजेशन करने की पहल की है, ताकि उनके विचारों और सिद्धांतों को अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सके। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को संविधान की पुस्तक भेंट की। प्रारंभ में डिप्टी सीएम ने दीप जलाकर डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। संचालन जिला महामंत्री संजय सोनकर ने किया। धन्यवाद एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने दिया। गोष्ठी में महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, एमएलसी धर्मेंद्र राय, महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, पूर्व महापौर कौशलेंद्र सिंह, पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह व शिव तपस्या पासवान, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, संतोष सोलापुरकर, महानगर मीडिया प्रभारी किशोर सेठ, शैलेंद्र मिश्रा, निर्मला सिंह पटेल, शैलेंद्र मौर्य, अशोक जाटव, डॉ. ओमप्रकाश प्रियदर्शी, मनोज सोनकर, आरपी कुशवाहा, नवीन कपूर, जगदीश त्रिपाठी, सुरेश सिंह, अशोक यादव, अजय सिंह मुन्ना, विनीता सिंह, साधना वेदांती, डॉ. गीता शास्त्री, डॉ. रचना अग्रवाल, सुष्मिता सेठ, नीरज जायसवाल, बृजेश चौरसिया आदि थे।

## चिरईगांव में लगी पूर्व सांसद स्व. आनंदरत्न मौर्य की प्रतिमा



**चिरईगांव।** चंदौली लोकसभा से तीन बार सांसद रहे स्व. आनंदरत्न मौर्य की पुण्यतिथि 20 जनवरी को उनकी प्रतिमा का अनावरण असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य और प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने चिरईगांव में किया। राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि स्व. आनंद रत्न मौर्य 1991, 1996, 1998 में चंदौली के सांसद रहे। वे उच्च व्यक्तित्व, मिलनसार एवं व्यवहार कुशल जनप्रतिनिधि थे। डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने स्व. सांसद को सरल व सहज रूप में आम जनता को सुनने वाला बताया। दोनों लोगों ने स्व. सांसद की पत्नी आशा मौर्य, पुत्र कुंदर रत्न मौर्य, पुत्रवधू सौम्या, पुत्री रोली मौर्य, दामाद शैलेश मौर्य आदि स्वजनों से मिलकर कुशलक्षेम भी पूछा। इस दौरान

**कार्यक्रम**

**राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य और डिप्टी सीएम ने किया अनावरण**

राज्यपाल, डिप्टी सीएम के अलावा राज्सभा सदस्य साधना सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, मेयर अशोक कुमार तिवारी, विधायक सुशील सिंह, एमएलसी व भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य रामधारी यादव आदि ने स्व. सांसद की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। अतिथियों का स्वागत सुनीलकांत मौर्य, संदीप मौर्य व राकेश मौर्य ने किया। इस दौरान पूर्व प्रधान चिरईगांव धनंजय मौर्य, जैसू मौर्य, बीडीओ बीएन द्विवेदी, डीएचओ सुबाष कुमार आदि उपस्थित थे।



## भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर : मौर्य

वाराणसी। प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को सारनाथ स्थित वज्र विद्या संस्थान पहुंचे और कर्ग्यूग गुंछोक शीतलाकीन धर्म शास्त्रार्थ के सिल्वर जुबली कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि बुद्ध के शांति संदेशों को अपना कर भारत विश्व गुरु बनने को ओर अग्रसर है। वर्तमान में कठिन से कठिन समस्या के समाधान के लिए समूचा विश्व भारत की ओर आशा भरी नजरों से देखता है। उन्होंने कहा कि विश्व अब युद्ध नहीं, बुद्ध के मार्ग पर चलना चाहता है। नालंदा विश्वविद्यालय के प्राचीन शास्त्रार्थ पद्धति को सहेजना अपने आप में बड़ी बात है। बुद्ध ने सारनाथ में चार आर्य सत्य का प्रथम उपदेश दिया था। उनका यह उपदेश पूरे विश्व में फैला। यहां पर शिक्षा लेना बड़ी बात है। अपनी संस्कृति व प्राचीन शिक्षा पद्धति को बचाना हमारा लक्ष्य है, क्योंकि हमारा जीवन ही हमारी संस्कृति है। कार्यक्रम का संचालन थेंबू तेनजिंग दोर्जे व स्वागत भिक्षु सोनम ने किया। इसके पूर्व डिप्टी सीएम ने राष्ट्रीय चिह्न चार सिंह शीर्ष के मॉडल एवं नागराज की प्रतिमा का लोकार्पण किया। उन्होंने बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना की। तत्पश्चात तिब्बती धर्म गुरु दलाई लामा एवं करमापा के चित्र पर खाता चढ़ाया। इस दौरान बौद्ध भिक्षुओं ने उनके दीघार्यु एवं स्वास्थ्य जीवन के लिए पूजा की। इस मौके पर महापौर अशोक तिवारी, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, रामप्रकाश दुबे, आनंद कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

# बेहतर सर्विस के लिए बदल सकते हैं हेल्थ बीमा कंपनी

**अधिकार**

**पॉलिसी होल्डर को मौजूदा बीमा कंपनी से किसी अन्य कंपनी में स्विच करने का विकल्प**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** इंश्योरेंस रेगुलेटर इरडा ने बीमा खरीदारों को पोर्टेबिलिटी के अधिकार दिए हुए हैं। इस विकल्प का इस्तेमाल इंश्योर्ड व्यक्ति अपनी पॉलिसी मौजूदा इंश्योरेंस कंपनी से किसी अन्य इंश्योरेंस कंपनी में स्विच करने के लिए कर सकता है। बीमा क्षेत्र से जुड़े अभिकर्ताओं की माने तो अगर बीमाधारक अपनी इंश्योरेंस कंपनी की सर्विस या क्लेम सेटलमेंट प्रोसेस से संतुष्ट नहीं हैं। तो वह बेहतर सर्विस के लिए स्वास्थ्य बीमा कंपनी को बदल सकता है। बशर्ते यदि कोई अन्य कंपनी बेहतर फीचर, ज्यादा कवरेज या कम प्रीमियम ऑफर कर रही हो।

अभिकर्ताओं की माने तो पॉलिसी होल्डर की हेल्थकेयर संबंधी जरूरतें बदल गई हैं और नई जरूरतों के लिए लिए किसी अन्य कंपनी में बेहतर कवरेज मिल रहा हो तो वह पोर्टेबिलिटी के अधिकार का प्रयोग करते हुए बीमा कंपनी को बदल सकता है। इंश्योरेंस पोर्टेबिलिटी के लिए कोई प्रोसेसिंग शुल्क नहीं देना होता है। इसके साथ ही पुरानी पॉलिसी के बेनिफिट का कोई नुकसान भी नहीं होता है। पिछली पॉलिसी में मिले मौजूदा बीमारियों के वेटिंग पीरियड को ही आगे बढ़ाया जाता है। इस मामले में सहूलियतें बनी रहती हैं। इरडा के नियमों के मुताबिक यह जरूरी है कि पॉलिसी रिन्यू होने की तारीख से 45 दिन पहले पोर्टेबिलिटी प्रक्रिया शुरू करें। नयी कंपनी द्वारा इनकार करने की स्थिति में आपके पास मौजूदा बीमाकर्ता के साथ बने रहने का विकल्प होगा। बाद की तारीख में क्लेम रिजेक्ट होने से बचने के लिए नयी कंपनी को अपनी मेडिकल हिस्ट्री के बारे में पूरी और सच्ची जानकारी दें। नयी और पुरानी कंपनी के कवरेज की तुलना करें। सुनिश्चित करें कि नयी पॉलिसी आपके लिए जरूरी सभी बेनिफिट कवर करती है। ऐसी भरोसेमंद इंश्योरेंस कंपनी चुनें, जिसका क्लेम सेटलमेंट रेश्यो और ग्राहक सेवा अच्छे हों।

### पोर्ट के बजाय नया प्लान लेना बेहतर है?

अभिकर्ताओं की माने तो अगर आपकी मौजूदा पॉलिसी पुरानी है और पहले से मौजूद हेल्थ कंडीशन के लिए वेटिंग पीरियड पूरे हो गए हों तो नया प्लान लेने के बजाय पॉलिसी पोर्ट कराना ज्यादा बेहतर है। अगर आपकी मौजूदा हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी सीमित कवरेज मुहैया कराती है तो नयी पॉलिसी लेना फायदेमंद हो सकता है, लेकिन नए प्लान में वेटिंग पीरियड नए सिरे से शुरू होगा।

### ये भी हैं विकल्प

अभिकर्ताओं की माने तो आप पोर्ट करने या नया प्लान लेने के बजाय कुछ अतिरिक्त प्रीमियम देकर अपनी मौजूदा पॉलिसी में ही कंपनी की तरफ से दिए जा रहे एड-ऑन या राइडर्स जोड़ सकते हैं और मौजूदा प्लान को बेहतर बना सकते हैं।

### इंश्योरेंस पोर्ट कराने में कोई नुकसान है?

अभिकर्ताओं की माने तो बिना परखे इंश्योरेंस पोर्ट करवाने पर नुकसान हो सकते हैं। आपकी उम्र, मेडिकल हिस्ट्री और अन्य जोखिम के आधार पर नयी कंपनी में समान पॉलिसी का प्रीमियम बढ़ भी सकता है। हो सकता है कि नयी कंपनी आपकी मौजूदा पॉलिसी से मेल खाने वाली पॉलिसी न दे पाए। पोर्टेबिलिटी के लिए नयी इंश्योरेंस कंपनी की मंजूरी जरूरी है। नयी कंपनी आपकी चिकित्सा शर्तें या अन्य बातों के आधार पर आपका पोर्टेबिलिटी आवेदन अस्वीकार कर सकती है। नयी कंपनी के पास आपकी मौजूदा हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी के विवरण और क्लेम हिस्ट्री तक पहुंचने का अधिकार/विकल्प होता है।

# महाकुंभ के लिए दो फेरों में चलेगी साप्ताहिक विशेष गाड़ी

**तैयारी**

**नरसापुर-बनारस-नरसापुर विशेष गाड़ी 26 व दो फरवरी तथा 27 व तीन फरवरी को चलेगी**

**वाराणसी।** रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए 07109/07110 नरसापुर-बनारस-नरसापुर कुंभ मेला साप्ताहिक विशेष गाड़ी नरसापुर से 26 जनवरी एवं दो फरवरी को तथा बनारस से 27 जनवरी व तीन फरवरी को दो फेरों के लिए चलाई जाएगी।

नरसापुर-बनारस कुम्भ मेला साप्ताहिक विशेष गाड़ी (07109) 26 जनवरी व दो फरवरी को नरसापुर से सुबह छह बजे प्रस्थान कर भीमवरम से 06.30 बजे, तणुकु से 07.00 बजे, निडदवोलू से 07.20 बजे, राजमंड्री से 07.55 बजे, सामलकोट से 08.30 बजे, अन्नवरम से 09.00 बजे, एलमंचिली से 09.40 बजे, अनकापल्ली से 10.00 बजे, द्व्वाडा से 11.00 बजे, सिम्हाचलम उत्तर से 12.20 बजे, पेन्दुर्ति से 12.30 बजे, कोत्तवलसा से 12.40 बजे, विजयनगरम से 13.15 बजे, बोब्बिलि से 14.00 बजे, पार्वतीपुरम से 14.22 बजे, रायगड़ से 15.20 बजे, मुनिगुड़ा से 16.27 बजे, केसिंगा से 17.27 बजे, टिटिलागढ़ से 17.55 बजे, बलांगीर से 18.42 बजे, बरगढ़ रोड 19.42 बजे, सम्बलपुर से 20.40 बजे, झारसुगुड़ा 21.22 बजे, राउरकेला से 23.10 बजे, दूसरे दिन हटिया 02.20 बजे, रांची से 02.45 बजे, मूरी से 04.00 बजे, बरकाकाना सें 05.40 बजे, टोरी से 06.47 बजे, लातेहार से 07.20 बजे, बरवाडीह से 07.57 बजे, डालटनगंज 08.27 बजे, गढ़वा रोड से 09.25 बजे, जपला से 10.27 बजे, सोन नगर से 11.27 बजे, डेहरी ऑन सोन से 11.47 बजे, सासाराम से 12.10 बजे, भभुआ रोड से 12.47 बजे, चन्दौली मझवार से 13.17 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं. से 14.30 बजे, काशी से 15.02 बजे तथा वाराणसी से 15.15 बजे छूटकर बनारस 15.45 बजे पहुंचेगी।

बनारस-नरसापुर कुम्भ मेला साप्ताहिक विशेष गाड़ी (07110) 27 जनवरी एवं तीन फरवरी को बनारस से शाम 17.30 बजे प्रस्थान कर वाराणसी 17.45 बजे, काशी से 18.02 बजे, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. 19.15 बजे, चन्दौली मझवार से 19.35 बजे, भभुआ रोड से 19.57 बजे, ससाराम से 20.22 बजे, डेहरी ऑन सोन से 20.42 बजे, सोन नगर से 20.55 बजे, जपला से 21.37 बजे, गढ़वा रोड जं. से 23.15 बजे, डालटनगंज से 23.47 बजे, दूसरे दिन बरवाडीह जं. से 00.17 बजे, लातेहार से 00.52 बजे, टोरी से 01.22 बजे, बरकाकाना से 03.20 बजे, मूरी से 04.40 बजे, रांची से 06.25 बजे, हटिया से 06.50 बजे, राउरकेला से 10.00 बजे, झारसुगुड़ा जं. से 12.05 बजे, सम्बलपुर से 13.10 बजे, बरगढ़ रोड से 13.57 बजे, बलांगीर से 15.02 बजे, टिटिलागढ़ से 16.10 बजे, केसिंगा से 16.32 बजे, मुनिगुडा से 17.32 बजे, रायगड़ से 18.55 बजे, पार्वतीपुरम से 19.37 बजे, बोब्बिलि जं. से 20.00 बजे, विजयनगरम से 20.55 बजे, कोत्तवलसा से 21.22 बजे, पेन्दुर्ति से 21.32 बजे, सिम्हाचलम उत्तर से 21.45 बजे, दुव्वाडा से 23.25 बजे, अनकापल्ली से 23.40 बजे, तीसरे दिन एलमंचिली से 00.05 बजे, अन्नवरम से 00.45 बजे, सामलकोट से 01.15 बजे, राजमंड्री से 02.00 बजे, निडदवोलु जं. से 02.30 बजे, तणुकु से 03.00 बजे तथा भीमवरम से 03.20 बजे छूटकर नरसापुर 05.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में एलएसएलआरडी का एक, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का एक, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के आठ, शयनयान श्रेणी के नौ, सामान्य द्वितीय श्रेणी के दो तथा जेनरेटर सह लगेज यान के एक कोच सहित कुल 22 एलएचबी कोच लगाए जायेंगे।

# बनेगा स्टैक पार्किंग, कम जगह में खड़े होंगे अधिक वाहन

**योजना**

**वीडीए ने बनाई कार्य योजना माल, कॉम्पलेक्स, पिक्चर हाल होटलों पर लगाने की कवायद**

**वाराणसी।** शहर में जल्द स्टैक पार्किंग बनाया जाएगा। इस पार्किंग के बनने से कम जगह में अधिक वाहनों के खड़ा किए जाने की व्यवस्था होगी। इसके लिए वीडीए ने जहां कार्ययोजना बना ली है,वहीं इस योजना को बढावा देने के लिए वास्तुविदों के साथ जल्द बैठक भी करेंगी। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया है कि आवासीय और व्यवसायिक भवनों में इस पार्किंग से जहां अधिक से अधिक गाड़िया खड़ी हो सकेगी ,वहीं वाहनों के पार्किंग किए जाने में दोगुनी बृद्धि भी हो जाएगी। उन्होनें इसे किफायती और टिकाऊ बताते हुए कहा कि इसे माल,पिक्चर हाल, होटलो और शापिंग कम्लेक्स में आसानी से लगाया जा सकता हैं। वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि इस पार्किंग को किसी भी मौसम में इस्तेमाल में लिया जा सकता है। इसके बनाए जाने से जहां शहर में पार्किंग की क्षमता बढ जाएगी ,वहीं दो गाड़ियो को एक के उपर एक करके आसानी और सुविधाजनक ढंग से खड़ा किया जा सकेंगा।



# डीएम ने डीपीआरओ, डीडी टूरिज्म समेत 5 अफसरों का रोका वेतन

**कार्रवाई**

**काम में ढिलाई बरतने पर डीएम ने लिया ऐक्शन**

**यूपीपीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर की लापरवाही पर एक माह का वेतन रोका, तलब की सफाई**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** जिलाधिकारी ने कम रैंकिंग वाले विभागों के अधिकारियों को अल्टीमेटम देते हुए विकास योजनाओं में प्रगति लाकर रैंकिंग सुधारने की हिदायत दी है। उन्होंने प्रगति में लापरवाही पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने सख्ती दिखाते हुए काम ठीक न होने पर डीपीआरओ, उप निदेशक पर्यटन, पीडब्ल्यूडी के दो एक्सईएन, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का एक दिन का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण तलब किया। वहीं प्रोजेक्ट की गुणवत्ता ठीक न होने पर यूपीपीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर का एक माह का वेतन रोकने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सोमवार को राइफल क्लब में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने 15वें वित्त आयोग से ग्राम पंचायतों में होने वाले कार्यों विगत माह से सिर्फ दो प्रतिशत प्रगति होने पर डीपीआरओ का एक दिन का वेतन रोकने के साथ ही स्पष्टीकरण तलब किया। जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा में एक्सईएन के बिना बताए मीटिंग में न आने पर एक दिन का वेतन रोकने को निर्देश दिया। पर्यटन विभाग की निमार्णाधीन विभिन्न परियोजनाओं में लगातार गुणवत्ता की शिकायत मिलने पर भी उप निदेशक पर्यटन के निरीक्षण न करने पर एक दिन का वेतन रोकने को निर्देश दिया। उन्होंने उप्र प्रोजेक्ट कार्पोरेशन (यूपीपीसीएल) की निमार्णाधीन परियोजनाओं में गुणवत्ता की शिकायत मिलने व बैठक में प्रोजेक्ट मैनेजर के अनुपस्थित होने पर स्पष्टीकरण तलब कर एक माह का वेतन रोकने का निर्देश दिया। पीडब्ल्यूडी के कार्यों में संतोषजनक प्रगति न होने तथा बजट आवंटन की सही जानकारी न होने पर प्रांतीय खंड तथा सीडी-वन के एक्सईएन एक दिन का वेतन रोकने व स्पष्टीकरण तलब करने का निर्देश दिया। राजकीय निर्माण निगम की लापरवाही सामने आने पर उन्हें भी स्पष्टीकरण जारी किया। जिलाधिकारी ने कई बैठकों से गायब रहने पर अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का वेतन रोकने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने 15वें वित्त आयोग ग्राम पंचायत, जल जीवन मिशन, सामूहिक विवाह योजना, मध्याह्न भोजन योजना, पर्यटन राज्य योजना, पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना, सड़कों का अनुरक्षण, नई सड़कों के निर्माण, फैमिली आईडी, आईसीडीएस योजना की खराब रैंक पर सुधार के लिए अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी से काम करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नगर निगम, जलकल, स्वास्थ्य, पंचायती राज, बिजली विभाग को विगत तीन माह की शिकायतों और उसके निस्तारण की स्थिति वरिष्ठ अधिकारियों को स्वयं देखने का निर्देश दिया। बैठक में सीडीओ हिमांशु नागपाल, डीएफओ स्वाति सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कैंप लगाकर पीएम सूर्यघर का लक्ष्य करें हासिल

जिलाधिकारी ने पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा कर विभिन्न स्तर पर कैंप लगाकर योजना में अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृत्ति योजनाओं, शादी अनुदान योजनाओं, वृद्धावस्था पेंशन, कन्या सुमंगला योजना से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने पर्यटन, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत, पीएम पोषण, मत्स्य पालन, दुग्ध उत्पादन, प्रोजेक्ट अलंकार, ओडीओपी, पीएम विश्वकर्मा, सिल्ट सफाई के कार्यों की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए।

जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, मंगलवार 21 जनवरी, 2025



# नैक मूल्यांकन नतीजे पर अपील से राहत नहीं

**निराशा**

**बी डबल प्लस परिणाम के बाद काशी विद्यापीठ प्रशासन ने की थी सुधार की अपील**




फोटो- काशी विद्यापीठ का लोगो

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ को नैक मूल्यांकन में बी डबल प्लस का ग्रेड मिलने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने ग्रेडिंग सुधार की जो अपील की थी, उसमें किसी तरह की कोई राहत नहीं मिल सकी है। नैक से इसका जवाब भी विश्वविद्यालय प्रशासन के पास आ गया है। लिहाजा विश्वविद्यालय को बी डबल प्लस ग्रेड से ही संतोष करना पड़ेगा। अब अगली बार मूल्यांकन में ग्रेड सुधार के दृष्टिकोण से हर कार्य करवाए जाने का निर्णय लिया गया है।

काशी विद्यापीठ में सात से नौ अक्टूबर 2024 तक नैक टीम ने मूल्यांकन किया था। सदस्यों ने विभागों, संकायों का दौरा कर सुविधाओं को जानने के साथ ही शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों से भी बातचीत की थी। विश्वविद्यालय को 2.91 सीजीपीए के साथ ही बी डबल प्लस ग्रेड मिला था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कई क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन का हवाला देते हुए नैक को जारी परिणाम (बी डबल प्लस) पर समीक्षा कर ग्रेडिंग सुधार पर फैसला लेने की अपील की थी। अब नैक से जवाब आ गया है, जिसमें ग्रेडिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। कुलपति प्रो. एके त्यागी ने भरोसा जताया कि जिस तरह से विश्वविद्यालय में समय से प्रवेश, परीक्षा, परिणाम करवाने का संकल्प लेते हुए उस दिशा में काम किया जा रहा है। उसी तरह से अगली बार व्यवस्थाओं को और मुकम्मल किया जाएगा ताकि ग्रेडिंग में और सुधार हो सके।

## अब कम्प्यूटर से होगी जानकारी,नगर निगम की गाड़ी कितने किमी चली

**वाराणसी।** नगर निगम की गाड़ी कितने दूर तक चली है। अब कम्प्यूटर से इसकी जानकारी ली जाएगी। इसको लेकर नगर निगम की गाड़ियो के निगरानी के लिए अब कम्प्यूटर की मदद ली जाएगी। इसके लिए एक साप्टवेयर तैयार किया जा रहा है। जिससे यह मालूम किया जा सकेगा कि कौन सी गाड़ी कहां और कितने किलोमीटर चलाई गई है। शहर के कूड़ा उठान के बाद उसे वाहनों से उसे करसड़ा ले जाने की जहां जानकारी होगी ,वहीं कूड़ा गाड़ी से निस्तारण के लिए कई बार ले जाया गया। इसकी भी मानटिंग की जाएगी। मिनी सदन की बैठक में पेट्रोल और डीजल के खपत और खर्चो को लेकर सवाल भी उठाए गया था। इसके लिए नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने सभी वाहनो की तत्काल सूची बनाए जाने और साप्टवेयर में डेटा फीट करने का निर्देश दिया है ताकि गाड़ियों के आवागमन और डीजल की खपत की आसानी से मिलान किया जा सके और बेहतर निगरानी भी हो सके।

# हर साल दो अरब रुपये बढ़ रही आईआईटी की संपत्ति

**बीएचयू**

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू का पांच साल से बढ़ रहा बैलेंस शीट का बजट**

**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू की संपत्ति में हर साल करीब दो अरब रुपये की वृद्धि हो रही है। बैलेंस शीट के बजट में पांच साल से ये ट्रेंड बना हुआ है। साल 2024 का बजट 18.01 अरब से भी ऊपर चला गया है।

2019 में संस्थान की संपत्ति 6.29 अरब रुपये से करीब साढ़े चार अरब बढ़कर 2020 में 10.70 अरब तक पहुंच गई। 2021 के बाद हर साल करीब डेढ़ से दो अरब रुपये बढ़ रही है। 2021 में 12.92 अरब, 2022 में 14.30 अरब, 2023 में 16.42 अरब और 2024 में 18.01 अरब पहुंची है। साल 2024 की बैलेंस शीट में संस्थान को करीब 4.02 अरब रुपये अपने इनकम से मिले हैं। इसमें 2.6 अरब का रिसर्च ग्रांट और सब्सिडी का हिस्सा सबसे बड़ा है।

### ई-जर्नल पर 45 करोड़

संस्थान में खर्च 3.72 अरब रुपये है। इसमें सबसे ज्यादा 2.11 अरब रुपये स्टाफ को दिए गए हैं। मेंटेनेंस खर्च 65.67 करोड़ और शैक्षणिक खर्च 38 करोड़ किए गए। लाइब्रेरी और विज्ञान पत्रिकाओं पर 11 करोड़, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर पर 12 करोड़, ई-जर्नल पर 45 करोड़, पेटेंट पर 32 लाख रुपये खर्च किए गए। इसमें 2.38 अरब का भवन भी है।

### 93 प्रोजेक्ट से मिले 66.20 करोड़ रुपये

2023 के आंकड़ों के अनुसार, शैक्षणिक प्राप्तियां 64 करोड़ की है। 66 लोगों ने दान में 36 करोड़ रुपये दिए हैं। इसका ब्याज चार करोड़ मिला। वहीं 93 प्रोजेक्ट से 66.20 करोड़ रुपये मिले। 2023 में 60.69 करोड़ रुपये ही मिले थे। छात्रों ने 10.49 करोड़ की फीस जमा की। इसमें 2023 के मुकाबले एक करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। 2023 में ये आकड़ा 9.68 करोड़ रुपये था। लैब पर फर्नीचर और सज्जा के लिए 20 करोड़ रुपये और 93 प्रोजेक्ट से 66.20 करोड़ रुपये मिले।

## झोले से 25 हजार रुपये चोरी

चौबेपुर। क्षेत्र के रामचंदीपुर गांव निवासी बनारसी यादव के बैग से 25 हजार रुपये नकद चुरा ले गए। गांव निवासी बनारसी यादव की पान, बिस्किट आदि की दुकान है। पीड़ित 15 जनवरी की रात दुकान बंद कर झोले में रुपया भर कर पास में अपनी झोपड़ी में सो गया। सुबह जब बैग में देखा तो रुपये गायब मिले। बनारसी यादव ने चांदपुर चौकी पर कार्रवाई न होने पर थाना चौबेपुर में लिखित तहरीर दी है।

## सीएचएस के दो छात्र 'भारत जानो क्विज' में प्रथम

**वाराणसी।** सेंट्रल हिंदू ब्वॉयज स्कूल (बीएचयू) के कक्षा 12 कला वर्ग के दो छात्र दिव्यांशु सांकृत व सानिध्य ने भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित अखिल भारतीय भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। लखनऊ के सिटी मांटेसरी स्कूल में रविवार को आयोजित स्पर्धा में प्रतिभाग कर दोनों छात्रों ने यह उपलब्धि हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया हैं। दोनों ही छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने के लिए इसके पूर्व विद्यालय स्तर, शाखा स्तर, प्रांतीय स्तर व जोनल स्तर पर भी प्रथम स्थान प्राप्त किया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय चुनाव आयोग के सेवानिवृत्त निर्वाचन आयुक्त डा. अनूप चंद्र पांडेय, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय की चांसलर डा. अलका दास व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवर्तन निदेशालय के ज्वाइंट डॉयरेक्टर व वर्तमान में सरोजिनी नगर, लखनऊ के वर्तमान विधायक राजेश्वर सिंह ने कार्यक्रम के दौरान छात्रों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिवार दोनों छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# वेटलिफ्टिंग में काशी विद्यापीठ की महिलाओं का शानदार प्रदर्शन

**किया नाम**

**जालंधर के लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में नार्थ-ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता**





**वाराणसी।** नार्थ-ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वेटलिफ्टिंग महिला प्रतियोगिता में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है।

लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर में चल रही प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की दो खिलाड़ी- नीलम पटेल (49 किग्रा) एवं शगुन राव (59 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। साथ ही कुमकुम यादव व अंजली सेठ ने 55 किग्रा वेट कैटेगरी में अच्छा प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वेटलिफ्टिंग महिला प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया।

इस मौके पर कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी ने खिलाड़ियों को बधाई एवं भविष्य की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। टीम के मैनेजर डा. दिनेश कुमार सिंह, कोच मोना सिन्हा एवं प्रभारी डा. अमरेन्द्र सिंह हैं।

वाणिज्य विभाग में पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाएं एक फरवरी से

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में वाणिज्य विभाग में पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाएं एक फरवरी से प्रारंभ होंगी। विभागाध्यक्ष प्रो. अजीत कुमार शुक्ल ने बताया कि कोर्स वर्क के लिए शोधार्थी इस तिथि को सुबह 11:30 बजे वाणिज्य विभाग में उपस्थित हों। कक्षाओं में शोधार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।

## बुद्ध विहार के परिसर में जरूरतमंदों में बंटे कंबल



**पिंडरा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुद्ध विहार स्मारक गंगापुर मंगारी में सारनाथ से आए भंते जी लोगों को भोजनदान, चिवरदान और धम्मचर्चा का कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया और भंते जी के ही हाथों से 15 से 20 गांव के लगभग 500 से ज्यादा जरूरतमंद वृद्ध और विधवा लोगों को कंबल भी दान किया गया, जिसमें बुद्ध विहार के संस्थापक श्रद्धेय राजीव कुमार के नेतृत्व में और बुद्ध विहार समिति के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य सविता देवी, अरुण कुमार प्रेमी, बृजेश कुमार भारती, नंदकिशोर, आरके राम, देवनाथ बाबू, शिवलाल राम, रामधनी मास्टर, देवा पटेल सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बांटे कंबल

**चौबेपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा पखवारा के उपलक्ष्य में सोमवार को नशा उन्मूलन केंद्र कोदोपुर, चौबेपुर में कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवार्थ विद्यार्थी (एसएफएस) के प्रांत सह-संयोजक राजकुमार ने युवा पीढ़ी में नशे के प्रचलन को चिंताजनक बताया और समझाया कि कैसे हम स्वामी विवेकानंद जी के पद-चिह्नों पर चलते हुए अपने जीवन को सकारात्मकता की ओर ले जा सकते हैं और नशा आदि जैसी विसंगतियों से बच सकते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से उमाकांत सर्विस फाउंडेशन के निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह, वेद प्रकाश सिंह, रजनीकांत सिंह, देवव्रत सिंह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला प्रमुख गौरव सिंह बिसेन ने की।



## महावीर कुंड पर 31 साधु-संतो का सम्मान

**वाराणसी।** अर्दली बाजार (महावीर मंदिर) स्थित बाबा अमरनाथ आश्रम एवं महावीर कुंड निगरानी समिति की ओर से सोमवार को 31 साधू-संतों का सम्मान किया गया। बाबा अमरनाथ के परिनिर्वाण दिवस पर कुंड निगरानी समिति की ओर से भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमे सैकंडों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। संयोजन समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र द्विवेदी (बब्बू महराज),सचिव संजय कुमार राय (डिवीजनल वार्डेन),पार्षद अशोक मौर्या,अजय श्रीवास्तव, तारा सोनकर,प्रदीप सोनकर, राजकुमार कुंवर,मनोज सोनकर (एमडी) आदि ने किया।



# शोधार्थियों की शंकाओं का किया समाधान



**दूर किया संदेह**

**बीएचयू शिक्षा संकाय के वरिष्ठ आचार्य ने राजस्थान विश्वविद्यालय में शोध छात्रों के साथ की परिचर्चा**

**वाराणसी।** बीएचयू शिक्षा संकाय के वरिष्ठ आचार्य डा.सुनील कुमार सिंह ने शिक्षा विभाग राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के शोध छात्रों के शोध प्रस्तावों का मूल्यांकन एवं समीक्षा कार्य 18 से 20 तक पूर्ण किया। उन्होंने शोध प्रस्ताव निर्माण पर लगभग 20 शोधार्थियों के साथ शिक्षा विभाग में ही 20 जनवरी को सघन परिचर्चा भी की एवं उनका शंका समाधान किया।

ये सभी शोधार्थी राजस्थान विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों से संबंधित है एवं जयपुर,दौसा एवं अन्य सुदूर क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं। शोध संबंधी ज्ञान को केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रसार का यह एक सुंदर प्रयास है।इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों की तरफ से डा. गोस्वामी ने नेतृत्व किया। यह कार्यक्रम राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो. आरएन शर्मा के निर्देशन में आयोजित था।

## टैबलेट पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

**सेवापुरी ।** स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत सोमवार को स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय सेवापुरी में टैबलेट वितरण महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो सुधा पाण्डेय द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रो पाण्डेय ने कहा कि छात्राएं इस टैबलेट का उपयोग ज्ञानार्जन के लिए करें। उत्तर प्रदेश सरकार की यह योजना छात्राओं के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी। नोडल अधिकारी प्रो रामकृष्ण गौतम ने बताया कि इस दौरान कुल चौदह टैबलेट का वितरण किया जाएगा, जिसमें सात नये और सात पिछले वितरण के बकाया हैं। छात्राएं टैबलेट पाकर चहक उठीं और इसके सदुपयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रो सत्यनारायण वर्मा, प्रो अर्चना गुप्ता, डा. सर्वेश कुमार सिंह, डा. कमलेश कुमार सिंह, डा. सौरभ सिंह, डा. सुष्मिता, डा. प्रिया मिश्रा, डा. सुधा तिवारी, राम किंकर सिंह, दयाराम यादव, मिट्ठू राम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# कार्यालय नगर पंचायत नई बाजार, जनपद-भदोही

पत्रांक: 1044/न0पं0/नई बाजार/2024-25 — दिनांक 20 जनवरी, 2025

## मैन्यूवल विधि से अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर पंचायत नई बाजार जनपद भदोही में 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वीकृत निम्नानुसार कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप निविदादाताओं से मैनुअल विधि के माध्यम से निर्माण कार्य/विकास कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता किसी एक अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकते हैं। सीलबंध निविदा दिनांक 15.02.2025 को कार्यालय नगर पंचायत नई बाजार पर रखे निविदा बाक्स में अपरान्ह 01.00 बजे तक डाली जायेगी, जो उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष, सक्षम अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट मुख्यालय भदोही में दिनांक 15.02.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत शर्तें एवं जानकारी नगर पंचायत नई बाजार के कार्यालय दिवस में सम्बन्धित पटल से प्राप्त की जा सकती है।

1-कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख में) 10 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 वें वित्त आयोग-टाइट ग्राण्ट | | | | | |
| 1 | नगर पंचायत नई बाजार के विभिन्न वार्डों में 03 अदद कूँआ पर जाली का निर्माण कार्य। | 4.90 | 0.50 | 600.00 | 02 माह |
| 2 | वार्ड नं0 08 शिवाजी नगर में शिव मन्दिर के पास 01 अदद, 02 एच0पी0 का सब-मर्सिबल पम्प का अधिष्ठापन बोरिंग सहित कम्पलीय कार्य। | 2.55 | 0.30 | 350.00 | 02 माह |
| 3 | वार्ड नं0 05 लोहिया नगर में आशिक अली के मकान से हसनैन के हाता तक अण्डरग्राउण्ड नाली निर्माण कार्य। | 3.51 | 0.40 | 500.00 | 02 माह |
| 4 | वार्ड नं0 01 गाँधी नगर में भुआल गौतम के मकान से गिरजा शंकर के मकान तक अण्डरग्राउण्ड नाली एवं इण्टरलाकिंग सड़क मरम्मत कार्य। | 4.27 | 0.45 | 500.00 | 02 माह |
| 5 | वार्ड नं0 02 शहीद नगर में राकेश सोनकर के मकान से राजेश सोनकर के मकान तक अण्डरग्राउण्ड नाली एवं इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 1.17 | 0.15 | 250.00 | 02 माह |
| 6 | वार्ड नं0 03 पटेल नगर में लक्ष्मन (तुफानी) के मकान से खोवा सोनकर के मकान तक अण्डरग्राउण्ड नाली एवं इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 1.32 | 0.15 | 250.00 | 02 माह |
| 7 | वार्ड नं0 04 नेहरु नगर में रियाज की गली, गड़हा तक अण्टरग्राउण्ड नाली, मिट्टी भराई एवं इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 3.28 | 0.35 | 500.00 | 02 माह |
| 15 वें वित्त आयोग-अनटाइट ग्राण्ट | | | | | |
| 1 | वार्ड नं0 -2 शहीदनगर में बीरा सोनकर के खेत से भाईलाल सोनकर के मकान तक अण्डरग्राउण्ट नाली एवं इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 1.32 | 0.15 | 250.00 | 02 माह |
| 2 | वार्ड नं0 02 शहीद नगर के राजू सोनकर के मकान से माता प्रसाद सोनकर के मकान तक अण्डरग्राउण्ड नाली एवं इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 1.62 | 0.20 | 250.00 | 02 माह |
| 3 | वार्ड नं0 01 गाँधी नगर में राजू (परमेश्वर) के मकान से बुझारत के मकान तक अण्डरग्राउण्ड नावी एवं इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 1.46 | 0.15 | 250.00 | 02 माह |
| 4 | वार्ड नं0 01 गाँधी नगर में मदन सोनकर के मकान से धनी सोनकर के मकान तक अण्डरग्राउण्ड नाली, साइडा एवं मिट्टी भराई कार्य। | 3.38 | 0.35 | 500.00 | 02 माह |
| 5 | वार्ड नं0 01 गाँधी नगर में बबलू सोनकर के मकान से गुड्डू सोनकर के मकान तक अण्डरग्राउण्ड नाली, साइडा एवं मिट्टी भराई कार्य। | 3.32 | 0.35 | 500.00 | 02 माह |
| 6 | वार्ड नं0 02 शहीद नगर में बीरा सोनकर के मकान से अकबाल सोनकर के मकान तक अण्डरग्राउण्ड नाली एवं इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 2.16 | 0.25 | 3000.00 | 02 माह |
| 7 | वार्ड नं0 02 शहीद नगर में जमादार सोनकर के मकान से रमेश सोनकर के मकान तक अण्डरग्राउण्ड नाली एवं इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य। | 3.65 | 0.40 | 400.00 | 02 माह |
| 8 | वार्ड नं0 11 अशोक नगर में अब्बास बिल्डिंग से नया बंगला तक सी0सी0 सड़क कार्य। | 4.62 | 0.50 | 550.00 | 02 माह |
| 9 | वार्ड नं0 07 अब्बास नगर में कामता प्रसाद के मकान के पीछे से शिव कुमार सोनार के मकान तक अण्डरग्राउण्ड नाली एवं इण्टरलाकिंग सड़क मरम्मत कार्य। | 1.22 | 0.15 | 250.00 | 02 माह |

**निविदा हेतु शर्तें :-**

1. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी और स्वतः निरस्त समझी जायेगी।
2. निविदा की विक्रय नगर पंचायत नई बाजार/कलेक्ट्रेट सरपतहा मुख्यालय में की जायेगी।
3. उपरोक्त कार्यों की निविदा बाक्स पेटी नगर पंचायत नई बाजार कार्यालय पर रखी जायेगी एवं निर्धारित तिथि को सक्षम प्राधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट मुख्यालय भदोही पर खोले जाने की कार्यवाही की जायेगी।
4. प्रत्येक निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफडीआर/एन0एस0सी0/ट्रेजरी चलान के रूप में मूल प्रति निकाय में जमा करना अनिवार्य होगा तभी कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
5. बिना जमानत धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
6. प्रत्येक निविदा के साथ जी0एस0टी0 पंजीकरण व आयकर पंजीकरण की स्व0 प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना होगा।
7. निदेशक स्थानीय निकाय उ0 प्र0 लखनऊ के पत्र सं0 तक0 सेल/07/निदे0/2019 दिनांक 28 जून 2019 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।
8. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई-बढ़ाई जा सकती है तदनुसार ठेकेदार को भुगतान किया जायेगा।
9. शासनादेश की परिधि में सम्बन्धित कार्यालयों में निविदा प्रपत्रों की बिक्री नियत तिथि तक की जायेगी तथा तदनुसार निविदा बाक्स में डाली जायेगी।
10. निर्धारित तिथि व समय के उपरान्त कोई निविदा सबमिशन हेतु स्वीकार्य नहीं किये जायेगें। निर्धारित समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
11. निविदा स्वीकृति के पूर्व ठेकेदार को शासनादेश सं0 11593/नौ0-5-2021-142सा/2021 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 07 जनवरी, 2022 के क्रम में ठेकेदार द्वारा प्राप्त निविदा की लागत कार्य हेतु अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत तक कम प्राप्त हुई हो उनपर प्रफार्मेन्स सिक्योरिटी 03 प्रतिशत तथा 10 प्रतिशत के नीचे प्राप्त हुई हो तो उस दशा में प्रथम 10 प्रतिशत के लिए सिक्योरिटी 03 प्रतिशत ही रहेगी। परन्तु उसके पश्चात प्रत्येक 1.00 प्रतिशत नीचं दर हेतु 0.5 प्रतिशत अतिरिक्त प्रफार्मेन्स सिक्योरिटी जमा करना होगा उक्त जमानत धनराशि अनुबन्ध के साथ जमा करने की बाध्यता होगी।
12. शासनादेशानुसार न्यूनतम निविदाता को नगर पंचायत नई बाजार में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
13. प्रत्येक निविदादाताओं को निम्नलिखित शपथ पत्र को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा-
    (क) 100/-रु0 के एकल न्यायिक स्टॉम पेपर पर प्रारूप टी-6।
    (ख) 10/-रू0 के एकल गैर न्यायिक स्टॉम पेपर पर निविदादाता का न तो कोई अपराधिक रिकार्ड है और न ही किसी गैर सरकारी संस्था में पंजीकृत है।
    (ग) निविदा के साथ जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत टी-4 चरित्र प्रमाण पत्र एवं टी-5 साल्वेंसी का स्व-प्रमाणित प्रति।
    (घ) निविदादाता का स्वायत्त निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार या उपयुक्त वर्ग में कोई भी सरकारी विभाग का वैध पंजिकरण प्रमाण पत्र का स्व-प्रमाणित प्रति।
    (ङ) निविदादाता का अधिकृत पता, ई-मेल आईडी, मोबाइल नं0, सम्पर्क पता उसके लेटर पैड पर विधिवत हस्ताक्षर किया हुआ प्रति।
14. शासन द्वारा धन उपलब्धता के आधार पर भुगतान किया जायेगा।
15. निविदादाता को कार्यादेश प्राप्त होने के तिथि से एक सप्ताह के भीतर श्रम विभाग में अपना श्रम पंजीकृत करना अनिवार्य होगा।
16. उत्तर प्रदेश खनन विभाग द्वारा समय पर संशोधित 3333/86-2015/292/2015 दिनांक 15.10.2016 जारी रॉयल्टी कटौती के लिए लागू किया जायेगा।
17. नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन0जी0टी0) द्वारा जारी कोई भी परिपत्र या निर्देश ठेकेदार पर लागू होगा।
18. कार्यादेश जारी होने के बाद कार्यस्थल पर कार्य करने वाले सभी मजदूरों का श्रम विभाग में पंजीकृत कराकर नगर पालिका में सूची प्रस्तुत करना होगा।
19. किसी भी बार काउन्सिल में पंजीकृत होने वाले किसी भी निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं है।
20. सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी निविदा को अस्वीकृत करने तथा निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
21. शासन/निदेशालय द्वावा दिये गये सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
22. शासन द्वारा निर्धारित मानक एवं विशिष्टियों के अनुसार कार्य गुणवत्ता पूर्वक करना होगा, जिसका सत्यापन जिलाधिकारी महोदय द्वारा गठित समिति से कराने पर कार्य संतोष जनक होने पर ही भुगतान किया जायेगा।
23. ठेकेदार आपदा संबंधित प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों का विधिवत पालन करेगा तथा कोविड-19 या किसी अन्य आपदा/महामारी के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी किए दिशानिर्देशों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।
24. निदेशक महोदय स्थानीय निकाय द्वारा जारी किये गये शासनादेश सं0 TC/314/8/DLP/2020 दिनांक 01.01.2021 का नियम एवं शर्तें निविदादाता द्वारा अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा जो निविदा पत्र के साथ दिय जायेगा।

(सुजीत कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नई बाजार
जनपद-भदोही

(निर्मला सोनकर)
अध्यक्ष
नगर पंचायत नई बाजार
जनपद-भदोही

# मौनी बाबा के अंतिम दर्शन व समाधि में उमड़ी भीड़



सुरक्षा के मद्देनजर मुस्तैद रहे पुलिस के जवान व अधिकारी



मौनी बाबा के अंतिम दर्शन एवं समाधि में जनपद ही नहीं, अपितु विभिन्न जनपदों एवं गैर प्रांतों से भारी संख्या में लोग उमड़ पड़े। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शोक संदेश लेकर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह पहुंचे। ज्ञानकुंज एकेडमी वंशी बाजार के प्रबंधक डॉ. देवेन्द्र नाथ सिंह, प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा पांडेय मौके पर जमे रहे। वाराणसी, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, मऊ, आजमगढ़ सहित अन्य जगहों से भक्त पहुंचे हुए थे। सभी की आंखों में आंसू दिखायी दे रहे थे। सभी ने कतारबद्ध होकर बारी-बारी से मौनी बाबा की समाधि पर फूल माला चढ़ाया। सुरक्षा के दृष्टिगत भारी संख्या में पुलिस के जवान एवं अधिकारी मुस्तैद रहे।



मौनी बाबा के अंतिम दर्शन को कतार में लगे भक्त





मंधाता कुमार



संजय जायसवाल



डॉ. देवेन्द्र नाथ सिंह



श्रीमती सुधा पांडेय



शशांक चतुर्वेदी

## मौनी बाबा की खलती रहेगी कमी: योगेश्वर सिंह



**बलिया।** 40 दिवसीय राजसूय महायज्ञ में निःशुल्क चाय, काफी और काढ़ा का वितरण समाजसेवी योगेश्वर सिंह की टीम द्वारा लगातार किया गया। इस दौरान योगेश्वर सिंह बीच-बीच में यज्ञ स्थल पर जाते भी रहे। योगेश्वर सिंह ने दूरभाष से कहा कि मौनी बाबा की कमी हमेशा खलती रहेगी। उन्होंने राजसूय महायज्ञ कराकर पूरे देश में एक बड़ा संदेश दिया है। इस महायज्ञ की चर्चा पूरे भारत में हुई है। आज मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुझे विश्वास है कि उनका आशीर्वाद सदैव सभी शिष्यों और जनता को मिलता रहेगा। वहीं, 18 जनवरी को योगेश्वर सिंह डूहा बिहरा में पहुंचे हुए थे। इस दौरान उन्हें सम्मानित भी किया गया था। उनके साथ सलेमपुर के पूर्व सांसद रविंद्र कुशवाहा भी थे। मंच पर कथावाचक राजन जी महाराज से उन्होंने आशीर्वाद लिया था। इस दौरान उन्होंने यज्ञ मंडप की परिक्रमा भी की थी।

## मौनी बाबा की दिन प्रतिदिन बढ़ती गई ख्याति

**सिकंदरपुर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के डुहा स्थित मौनी बाबा आश्रम दशकों से आस्था का केंद्र बिंदु रहा है। स्वामी ईश्वर दास ब्रह्मचारी उर्फ मौनी बाबा अपने गुरु महेंद्र मुनि के निधन के बाद 1971 में यहां पधारे थे। 30 जनवरी 1972 से 13 जुलाई 1984 तक मौन व्रतधारी बाबा ने इस बीच वन खंडी नाथ मठ के तत्कालीन महंत और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सच्चिदानंद भारती से दान में प्राप्त भू-भाग पर उन्हीं द्वारा मठ की आधारशिला रखवाई। तबसे मौनी बाबा के आध्यात्मिकता का प्रकाश पुंज चहुंओर फैलने लगा था। इससे क्षेत्र और जनपद ही नहीं, बल्कि गैर प्रांतों से भी भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। इस दौरान मौनी बाबा ने दिव्य गुरुधाम का निर्माण, परमधाम मंदिर की स्थापना और मौनीश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा समेत धार्मिकता के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किए। इससे इनकी ख्याति दिन प्रतिदिन बढ़ती चली गई। यही नहीं, बाबा ने अद्वैत शिवशक्ति संप्रदाय संबंधित कई लोकोपयोगी साहित्य की भी रचना की है। साथ ही गद्य एवं काव्य विधा पर आधारित 28 अनुपम ग्रंथों की रचना की है। इसके शब्द ज्योति से जनमानस सदियों तक लाभान्वित होता रहेगा।



## यज्ञ को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को करते रहे प्रेरित

**सिकंदरपुर।** मौनी बाबा द्वारा 40 दिवसीय राजसूय महायज्ञ का आयोजन किया गया था, जो 11 दिसंबर 2024 से चलकर 19 जनवरी 2025 को खत्म हुआ। यज्ञ की शुरुआत के कुछ दिन पूर्व इनकी तबियत खराब हो गई। उसके बाद भी मौनी बाबा अपने शिष्यों एवं अनुयायियों को यज्ञ के सफलतापूर्वक संपन्न होने के लिए प्रेरित करते रहे। यज्ञ के दौरान राजन जी महाराज, गौरंगी गौरी, महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद, साध्वी सरोज वाला, आचार्य शांतनु जी, स्वामी जयदेव ब्रह्मचारी, शंकराचार्य नरेंद्र सरस्वती, साध्वी आर्या पंडित, रामदास जी महाराज, अजीत जी आदि ने श्रद्धालुओं को अपने मुख से अभिसिंचित किया। यज्ञाध्यक्ष ज्ञानकुंज सीनियर सेकेंड्री एकेडमी वंशी बाजार के प्रबंधक डॉ. देवेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि धाम में बाबा के अंतिम दर्शन का सिलसिला चलता रहेगा। जो भक्त दर्शन करना चाहे, वह आकर कर सकता है।

## राजनीतिक दलों के लोगों ने समाधि पर चढ़ाया फूल माला

**सिकंदरपुर।** अद्वैत शिव शक्ति परमधाम डूहा के प्रांगण में ब्रह्मलीन मौनी बाबा के अंतिम दर्शन के लिए राजनीतिक दलों के लोगों बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, पूर्व सांसद रविंद्र कुशवाहा, पूर्व मंत्री राजधारी, पूर्व विधायक भगवान पाठक, पूर्व विधायक दीनानाथ चौधरी, ज्ञानकुंज एकेडमी के प्रबंधक डॉ. देवेंद्र नाथ सिंह, प्रधानाचार्य श्रीमती सुधा पाण्डेय, चेयरमैन प्रतिनिधि संजय जायसवाल, ब्लाक प्रमुख केशव चौधरी, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामबचन यादव, भाजपा नेता अरविंद कुमार राय, पिंटू सिंह, सुरेश सिंह, विश्राम यादव, छोटक चौधरी, आकाश तिवारी, क्षितिज प्रताप सिंह, हरिभगवान चौबे, गुड्डू सिंह, डब्लू सिंह, सुभाष दुबे, ओमकार मिश्र, रमेश सोनी आदि ने पहुंचकर उनकी समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## सीएम का शोक संदेश लेकर पहुंचे परिवहन मंत्री

**बलिया।** जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर डूहा बिहरा स्थित मठ पर मौनी बाबा को समाधि दी गयी। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शोक संदेश लेकर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह पहुंचे और उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की। जानकारी देते चले कि 40 दिवसीय राजसूय महायज्ञ के शुरू होने से पहले स्वामी ईश्वरदास ब्रह्मचारी जी महाराज ने अपने शिष्यों के बीच चर्चा की थी कि इस आयोजन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी आमंत्रण जाएगा। वह कार्यक्रम में शामिल भी होंगे। लेकिन मौनी बाबा बीमार हो गये, जिसके कारण वे सीएम योगी से नहीं मिल पाये। यदि मौनी बाबा बीमार नहीं हुए होते तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वहां जरूर आते, जैसा कि चर्चा हो रही थी। लेकिन मौनी बाबा के ब्रह्मलीन होने के बाद उनके शिष्यों द्वारा ये बताया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शोक संदेश लेकर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह आये थे।

## विधि-विधान से मौनी बाबा को दी गई समाधि



मौनी बाबा की समाधि पर पुष्प चढ़ाते परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एवं बगल में खड़े डॉ. देवेन्द्र नाथ सिंह



समाधि पर फूल चढ़ाते मुख्य राजस्व अधिकारी ओजस्वी राज



समाधि पर पुष्प अर्पित कर नमन करते चेयरमैन प्रतिनिधि संजय जायसवाल



राजसूय महायज्ञ के यज्ञाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र नाथ सिंह से जानकारी लेते सीडीओ एवं एडीएम



राजसूय महायज्ञ के यज्ञाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र नाथ सिंह से जानकारी लेते सीडीओ व एडीएम



मौनी बाबा के अंतिम दर्शन के लिए परमधाम मठ जाते साधु-महात्मा

**सिकंदरपुर।** सरयू नदी के पवन तट पर स्थित अद्वैत शिवशक्ति धाम एवं श्री वनखंडी नाथ मठ डुहा के पीठाधीश्वर स्वामी ईश्वर दास ब्रह्मचारी 'मौनी बाबा' का पार्थिव शरीर लखनऊसे रविवार की रात्रि एंबुलेंस से चली, जो सोमवार की भोर करीब 3.42 बजे परमधाम प्रांगण में पहुंचा। रात से ही भारी संख्या में भक्त मौनी बाबा के अंतिम दर्शन के लिए व्याकुल हो गये। मौनी बाबा के अंतिम दर्शन के लिए भक्तों की लंबी-लंबी लाइन लगी हुई थी। सुबह लगभग 8.23 बजे तक मौनी बाबा के पार्थिव शरीर को भक्तों के अंतिम दर्शन रखा गया था। इसके बाद विधि-विधान के साथ उनकेपार्थिव शरीर को समाधि दी गई। इस दौरान भारी संख्या में भक्त मौनी बाबा के अंतिम दर्शन के लिए उत्सुक रहे। लेकिन उन्हें रोक दिया गया। समाधि देने के बाद भक्तों ने समाधि स्थल पर पुष्प चढ़ाया। भक्त लाइन में लगकर समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित करते हुए बाहर निकल रहे थे। इस दौरान भक्तों की आंखों में आंसू देखे जा रहे थे।

## भीड़ को देखते हुए सुरक्षा का रहा भारी बंदोबस्त

**सिकंदरपुर।** मौनी बाबा के अंतिम दर्शन में भक्तों की होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के भारी बंदोबस्त किए गए थे। तीन किलोमीटर पहले ही छोटे-बड़े वाहनों को रोक दिया जा रहा था। इसको लेकर कुछ लोग असहज महसूस कर रहे थे। लेकिन मौनी बाबा का अंतिम दर्शन करने की ललक उन्हें रोक नहीं पाया और वह पैदल ही धाम की तरफ चले जा रहे थे। मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, अपर जिलाधिकारी डीपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल झा स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे। इस दौरान भारी मात्रा में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस के जवान भी मौजूद रहे।




## ट्रैक्टर के धक्के से बालक की दर्दनाक मौत

**बैरिया।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत अधिसिझुआ अन्तर्गत गुमानी के डेरा गांव में भीम यादव (10) पुत्र मोहन यादव की सोमवार को ट्रैक्टर के धक्के से दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना तब हुई, जब वह दुकान से कुछ खरीदने के लिए सड़क पार कर रहा था। आस-पास के लोग आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनबरसा ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दे कि ग्राम पंचायत अधिसिझुआ अन्तर्गत गुमानी के डेरा गांव निवासी भीम यादव दुकान से कुछ खरीदने के लिए सड़क पार कर रहा था, तभी सामने से मिट्टी लाद कर आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे धक्का मार दिया। इससे वह सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया। आस-पास के लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गयी। इस दुर्घटना से गांव में मातम पसर गया है। उक्त ट्रैक्टर उसी गांव के ही किसी व्यक्ति का था। इस बाबत पूछने पर थानाध्यक्ष रेवती रोहन राकेश सिंह ने बताया कि घटना संज्ञान में है। अभी तहरीर नहीं मिली है। परिजनों से तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शोक सभा आज

**बेल्थरारोड।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल तथा यूनाइटेड क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 21 जनवरी की शाम पांच बजे से यूनाइटेड क्लब के प्रांगण में बेल्थरारोड नगर के निवासी फिल्म ऐक्टर अमन जायसवाल की मुंबई में हुई सड़क दुर्घटना में मौत को लेकर शोक सभा आयोजित किया गया है। यह जानकारी पूर्व सभासद सुनील कुमार जायसवाल टिंकू ने दिया है।

# डीएम-एसपी ने सुनी आमजन की फरियाद

**आयोजन**

### प्रार्थना पत्रों का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश

**बेल्थरारोड।** स्थानीय तहसील में सोमवार को डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने फरियादियों की समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया। इस दौरान कुल 125 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। इनमें 12 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को प्रेषिरत कर दिया गया। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निर्धारित समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। उधरन के ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार ने चकरोड पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत की। ककरासो के सत्येंद्र सिंह ने संक्रमणीय भूमि पर अवैध कब्जा का आरोप लगाया। हल्दीरामपुर मठिया के मन्नू, धनंजय ने अग्नि पीड़ित परिवारों को सहायता देने की मांग की। महेंद्र सिंह ने बस स्टेशन के पिंक शौचालय की दुर्व्यवस्था की शिकायत की। गौवापार के जयराम ने जल निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग की। पड़सरा की देवंती देवी ने पक्की पैमाइश का पत्थर उखाड़ कर भूमि को विपक्षी द्वारा अपने चक में मिलाने की शिकायत की। डीएम ने समस्याओं के निस्तारण के लिए मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम निशांत उपाध्याय, नायब तहसीलदार दीपक सिंह, अनिल यादव, सीएचसी सीयर के अधीक्षक डा. राकेश सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सिंह, बीडीओ शिवांकित वर्मा, एडीओ पंचायत मनोज सिंह आदि मौजूद रहे।



## संपूर्ण समाधान दिवस में छाये रहे भूमि विवाद के मामले



**बैरिया।** स्थानीय तहसील में सोमवार को तहसीलदार सुदर्शन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक भूमि विवाद के मामले आये। फदियादियों ने कुल आठ मामले प्रस्तुत किये, जिसमें से एक मामले का निस्तारण किया गया। शेष सात मामलों को निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। मुनछपरा निवासी गिरिजा देवी पत्नी प्रभुनाथ सिंह ने भूमि विवाद का मामला प्रस्तुत किया। वही, करमानपुर निवासी आरती देवी पत्नी राजेंद्र प्रसाद, सूर्यभानपुर निवासी शैलेंद्र तिवारी एवं तिवारी के मिल्की निवासी रघुनाथ प्रसाद ने भी भूमि विवाद का मामला प्रस्तुत किया। भगवानपुर निवासी रामबाबू यादव ने दवा छिड़क कर फसल सूखा देने का मामला प्रस्तुत किया। इस तरह आठ में से केवल सात मामले भूमि विवाद से संबंधित रहे। इस अवसर पर समस्त राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम को सौंपा पत्रक

**बलिया।** सदर माडल तहसील पर सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में गोंड अनुसूचित जनजाति को प्रमाण पत्र सुगमतापूर्वक जारी करने की मांग को लेकर ऑल गोंडवाना स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आगसा) के प्रतिनिधि मंडल ने उप जिलाधिकारी सदर आत्रेय मिश्र को पत्रक सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में अमित शाह, विक्रम, आनंद स्वरूप गोंड, कृष्ण गोंड, सोनू आदि शामिल रहे।

## संक्षेप

### साइबर फ्रॉड के पीड़ित को 76 हजार कराए वापस

**दोहरीघाट, मऊ।** पुलिस अधीक्षक इलामारन के निर्देश के क्रम में साइबर फ्राड अभियान के तहत दोगरीघाट थाने की साइबर टीम ने साइबर फ्रॉड किए गए 76 हजार रुपये पीड़ित को वापस दिलाने में सफलता हासिल की। रुपये वापस पाकर शिकायतकर्ता ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। थाना क्षेत्र के सूरजपुर निवासी सचिन पटेल बीते 02 दिसंबर को साइबर ठगी का शिकार हो गया था। ठगों ने उससे 76 हजार रुपये ले लिया था। जिसके बाद पीड़ित ने 02 दिसंबर को दोहरीघाट पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद थानाध्यक्ष प्रमेन्द्र कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में साइबर टीम ने पीड़ित की धनराशि वापस कराने में जुट गई। सोमवार को साइबर क्राइम टीम ने पीड़ित को थाने बुलाकर धनराशि वापस कराने की सूचना दी। जिसके बाद पीड़ित सूरज पटेल ने पुलिसकर्मियों का आभार प्रकट करते हुए खुशी जाहिर की।

### सनबीम स्कूल में शुभकामनाएं व विदाई समारोह

**बलिया।** सनबीम स्कूल अगरसंडा में कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए भव्य शुभकामनाएं और विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देने के साथ ही उन्हें जीवन के नए अध्याय की ओर मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों ने आशाएं गीत की प्रस्तुति के साथ की। इसके बाद कक्षा के मानीटरों ने अपने अनुभव साझा किए। कक्षा 10 और 12 के मानीटरों ने विद्यालय जीवन की यादें, शिक्षकों से मिली प्रेरणा और सहपाठियों के साथ बिताए गए खास पल साझा किए। इस दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रधानाचार्या के बीच एक भावनात्मक जुड़ाव देखने को मिला। विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह ने कहा कि परीक्षा केवल एक पड़ाव है, जबकि जीवन का सफर बहुत लंबा है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, परिश्रम और समर्पण के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने की सलाह दी। प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कार्य के प्रति ईमानदार रहने की शपथ दिलाई और उनका उत्साहवर्धन किया।

### अभिनेता अमन जायसवाल की मौत दुर्भाग्यपूर्णः हंसू राम

**बेल्थरा रोड (बलिया)।** सुभासपा के क्षेत्रीय विधायक हंसू राम ने सोमवार की शाम कहा कि फिल्म अभिनेता अमन जायसवाल की मौत को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि बेल्थरा रोड पर किसकी गंदी नजर पड़ा चुकी है, जिससे असहनीय घटनाएं होती जा रही है। कहा कि इससे पूर्व बेल्थरा रोड के दो और युवा व्यापारियों की भी मौत हो चुकी है। कहा कि ऐसा नीरस दिन ईश्वर दुश्मन को भी न दिखाए। विधायक राम मृतक अमन जायसवाल के चाचा एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल मंटू से मुलाकात कर ढाढस बढ़ाया, और सांत्वना दी। उन्होंने मृतक के पिता आशीष जायसवाल से भी मिलकर ढाढस बधाया। इस मौके पर मनीष जायसवाल, ओम सिंह, सुनील श्रीवास्तव एडवोकेट, दुर्गा प्रसाद मधु लाला, सुनील कुमार टिंकू, के एल जायसवाल, अरबाज खां, उमेश अम्बेडकर, टी एन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### 301 पेटी शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**बलिया।** हल्दी थाना पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने 301 पेटी अवैध शराब बरामद किया है। साथ ही मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार हल्दी थाना के थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ के उप निरीक्षक फैजुद्दीन सिद्दीकी और क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक विनय कुमार राय की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर बताये हुए मकान के कमरे की तलाशी ली गई तो उसमें से आफ्टर डार्क ब्राण्ड की 150 पेटी, 8 पीएम ब्राण्ड की कुल 151 पेटी अवैध शराब बरामद किया। वहीं, मौके से पुलिस ने तीन तस्करों को धर दबोचा। पूछताछ में तीनों ने अपना नाम राजेन्द्र कुमार पासवान उर्फ राजेश पुत्र सीताराम पासवान निवासी बसरिकापुर, थाना दुबहड़, राकेश कुमार सिंह पुत्र शत्रुघन सिंह निवासी गोनिया छपरा, थाना बैरिया और अभिषेक ठाकुर पुत्र अशोक ठाकुर निवासी ग्राम बेलहारी, थाना हल्दी बताया।

### ऑनलाइन सर्वे में जाना सुविधाओं का हाल

**मनियर।** स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर रामपुर में सोमवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर का आनलाइन सर्वे किया गया। भारत सरकार की टीम ने सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उपकेंद्र पर मरीजों को दी जाने वाली सुविधाएं जैसे डिलीवरी रुम, लैब, दवा का रख- रखाव, पानी, स्ट्रेचर, पार्किंग, बायोमेडिकल बेस्ट, अपडेट रजिस्टर, साफ-सफाई, हर्बल गार्डन, लाभार्थियों को दी जाने वाली सेवाएं आदि से संबंधित सवाल पूछे गए। नेशनल क्वालिटी स्टेंडर चेक लिस्ट योजना के तहत सोमवार को ब्लाक मनियर के रामपुर उपकेंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं पर अंक देकर यह तय किया जायेगा कि शासन की मंशा के अनुरूप कितने प्रतिशत अंक से सेंटर खरा उतर रहा है। यह परिणाम आने में अभी कुछ समय लग सकता है। सर्वे जांच में आजमगढ़ डिवीजन से आये डा. संजय प्रियदर्शी, जिला क्वालिटी कन्सल्टेंट डा. जियाउल हुदा, क्वालिटी मेन्टर रजनी सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. दिग्विजय कुमार, बीपीएम विपिन बिहारी सिंह, बीसीपीएम अशोक चौबे, सुरेंद्र यादव, अभिषेक उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### खाते से धोखाधड़ी कर पैसे निकालने वाला गिरफ्तार

**बलिया।** खाते से धोखाधड़ी कर 3.58 लाख रुपये निकालने के आरोपी को कोतवाली एवं एटीएच की संयुक्त टीम ने मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी को चालान कर न्यायालय पेश कर दिया है। दिसबंर 2023 में वाराणसी के रोहनिया थाना के औढ़े गांव निवासी आशीष सैनी ने पुलिस को तहरीर दी थी। आरोप लगाया कि उनके खाते से यूपीआई के माध्यम से धोखाधड़ी कर 3.58 लाख रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की। एएचटी थाना निरीक्षक संतोष यादव ने मामले की विवेचना की। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए उच्चाधिकारियों से अनुमति ली। झांसी एवं ग्वालियर के टीकमगढ़, मध्य प्रदेश में आनलाइन पैसा भेजकर नकद ले लेने वाले अभियुक्त रामसेवक कुशवाहा निवासी समरया, थाना जेरोन, जिला नेवाड़ी, मध्य प्रदेश को 17 जनवरी को गिरफ्तार किया। उसके पास से 46200 रुपये एवं एक मोबाइल बरामद किया। पुलिस टीम ने न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट ओरछा जिला टिकमगढ़ के समक्ष आरोपी को पेश कर रिमांड लेकर बलिया कोर्ट में पेश किया।

### गैंगस्टर के अभियुक्त को दो वर्ष का कारावास

**बलिया।** विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट गिरोहबंद अधिनियम के मामले में नीलम ढाका की न्यायालय ने सुनवाई करते हुए अभियुक्त रेवती बड़ी मस्जिद निवासी नंदलाल पुत्र धर्मदेव को दोषी ठहराते हुए दो साल कारावास व पांच हजार रुपए जुमार्ने से दंडित की है। यह मामला रेवती थाने द्वारा सन् 2007 में आरोपी के विरुद्ध दर्ज हुआ था, जिसमें आरोपी द्वारा गैंग बनाकर सुनियोजित अपराध कारित करता था व उससे आर्थिक लाभ भी प्राप्त करता था।

### लूट के दो आरोपी गिरफ्तार, नगदी बरामद

**बलिया।** फेफना थाना पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से लूट के 750 रुपये नकद बरामद किया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस ने अभिषेक पासवान पुत्र भूपेन्द्र कुमार निवासी हसनपुरा, थाना फेफना और दुर्गेश सैनी पुत्र संजीव सैनी निवासी इन्दरपुर, थाना फेफना को थम्हनपुरा चट्टी के निकट पुलिया के किनारे से धर दबोचा। तलाशी में दोनों के पास से 750 रूपये बरामद किया गया।

### योगेश्वर सिंह का चार दिवसीय दौरा

**बलिया।** सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के समाजसेवी एवं नेता योगेश्वर सिंह ने चार दिनों तक क्षेत्र में दौरा किया। इस दौरान जरूरतमंदों को कंबल भी पहुंचाया और उनका हालचाल लिया। योगेश्वर सिंह ने कहा कि ठंड को देखते हुए क्षेत्र में प्रशासन को जगह-जगह अलाव एवं कंबल वितरण करना चाहिए, ताकि लोगों को इस ठंड में कोई दिक्कत न हो। वहीं, सहतवार मे आयोजित स्व. बद्रीनाथ सिंह की पुण्यतिथि को भी संबोधित किया। योगेश्वर सिंह सराक, छितौनी, बिल्थरारोड, सलेमपुर, बांसडीह आदि क्षेत्रों में जनता के बीच पहुंचे।

### 3.95 करोड़ रुपये से बनेगा बाढ़ राहत भवन

**बलिया।** प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने रविवार को थम्हनपुरा में 3.95 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले बाढ़ राहत भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान परिवहन मंत्री ने हवन पूजन कर विधि-विधान से भवन स्थल पर भूमि पूजन किया। यह भवन सभी सुविधाओं से युक्त होगा और बाढ़ के समय यहां रुकने वाले शरणार्थियों को भोजन आदि की भी व्यवस्था मिलेगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि यह पूरा क्षेत्र नदी से घिरा हुआ है। बाढ़ के समय क्षेत्र के लोगों को इससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बाढ़ राहत भवन के बन जाने से क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस भवन में शौचालय के साथ ही किचेन आदि की भी सुविधा रहेगी। कहा कि इस क्षेत्र में माल्देपुर तक बाढ़ की रोकथाम के लिए कई कार्य हो रहा है। यहीं से ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे भी निकल रहा है, जिससे आने वाले समय में यह क्षेत्र सबसे विकसित होगा। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के साथ ही शहर के चारों तरफ रास्तों का निर्माण होगा। इससे रोजगार के साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। जलमार्ग को भी विकसित करने के लिए कई योजनाओं पर काम चल रहा है। माल्देपुर एवं नौरंगा में आटोमेटिक पीपा पुल बनाया जाएगा। कहा कि चुनाव के समय जो भी वादे किए गए हैं, उससे अधिक ही कार्य कराया जाएगा। कार्यक्रम में नमामि गंगे के अपर जिलाधिकारी राजेश गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, अमिताभ उपाध्याय, पूर्व प्रमुख गुड्डू राय, जितेंद्र राव, पिंटू सिंह आदि मौजूद रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री व फैमिली आईडी के कार्यों में लाएं तेजीः डीएम



**निरीक्षण**

**फार्मर रजिस्ट्री कैंप, कंपोजिट विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण**

**मऊ।** डीएम प्रवीण मिश्र ने सोमवार को तहसील घोसी के ग्राम पंचायत सरहरा जमीन सरहरा में फार्मर रजिस्ट्री हेतु लगाए गए कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैंप के दौरान किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। डीएम ने फार्मर रजिस्ट्री कार्य का नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी खंड विकास अधिकारी घोसी को दिए। इसके अलावा उन्होंने लेखपाल एवं रोजगार सेवक से किसानों से संपर्क कर निकटतम जन सेवा केंद्र पर पहुंचाते हुए फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीएम ने संबंधित लेखपाल को जन सेवा केंद्र के ऑपरेटर से संपर्क कर पोर्टल के चलने की स्थिति के समय का पता लगाते हुए अधिक से अधिक किसानों को प्रेरित कर केंद्रों पर भेज कर फार्मर रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारी घोसी से फैमिली आईडी बनाए जाने के प्रगति की भी जानकारी ली तथा शीघ्र ही गैप को खत्म करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने संबंधित लेखपाल,तहसीलदार एवं उप जिलाधिकारी घोसी से उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 24, धारा 34,धारा 116 एवं 67 क के प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पीठासीन अधिकारियों को धारा 24 एवं धारा 116 में बेहतर प्लान तैयार करते हुए शीघ्र ही मामलों केनिस्तारण करने के निर्देश दिए। इस हेतु उन्होंने संबंधित लेखपाल को अधिक से अधिक मामलों को सहमति के आधार पर निपटाने हेतु संबंधित पक्षों को प्रेरित करने को कहा जिससे अनावश्यक मुकदमों से दोनों पक्ष बच सके। फार्मर रजिस्ट्री एवं फैमिली आईडी के कार्यों में तेजी लाने हेतु उन्होंने उप जिलाधिकारी घोसी एवं खंड विकास अधिकारी घोसी को बेहतर कार्य योजना तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे इन कार्यों में तेजी लाई जा सके। इसके बाद जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र सरहरा जमीन सरहरा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, आशा एवं एएनएम से बच्चों के टीकाकरण की जानकारी लेते हुए उप जिला अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधीक्षक को साथ मिलकर उन क्षेत्रों का भ्रमण करने को कहा जहां पर टीकाकरण में व्यवधान आ रहा है। साथ ही मौके पर पहुंचकर इन व्यवधानों को खत्म करने हेतु विशेष प्रयास करने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। जिलाधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय सरहरा जमीन सरहरा का भी आकस्मिक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कक्षा 8 एवं कक्षा 6 में पढ़ने वाले बच्चों से गणित एवं हिंदी के सवालों का जवाब लिया। साथ ही बच्चों से ब्लैक बोर्ड पर कार्य भी कराए। कंपोजिट विद्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित प्रधानाध्यापक एवं खंड शिक्षा अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।साथ ही बच्चों को मध्याह्न भोजन भी गुणवत्तापूर्ण एवं मीनू के अनुसार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी घोसी अभिषेक गोस्वामी, तहसीलदार घोसी के अलावा खंड शिक्षा अधिकारी घोसी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह, जिला कृषि अधिकारी सोमपाल गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# परिवहन मंत्री ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



**सम्मान**

**विधायक खेल कुंभ में दुबहड़ पहुंचे मंत्री ने प्रतियोगियों का किया उत्साहवर्धन**

**बलिया।** विधायक खेल कुंभ के तहत विधानसभा के 23 न्याय पंचायतों में हो रही खेल प्रतियोगिताओं के दौरान सोमवार को प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने दुबहड़ में पहुंच कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मंत्री ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारंभ कराया। परिवहन मंत्री ने फीता काट कर खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। इस दौरान लोगों ने मंत्री को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान क्रिकेट में भरसड़ विजेता व घोड़हरा की टीम उपविजेता रही। कबड्डी में घोड़हरा विजेता व दुबहड़ की टीम उपविजेता रही। सौ मीटर दौड़ में मनी प्रकाश भारती, करण पासवान व अंकुर कुमार, दो सौ मीटर दौड़ में अभिषेक कुमार, शैलेंद्र कुमार भारती व रानू रावत, चार सौ मीटर दौड़ में अनुज, मुहम्मद शेख व अनूप गोंड क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। वहीं गोला फेंक में दुबहड़ के करण, आकाश व यशराज चौधरी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजित खिलाड़ियों को परिवहन मंत्री ने मेडल देकर पुरस्कृत किया। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र व राज्य सरकार की खेलो इंडिया आदि तमाम कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। कहा खेल कुंभ के तहत पूरे विधानसभा के न्याय पंचायत में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें परंपरागत खेलों के साथ ही शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, कराटे व नौकायन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। सभी प्रतियोगिताएं 28 जनवरी तक होंगी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रिंकू दुबे, ग्राम प्रधान प्रभात पांडेय, प्रधान श्रीभगवान यादव, प्रधान विनोद राम, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित दुबे, धर्मेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## पटरी दुकानदारों का जारी रहा धरना

**बलिया।** ओवरब्रिज के नीचे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों पर बुलडोजर से दुकान तोड़े जाने के विरोध और पुनः स्थापित करने की मांग को लेकर लगातार 12 दिनों से चल रहे धरना स्थल पर इस भयंकर कड़ाके की ठंड में पटरी दुकानदार का 15 वर्षीय बेटा अचानक बेहोश हो गया। बच्चे के बेहोश हो जाने के बाद लोगों में हड़कम्प मच गया। इसके बाद लोगों ने एंबुलेंस को बुलाकर उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। लोगों ने बताया कि बच्चा अचानक बेहोश हो गया और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। धरना पर बैठे दुकानदारों ने बताया है कि पालिका परिषद के ईओ सुभाष, उपजिलाधिकारी, जिला प्रशासन ने जबरन बुलडोजर चलवाकर सब कुछ जब्त कर लिया है। हम लोग भूखमरी की कगार पर है। दुकानदारों ने बताया कि हम लोग यातायात को प्रभावित नहीं कर रहे हैं और न ही स्थाई कब्जा किए है। फिर क्यों बुलडोजर चलवाकर हम पर अत्याचार किया जा रहा है।

# छह माह से ठप पड़ा पुल का निर्माण कार्य



**बैरिया।** उप्र और बिहार के लिए बेहद उपयोगी शिवपुर नौरंगा घाट का पक्का सड़क पुल पिछले पांच वर्षों से भी अधिक समय से निर्माणाधीन है। पुल का निर्माण कार्य के दौरान लंबाई और लागत बढ़ने के कारण पिछले छह महीने से कार्य ठप पड़ा हुआ है। ठेकेदार एवं मजदूर निर्माण स्थल से सामान समेटकर चले गए हैं। तबसे आधा-अधूरा पुल लावारिस हालत में पड़ा हुआ है। इससे लोगों के मन में यह शंका जागृत हो रही है कि गंगा पर बनने वाला यह पुल बन भी पाएगा या नहीं। बता दे कि अखिलेश सरकार ने इस पुल की स्वीकृति दी थी। भाजपा सरकार आने पर इसका निर्माण कार्य शुरू हुआ। लगभग 183 करोड़ रुपए पुल का लागत था और 51 करोड़ रुपए से लोक निर्माण विभाग को पुल का एप्रोच बनाना था। पुल का काम लगभग साठ फीसदी हो चुका है। उसके बाद का कार्य रुका हुआ है। पता चला है कि गंगा नदी में कटान के कारण गंगा का पाट चौड़ा हो गया है। इसलिए पुल का एक किलोमीटर लंबाई और बढ़ाना पड़ेगा। इसके लिए कम से कम 15 नए और पाये बनाने पड़ेंगे। इसके लिए लगभग ढाई सौ करोड़ रुपए और खर्च आएंगे। पुल का निर्माण कार्य बंद हो जाने से लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। सपा के लोगों का आरोप है कि यह पुल समाजवादी सरकार में स्वीकृत हुआ है। इसलिए भाजपा सरकार इसके निर्माण में रुचि नहीं ले रही है। इधर, भाजपा के लोगों का कहना है कि पुल का कार्य धन स्वीकृत होते ही एक बार फिर तेजी से शुरू होगा। दो वर्षों में पुल बनकर तैयार हो जाएगा।

> उप्र-बिहार को जोड़ने वाला शिवपुर घाट पर बनने वाले सड़क पुल की लंबाई कटान के कारण 1060 मीटर और बढ़ रहा है। ऐसे में गंगा नदी में और कम से कम 15 से अधिक अतिरिक्त पाया बनाने पड़ेंगे। अतिरिक्तधन की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होते ही पुल का निर्माण शुरू हो जाएगा। एप्रोच मार्ग पर लोक निर्माण विभाग 51 करोड़ रुपए की लागत से कार्य कराएगा। लंबाई नहीं बढ़ती तो पुल का निर्माण कार्य राज्य सेतु निगम को मार्च 2026 में पूरा करके देना था। अब लंबाई बढ़ गई है तो धन आने के बाद दो वर्ष और लगेंगे। इस पुल को बनाने में फिलहाल धन नहीं आने के कारण कार्य बंद पड़ा हुआ है।
>
> **रविशंकर राय, परियोजना प्रबंधक, उप्र राज्य सेतु निगम, बलिया**


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी शाहगंज, जौनपुर

पत्रांकः 1700/आंकिक आपूर्ति/विज्ञापन/2024-25 दिनांक 20 जनवरी, 2025

### अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत मद से कराये जाने वाले विभिन्न कार्य स्थलों पर सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 22.01.2025 से 06.02.2025 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 2.00 बजे तक विकास खण्ड शाहगंज कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 06.02.2025 को निविदा हेतु गठित कमेटी द्वारा निविदादाताओं के समक्ष अपरान्ह 3.00 बजे निविदा खोली जायेगी। निविदा फार्म का मूल्य 500 रू0 है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.01.2025 से 05.02.2025 तक कार्यालय कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से 3.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। आपूर्ति हेतु कार्य स्थल एवं सामग्री का विवरण निम्नवत है:-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मी0 | अनु0 लागत (लाख में) | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत कुहीया पकभवानी शंकर में कुहीया पिच रोड से प्रदीप के घर तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य। | 150 मी0 | 8.00 | सीमिन्ट, महीन बालू, ईंट, पत्थर गिट्टी लोकल बालू, पेन्ट इत्यादि |
| 2 | ग्राम पंचायत लपरी कोईरीडीहा जौनपुर मार्ग से रामअवध के घर तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य। | 170 मी0 | 8.00 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 3 | ग्राम पंचायत सोंगर हरिजन बस्ती में सुरेन्द्र की दुकान से प्रकाश के घर तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य। | 160 मी0 | 8.00 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 4 | ग्राम पंचायत सोंगर में समशेर के घर से इस्तीयाक प्रधान के घर तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य। | 170 मी0 | 8.50 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 5 | ग्राम पंचायत चममारुफपुर में पिच रोड से शमीम के घर तक सी0 सी0 रोड निमाण कार्य। | 150 मी0 | 8.00 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 6 | ग्राम पंचायत सीधा (भदैला) प्रा0 वि0 से शिवजोर के घर तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य। | 170 मी0 | 8.50 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 7 | ग्राम पंचायत भादी में मंजू के घर से जगदीश के घर तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य। | 170 मी0 | 8.50 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 8 | ग्राम पंचायत भादी में विश्राम के घर से लिंक रोड तक नाली निर्माण कार्य। | 300 मी0 | 7.50 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, सरिया, लोकल बालू |
| 9 | ग्राम पंचायत चकमारुफपुर सुबेदार के घर से अजार के घर तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य। | 200 मी0 | 10.00 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 10 | ग्राम पंचायत सीधा में जयराम के घर से जेठू के घर तक नाली निमार्ण कार्य। | 100 मी0 | 2.50 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 11 | ग्राम पंचायत इटौरी हरिजन बस्ती में अजय के घर से झिनकू के घर तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य। | 170 मी0 | 8.50 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, ह्यूम पाइप, लोकल बालू |
| 12 | ग्राम पंचायत एतमादपुर (विसवा) में पिच रोड से मस्जिद तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य। | 180 मी0 | 9.00 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 13 | ग्राम पंचायत सीधा (भदैला) विजय के घर से राजेश के घर तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य। | 150 मी0 | 7.50 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 14 | ग्राम पंचायत शाहापुर विजय के घर से सुरेश के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 270 मी0 | 9.45 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, सरिया, लोकल बालू |
| 15 | विकास खण्ड परिसर में सामुदायिक शौचालय कार्य। | 1 | 5.50 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईट लोकल बालू |
| 16 | ग्राम पंचायत बारा में पिच रोड से बबलू के घर तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य। | 100 मी0 | 5.50 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 17 | ग्राम पंचायत बारा में इण्टरलाकिंग से फिरोज के घर तक सी0 सी0 रोड निर्माण कार्य। | 50 मी0 | 2.50 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 18 | ग्राम पंचायत जमदानीपुर में प्रमोद के घर से मरुधर तक नाला | 250 मी0 | 6.25 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, सरिया, लोकल बालू |
| 19 | ग्राम पंचायत जमदानीपुर में नहर से रमेश के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 200 मी0 | 7.00 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 20 | ग्राम पंचायत चौकिया गुरैनी में मानी रोड से बगल में शामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | 1 | 5.00 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, सरिया, लोकल बालू |
| 21 | ग्राम पंचायत गुरैनी हरिजन बस्ती में मेवालाल के घर से नन्हकू के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 250 मी0 | 8.75 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 22 | ग्राम पंचायत गुरैनी ओमप्रकाश के घर से रामदुलार के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 150 मी0 | 8.50 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 23 | ग्राम पंचायत कुहीया चकमलुदी में पिच रोड से अनिमा घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 250 मी0 | 8.75 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 24 | ग्राम पंचायत लपरी तिवारीपुरा लपरी हरिजन बस्ती में पिच रोड से गब्बर के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 250 मी0 | 3.75 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 25 | ग्राम पंचायत लपरी (प्रसादपुर) में कोइरीडीहा इटौरी मार्ग से नेबुलाल के खेत से तालाब तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण कार्य। | 150 मी0 | 7.00 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 26 | ग्राम पंचायत बशीरपुर केवटान बस्ती से पवन के घर तक माडल खण्ड़ंजा का कार्य। | 400 मी0 | 8.25 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, इंटरलाकिंग ईंट लोकल बालू |
| 27 | ग्राम पंचायत गुरैनी वी.एस.डी. स्कूल से सी0सी0 रोड तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 250 मी0 | 5.0 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, ह्यूम पाइप, लोकल बालू |
| 28 | ग्राम पंचायत बड़ौना में धरमात्मा के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 250 मी0 | 6.00 | सीमिन्ट, महीन बालू, मोटा बालू, ईंट गिट्टी ईट पत्थर गिट्टी, ह्यूम पाइप, लोकल बालू |

**प्रतिबन्ध एवं शर्तें:-**

1- आवश्यकतानुसार सामाग्री आपूर्ति अधोहस्ताक्षरी के आदेश पर ही की जायेगी अन्यथा नहीं।
2- सामाग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
3- सामाग्री की आपूर्ति क्षेत्र पंचायत शाहगंज की परिधि में स्वीकृति दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
4- प्रस्तुत दर पी0 डब्लू0 डी0 की स्वीकृत दर से अधिक न हो।
5- सामग्री की आपूर्ति विकास खण्ड कार्यालय के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी।
6- आपूर्तिकर्ता को 2 प्रतिशत आयकर देना होगा जो भुगतान हेतु प्रस्तुत बिल से कटौती कर लिया जायेगा।
7- आपूर्तिकर्ता को भुगतान करते समय एस0जी0एस0टी0 1 प्रतिशत एवं सी0जी0एस0टी0 1 प्रतिशत की कटौती की जायेगी।
8- सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में सामग्री वापस करने एवं भुगतान की धनराशि से नियमानुसार कटौती करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
9- आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की मात्रा पृथक से सूचित की जायेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**शाहगंज, जौनपुर**

# डीएम ने लापरवाही पर खंड विकास अधिकारियों का रोका वेतन

**कार्रवाई**

**सात तहसील में मात्र 180 शिकायत,17 मामलों का निस्तारण**


सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर मामलों का निस्तारण करती डीएम आर्यका अखौरी एवं एसपी डा.ईरज राजा।

**गाजीपुर।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा.ईरज राजा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार सम्पन्न हुआ। जिसमें 30 शिकायत प्राप्त हुए मौके पर 05 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 180 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 17 शिकायत पत्रों का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील जखनियां में अपर जिलाधिकारी वि./रा. दिनेश कुमार की अध्यक्षता 45 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें 03 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 15 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। जमानियॉ तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 15 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मैके पर 02 का निस्तारण किया गया। तहसील मुहमम्दाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 30 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें निस्तारण शून्य रहा। तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 20 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 02 का निस्तारण किया गया एवं तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 25 शिकायत प्राप्त 02 का मौके पर निस्तारण किया गया।जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत पत्रों के आधार पर सैदपुर एवं भॉवरकोल के खण्ड विकास अधिकारी का जिरो पार्वटी की खराब प्रगति पर तत्काल वेतन रोकने का निर्देश दिया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी प्रार्थना पत्र लम्बित न हो, अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करायी जाय। उन्होने आई जी आर एस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतो को शत-प्रतिशत निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से लगातार होती है। कोई भी लम्बित प्रकरण पाये जाने एवं डिफाल्टर की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होगे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदर सदर, एवं समस्त सम्बन्धित अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अधिकारी राजस्व वसूली कार्य को प्राथमिकता दें : डीएम

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एंव मासिक स्टाफ बैठक रायफल क्लब सभागार सम्पन्न हुआ। बैठक में जिलाधिकारी ने परिवहन, वन विभाग, स्टाम्प, नगर पालिका, आडिट आपत्ति, चकबन्दी, व्यापार कर, विद्युत देय, आबकारी, अंश निर्धारण, मोटर देय, आईजीआरएस, के सम्बन्ध मे विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी के अनुपस्थित होने पर वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व प्राप्ति के संबंध में जो विभाग कार्य कर रहे है। उनके द्वारा अपने-अपने लक्ष्य को प्रत्येक माह उसे पूर्ण कर अंतिम रूप प्रदान किया जाए ताकि सभी विभागों में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य पूर्ण किए जा सकें। उन्होंने विद्युत विभाग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त कम वसूली वाले विभागो के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि सम्बन्धित अधिकारी अपने लक्ष्य के प्रति प्रत्येक माह कार्य योजना बनाकर मूर्त रूप प्रदान किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी उनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं संबंधित विभागीय अधिकारी की होगी। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मासिक स्टाफ बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक ली।

जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व कार्यों में सभी अधिकारियों द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप चलाए जा रहे प्रत्येक कार्यक्रम में तत्परता दिखाते हुए कार्यों का संपादन किया जाना सुनिश्चित करें ताकि सरकार की राजस्व योजनाओं का लाभ जन सामान्य को आसानी के साथ प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त अधिकारी राजस्व वसूली का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करते हुए डिमांड के अनुसार वसूली सुनिश्चित करे। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) दिनेश कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं सम्बन्धित अधिकारी एंव पटल सहायक उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### शराब के नशे में की मां-बेटे से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**गहमर।** दलित बस्ती गहमर में दो शराबी भाईयों ने शराब के नशे में खुब उत्पात मचाया। उत्पात मचाने से मना करने पर महिला सहित उसके पुत्र के साथ बेरहमी से मारपीट किया जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने घायल महिला के पुत्र की तहरीर पर बस्ती के ही दो सगे भाइयों पर एफआईआर दर्जकर विवेचना शुरू कर दिया। संजय कुमार पुत्र स्व झिल्लू राम निवासी गांव गहमर (पूरबी दलित बस्ती) ने बताया कि बीते दिनों देर रात्रि लगभग 9 बजे हमारे पड़ोसी विमलेश कुमार व विकास कुमार पुत्रगण रंगबहादुर राम शराब के नशे में धूत होकर मेरे दरवाजे पर चढ़कर भाई बिजय कुमार राम के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। चीख-पुकार सुनकर जब मेरी मां उषा देवी बीच-बीचाव करने आई तो जान-माल की धमकी देते हुए दोनों को लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राम सजन नागर ने बताया कि पीड़िता के पुत्र की तहरीर पर बी एन एस की विभिन्न विधाओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना किया जा रहा है।

### खतौनी में गड़बड़ी, किसानों की मुसीबत

**गहमर।** शासन के निर्देश पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अलावा अन्य योजनाओं के लाभ को लेकर कृषि और राजस्व विभाग के संयुक्त तत्वाधान में फार्मर रजिस्ट्री किया जा रहा है। खतौनी और आधार में विसंगतियां किसानों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं। जबकि बंदोबस्त में शामिल गांवों के किसानों की खतौनी शो नहीं करने के कारण योजनाओं के लाभ से वंचित होने की कवायद किया जा रहा है। समस्याओं को लेकर किसान हलकान हैं। तहसील क्षेत्र में नगर और गांव स्तर पर कैंप लगाकर फार्मर रजिस्ट्री किया जा रहा है। जबकि जनसेवा केंद्रों को भी अधिकृत किया गया है। लोगों के अनुसार फार्मर रजिस्ट्री में सर्वर कमजोर होने, खतौनी और आधार में त्रुटि होने से अड़चनें आ रही हैं। यहां तक कि खतौनी में नाम आर्डर में होने पर भी फार्मर रजिस्ट्री संभव नहीं हो पा रहा है। जिसमें सुधार के लिए लोगों को लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि खतौनी में सुधार के लिए तहसील परिसर स्थित कार्यालय में किसानों की भीड़ जुट रही है। लोगों का कहना है कि खतौनी में सुधार के लिए अधिकारियों और कार्यालयों का चक्कर लगाना मजबूरी हो गया है। एसडीएम संजय यादव ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री कराया जा रहा है। किसानो की सहूलियत के लिए विसंगतियों को जल्द से जल्द दूर करा लिए जाने का प्रयास किया जायेगा।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर बैठक संपन्न

**गाजीपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में पन्द्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस (एनवीडी) पूरे देश में 25 जनवरी को राज्य, जिला और बूथ स्तर पर मनाया जायेगा। जनपद स्तर पर यह कार्यक्रम पीजी कालेज के प्रागण (खेल मैदान) में आयोजित किया जायेगा। पन्द्रहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम,उन्होने कहा कि जनपद में मतदाता दिवस पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया जाय। बैठक में मुख्य अपर जिलाधिकारी वि./रा, समस्त उपजिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक शहरी एवं सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नपा की बैठक का सदस्यों ने किया बहिष्कार

**जमानियां।** नगर पालिका परिषद की बैठक में अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी द्वारा सदस्यों को अपशब्दों से अपमानित करने का मामला सामने आया है। बैठक में सदस्यों द्वारा एजेण्डा के तहत लाइसेंस शुल्क और अन्य विषयों पर विचार करने के लिए प्रस्ताव दिया गया था, जिसे अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी ने अस्वीकार कर दिया। सदस्यों का आरोप है कि जब वे बैठक के दौरान रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने के लिए सही प्रक्रिया की बात कर रहे थे, तो अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी ने उन्हें अपशब्दों से अपमानित किया। इस घटना के बाद, सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार किया और सभासद नगर पालिका परिसर में नारेबाजी करने लगे। सदस्यों ने इस घटना के बारे में उपजिलाधिकारी और जिलाधिकारी से न्याय की अपील की है और पुनः बैठक बुलाने की मांग की है ताकि मामले की गंभीरता से जांच की जा सके। इस अवसर पर प्रमोद यादवङ्क राकेश कुमारङ्क मोहन गुप्ताङ्क राहुल वर्माङ्क अंजनी कुमार गुप्ताङ्क राधेश्याम रामङ्क सुरेन्द्र चौधरीङ्क राजाबाबू चौधरीङ्क पूनम यादवङ्क राकेश कुमारङ्क मोहम्मद शमीमङ्क आसमाङ्क करिमङ्क सचिन कुमार वर्माङ्क रोहित शर्माङ्क विकास जायसवालङ्क रफतजहां आदि सभासद मौजूद रहे।

### सजाई जा रही मां सरस्वती की रंग बिरंगी मूर्ति

**गाजीपुर।** मां सरस्वती का पूजन दो फरवरी रविवार को होगा। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में दर्शन पूजन करने के लिए प्रतिमाएं स्थापित होगी। शहर में जगह जगह मां सरस्वती की पूजा करने के लिए पंडाल बनाए जाएंगे। मूर्तिकार प्रतिमा को अंतिम रूप दे रहे हैं। बसंत ऋतु के आते ही पीले सरसों के फूलों द्वारा खेतो की शोभा बढ़नी हुई शुरू हो जाती है। सरसों की हरी पत्तियां व उसके ऊपर खिले पीले-पीले फूल बसंत ऋतु के आने का पहले ही संकेत देने लग जाती है। ठीक उसी तरह विद्यादायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा बना रहे मूर्तिकार भी प्रतिमा निर्माण में जोर- शोर से जुट चुके हैं। मूर्तिकारों का समूह मां सरस्वती की प्रतिमा बनाने में जुटा है। तरह तरह की छोटी बड़ी रंग बिरंगी मां सरस्वती की मूर्तियों को बना कर रखा जा रहा है। मूर्तिकार सुग्रीव कहते हैं कि मंदी के चलते दिक्कतें बढ़ रही है। एक बड़ी प्रतिमा के निर्माण में दस से पंद्रह दिन का समय लगता हैं। वहीं, छोटी मूर्ति को 6 से 7 दिन लगते हैं, लेकिन सही मूल्य नहीं मिलने के कारण निराशा होती हैं। मूर्तिकार बाबूलाल बताते हैं कि पुश्तैनी रोजगार होने के कारण प्रतिमा निर्माण कार्य मे जुड़े हुए हैं। महंगाई के दौर में प्रतिमा निर्माण में जितना समय लगता है उसके अनुकूल पैसा नहीं मिलता। फिर भी मूर्ति कलाकार प्रतिमा को मूर्ति रूप देने में जोर शोर से जुटे हैं। इधर शहर के विभिन्न जगहों पर मां सरस्वती पूजा की तैयारी को लेकर लोग जुट चुके हैं। आप को बता दें हिन्दू धर्म में बसंत पंचमी का विशेष महत्व इसलिए भी है, क्योंकि इसी दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। माता सरस्वती विद्या की देवी हैं, मां सरस्वती अनेकों शक्ति की देवी मानी जाती है। ज्ञान, विज्ञान, विद्या, कला, बुद्धि, मेधा, धारणा और तर्कशक्ति जैसी अनेकों शक्ति की देवी है मां सरस्वती। ये सभी शक्तियां माता अपने भक्तों को प्रदान करती हैं, भक्त को अगर इनमें से कोई शक्ति प्राप्त करनी हो तो वह विद्या की देवी माता शारदा की आराधना करके उनसे उस शक्ति को प्राप्त कर सकता है। ऋतुओं में बसंत ऋतु सर्वश्रेष्ठ है, इसीलिए वसंत को 'ऋतुओं का राजा' माना जाता है। इस ऋतु के प्रवेश करते ही संपूर्ण पृथ्वी वासंती आभा से खिल उठती है। वसंत ऋतु के आगमन पर वृक्षों से पुराने पत्ते झड़ जाते हैं और नए पत्ते आना प्रारंभ होते हैं। इस ऋतु के प्रारंभ होने पर शीतलहर धीरे-धीरे कम होने लगती है तथा वातावरण में ऊष्णता का समावेश होता है। माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी को वसंत ऋतु का आरंभ स्वीकार किया गया है और इसे महत्वपूर्ण पर्व की मान्यता दी गई है।

# कांशीराम कालोनी में लगेगा एक मुश्त सामाधान कैंप

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** विद्युत वितरण खण्ड नगर के अधिशाषी अभियंता आशीष कुमार बताया कि बड़ीबाग एवं आदर्श बाजार स्थित कांशीराम कालोनी में बिजली बिल बकाया वसूली 21-27 जनवरी तक लगातार कैंप का आयोजन किया जाएगा। जहां पर कैंप में एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत पंजीकरण कराए जाने पर उपभोक्ताओं को बिजली मीटर लगाकर चालू कर दिया जाएगा एवं बकाए बिल को किस्तों में भी जमा कराए जाने की सुविधा प्रदान की जा रही है अधिकतर लोगों द्वारा लगभग 10 सालों से बिजली बिल के मद में कोई भी धनराशि जमा नहीं कराई गई है जिससे बिजली विभाग को प्रतिमाह लगभग 10 से 15 लाख की राजस्व हानि हो रही है। जिससे उच्चाधिकारियों द्वारा कड़ी नाराजगी जाहिर कर संबंधित लाइनमैन,अवर अभियंता, उपखण्ड अधिकारी एवं अधिशाषी अभियंता पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं यदि जनवरी माह में भी यह वसूली नहीं शुरू हुई तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर निलंबन की तलवार लटक रही है। अधिशाषी अभियंता ने समस्त कालोनी वासियों से अपील की है कि समस्त कालोनीवासी अपने संयोजन से संबंधित प्रपत्र,ऋ कार्ड, कॉलोनी एलॉटमेंट पत्र सहित उपस्थित होकर एक मुश्त समाधान योजना के अंतर्गत पंजीकरण कराकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ उठाए। उन्होंने बताया कि दोनों कालोनियों का कुल मिलाकर लगभग 3 करोड़ रुपए बकाया है एवं किसी भी उपभोक्ता द्वारा बिल नहीं जमा कराया जा रहा है।

### कंटेनर-पिकअप में भिड़ंत चालक घायल

**नन्दगंज।** थाना क्षेत्र के पहाड़पुर चौराहा से सोमवार को अपरान्ह तीन बजे कन्टेनर तथा पिकप में आमने-सामने टक्कर होने से दोनों गाड़ियों के चालक बुरी तरह घायल हो गये। पुलिस दोनों घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक केन्द्र सैदपुर में ले गयी है। जानकारी के अनुसार सोमवार को अपरान्ह तीन बजे गाजीपुर से वाराणसी की तरफ जा रही कन्टेनर गाड़ी अचानक डिवाइडर को तोड़ते हुए गलत साइड पर चली गयी। उसी समय वाराणसी की तरफ से आ रही पिकअप से जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें दोनों गाड़ियों के चालक बुरी तरह घायल हो गये। जिसे पुलिस सैदपुर ले जाकर अस्पताल में भर्ती करायी है। थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि सम्भवतः कंटेनर के चालक को झपकी आ गयी और गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर को तोड़ते हुए गलत साइड चली गयी । उसी समय अपने साइड से आ रही पिकअप से जोरदार टक्कर हो गयी। घायलों को सैदपुर अस्पताल उपचार हेतु भेजा गया है। घटना स्थल पर पुलिस मौजूद है।

# भदौरा के पूर्व प्रधान के साथ मारपीट, चार पर मुकदमा दर्ज

**जनसंदेश न्यूज**

**गहमर।** भाजपा नेता व पूर्व प्रधान ने मारपीट व जान-माल की धमकी का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी। पीड़ित पूर्व प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट, जान-माल की धमकी व गैर इरादतन हत्या का प्रयास सहित गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्जकर घायल को मेडिकल के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। पूर्व प्रधान धर्मेन्द्र कुशवाहा पुत्र स्व० सूबेदार कुशवाहा निवासी गांव भदौरा ने बताया कि मेरे ही गांव के लोगों से गली का विवाद काफी दिनों से चला आ रहा था। जिसे लेकर वह अक्सर वाद-विवाद करते रहते थे। और मुझसे व मेरे परिवार से खार रखते थे। बीते शुक्रवार की अपरान्ह लगभग तीन बजें अपने चार चक्का वाहन स्कार्पियो से घर जा रहा था कि मेरे ही गांव के पूर्वज कुमार कुशवाहा पुत्र अर्जुन कुशवाहा रोककर वाद-विवाद करने लगा। ऐसा करने से रोकते हुए कहां कि घर चलों बैठकर आपस में बात चीत कर लेंगे तभी गाली-गलौज व जान-माल की धमकी देते हुए कालर पकड़ कर खिंचा तानी करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। जिसकी तत्काल सूचना पुलिस चौकी सेवराई को दिया।

पुलिस दोनों पक्षों को पुलिस चौकी पर बुलाकर बातचीत कर रही थी। इसी बीच मेरे बड़े भाई रामानुज सिंह अपने दुकान पर जा रहे थे कि आदित्य कुमार पुत्र अर्जुन कुशवाहा, निवासी गांव भदौरा अपने दो साथियों कृष्ण प्रताप पुत्र जयप्रकाश निवासी गांव महराजगंज मार्केट थाना कोतवाली गाजीपुर तथा सत्यम कुमार पुत्र राजू सिंह कुशवाहा निवासी गांव दिलदारनगर बाजार थाना दिलदारनगर के साथ घेरकर लाठी-डंडे लात-घूंसे व लोहे की सरिया से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया।

जिससे वह चीखते-चिल्लाते हुए मौकेपर ही अर्ध मूर्छित होकर गिर गए। ग्रामीणों के ललकारने व अपने तरफ आता देख सभी मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों की मदद से उन्हें समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां स्थिति चिन्ता जनक होने पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राम सजन नागर ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर मुकदमा दर्जकर आवश्यक कार्रवाई किया जा रहा है।

# पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा की जलाई अलख

**आयोजन**

**मां शारदा राज नारायण स्मारक महाविद्यालय और राजनारायण राय मेमोरियल इंटर कॉलेज के परिसर में प्रतिमा का अनावरण**

**जनसंदेश न्यूज**


मां शारदा राज नारायण स्मारक महाविद्यालय और राजनारायण राय मेमोरियल इंटर कॉलेज के परिसर में श्रीप्रकाश राय के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्वमंत्री नारद राय व अन्य।

**गाजीपुर।** कासिमाबाद ब्लॉक के ग्राम पंचायत पाली में मां शारदा राज नारायण स्मारक महाविद्यालय और राजनारायण राय मेमोरियल इंटर कॉलेज के परिसर में रविवार को प्रतिमा अनावरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय में स्थापित संस्थापक स्व. श्रीप्रकाश राय एवं उनकी मां स्व. शारदा देवी की प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि पीसीएफ चेयरमैन बाल्मीकि त्रिपाठी, पूर्व मंत्री नारद राय,भाजपा नेता पीयूष राय और विजय शंकर राय ने संयुक्त रूप से किया। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में महाविद्यालय और इंटर कालेज जैसी संस्थाओं की स्थापना बड़ी सोच का नतीजा है। इन संस्थाओं से समाज, शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा। श्रीप्रकाश राय ने नौकरी करते हुए समाज, शिक्षा के लिए जो योगदान किया वह अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने का कार्य किया। अपने शैक्षणिक संस्थानों में उन्होंने गरीब परिवार के बच्चों को बेहतर शिक्षा और सुविधा दिलाने का कार्य किया। पूरा परिवार उनके बताए रास्ते पर चलकर शिक्षा के प्रसार में लगा हुआ है। वह हमेशा गरीबों की मदद करते रहते थे। भले ही आज वह हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके विचार आज भी जिन्दा है।

वक्ताओं ने कहा कि यहां की अध्ययनरत छात्र-छात्राएं अपनी मेधा और शिक्षा से इसकी स्थापना का उद्देश्य पूर्ण करेंगी तो यही संस्थापक के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मऊ मनोज राय, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय, वीरेंद्र कुमार राय, गोपाल सिंह, अखिलानंद त्रिपाठी, राम नगीना यादव , आनंद कुमार त्रिपाठी, अनुराग सिंह , यशवंत सिंह आदि ने संबोधित किया। समारोह में ओमप्रकाश राय, श्रीकांत वर्मा, अमित राय, उत्कर्ष राय, संतोष वर्मा, अमित राय, जितेंद्र पांडेय, इंद्रासन राय , संजय राजभर, रोहित, राम अवतार , रामबचन, संजीव, रामभवन आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता पूर्व कुलपति प्रो. हरिकेश सिंह व संचालन अविनाश प्रधान ने किया। आगंतुकों के प्रति आभार प्रधानाचार्य शशिकांत राय ने ज्ञापित किया।

# सोमवारी जाम में फंसे तो निकलना मुश्किल

**जाम का झाम**

**बढ़ते वाहनों के दबाव से यातायात व्यवस्था चरमराई**

**गाजीपुर।** शहर में जाम की समस्या को कई नहीं है। सोमवार को तो लोग घरों से निकलते हैं तो उन्हें पहले से पता होता है कि आज जाम में फंसना ही है। वाहनों के आवागमन से सोमवार शहर में भीषण जाम लगा रहा। एक बार जाम शुरू हुआ तो सभी रूट पर वाहनों का फंसना शुरू हो जाता है। जाम के दौरान कई एंबुलेंस भी फंसी रहीं। पुलिस को जाम खुलवाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन शाम तक यहीं स्थिति बनी रही। जाम में फंसी स्कूली बच्चों की बसें कतार में खड़ी दिखीं। अन्य लोग दिनभर परेशान हाल में दिखे। यह स्थिति शाम चार बजे तक बनी रही। जिला अस्पताल से लाकर शहर के कई मार्गो पर एंबुलेंस को फंसा देखा गया। जाम को खुलवाने के लिए पुलिस पूरे दिनलगी रही लेकिन सफलता नहीं मिली।

**रोडवेज और निजी बसें जाम की वजह**

मालगोदाम रोड़ के पास रोडवेज बस स्टेशन है। निगम की बसें स्टेशन परिसर के बजाय मालगोदाम रोड से लेकर सिटी रेलवे स्टेशन, लंका, रौजा, भुतहियाटाड तक रुक-रुक कर यात्रियों को बैठाते हैं। वाराणसी जाने वाली निजी बसें भी रोड पर खड़ी कर सवारी भरते हैं। सड़क पर बसों के खड़ी होने के कारण वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है। इसके अलावा शहर और आस-पास चलने वाले टेंपो व ई-रिक्शा चालक भी जहां जी में आए, वहीं अपना वाहन खड़ा कर सवारी भरने लगते हैं। हालांकि सुगम यातायात की व्यवस्था में लगे वहां तैनात यातायात पुलिस और होमगार्ड के जवान लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए उन वाहन चालकों को वहां से हटाते हैं, लेकिन कुछ ही देर बाद ही स्थिति पहले की जैसी हो जाती है।

# खुले में फेंक रहे मेडिकल कचरा इंसान की सेहत पर खतरा

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** बायो मेडिकल वेस्ट को लेकर भले ही गंभीरता बरतने के दावे किए जा रहे हों, लेकिन धरातल पर स्थिति कुछ और ही है। जिले के ज्यादातर नर्सिंग होम और क्लीनिक से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट( मेडिकल कचरा) को खुले में सामान्य कचरे में ही फेंका जा रहा है। रात के अंधेरे में चोरी-छिपे मेडिकल वेस्ट यहां-वहां डाल दिया जाता है। इससे संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है।

शहर के अंदर 30 से अधिक अस्पताल और नर्सिंग होम हैं। इसके अलावा सौ से अधिक क्लीनिक संचालित हैं। शहर या कस्बों में मेडिकल वेस्ट निस्तारण के प्लांट नहीं लगे हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार निस्तारण करने के लिए निजी कंपनी को जिम्मा दिया गया है। बगैर बायोमेडिकल वेस्ट एनओसी के नर्सिंग होम और क्लीनिक के साथ क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन और नवीनीकरण पर रोक लगा दी है। शहर से लेकर गांव तक के 68 ऐसे क्लीनिक को मिलाकर नर्सिंग होम संचालक हैं, जो बायोमेडिकल बेस्ट का अनापत्ति प्रमाणपत्र सीएमओ कार्यालय में नहीं जमा किए हैं।

चोरी छिपे अपने अस्पताल का कचरा इधर, उधर फेंक रहे हैं। बायोमेडिकल बेस्ट उठाने वाली संस्था के सदस्यों ने बताया कि 10 बेड के अस्पताल का कचरा उठाने के लिए हम प्रतिमाह ढाई हजार रुपये लेते हैं।

10 से अधिक बेड वाले अस्पताल संचालकों से 180 रुपये प्रति बेड के दर से कचरा उठाने का शुल्क लिया जाता है। वहीं अस्पताल, नर्सिंग होम संचालकों का दावा है कि वे एक निजी कंपनी के माध्यम से शहर का बायो मेडिकल वेस्ट रोजाना उठवाकर भेजवा रहे हैं। मगर यह दावे हवा-हवाई हैं। शहर के कई इलाकों में खुले में मेडिकल कचरा फेंका जा रहा है।

कबाड़ बीनने वालों के अलावा छुट्टा मवेशी मेडिकल वेस्ट के संपर्क में आकर बीमार हैं।

**खूले में फेंका जा रहा अस्पताल का कचरा**

एक नर्सिंग होम संचालक ने बातचीत के दौरान बताया कि बायोमेडिकल वेस्ट के साथ ही हमें हर महीने नगर पालिका को अस्पताल का कचरा उठाने के लिए शुल्क देना पड़ता है। सुबह नगर पालिका की टीम आती है और अस्पताल कचरा लेकर चली जाती है। वह कहा फेंका जा रहा है, यह मुझे भी नहीं पता है।

### यात्रियों को स्टेशन पर नहीं मिल रही एटीएम की सुविधा

**गाजीपुर।** स्थानीय सिटी रेलवे स्टेशन पर एटीएम नहीं है। इसके चलते यात्रियों को परेशानी होती है। क्षेत्रीय नागरिकों ने कई बार विभागीय अधिकारियों का ध्यान इस तरफ दिलाया लेकिन अभी तक स्थिति यथावत है। यात्रियों को रुपए की जरूरत होने पर लंका, सकलेनाबाद, मालगोदाम रोड़ सहित अन्य एटीएम का सहारा लेना पड़ रहा है। कई बार यात्रियों को सिटी रेलवे स्टेशन पर एटीएम मशीन नहीं होने की जानकारी नहीं होने पर स्टेशन पहुंचने पर एटीएम की तलाश में स्टेशन से बाहर आना पड़ता है। यात्रियों द्वारा रेलवे प्रशासन से रेलवे परिसर में एटीएम मशीन लगाने की मांग काफी समय से की जा रही है, जिसके बाद भी स्टेशन परिसर में एटीएम आरंभ नहीं हो सका है। एटीएम मशीन नहीं होने के कारण सबसे ज्यादा परेशानी समान्य श्रेणी यात्रियों को होती है, क्योंकि कभी कभी आरक्षित टिकट काउंटर से टिकट लेने पर एटीएम कार्ड काम नहीं करता है। वहा पर यात्रियों को नगद राशि देकर ही टिकट लेना पड़ता है। वही यात्रियों की सुविधा के लिए वीटीएम मशीन भी है, लेकिन इसमें भी एटीएम कार्ड नहीं लगता है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# युवतियों के लिए नहीं कोई नियम


पुलिस अधीक्षक कार्यालय से गुजरती हुई स्कूटी पर सवार तीन युवतियां।

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** सड़क सुरक्षा को लेकर बनाए गए तमाम कानूनों की जद में जिले की बाइक सवार युवतियां शायद नहीं आती हैं। तभी तो आज तक यातायात विभाग द्वारा इनके लिए कोई चेकिंग अभियान नहीं चलाया गया। परिणाम सामने हैं। बाइक सवार युवतियां कायदे-कानूनों को ताक पर रखकर सड़कों पर बेखौफ फर्राटे भर रही हैं। सुरक्षित यातायात को लेकर विभाग तरह-तरह के जतन कर रहा है। लोगों को जागरूक बनाने के लिए कहीं चालान काटे जाते हैं, तो कहीं चेतावनी दी जाती है, लेकिन महिला स्कुटरी बाइक सवारों को रोकने में पुलिस कर्मी झिझकते हैं।

**यह है हाल**

**इनके वाहनों की जांच नहीं करती पुलिस**

अकेले शहर में ही बड़ी संख्या में छात्राएं और महिलाएं स्कूटर और बाइक चलाती हैं। इनमें से अधिकांश दुपहिया वाहनों पर नंबर भी नहीं लिखे होते हैं। दो-चार को छोड़ दें तो अधिकांश वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग भी नहीं करती हैं। ट्रैफिक से नहीं महिला पुलिस कर्मी यातायात विभाग वाहन चालक युवतियों को रोककर उनके कागजातों की जांच करने में कतराता रहता है। नाम न छापने की शर्त पर एक पुलिस कर्मी ने बताया कि यातायात विभाग में महिला पुलिस नहीं है। बिना महिला पुलिस की मौजूदगी में पुरुष पुलिस कर्मी वाहनों को नहीं रोक सकते हैं।

मुनाफे के फेर में बिगड़ी व्यवस्था मोटर व्हीकल अधिनियम के अनुसार वाहनों की बनावट से छेड़छाड़ कानूनन अपराध है। ऐसा करने वालों के लिए सजा का प्राविधान भी है। मगर, जिले में नियमों को ताक पर रखकर न सिर्फ वाहनों की बनावट में बदलाव किया गया है, बल्कि उनमें स्कूली बच्चों या सवारियों को भी बेखौफ होकर ढोया जा रहा है। स्कूलों द्वारा शासन के नियमों का खुलेआम मखौल उड़ाया जा रहा है।

विद्यालय खुलने से पहले बाकायदा संबद्ध वाहनों के सत्यापन और वाहनों से संबंधित नियमों का पालन कराने के आदेश जारी किए जाते हैं। अधिकांश विद्यालयों ने वाहनों का सत्यापन ही नहीं कराया।

विद्यालय संचालन को पखवाड़े भर का वक्त बीत चुका है। अब भी सुरक्षा विहीन वाहनों में बच्चों को बैठाकर लाया ले जाया जा रहा है। स्कूलों से संबद्ध टेंपो और वैन में तो मोटर व्हीकल एक्ट की खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बनावट से छेड़छाड़ कर अलग से बैठने की व्यवस्था कराई गई है। स्थिति यह है कि जिन वाहनों में छह से आठ लोगों के बैठने का स्थान है, उनमें दो दर्जन से ज्यादा बच्चों को जबरन बैठाकर पहुंचाया जा रहा है।

## जनसंपादकीय

# बजट से आमजन की उम्मीदें

**बलदेव राज भारतीय**



जनवरी की शुरूआत होते ही पूरे देश में बजट की चर्चा जोर पकड़ने लगती है। एक फरवरी को देश के वित्तमंत्री जब बजट पेश करते हैं, तो वह सिर्फ कागजों का लेखा-जोखा नहीं होता, बल्कि हर वर्ग के सपनों, अपेक्षाओं और चिंताओं का प्रतिबिंब होता है। चाहे वह किसान हो, मजदूर हो, गृहिणी हो, व्यापारी हो या एक साधारण नौकरीपेशा व्यक्ति, हर कोई अपनी उम्मीदें वित्तमंत्री के पिटारे से जोड़ता है। यह बजट सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि देश के विकास की दिशा और दशा तय करने वाला सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

आम जनता के लिए बजट महज अर्थशास्त्र का विषय नहीं, बल्कि उनके दैनिक जीवन से जुड़ा एक अहम मुद्दा है। एक साधारण गृहिणी की सबसे बड़ी चिंता होती है रसोई का बजट। वह उम्मीद करती है कि उसकी रसोई में प्रतिदिन प्रयोग होने वाले सामान जैसे दाल, चावल, तेल, और गैस सिलेंडर की कीमतें नियंत्रण में रहें। उनकी कीमतों में कोई वृद्धि न हो। महंगाई का सीधा असर उनके घर के बजट पर पड़ता है। खाद्य सामग्री के दामों में अगर थोड़ी भी कमी होती है, तो वह उनके लिए बड़ी राहत साबित होती है।

मध्यम वर्ग जो देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है, एक ऐसी चक्की में पिसता है जहां उसकी उम्मीदें आसमान पर और उसकी आय जमीन पर होती है। यह वर्ग अपनी जीवनशैली समाज के उच्चतम आय वर्ग की तरह बनाना चाहता है, मगर इसकी आय निम्न वर्ग से बस थोड़ी सी बेहतर होती है। ऐसे लोग उच्च और निम्न वर्ग के बीच रबड़ की तरह खींच जाते हैं। ये लोग आयकर के मामले में कुछ राहत की उम्मीद करते हैं। वे चाहते हैं कि आयकर छूट की सीमा बढ़े और निवेश विकल्पों पर मिलने वाले कर लाभ का विस्तार हो। यह वर्ग अक्सर यह महसूस करता है कि बजट में उनकी जरूरतों को प्राथमिकता नहीं दी जाती।

**व्यापार और उद्योग जगत के लिए बजट एक दिशा निर्देश की तरह होता है। वे इस पर निर्भर करते हैं कि सरकार उनकी गतिविधियों को किस तरह प्रोत्साहित करेगी। छोटे और मझोले व्यापारियों को जीएसटी में राहत की उम्मीद रहती है। वे चाहते हैं कि कर दरें सरल हों और उन्हें डिजिटल लेन-देन में अतिरिक्त लाभ मिले। बड़े उद्योगपति ऐसे नीतिगत सुधार चाहते हैं, जो विदेशी निवेश आकर्षित करें और उनके व्यवसाय को विस्तार करने में मदद करें।**

किसानों के लिए बजट उनकी जिंदगी का आधार होता है। वे उम्मीद करते हैं कि उन्हें उनकी फसलों का अच्छा न्यूनतम समर्थन मूल्य मिले। सिंचाई के लिए सुविधाएं बढ़ें और कृषि उपकरणों पर सब्सिडी मिले। इसके साथ साथ उनकी मांग होती है कि ऋण माफी जैसी योजनाएं उनके जीवन को सरल बनाए। वे यह भी उम्मीद करते हैं कि किसानों को कृषि के लिए उत्तम श्रेणी के बीज, खाद, कीटनाशक उचित कीमतों पर तथा सब्सिडी पर मिले।

व्यापार और उद्योग जगत के लिए बजट एक दिशा निर्देश की तरह होता है। वे इस पर निर्भर करते हैं कि सरकार उनकी गतिविधियों को किस तरह प्रोत्साहित करेगी। छोटे और मझोले व्यापारियों को जीएसटी में राहत की उम्मीद रहती है। वे चाहते हैं कि कर दरें सरल हों और उन्हें डिजिटल लेन-देन में अतिरिक्त लाभ मिले। बड़े उद्योगपति ऐसे नीतिगत सुधार चाहते हैं, जो विदेशी निवेश आकर्षित करें और उनके व्यवसाय को विस्तार करने में मदद करें। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने से लेकर औद्योगिक उत्पादन में तेजी लाने तक, उनकी प्राथमिकताएं स्पष्ट होती हैं।

2025 का बजट ऐसे समय में आ रहा है जब देश आर्थिक पुनरुत्थान के मार्ग पर है। वैश्विक मंदी, बढ़ती महंगाई, और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियां भारत जैसे विकासशील देश के लिए अहम सवाल खड़े करती हैं। महंगाई देश की आर्थिक सेहत का महत्वपूर्ण पैमाना है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतें नियंत्रण में रहें।

बढ़ती बेरोजगारी एक गंभीर समस्या है। सरकार से अपेक्षा की जाती है कि वह बजट में ऐसे प्रावधान करे कि जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा हों, विशेषकर युवाओं के लिए, या वे विभिन्न कौशलों के जरिए देश के विकास में अपना योगदान दे सकें। महामारी के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश की जरूरत और भी बढ़ गई है। नए अस्पतालों का निर्माण, डॉक्टरों की भर्ती, हर व्यक्ति के लिए निशुल्क इलाज का प्रावधान इत्यादि करने का प्रयत्न करे। शिक्षा का बजट भी बढ़ाना जरूरी है, ताकि हर बच्चे को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

एक वित्तमंत्री के लिए बजट तैयार करना किसी परीक्षा से कम नहीं। उन्हें एक तरफ जनता की उम्मीदों को पूरा करना होता है, तो दूसरी तरफ देश की आर्थिक स्थिरता को बनाए रखना होता है। बढ़ते राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करना सबसे बड़ी चुनौती है। खाद्य, उर्वरक और ऊर्जा क्षेत्र में सब्सिडी देना जरूरी है, लेकिन इसका प्रभावी क्रियान्वयन और सही लक्षित वर्ग तक पहुंच सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है।

देश का कर्मचारी वर्ग आयकर के क्षेत्र में बड़ी छूट की आशा लगाए हुए है। वह आयकर में एक बड़ी छूट चाहता है। यह वर्ग आशा करता है कि हर बार की तरह अबकी बार वित्तमंत्री इस वर्ग को निराश नहीं करेंगी। आयकर स्लैब को पुनः व्यवस्थित करना चाहिए, क्योंकि अगले वर्ष आठवें वेतन आयोग को लागू किया जाना है। जिसको मद्देनजर रखकर ही इस वर्ष के बजट में आयकर स्लैब में संशोधन किया जाना चाहिए।

इसके साथ साथ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए जाएं। सोलर एनर्जी और अन्य अक्षय ऊर्जा स्रोतों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाई जा सकती है। बजट में इनको ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं।

बजट सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं है। यह हर वर्ग की जरूरतों और उम्मीदों का प्रतिनिधित्व करता है। चाहे वह किसान हो, जो बेहतर फसल मूल्य की उम्मीद करता है; या एक युवा, जो रोजगार के अवसर चाहता है; या एक गृहिणी, जो अपने परिवार के लिए सस्ती रसोई चलाना चाहती है झ्र हर किसी की आशाएं बजट से जुड़ी होती हैं।

आने वाला बजट सिर्फ आर्थिक योजनाओं का दस्तावेज नहीं, बल्कि हर भारतीय के भविष्य का खाका है। वित्तमंत्री के कंधों पर देश के हर नागरिक की उम्मीदों का भार है। यह बजट केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए देश के विकास की नींव रखेगा।

**(लेखक इतिहास प्रवक्ता एवं स्वतंत्र पत्रकार हैं, संपर्क 8901006901)**

---

**(जीने का देखने से बड़ा गहरा और अनिवार्य सम्बन्ध है। अगर दिखायी न दे तो जीवन, प्रकृति, घर-परिवार आदि का क्या अस्तित्व? बहुत सारी सचाई तो इसलिए सचाई है, हमारे लिए, कि हम उसे देख पाते हैं। पर यह भी सच है कि बहुत सारी सचाई हम अनदेखी करते हैं। दूसरों की कमजोरियाँ और पतन हम शौक से देखते हैं पर अपनी कमजोरी और पतन नहीं देख पाते। हम अकसर वही देखते हैं जो देखना चाहते हैं। हमारे देखने की भौतिक असमर्थता के अलावा सीमाएँ होती हैः हमारी बुद्धि, हमारी भावनाएँ, हमारे अनुभव आदि हमें बहुत कुछ देखने से रोकते हैं। एक और अर्थ में हम पर कुछ देखना तो लाजिम है- याद करें फैज की नज्म 'हम देखेंगे'। देखने से मिलता-जुलता एक और शब्द है निरखना। मैं उसका उपयोग ध्यान से देखने के लिए करता हूँ। )**

# देखने और परखने की क्रिया

## कभी-कभार

**अशोक वाजपेयी**



इन दिनों अपनी एक आँख के मोतियाबिंद हटाये जाने के बाद नये लेन्स लगने के उत्तरराग में हूँ। लगता है कि सब कुछ ठीक हुआ है। दस दिन हो रहे हैं और इस बीच ज्यादा पढ़ा नहीं हालाँकि डाक्टर ने दूसरे ही दिन से पढ़ने का मशविरा दिया था। पर गम्भीरता से पढ़ना, एहतियातन, थोड़ा टाल रखा है। यों इतने दिन कुछ खास न पढ़ना बड़ा खालीपन महसूस कराता है। पढ़े बिना कैसे रहा जाये? पढ़े बिना जीवन का सजग अहसास जैसे स्थगित हो जाता है। कम से कम मैं तो साहित्य को दूसरा जीवन मानता रहा हूँ और इस दूसरे जीवन के बिना पहला मूल जीवन निरर्थक और कई मायनों में बहुत अधूरा लगता है। दूसरा ही पहले को कुछ अर्थ, कुछ उजाला देता है।

जीने का देखने से बड़ा गहरा और अनिवार्य सम्बन्ध है। अगर दिखायी न दे तो जीवन, प्रकृति, घर-परिवार आदि का क्या अस्तित्व? बहुत सारी सचाई तो इसलिए सचाई है, हमारे लिए, कि हम उसे देख पाते हैं। पर यह भी सच है कि बहुत सारी सचाई हम अनदेखी करते हैं। दूसरों की कमजोरियाँ और पतन हम शौक से देखते हैं पर अपनी कमजोरी और पतन नहीं देख पाते। हम अकसर वही देखते हैं जो देखना चाहते हैं। हमारे देखने की भौतिक असमर्थता के अलावा सीमाएँ होती हैः हमारी बुद्धि, हमारी भावनाएँ, हमारे अनुभव आदि हमें बहुत कुछ देखने से रोकते हैं। एक और अर्थ में हम पर कुछ देखना तो लाजिम है- याद करें फैज की नज्म 'हम देखेंगे'।

देखने से मिलता-जुलता एक और शब्द है निरखना। मैं उसका उपयोग ध्यान से देखने के लिए करता हूँ। हम अकसर देखते हैं तो भी ध्यान से नहीं देखते- सरसरी तौर पर देखते हैं। कला प्रदर्शनियों में ऐसे लोग कम नहीं होते जो एक कलाकृति के सामने आधा मिनिट से कम रूककर उसे देखते हैं। निरखना ऐसे देखने से अलग है। गुलाम मोहम्मद शेख ने अपनी कला-इतिहास की पुस्तक का नाम ही रखा हैः 'निरखे वही नजर'। मैथिलीशरण गुप्त की दो कविताओं में निरखने का सुन्दर प्रयोग हुआ हैः 'निरख सखी, फिर अंजन आये' और 'तुम निरखो हम नाट्य करें/राम तुम्हारी रंगभूमि में/कहो कौन सा रूप धरें?' अकसर हम देखते तो हैं पर निरखते नहीं हैं और लगभग अधीर होकर परखने की ओर बढ़ जाते हैं।

परख, इस सिलसिले में, तीसरा शब्द है। कसौटी पर कस कर वस्तु की प्रामाणिकता तय करने की प्रक्रिया परखना कहलाती आयी है। साहित्य और कलाओं के सन्दर्भ में इसमें कई आशय जुड़े गये हैः मूल्यांकन, मूल्यवत्ता का निर्धारण, प्रासंगिकता, अर्थगर्भिता आदि। अंग्रेजी साहित्य के विश्वविख्यात विद्वान् और दिल्ली विश्वविद्यालय में एक वर्ष के लिए मेरे अध्यापक बालचन्द्र राजन का मानना था कि आलोचना में ज्यादा जगह देखने-निरखने की होना चाहिये और परखकी कम। आलोचना का बुनियादी काम दिखाना है, परखना नहीं। जो वह दिखाती या दिखा पाती है उस पर बहस हो सकती है, तर्क-वितर्क हो सकते हैं और व्यापक सहमति भी हो सकती है। परख का क्षेत्र थोड़ा स्वैराचारी होता है। उसमें तरह-तरह के पैमाने और पूर्वग्रह सक्रिय होते हैं और सहमति का दायरा बहुत सँकरा हो जाता है। यह तर्क किया जा सकता है कि क्या देखना-निरखना यह अपने आप में एक तरह का मूल्यनिर्णय है और उसमें परख अन्तर्भूत है। यह भी कि प्रायः देखना-परखना साथ-साथ होते हैं, उन्हें बहुत सफाई से अलगाना कठिन है।

### चौरासी वर्ष

आयु के चौरासी वर्ष पूरे हो गये। कितने और बचे हैं यह कहना कठिन है, जाहिर है कि ज्यादा नहीं। लगभग पचत्तर वर्ष तो साहित्य में और लगभग साठ वर्ष कलाओं में रमते-पगते बीते हैं। चालू राजनैतिक मुहावरे में कहें कि अगर इससे आधे भी भगवद्-भजन में लगाये होते तो सात जन्मों तक मुझे और मेरे भविष्य परिवार को मोक्ष मिल जाता। यह भी कि मोक्ष की आकांक्षा और प्रयत्न न करनेवाला जीवन अकारथ जाता है, 'विरथा जनम गँवायो'। यह कहना कि मैंने मोक्ष के बजाय संसार का अनुराग चुना और उसी में अपनी मुक्ति और जीने-लिखने को सार्थकता माना तो यह बड़बोलापन लगेगा। पर हम अनेक बौनों के बेहद मुखर बड़बोलेपन से लगभग चौबीस घण्टे घिरे हैं तो एक बूढ़े लेखक का यह बड़बोलापन शायद क्षम्य हो सकता है। इतना तो, फिर भी, दावा किया जा सकता है कि मोक्ष मिले, न मिले साहित्य और कलाओं से अदम्य मानवीयता, गरमाहट, समय-आत्म-समाज-भाषा आदि का प्रश्नांकन, उदग्र जिजीविषा, दूसरों का गरमाहट-भरा संग-साथ, सुख और सन्तोष मिले और इन्हें किसी भी तरह किसी जीवन के लिए कम नहीं कहा जा सकता। न थका, न ऊबा, न विरत या विरक्त हुआ, जीवन और साहित्य-कलाओं से। पात्रता या क्षमता भले कम रही हो पर वरदान उजला और बड़ा मिला। इस सौभाग्य के प्रति गहरी कृतज्ञता अनुभव करता हूँ। एक सीमित जीवन में इतने-इतने सारे अपार दूसरे जीवन मिले और यह दीप्ति कभी धुँधली नहीं पड़ी, मन्द नहीं हुई। अगर कुछ अवगुन ही खोजते-पाते रहे तो ऐसे भी बहुत से रहे जिन्होंने मेरे अवगुन चित न धरे!

साहित्य और कलाओं ने यह भी सिखाया कि, लगभग ऐसा बिना चाहे, कोई कृति, कोई भंगिमा, कोई अनुभव या कोई छबि या संयोजन अकस्मात आपको किसी मर्म या विवेक या सम्वेदना से आलोकित कर सकता है। कोई विचार आपको किसी अप्रत्याशित सम्पदा में हिस्सेदार बना सकता है। कोई परिवर्तन इसी जीवन में अपनी और दूसरों की मुक्ति तलाश करने के लिए प्रेरित कर सकता है। अपने आसपास की रोजमर्रा की जिन्दगी में कुछ असाधारण दीख सकता है। कोई पुरखा, कई सदियों पहले का, आपको पुकार सकता है। यह भी सीखा कि अपने दुख या संघर्ष को बहुत नहीं गाना चाहिये क्योंकि दूसरों में से अधिकांश का दुख और संघर्ष आपसे कहीं बड़े-गहरे और त्रासद हैं। आप अकेले होने घबराते नहीं हैं क्योंकि साहित्य या तो भौतिक रूप से या स्मृति में, कल्पना में हमेशा आपका सहचर होता है।

**यह भी कि मोक्ष की आकांक्षा और प्रयत्न न करनेवाला जीवन अकारथ जाता है, 'विरथा जनम गँवायो'। यह कहना कि मैंने मोक्ष के बजाय संसार का अनुराग चुना और उसी में अपनी मुक्ति और जीने-लिखने को सार्थकता माना तो यह बड़बोलापन लगेगा। पर हम अनेक बौनों के बेहद मुखर बड़बोलेपन से लगभग चौबीस घण्टे घिरे हैं तो एक बूढ़े लेखक का यह बड़बोलापन शायद क्षम्य हो सकता है। इतना तो, फिर भी, दावा किया जा सकता है कि मोक्ष मिले, न मिले साहित्य और कलाओं से अदम्य मानवीयता, गरमाहट, समय-आत्म-समाज-भाषा आदि का प्रश्नांकन, उदग्र जिजीविषा, दूसरों का गरमाहट-भरा संग-साथ, सुख और सन्तोष मिले और इन्हें किसी भी तरह किसी जीवन के लिए कम नहीं कहा जा सकता।**

### सच का दुस्साहस

झूठों-झाँसों और उनसे व्यापक रूप से छायी कायरता से हम निशदिन ऐसे घिरे हैं कि हमें कई बार ऐसा लगता है कि सच जानकर या बोलकर क्या लाभ है। लाभ तो कोई नहीं है पर चुप रहकर आप उस कायरता में शामिल हो जाते हैं जो लगातार बढ़ रही है। सत्ता के सामने सच बोलने के एक दुर्लभ प्रसंग की याद, हाल ही में आयी चित्रकार अखिलेश की जगदीश स्वामिनाथन पर उनकी पुस्तक 'के विरूद्ध' में दर्ज है। प्रसंग फरवरी 1982 में भारत भवन के उद्घाटन के अवसर का था जो तबकी प्रधान मंत्री इन्दिरा गांधी करने जा रही थीं। मंच पर स्वामीनाथन थे और उन्होंने जो कहा उसके बारे में रामकुमार ने यह लिखा हैः

'जब भारत भवन का उद्घाटन हुआ तो वे आदिवासियों की दुर्दशा के बारे में बोलने से जरा भी नहीं हिचकिचाये। यह उन्होंने अपनी यात्राओं में देखा था। उन्होंने कहा- मैंने देखा कि आदिवासी कष्ट भुगत रहे हैं। उनके पास खाने को कुछ नहीं हैं। वे पेड़-पौधों से पकड़ कर कीड़े-मकोड़े खा रहे हैं। श्रीमती गांधी बेकल हो रही थीं। यह उनकी सरकार की नीतियों पर हमला था। इनकार में अपना सिर हिला रही थीं। मगर स्वामी में यह साहस था कि वे जो चाहते थे, कह सकते थे, उनके सामने, उनके लोगों के सामने।'

रामकुमार उन सौ से अधिक कला-मूर्धन्यों में शामिल थे जो उस समय उद्घाटन में उपस्थित थे।

मैं रामकुमार के लिखे की तस्दीक करता हूँ क्योंकि उद्घाटन का कार्यक्रम मैं ही संचालित कर रहा था। यह भी जोड़ना चाहूँगा कि उद्घाटन के बाद इन्दिरा जी को भारत भवन में लगी शहराती और आदिवासी लोक कलाओं की विशाल प्रदर्शनियों को स्वामी ने ही दिखाया और उनके प्रति इंदिरा जी के उत्सुक और सद्भावी व्यवहार में कोई कमी या बेरूखी नहीं थी। बल्कि उसके बाद, जब तक इन्दिरा जी जीवित रहीं, वे अनेक देशी-विदेशी लोगों को भारत भवन देखने भेजती रहीं यह कहकर कि अगर भारत को एक जगह देखना हो तो भारत भवन जाकर देखिये।यह बात मुझे अन्तरराष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीशों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने बतायी जो प्रधान मंत्री के कहने पर ही भारत भवन देखने आया था।

**( लेखक वरिष्ठ कवि एवं साहित्यिक, सांस्कृतिक चिंतक हैं)**

---

# क्या नारायण गुरु सनातन धर्म का भाग हैं?

## प्रसंगवश

**राम पुनियानी**



हाल (31 दिसंबर 2024) में शिवगिरी तीर्थयात्रा के सिलसिले में आयोजित एक सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने स्वामी सच्चितानंद के इस प्रस्ताव का समर्थन किया कि मंदिरों में प्रवेश करते समय पुरुषों द्वारा कमीज उतारने और शरीर के ऊपरी हिस्से पर कोई वस्त्र न पहनने की प्रथा को समाप्त किया जाए. यह माना जाता है कि यह परंपरा इसलिए स्थापित हुई ताकि उन लोगों की पहचान हो सके जो जनेऊ नहीं पहने हुए हैं. जनेऊ पहनने का अधिकार सिर्फ उच्च जातियों के लोगों को था. कुछ लोग इस व्याख्या पर शंका जाहिर करते हैं लेकिन धड़ को खुला करने की कोई और वजह रही होगी, इसकी संभावना बहुत कम है. जनेऊ न पहने हुए लोगों का मंदिर में प्रवेश प्रतिबंधित रहता था. विजयन ने यह भी कहा कि ऐसा प्रचार कि जा रहा है कि सुप्रसिद्ध समाज सुधारक नारायण गुरू, सनातन परंपरा का हिस्सा थे. यह दावा बिल्कुल गलत है क्योंकि नारायण गुरू ह्लएक जाति, एक धर्म, एक ईश्वरह्व के नजरिए का प्रचार करते थे और जाति और धर्म के बंधनों से परे समानता का भाव, सनातन धर्म की मूलभूत मान्यताओं के एकदम विपरीत है.

विजयन ने यह भी कहा कि गुरू का जीवन एवं उनके कार्य आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं क्योंकि इन दिनों धार्मिक भावनाओं का उपयोग हिंसा भड़काने के लिए किया जा रहा है. नारायण गुरू मात्र एक धार्मिक नेता नहीं थे. वे एक महान मानवतावादी थे. विजयन के विरोधी यह कहकर उनकी आलोचना कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान हिंदुओं को तंग किया जा रहा है. वे सबरीमाला का उदाहरण देते हैं जिसके मामले में सत्ताधारी दल ने सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले का समर्थन करने का फैसला किया था जिसमें न्यायालय ने रजस्वला स्त्रियों को भी पवित्र मंदिर में प्रवेश की इजाजत देने का आदेश दिया था. भाजपा के प्रवक्ता इस मामले में भी विजयन पर सनातन धर्म का अपमान करने का आरोप लगा रहे हैं.

यह दूसरी बार है जब सनातन बहस और विवादों के केन्द्र में आ गया है. ऐसा पहली बार तब हुआ था जब तमिलनाडु के उदयनिधि स्टालिन ने सनातन के खिलाफ बातें कहीं थीं. भाजपा-आरएसएस का कहना है कि सनातन को मात्र जाति और चतुर्यवर्ण तक सीमित नहीं रखा जा सकता. यहां यह उल्लेखनीय है कि केरल ने 2022 में गणतंत्र दिवस परेड हेतु जो झांकी प्रस्तावित की थी उसमें नारायण गुरू को दिखाया गया था. रक्षा मंत्रालय की चयन समिति का कहना था कि केरल की झांकी में नारायण गुरू के स्थान पर कालाड़ी के शंकराचार्य को प्रदर्शित किया जाए. यही झांकी को अस्वीकार करने का मुख्य कारण था.

वैसे सनातन का अर्थ होता है शाश्वत या प्राचीन. और इसका इस्तेमाल बौद्ध, जैन और हिंदू धर्म के लिए किया जाता है. हिंदू धर्म का न तो कोई एक पैगम्बर है और ना ही कोई एक पवित्र पुस्तक. हिंदू शब्द किसी भी पवित्र धर्मग्रंथ में नहीं मिलता. इसकी दो प्रमुख धाराएं हैं - ब्राम्हणवाद और श्रमणवाद. ब्राम्हणवाद स्तरीकृत असमानता और पितृसत्तात्मक मूल्यों पर आधारित है. अम्बेडकर ने इसी हिंदू धर्म को त्याग दिया था क्योंकि उनका मानना था कि इसमें ब्राम्हणवादी मूल्यों का बोलबाला है. श्रमणिक परंपराओं में नाथ, अजीविक, तंत्र, भक्ति आदि परंपराएं सम्मिलित हैं जिनमें असमानता के मूल्यों के लिए कोई स्थान नहीं है।

आजकल सामान्य वातालाप में सनातन धर्म और हिन्दू धर्म शब्दों का प्रयोग समानार्थी के रूप में किया जाता है. कई विचारक दावा करते हैं कि हिंदुत्व कोई धर्म नहीं है वरन् धर्म पर आधारित जीवनशैली है. उनके अनुसार धर्म और मजहब एक ही चीज नहीं हैं. सनातन धर्म की मुख्य पहचान हैं वर्ण व्यवस्था, जाति आधारित असमानता और इससे जुड़ी परंपराओं से चिपके रहना. इसमें धर्म को धार्मिक कर्तव्यों के पालन के रूप में देखा जाता है. समाजसुधारकों का विरोध उस धर्म के प्रति है जो असमानता पर आधारित है।

जैसे हम अम्बेडकर का उदाहरण लें. वे बुद्ध, कबीर और जोतिराव फुले को अपना गुरू मानते थे. उनकी दृष्टि में महत्वपूर्ण था जाति और लिंग आधारित असमानता का अस्वीकार. मध्यकालीन भारत में कबीर, तुकाराम, नामदेव, नरसी मेहता और उनके जैसे अन्य संतों ने जाति व्यवस्था की खिलाफत की और उनमें से कईयों को उच्च जातियों के प्रभु वर्ग के हमलों का सामना करना पड़ा. नारायण गुरू एक महान समाज सुधारक थे जो जाति व्यवस्था के खिलाफ थे और धार्मिक विभाजनों के ऊपर थे. इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि वर्तमान सरकार, जो ब्राहम्णवादी हिंदुत्व की पैरोकार है, केरल की उस झांकी को नामंजूर करती है जिसमें नारायण गुरू को दिखाया गया हो.

नारायण गुरू अत्यंत मानवीय व्यक्ति थे. वे जब बड़े हो रहे थे तब आध्यात्म और योगाभ्यास से उनका गहन साक्षात्कार हुआ. अपनी तत्वज्ञान-केन्द्रित यात्रा के दौरान सन् 1888 में वे अरूविपुरम पहुंचे जहां उन्होंने ध्यान किया. वहां रहने के दौरान ही उन्होंने नदी से एक पत्थर उठाया, उसमें प्राण प्रतिष्ठा की और उसे शिव की मूर्ति कहा. इसके बाद से उस स्थान को अरूविपुरम शिव मंदिर के नाम से जाना जाने लगा. इसे अरूविपुरम प्रतिष्ठा के नाम दिया गया. इससे समाज में काफी खलबली मची और खासतौर पर ऊंची जाति के ब्राम्हणों ने इसका बहुत विरोध किया.

उन्होंने गुरू के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करने के अधिकार को स्वीकार नहीं किया. इस पर गुरू का जवाब था ह्लये ब्राह्मणों के शिव नहीं हैं बल्कि इडिवा लोगों के शिव हैंह्व. उनका यह कथन आगे चलकर बहुत मशहूर हुआ और इसका उपयोग जाति प्रथा का विरोध करने के लिए किया जाता है। उन्होंने अपना पूरा जीवन जाति प्रथा के विरूद्ध संघर्ष के लिए समर्पित कर दिया. उनके क्रियाकलाप समाज में गहरे तक बैठी जाति प्रथा को चुनौती देने के अत्यंत व्यवाहारिक साधन बने. गुरू का क्रांतिकारी विचार था 'एक जाति, एक धर्म एक ईश्वर'। वे जाति और धर्म आधारित विभाजन के परे मानवमात्र की एकता की अवधारणा प्रस्तुत करते हैं. आगे चलकर उन्होंने एक स्कूल खोला, जिसमें नीची जातियों के लोग भी प्रवेश ले सकते थे। यह बहुत हद तक वैसा ही था जैसा कि जोतिराव फुले ने महाराष्ट्र में किया था. अम्बेडकर के कालाराम मंदिर आंदोलन के पीछे जो विचार था, उसी के अनुरूप गुरू ने ऐसे मंदिर बनवाए जिनमें सभी जातियों के लोगों को प्रवेश की इजाजत थी. स्वामी सच्चितानंद द्वारा हाल में दिए गए सुझाव, जिसका पिनाराई विजयन ने समर्थन किया है, के पीछे तर्क यह है कि धड़ पर कोई वस्त्र न होना इसलिए उचित नहीं होगा क्योंकि इससे संक्रामक रोग फैल सकते हैं. बहुत सी प्रथाओं में समय के साथ बदलाव जरूरी होता है. एक समय था जब महिलाओं को अपने स्तन ढकने की अनुमति नहीं थी और स्तन ढकने वाली महिलाओं को स्तन कर अदा करना पड़ता था. जब टीपू सुल्तान ने केरल पर जीत हासिल की तब उसने महिलाओं पर लगने वाले स्तन कर को समाप्त किया और महिलाओं को स्तन ढकने का अधिकार मिलने से गरिमा हासिल हुई.

मंदिर हमारे सामुदायिक जीवन का भाग हैं. सामाजिक प्रतिमानों में परिवर्तन के साथ मंदिरों में वस्त्र-संबंधी मयार्दाओं में भी बदलाव आवश्यक है. इनका विरोध करना घड़ी की सूईयों को विपरीत दिशा में घुमाने जैसा होगा. धर्म के नाम पर होने वाली राजनीति में प्रायः हमेशा सामाजिक बदलावों और राजनैतिक मूल्यों में परिवर्तन का विरोध होता है. केरल का उदाहरण यह भी दिखाता है कि विभिन्न क्षेत्रों में कितने विरोधाभास होते हैं. यहां एक ओर कलाडी के आचार्य शंकर थे जिन्होंने वाद-विवाद के दौरान बौद्धों को प्रतिउत्तर दिया. बौद्धों ने भौतिकतावादी आधारों पर सांसारिक मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करने का तर्क दिया वहीं शंकर ने मोटे तौर पर दुनिया को एक भ्रम बताते हुए आदर्शवादी दर्शन का समर्थन किया.

केरल सहित आज के भारत में हमारे लिए नारायण गुरू और कबीर के बताए रास्ते पर चलना जरूरी है जिनके मानवीय मूल्यों ने समाज को बंधुत्व की ओर अग्रसर किया. कट्टरपंथी 'यथास्थितिवाद' ज्यादातार मामलों में समाज के विकास को बाधित करता है.

**(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया. लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

---

## व्यंग्य



# डिमांड में रेवड़ियां

**सुधाकर आशावादी**

रेवड़ियां आजकल खूब डिमांड में हैं। जिसे देखो वही रेवड़ियों के दम पर सत्ता सुख भोगने का स्वप्न देख रहा है। पहले रेवड़ियां सीजनल हुआ करती थी। अब रेवड़ियां सर्वकालिक हो गई हैं। बाजार में बारहों महीने तीसों दिन उपलब्ध रहती हैं। देश के किसी भी कोने में लोकतंत्र का उत्सव मन रहा हो या देश अपने प्रतिनिधियों का चयन करने के लिए चुनावी मोड में हो, तब रेवड़ियां ही कारगर भूमिका निभाती हैं। जनमानस को आश्वासनों के पुलाव परोसती हैं, लुभाती हैं और प्रतिनिधियों के चयन में असरदार भूमिका निभाती हैं। रेवड़ियों ने अपनी उपयोगिता को वर्तमान में ही सिद्ध नहीं किया है, वरन बरसों से रेवड़ियां अपनी उपयोगिता सिद्ध करती आ रही हैं, मगर डिमांड आजकल ही अधिक बढ़ी है। एक समय था कि देश के दक्षिणी हिस्से में रेवड़ियों की बंदरबांट के नाम पर रेवड़ियों के नाम पर साड़ियां, सिलाई मशीन, खाने का सामान आदि बांटने का चलन था। बाद में यह चलन देश की राजधानी तक पहुँच गया। रेवड़ियों के नाम पर आकर्षक योजनाएं शुरू की गई। निकम्मों , कामचोरों और मुफ्तखोरों के लिए ये रेवड़ियां रेगिस्तान में पानी की तरह जीवनदायिनी सिद्ध हुई। किसी ने कहा कि जीवन की मूलभूत सुविधाओं को रेवड़ी के रूप में पाएं और रेवड़ी के आकर्षक उपहार के बदले प्रलोभन दाता को अपना प्रतिनिधि बनाएं। राजधानी में यह योजना कारगर सिद्ध हुई। फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री राशन, फ्री भाषण के लालच में आकर मुफ्तखोरों ने आम आदमी सा दिखने वाले आदमी पर विश्वास किया। आम आदमी के दिल में उस समय आम आदमी के प्रति सहानुभूति थी, उन्हें आम आदमी अपना सा लगा, सो उन्होंने उस आम आदमी को अपना भाग्य नियंता चुना। आम आदमी को क्या पता था, कि आम आदमी को लालच देने वाला आदमी आम नहीं खास आदमी है, उसका रवैया भी आम आदमी जैसा विश्वसनीय नहीं है। जो आदमी दो कमरों के फ़्लैट में रहने और पुरानी कार का प्रयोग करके आम आदमी का विश्वास बनाए रखने का आश्वासन दे रहा था, वही आदमी कब सत्ता सुख पाकर सामंती बन जाएगा, इसकी किसी को कल्पना नहीं थी। आम आदमी के नाम पर रेवड़ियां बांटकर वह आलीशान शीशमहल में रहने लगा। पुरानी कार का परित्याग कर कारों के काफिले के संग चलने लगा, अपने ही आश्वासनों अपने ही वचनों से मुकरने लगा, तब कोई उस पर यकीन करता तो कैसे। कहते हैं कि प्यार, जंग और सियासत में सब जायज है। इसी का लाभ उस विलक्षण आदमी ने उठाया और इतना उठाया कि विपक्षी उसके आश्वासनों के सम्मुख धराशाई हो गए। उसके आश्वासनों की रेवड़ियों की डिमांड कम करने के लिए विपक्षियों में भी आश्वासन की रेवड़ियां बांटने की होड़ मच गई।

ऐसे में वे लोग भी आश्वासन की रेवड़ियां बांटने में जुट गए, जिनके पैरों तले धरती ही नहीं थी। किसी को मुफ्त में रेवड़ियां मिलें और वह परहेज करे, ऐसा सोचना भी सरल नहीं होता। सार्वजनिक स्थलों, गली मुहल्लों, धर्मस्थलों पर आयोजित होने वाले भंडारों में भी मुफ्त के हलवा, कचौड़ी, शरबत भला कौन छोड़ता है। कुछ मुफ्तखोर ऐसे होते हैं, जो भंडारे की कचौड़ियां खाते भी हैं और घर भी ले जाते हैं। रोजी रोटी के मोहताज को यदि मुफ्त में रोटी, कपड़ा और मकान मिले, तो कोई उससे परहेज क्यों करे ? जिस देश में कामचोर और कर्मयोगी, शिक्षित और अशिक्षित, मुफ्तखोर और स्वावलम्बी के बीच कोई भेद न हो, नेता चयन में केवल सिरों की गिनती की जाती हो, उस देश में रेवड़ियों के लुभावन आश्वासन और रेवड़ियों का मुफ्तखोरों में बंटवारा किया जाए, तो विजय मुफ्तखोरों के मसीहा की होगी या बिना रेवड़ी बांटने वाले की। इसे समझना मुश्किल नहीं है। सो जो चटपटे व्यंजनों के साथ रेवड़ियों की भिन्न भिन्न क्वालिटी परोसेगा, सबकी वोटों का हकदार भी वही होगा न।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क- 9758341282 )**

# अधिकारीगण प्रारम्भिक स्तर पर ही जन समस्याओं का करें वास्तविक निस्तारण

जनसंदेश न्यूज

**बोले जिलाधिकारी**

**सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 68 मामले आये**

**चार मामलों का मौके परकिया गया निस्तारण**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील निजामाबाद के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर कुल 68 मामले आये, जिसमे से 04 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 64 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 49, पुलिस के 08 अन्य के 11 मामले शामिल हैं।

जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत-प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नही जाना पड़ेगा। इसलिए अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भिक स्तर पर ही जन समस्याओं का वास्तविक निस्तारण कर दें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री परीक्षित खटाना, जिला विकास अधिकारी श्री संजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी निजामाबाद, तहसीलदार निजामाबाद एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


पीड़ित की फरियाद सुनते जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल।

**लालगंज प्रतिनिधि** के अनुसार- उप जिलाधिकारी श्यामप्रताप सिंह की अध्यक्षता मे स्थानीय तहसील परिसर सभागार में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी श्यामप्रताप सिंह ने जनता की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान 18 फरियादी शिकायत लेकर अफसरों के पास पहुंचे, इनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष को संबंधित विभाग के उपस्थित कर्मचारियों तथा अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए इसके सुचितापूर्ण शीघ्र समाधान किए जाने का उन्होंने आदेश दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित व गुणवत्ता युक्त निस्तारण किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर तहसीलदार शैलेश कुमार यादव, खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार सिंह, प्रभारी एडीओ पंचायत ओपी सिंह, कोतवाल विनय कुमार मिश्र, सप्लाई इंस्पेक्टर संतोष कुमार, राजस्व निरीक्षक हरिद्वार सिंह पालीवाल, बांकेलाल सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दवा व्यापारियों ने छापेमारी के नाम पर शोषण करने का लगाया आरोप

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** नार्कोटिक्स दवा के नाम पर छापेमारी कर व्यापारियों के शोषण के खिलाफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले दवा व्यापारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

संगठन अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने बताया कि नोर्कोटिक्स दवाओं की बिक्री को लेकर स्थानीय औषधि निरीक्षक द्वारा पुलिस बल एवं प्रशासन के साथ छापेमारी कर दवा व्यापारियों को नाजायज रूप से डरवाया धमकाया जा रहा है। जबकि दवा व्यापारी सामान्य रूप से अपना कार्य करते हुए दवाओं का पूरा लेखा जोखा रखते है। दवा आपूर्ति में प्रशासनिक हस्तक्षेप से दवाओं की अनुपलब्धता जैसे कई मुद्दे हमारे व्यवसाय को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त व्यापार संचालन में लागू की जा रही कड़ी शर्तों के कारण छोटे एवं मझोले व्यापारियों के लिए व्यापार बनाए रखना कठिन हो गया है। दवा व्यापारियों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जिसका सीधा प्रभाव उनके व्यापार पर पड़ रहा है।


जिला प्रशासन को ज्ञापन देने जाते दवा व्यापारी।

संगठन मांग करता है कि इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए व्यापारियों और प्रशासन के बीच संवाद कर इन मुद्दों का स्थायी समाधान निकाला जाए। अन्यथा संगठन नार्कोटिक्स के नाम पर छापेमारी के विरुद्ध रणनीति बनाकर पुरजोर विरोध करेगा। इस दौरान मुकेश सिंह, संजीव रतन सिंह, रवि सिंह, रोहित अग्रवाल, आशीष कुमार आर्य, आनन्द कुमार गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, सरवन गुप्ता, मो० साकिब, कलीमुल्लाह, सुब्रत सरकार आदि मौजूद रहे।

# ढाई लाख नगदी सहित सोने चांदी के आभूषण उठा ले गये चोर

जनसंदेश न्यूज

**सरायमीर आजमगढ़।** सरायमीर कस्बे के मेन रोड पर स्थिति एक मकान मे चोरों ने बीती रात घुस कर नगदी सहित सोने, चांदी के भारी मात्रा जेवरो को उठा ले गये। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है।

पीड़िता बेबी मौर्या पत्नी तीर्थराज मौर्य मोहल्ला उत्तरी चुड़ीहार थाना व कस्बा सरायमीर ने थाने दी गयी तहरीर के माध्यम से बताया कि चोरो द्वारा ढाई लाख नकदी समेत लाखों रुपए के आभूषण को अज्ञात चोरों ने उड़ाया। पीड़िता ने बताया कि सोमवार की बीती रात प्रतिदिन की भांति परिवार लगभग 12 बजे खा-पी कर सो गए। प्रातः चार बजे मैं उठी तो देखा कि मेरे कमरा में रखी अलमारी का दरवाजा व उसके अंदर का लाकर खुला था। उसमें रखा सोने का दो चेन, दो झुमका, कर्धन, एक



मानटीका, चांदी का तीन जोड़ी पायल, दो जोड़ी पावजेब, दस जोड़ी मीना, एक मोबाइल व ढ़ाई लाख रुपए नकद अज्ञात चोरों ने चोरी कर उठा ले गये। पीड़िता के प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में डॉग स्क्वायड टीम आयी। पुलिस ने बताया कि चोरी संदिग्ध लगती है क्योंकि एक ही मकान में सात भाईयों का परिवार रहता है। जिस कमरा में चोरी होनी बताई जा रही है उसमें चार लोग और उसके बरामदे में दो लोग सोए हुए थे। वहां तक जाने के लिए लगभग चार-पांच दरवाजा हो कर जाना पड़ता है मेन दरवाजा भी बंद था।

### मारपीट में घायल महिला की मौत

**बिलरियागंज आजमगढ़।** स्थानीय थाना बिलरियागंज क्षेत्र के नगवा बेनी गांव मे रविवार की सुबह 7 बजे के करीब जमीनी विवाद में हुई मारपीट में एक महिला की मौत हो गयी। इस संबंध में बिलरियागंज थानाध्यक्ष सुनील कुमार दुबे ने आरोपी को कस्टडी मे लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। इस संबंध मे नगवा बेनी गांव निवासिनी मृतका अमारी देवी 60 वर्षीय के पति राम प्रसाद प्रजापति ने बताया कि प्रातः काल वह अपने बाथरूम की दीवार जोड़ रहा था। तभी गांव के अनिल पांडेय पुत्र अज्ञात समेत अन्य लोग आकर विरोध करने लगे और दीवार बनाने से रोक दिया। इसी बीच मौके पर हमारी धर्म पत्नी आयी और बीच बचाव करने लगी तब तक अनिल पांडेय ने उसे धक्का दे दिया जिससे वह जमीन पर ही गिर गयी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मामले में एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया गया है। फिर भी मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# समरसता का भाव पैदा करती है खिचड़ी:विनय

## आजमगढ़ साहू समाज का खिचड़ी भोज कार्यक्रम सम्पन्न

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** साहू समाज समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम जानकी मंदिर लालडिग्गी पर खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। खिचड़ी भोज कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने लाई-गट्टा, तिलकुट, ढुन्ढा और खिचड़ी का खूब छक कर आनन्द लिया।

इस अवसर पर समिति के महामंत्री विनय प्रकाश गुप्त ने खिचड़ी के महात्म्य का वर्णन करते हुए बताया कि यह त्योहार सह-अस्तित्व भाव से रहने-सहने जैसी स्थिति को जीवन्त करता है। जैसे कि खिचड़ी में किसी भी खाद्य वस्तु का अपना अस्तित्व नहीं रह जाता है, सब एकरूप हो एक सुस्वादु, सुपाच्य, पौष्टिक आहार में परिवर्तित हो जीवन को ऊजार्वान बनाते हैं। उसी प्रकार से हम सब एक-


उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते विनय प्रकाश गुप्त।

दूसरे में ऐसे आत्मसात हों, जैसे कि खिचड़ी। जाति-पाति, ऊंच-नीच, अमीर -गरीब अथवा क्षेत्र आदि कुरितियों को दूर करने वाला यह त्योहार हमारे जीवन में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करता है।

अन्त में परम वीर योद्धा महाराणा प्रताप की पुण्य स्मृति में उन्हें नमन करते हुए, अध्यक्ष लालता प्रसाद गुप्ता ने आए लोगों का आभार जताया। इस अवसर पर एड. सत्यप्रकाश गुप्त, रामप्यारे साहू, केशव प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, एड. सतीश चंद गुप्त, डा. प्रमोद कुमार गुप्ता, शिवशंकर गुप्त, अजय कुमार गुप्ता, राजकुमार साहू, कृष्ण मोहन साहू, रविशंकर गुप्त, रमेश गुप्ता, आनन्द गुप्ता, अवनीश चतुर्वेदी, मृगांक शेखर सिन्हा, योगेन्द्र यादव, दीना, संदीप गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष घनश्याम गुप्त व पूर्व सभासद श्रीमती शीला गुप्ता जी सहित सैकड़ों लोगों ने खिचड़ी भोज का आनंद उठाया।

## संक्षेप

### अस्थाई गौशाला में अराजक तत्वों ने लगाई आग



**पटवध आजमगढ़।** जनपद के रौनापार थाना अंतर्गत जगन्नाथ यादव पुत्र रघु निवासी ग्राम गागेपुर बलुआ थाना रौनापार, साधु सन्यासी का जीवन बिताते हुए गौ सेवा करते हैं। उनके द्वारा एक मंडई बनाकर उसमें गौशाला बनाई गई थी। 18 जनवरी को कुछ अराजक तत्वों द्वारा उसमें बंधे जानवरों को निकाल कर भगा दिया गया और मंडई में आग लगा दी जिससे मंडई जलकर खाक हो गई। साधु ने इसकी सूचना प्रार्थना पत्र के माध्यम से रौनापार थाने पर दिया। जिसमें गांव के ही शंकर पुत्र जीऊत व राजा पुत्र चंद्रिका यादव तथा कुछ अज्ञात द्वारा जाकर उनके साथ मारपीट करने और गौशाला में आग लगा देने की सूचना दी गई उसमें घरेलू सामान तथा खाने-पीने के साथ 15000 नगद जो जल कर राख हो गए। इसके संबंध में पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए विभिन्न धाराओं में तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके घटना की छानबीन की जा रही है।

### इक्यावन कुण्डीय अतिरुद्र महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर



**लालगंज (आजमगढ)।** तहसील लालगंज क्षेत्र के पल्हना-तरवां मार्ग पर स्थित डुभाव पुल के समीप 02 फरवरी से ग्यारह दिवसीय इक्यावन कुण्डीय श्री 1008 श्री अतिरुद्र महायज्ञ एवं वृद्ध मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। श्री श्री 1008 ब्रह्मलीन श्री दयादास ब्रह्मचारी जी (उड़िया बाबा) के परम शिष्य संत श्री त्रिभुवनदास जी महाराज देवरिया आश्रम नियर वाराणसी के सानिध्य में क्षेत्रवासियों के सहयोग से क्षेत्रवासियों के कल्याणार्थ 51 कुण्डात्मक श्री 1008 अतिरुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसकी मण्डप व पडाल की तैयारी जोर शोर से चल रही जिसमे सैकडो कारीगर कार्य कर रहे है। महायज्ञ को सफल बनाने के लिए शिवाजी सिंह, कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ मोनू सिंह, सुधीर सिंह प्रबंधक, रामानुज सिंह प्रधान, सतीश सिंह पूर्व प्रधान, अजय सिंह एडवोकेट, दीपक सेठ, अशोक गुप्ता, बृजेश सिंह, जयप्रकाश सिंह, राणा प्रताप सिंह, रविंद्र प्रधान, वीरेंद्र सिंह, राणा सिंह, रामसमुझ, राजबहादुर, पप्पू सहित अन्य क्षेत्रवासी व श्रद्धालु महायज कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जी जान से लगे हुए है।

### पीड़ित ने लेखपाल पर लगाया गम्भीर आरोप



**बूढ़नपुर आजमगढ़।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के तमरुआ गांव में भ्रष्टाचार का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां हल्का लेखपाल द्वारा खेत में फाट निर्माण के नाम पर अवैध पैसे की मांग किए जाने का आरोप लगा है। पीड़ित रबिलाल ने एसडीएम को पत्रक सौपकर न्याय की गुहार लगायी। बूढ़नपुर तहसील क्षेत्र के तमरुआ गांव निवासी रबिलाल पुत्र चन्नर राम ने हल्का लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यदि मांगी गई रकम नहीं दी गई, तो लेखपाल गलत रिपोर्ट दर्ज करने की धमकी दी है। इस मामले में पीड़ित ने सोमवार को उपजिलाधिकारी बूढ़नपुर पंकज दीक्षित से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम पंकज दीक्षित ने तत्काल जांच का आश्वासन दिया और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई करने की बात कही है। रबिलाल ने आरोप लगाया कि गांव में आए दिन हल्का लेखपाल द्वारा इसी तरह की अवैध वसूली की जाती है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से भी लेखपाल के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके।

### खिचड़ी भोज ने घोली समरसता के रिश्ते में मिठास



**रानीकीसराय आजमगढ।** भारत रक्षा दल द्वारा कस्बे के रामलीला मैदान में आयोजित खिचड़ीभोज मे लोगो ने समरसता के रिश्ते की मिठास घोली। आयोजित सामूहिक खिचड़ी भोज में दोपहर से शाम तक आयोजन चला। भोज मे सभी लोगो ने एक साथ सहभागिता निभाई। आये लोगो ने एक साथ खिचड़ी का स्वाद चखा। इस दौरान आपसी समरसता भी दिखी। खिचड़ी भोज मे मुख्य रुप से अनूप जायसवाल, अकरम, निखिल जायसवाल, मुन्ना साहू, संजय जायसवाल, पवन मोदनवाल, अरबिन्द बरनवाल, विनोद शर्मा, मन्धारी, खलील अहमद, सत्यम साहू, सुल्तान, अमित गुप्ता, अशोक आदि लोग उपस्थित रहे।

### पंडित यज्ञनाथ मिश्र की छठवीं पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को बांटा गया कम्बल



**निजामाबाद आजमगढ़।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र के बड़ागांव के एक मैरेज हाल में शिक्षा विद, हाकी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी समाज सेवी पंडित यज्ञनाथ मिश्र की छठवीं पुण्यतिथि मनाई गई है और वही 220 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया गया। एमएलसी विक्रांत सिंह उर्फ रिशु सिंह और ब्लॉक प्रमुख विपिन सिंह समेत क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पंडित यज्ञनाथ मिश्र के जीवन के बारे में प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह उर्फ रिशु सिंह एमएलसी ने कहाकि पंडित यज्ञनाथ मिश्र ने अपने जीवन काल में शुरू से प्रतिभावान व्यक्ति थे और वे हाकी प्रतियोगिता में ब्रिटिश सरकार में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेशो में खेले थे और वही ब्रिटिश सरकार द्वारा दर्जनों एवार्ड प्राप्त किया थे। और आजमगढ़ के लालगंज, चण्डेश्वर व निजामाबाद में कई विद्यालय के फाउंडर कमेटी में भी थे। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख विपिन सिंह ने यज्ञ नाथ मिश्र के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि पूरे क्षेत्र के लोकप्रिय व्यक्ति थे उनके द्वारा किये गये कार्यो को लोग सदैव याद करेंगे और कहा कि आज से तीन दशक पहले पंडित यज्ञनाथ मिश्र तत्कालीन निजामाबाद के विधायक चन्द्रबली ब्रह्चारी के प्रतिनिधि रहे।

# अनोज गुप्ता बने कप्तानगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक कप्तानगंज कस्बे में स्थित मंजू बाल विद्या मंदिर के परिसर में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रेमचंद गुप्ता व संचालन अखिलेश गुप्ता ने किया। व्यापारी हितों को लेकर सर्वसम्मति से कप्तानगंज का अध्यक्ष अनोज कुमार गुप्ता को चुना गया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहाकि आज व्यापारियों की सुरक्षा और समाज को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को एकजुट होने की आवश्यकता है ताकि छोटे-बड़े सभी व्यापारियों की समस्याओं का निदान शासन से लेकर प्रशासन तक संगठन करा सकें। इसके बाद कप्तानगंज इकाई के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई लेकिन सर्वसम्मति से अनोज कुमार गुप्ता को कप्तानगंज इकाई का अध्यक्ष घोषित किया गया। इसके बाद व्यापारियों ने उन्हें माल्यार्पण कर बधाई दिया। नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए विशिष्ट अतिथि संत प्रसाद अग्रवाल ने कहाकि कप्तानगंज महत्वपूर्ण बाजार है, इसके अंतर्गत सैकड़ों व्यापारी व्यापार करते है। प्रत्येक व्यापारियों की


अनोज गुप्ता को माला पहनाकर स्वागत करते दुर्गा प्रसाद गुप्त।

समस्याओं का पहले स्थानीय स्तर पर निदान किया जाए और इसमे अगर किसी भी तरह की हमारी आवश्यकता हो तो संगठन पूरी मदद करेगा। महामंत्री दुर्गा प्रसाद गुप्त ने कहाकि संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान व्यापक पैमाने पर चलाया जाए ताकि हमारी एकता ही हमारी बुनियादी ताकत साबित हों।

सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। संगठन के माध्यम से क्षेत्र की सभी व्यापारियों की समस्याओं के निदान हेतु सदैव कटिबद्ध रहूंगा। इस मौके पर जिला महामंत्री दुर्गा प्रसाद गुप्त, नगर महामंत्री सुरेश शर्मा, आईटी सेल अमन अग्रवाल, अवधेश गुप्ता, राजेश सोनकर, अखिलेश गुप्ता, चित्रसेन प्रजापति, हिमांचल प्रसाद गुप्त, सोहन प्रसाद गुप्त, राजेंद प्रसाद गुप्ता, अब्दुल्ला आजमी, उमेश गुप्ता, रिजवान, दयाराम गुप्त, मनोज जायसवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### लालगंज मंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**लालगंज (आजमगढ़)।** अरुण कुमार सिंह को लालगंज मंडल भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने पर रेतवां चंद्रभानपुर में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी द्वारा जो मुझे जिम्मेदारी मिली है उसका वह शत-प्रतिशत पालन करते हुए पार्टी को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए भी वह हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी को मजबूत करके हर बूथ पर विजई बनाते हुए आदित्यनाथ योगी को पुनः मुख्यमंत्री बनाए जाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को अभी से जिम्मेदारी के साथ जनता से जुड़ कर एक-एक कार्यकर्ताओं के सहयोग का आह्वान किया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार मोदनवाल, वीरेंद्र पांडे, सत्येंद्र पांडे, जवाहिर, राधेश्याम, आशीष तिवारी, रोहित चौहान इत्यादि दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता तथा अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सिवान में मिला अधेड़ का शव

जनसंदेश न्यूज

**सनसनी**

**रात से ही बिस्तर से गायब हुआ था व्यक्ति**

**जमीनी रंजिश का मामला आ रहा सामने**

**निजामाबाद आजमगढ़।** निजामाबाद थाना क्षेत्र के डीहवा बारी के रहने वाले अशोक तिवारी 55 पुत्र रामलोचन तिवारी रात में खाना पीना खाकर अपने बिस्तर पर सो गए थे। सुबह जब परिजनों ने देखा तो वह बिस्तर से गायब थे। जिसके बाद परिजनों ने तलाश करनी शुरू की तो लगभग 3 घंटे की तलाश के बाद सिवान में डेड बॉडी मिली।

इस बारे में पर जनों ने बताया कि बगल में रहने वाले एक परिवार से कई बार मारपीट हुई थी और जानलेवा हमला भी हुआ था। इसके साथ ही जमीनी विवाद का भी मामला सामने आ रहा है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही परिजन इस मामले में मुकदमा दर्ज करने को लेकर थाने पर पहुंचे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।


मृतक की फाइल फोटो।

# ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण का कार्यक्रम हुआ संपन्न

**पटवध आजमगढ़।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बिलरियागंज के प्रांगण में सोमवार को प्रधानाध्यापक, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष तथा ग्राम प्रधान व स्थानीय निकाय के सदस्यों का ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमेश यादव ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं विशिष्ट अतिथि रूद्रप्रकाश राय मंडल अध्यक्ष बिलरियागंज एवं ग्राम प्रधान सुरेश्वरी दत्त उपाध्याय तथा ग्राम प्रधान विजय यादव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माला पहनाकर तथा दीप प्रज्वलित करके मंडल अध्यक्ष रूद्रप्रकाश राय तथा खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा की गई। इस मौके पर उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत खंड शिक्षा अधिकारी तथा एसआरपी के द्वारा अंग वस्त्रम व बुके देकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद सिंह ने किया। प्राथमिक विद्यालय पटवध कौतुक के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर-के सबका मन मोह लिया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में आजमगढ़ जनपद शिक्षा व्यवस्था के मामले में आठवें नंबर पर आ गया है जो कि पहले कहीं नामो निशान नहीं हुआ करता था। यह कहीं न कहीं शिक्षक और शिक्षिकाओं के मेहनत का नतीजा है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख रमेश यादव ने कहा की इसी तरह से शिक्षक शिक्षिकाएं मेहनत करती रहे तो हमारा जनपद प्रदेश में पहले स्थान पर होगा और हम लोगों के द्वारा जो भी मदद होगी हर संभव करने को तैयार है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा कौन सा कारण है कि अभिभावक अपने बच्चों को प्राइमरी स्कूल की अपेक्षा प्राइवेट स्कूल में क्यों कराना चाहते हैं। केवल गरीब तपकों के बच्चे ही प्राइमरी विद्यालय में जाते हैं यह विचार करने का विषय है और अभिभावकों से सामंजस बनाकर अध्यापकों और अध्यापिकाओं को और कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। इस मौके पर सभी लोगों ने अपने-अपने वक्तव्य रखें। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामबदन यादव एसआरजी, करुणेश पांडे, संजय सिंह, अनिल श्रीवास्तव, महेंद्र पुरी, केदार वर्मा, योगेंद्र यादव, धर्मेंद्र मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, निधि राय,शैलेश यादव ,शशांक आदि लोग उपस्थित रहे।

### स्थगन आदेश के बाद हो रहे कब्जे को पुलिस ने रोका

**माहुल(आजमगढ़)।** अहरौला थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गांव में न्यायालय द्वारा जारी स्थगन आदेश के अनुपालन में पुलिस ने एक पक्ष द्वारा कराए जा रहे निर्माण को रोक दिया, और दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर न्यायालय में चल रहे वाद के फैसले तक जमीन पर यथास्थित बनाये रखने के लिए निर्देशित किया। अहरौला थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गांव निवासी रण बहादुर सिंह और दिनेश विश्वकर्मा व रामजन्म विश्वकर्मा के मध्य दीवानी न्यायालय आजमगढ़ के अपर जज सिविल जज जूनियर डिविजन के न्यायालय में गाटा संख्या 148 रकबा 742 एयर का वाद विचाराधीन है। जिसमें न्यायालय द्वारा मुकदमे की अंतिम तिथि तक स्थगन आदेश दिया गया। उसके बावजूद भी दिनेश आदि द्वारा उक्त भूमि पर मंडई डाल कर कब्जा किया जा रहा था। जिसके कारण दोनों पक्ष आमने सामने हो गए थे। सूचना पर डायल 112 की पुलिस ने वहां पहुंच कर जमीन पर एक पक्ष द्वारा किए जा रहे निर्माण को रोक कर दोनों पक्षों को थाने बुलाया। उसके बाद थाना पुलिस ने दोनों पक्षों को आमने सामने बैठा कर स्थगन आदेश का अनुपालन करने के लिए निर्देशित किया और कहा कि जब तक न्यायालय द्वारा चल रहे वाद का निस्तारण नहीं हो जाता है दोनों पक्ष उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा नहीं करेंगे। इस संबंध में थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा का कहना है न्यायालय से स्थगन आदेश के बाद भी उक्त भूमि पर करकट रखा जा रहा था। जिसे रोकवा दिया गया है और दोनों पक्षों को न्यायालय के आदेश का सम्मान करने की नसीहत दी गई है।।

# सुभासपा युवा मंच के प्रदेश मीडिया प्रभारी का स्वागत

जनसंदेश न्यूज

**माहुल (आजमगढ़)।** सोमवार को सुहेलदेव भारती समाज पार्टी के नवनियुक्त युवा मंच के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक सिंह के प्रथम गृह आगमन पर जगह-जगह जोरदार स्वागत पार्टी के पदाधिकारीयों द्वारा किया गया।

दीपक सिंह मनोनीत होने के बाद पहली बार लखनऊ से पैतृक निवास अहरौला के फत्तेपुर पहुंचने पर फुलवरिया टोल गेट पर सुभासपा के युवा मंच के जिला अध्यक्ष लालगंज कृष्ण कुमार राजभर, पूर्व जिला अध्यक्ष नवमी राजभर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी के जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ के द्वारा 1 बजे टोल गेट पर जोरदार स्वागत किया गया। युवा मंच के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के द्वारा बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। 2027 में पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के नेतृत्व में सुभासपा उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी 2027 की रणनीति पर काम शुरू हो चुका है प्रदेश में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा रहा है राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर खुद इसके लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। कहा कि सपा का सपना सत्ता तक पहुंचने का सपना ही रहेगा, कांग्रेस के लोग जमीन खो चुके हैं, बसपा मात्र एक धोखा रह गयी है हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर दबे-कुचले, शोषित, किसान, नौजवान को हक की बात करते हैं और बेबाक राय से जाने जाते हैं। इस मौके पर यूथ के कृष्ण कुमार राजभर, विजय बहादुर सिंह, पूर्व अध्यक्ष नवमी राजभर, आशीष सिंह, कुलदीप राजभर, अजय राजभर, दिनेश राजभर, कल्लू यादव, प्रधान बृजेश यादव, अजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


दीपक सिंह को माला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता।

# डीएम व एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं



फरियादियों की समस्या सुनते डीएम व एसपी

**आयोजन**

**72 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 06 का किया गया निस्तारण**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मड़िहान में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आए हुए फरियादियों की जन समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। तहसील मड़िहान में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 72 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 06 का मौके पर निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित किया गया। प्रार्थना पत्रों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता व गुणवत्ता ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में यदि गुणवत्ता खराब पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त हो रही शिकायतों का निस्तारण अधिकारी कार्यालय से ही न कर-के बल्कि मौके पर स्थलीय निरीक्षण करते हुए फोटोग्राफ के साथ आख्या पोर्टल पर अपलोड करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस की 04 संयुक्त टीम गठित कर प्रार्थना पत्रो का निस्तारण आज सांय तक करने का निर्देश दिया। जनपद के अन्य तहसीलों में प्राप्त प्रार्थना पत्र यथा-तहसील चुनार में 52 प्रार्थना पत्र प्राप्त 03 का निस्तारण, तहसील सदर में 112 प्रार्थना पत्र प्राप्त 17 का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर मड़िहान में उप जिलाधिकारी मड़िहान युगांतर त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सी0एल0 वर्मा, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार, तहसीलदार मड़िहान सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई : एडीएम वित्त

**समाधान दिवस**

**80 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 11 का हुआ निस्तारण**

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज।** संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ला के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 80 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 11 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर निस्तारण करने का आदेश दिया गया। हर्रा गांव के गहनौवा निवासी ग्रामीण रोशनी, सुनीता, सोनकली, निर्मला, शुकूरू, इंद्रावती, अनीता, दुर्गावती आदि दो दर्जन ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र लेकर अवगत कराया कि मेरे अनुसूचित गांव में कुल 75 घरों की बस्ती है जिसमें पेयजल की भारी समस्या है। समाधान दिवस के अंत में एडीएम ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि फरियादी की समस्या निस्तारण करने के लिए मौके पर जाकर फरियादी से मिलकर दो गवाहों के समक्ष मामले का निस्तारण करते हुए समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। फरियादी की समस्या गुणवत्ता पूर्वक होनी चाहिए किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगा लापरवाही पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आशाराम वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार सिंह, तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह, द्वय नायब तहसीलदार राहुल मिश्रा, राजीव यादव, थाना प्रभारी लालगंज, हलिया, राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश उपाध्याय, लेखपाल संघ अध्यक्ष अनूप कुमार पांडेय आदि संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।


फरियादियों की समस्या का निस्तारण करते एडीएम वित्त

### ट्रक की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत

**कछवां।** थाना क्षेत्र के कटका गांव के सामने प्रयागराज वाराणसी हाइवे पर रविवार की देर रात्रि में एक ट्रक ड्राइवर की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गयी। कटका गांव के हाइवे पर एक ढाबा पर 54 वर्षीय ट्रक ड्राइवर कुलदीप पुत्र गुरुबक्स सिंह निवासी टेरीपुर, थाना रेहण, जिला बिजनौर अपनी ट्रक खड़ी करके ज्यों ही ट्रक का गेट खोलकर उतरा, उसी दौरान पीछे से आ रही एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे ट्रक ड्राइवर की तत्काल मृत्यु हो गयी। ट्रक पंजाब से बिस्कुट लादकर कोलकाता के लिए जा रही थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कछवां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर परिजनों को सूचना कर दिया। वहीं थानाध्यक्ष रणविजय सिंह ने बताया कि दुर्घटना करने वाले ट्रक की खोज की जा रही है।

### असहाय व गरीबों में वितरित किया गया कम्बल



**गैपुरा।** छानबे क्षेत्र के मनकठी गांव में मनकठी माता मंदिर पर राजस्व विभाग के सौजन्य से मुख्य अतिथि अपना दल एस के जिला अध्यक्ष इं0 रामलौटन बिंद, रामबृक्ष बिंद प्रदेश महासचिव अपना दल एस, रामकुमार बिंद द्वारा ठंड के मौसम में असहाय, गरीब, विकलांग महिला व पुरुष को 125 कम्बल वितरण किया गया। अपना दल एस के सौजन्य से ठंड के मौसम में अनेक स्थानों पर भी कम्बल वितरण का कार्यक्रम करते रहते है। सोमवार को मनकठी गांव के मनकठी माता मंदिर पर पहुंच कर असहाय व गरीबों में कम्बल वितरण किया। कम्बल वितरण में विजय शंकर राजस्व निरीक्षक, कन्हैया लाल लेखपाल, प्रांजल उपाध्याय लेखपाल, चंद्रकांत यादव लेखपाल, उमेश तिवारी लेखपाल, केशराज बिंद पूर्व प्रधान मनकठी, शुभम तिवारी पंचायत सहायक, सुशील तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### बच्चों द्वारा चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**गैपुरा।** छानबे क्षेत्र के गैपुरा चौराहे पर नेहरू युवा केंद्र तथा ज्ञान कुंज कोचिंग सेंटर के बच्चों के द्वारा एक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें बच्चों ने दो पहिया वाहन चलाने वालों को हेलमेट, जूता पहनकर तथा धीमी गति से मोटर साइकिल चलाने की सलाह दिया। चार पहिया वाहन चलाने वाले को सिटबेल्ट बांधकर ही वाहन चलाने की सलाह दिया। इस दौरान हिमाशु कनौजिया, शिवम गौतम, गौरव शुक्ला, गुड़िया, शिवानी चौरसिया, अतुल कुमार, राजेश कनौजिया आदि बच्चे उपस्थित रहे।

## वध हेतु ले जा रहे 11 पशु बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**लालगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धर पकड़ व तस्करों की विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के निर्देश पर थाना प्रभारी लालगंज संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पिकप में क्रूरता पूर्वक बांधकर वध हेतु ले जा रहे 11 राशि गोवंश सहित दो पशु तस्कर हल्दी बांध जंगल के पास पिकप सहित गिरफ्तार कर अभियुक्त को संबंधित धारा में मुकदमा कायम करते हुए जेल भेजा गया। वहीं गौ तस्करी में संयुक्त पिकप वाहन को सीज किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज अशोक कुमार सिंह के कुशल मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी लालगंज संजय कुमार सिंह व चौकी प्रभारी दुबार कला श्रीराम सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर लालगंज क्षेत्र के हल्दी बांध जंगल के पास से पिकप सवार दो शातिर गौ तस्कर भोला भारती पुत्र लालचंद निवासी बिसौरा खुर्द थाना अदलहाट व शरीफ खलीफा पुत्र हनीफ खलीफा निवासी चैनपुर थाना चैनपुर जनपद कैमूर भभुआ बिहार को गिरफ्तार कर संबंधित धारा में जेल भेजा गया। वहीं पिकप को संबंधित धारा में सीज किया गया। पुलिस की लगातार इस तरह की कार्रवाई से हड़कंप की स्थिति बन गई है।

# अवैध कनेक्शन नहीं जोड़ने पर लाइनमैन को पीटा

**कार्रवाई नही होने पर लामबंद हुए लाइनमैन**


प्रदर्शन करते लाइनमैन

**मड़िहान।** दीपनगर विद्युत पावर क्षेत्र के संतनगर फीडर के लाइनमैन को तीन सरहंगों ने अवैध कनेक्शन नहीं जोड़ने पर पीट कर चोटिल किया। लाइनमैन अवधेश कोल ने बताया कि 17 जनवरी को पावर हाउस से शाम घर जा रहा था कि अवैध कनेक्शन में केबिल काटे गए थे। उसी को जोड़ने हेतु विपक्षी सुनील, कमलेश और कैलाश मुझ पर जोड़ने हेतु दबाव बनाने लगे, नहीं जोड़ने पर गाली देते हुए डंडे से प्रहार कर चोटिल कर दिया।

जेई को आप बीती बताई और थाना संतनगर में तहरीर भी दिया। कार्रवाई नहीं किए जाने पर दर्जनों लाइनमैन लामबंद होकर विद्युत पावर हाउस दीपनगर पर नारे बाजी कर कार्रवाई हेतु प्रदर्शन कर ही रहे थे कि अवर अभियंता रमाशंकर द्वारा समझा बुझाकर कार्यवाही हेतु आश्वासन दिए फिर सभी लाइनमैन अपने काम पर गए। इस संबंध में अवर अभियंता विद्युत पावर हाउस दीपनगर रमाशंकर ने बताया कि थाना संतनगर में तहरीर दे दी गई है। कार्रवाई का आश्वासन मिला है, अन्यथा की स्थिति में आगे से कार्यवाही कराई जाएगी।

### जीवन में धर्म, भक्ति और कर्म का संतुलन बनाने का संदेश देती है कथा : कथा वाचक

**लालगंज।** श्रीमद्भागवत कथा का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। व्यास हरि गोविंद महाराज के सुमधुर वचनों और गूढ़ ज्ञान से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु लाभान्वित हो रहे हैं। सोमवार को कथा के दौरान उन्होंने राजा परीक्षित महाभारत के पांडव वंशज थे। एक श्राप के कारण मृत्यु के निकट आ पहुंचे थे। श्राप था कि सातवें दिन उन्हें तक्षक नाग के डंसने से प्राण त्यागने होंगे। मृत्यु का यह भय उन्हें भक्ति के मार्ग पर ले गया। उन्होंने गंगा के तट पर बैठकर ऋषि शुकदेव से श्रीमद्भागवत कथा सुनी। उन्होंने भगवान की लीलाओं का स्मरण कर मोक्ष प्राप्त किया। महाराज ने विस्तार से बताया कि जब परीक्षित को अपनी मृत्यु के बारे में ज्ञात हुआ तो उन्होंने राजसी भोग और सुख को त्यागकर भगवान की शरण ली। गंगा तट पर शुकदेव द्वारा सुनाई गई भागवत कथा ने उन्हें जीवन का गूढ़ अर्थ समझाया। महाराज ने कहा कि यह कथा केवल मोक्ष प्राप्ति की कथा नहीं बल्कि जीवन में धर्म, भक्ति और कर्म का संतुलन बनाने का संदेश देती है। आयोजक रामचंद्र मिश्रा अरविंद कुमार, नागेंद्र कुमार, अखिलेश, राकेश, सत्यम, शुभम, दुर्गेश, राजन श्रीवास्तव, दिनेश मिश्रा, अरविंद आदि भारी संख्या में कथा श्रवण किया।

# निःशुल्क कथक नृत्य कार्यशाला का हुआ समापन



मुख्य अतिथि के साथ बच्चे

**मीरजापुर।** पाल्क संस्था द्वारा विंटर विकेशन में आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं को निःशुल्क कथक नृत्य का प्रशिक्षण लालडिग्गी स्तिथ संस्था के शाखा पर दिया गया जिसमें 40 बालिकाओं ने भाग लिया। कथक नृत्य के समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन डेंटिस्ट एसोसिएशन की अध्यक्ष डा0 रश्मि बरनवाल, सदस्य डा0 सुरभि कसेरा, समाजसेवी मुक्ति रैदानी ने नटराज के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बच्चों द्वारा कथक के माध्यम से गणेश वंदना व अन्य कथक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखायी। मुख्य अतिथि द्वारा सभी बालिकाओं को पुरस्कृत कर डेंटल के क्षेत्र में हर संभव मदद का वादा किया। साथ ही संस्था की ओर से रिया रैदानी ने कथक कलाकार शिवांगी उमर को सम्मानित करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी डा0 अमित केशरवानी व अमित सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान मंशा कुमारी, पूर्णिमा गुप्ता, कुमारी महिमा, अंशिता मिश्रा, अदिति सेठ, यशवी सेठ, उन्नति वर्मा, आर्य मोदनवाल आदि उपस्थित रहे। सभी का आभार संस्था की अध्यक्ष अर्चना खंडेलवाल ने किया।

## सर्विस रोड पर दुर्घटनाओं को दावत दे रहे वाहन

**अदलहाट।** एन0एच0 7 हाइवे के सर्विस रोड इमामबाड़ा बरईपुर से बाईपास रामनगर तक जगह-जगह पर टूट गया है तो कहीं-कहीं पर धंस गया है जिससे रोड पर अनेकों गड्ढों का श्रृंखला बन गया है। अब इस सर्विस रोड पर पैदल, दो चक्का, तीन चक्का और चार चक्का वाहनों का चलना काफी दुष्कर कर हो चुका है। ऊपर से सर्विस रोड पर भरी वाहनों का खड़ा होना और भी खतरना हो गया है। इसी सर्विस रोड पर भरी वाहन अंधाधुंध चलते रहते हैं, उन पर कोई रोक-टोक नहीं है जो आए दिन दुर्घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। एन0एच0ए0आई0 का कहना है कि इन सबकी अनदेखी कर रहा है। क्या विभाग किसी बड़े दुर्घटना होने का इंतजार कर रहा है। जल्द ही गड्ढों को न भरा गया तो सर्विस रोड पर भी कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है, उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

## सपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव बने गायक मन्टू मिश्रा

**मीरजापुर।** लोकगीत गायक सन्तोष मिश्रा उर्फ मन्टू मिश्रा को समाजवादी पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। लोहिया ट्रस्ट में पहुंचे मंटु ने डा0 राम मनोहर लोहिया की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। पद ग्रहण करने के बाद पहली बार सपा कार्यालय में आने पर राष्ट्रीय सचिव का जोरदार स्वागत किया गया। समाजवादी पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर लोगों को जोड़ने के अभियान में जुट गई है। इसी क्रम में सुप्रसिद्ध गायक सन्तोष मिश्रा उर्फ मन्टू मिश्रा को समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष काशीनाथ यादव ने अपने संगठन में शामिल करते हुए राष्ट्रीय सचिव का दायित्व सौंपा है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव मन्टू मिश्रा ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अपने गायिकी के माध्यम से लोगों को पार्टी की नीतियों के अलावा राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यो का गुणगान जन-जन के बीच पहुंचाने का काम करेगा। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो गायकों का सम्मान करती है। इस मौके पर सदर विधानसभा अध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव, मझवां विधानसभा अध्यक्ष झल्लू यादव, जमुना यादव, रामराज यादव, राममिलन यादव, मनोज चौहान, रामजी चौहान, आकाश यादव, अनुराग तिवारी एवं धीरेन्द्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत



**गैपुरा।** थाना क्षेत्र के मुड़वान गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। देर रात सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दलित बस्ती निवासी इन्द्रराज उर्फ इन्द्रेश पुत्र स्व0 शुकरू फेरी लगाकर सामान बेचने का काम करता है। उसने बताया कि शनिवार की देर रात जब वह घर पहुंचा तो 30 वर्षीया पत्नी सन्नो देवी का शव अंदर चारपाई पर पड़ा हुआ था। मृतका की एक बेटी 12 वर्षीया आंचल तथा दो बेटे दस वर्षीय दीपक तथा आठ वर्षीय सत्यम की मां थी। बेटी आंचल ने बताया कि गांव के ही एक युवक के साथ मां मायके गई थी। घर लौटी तो भी युवक साथ ही था। वह मां के साथ घर के अंदर चला गया। एक घंटे बाद वह निकल कर बाहर चला गया। काफी देर तक मां नहीं उठी। तब पति इंद्रराज ने बताया कि वह पत्नी को दवा इलाज के लिए पीएचसी सरोंई ले गया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष शैलेश राय ने बताया कि विवाहिता की मौत की सूचना पर शव कब्जे में लिया गया। मामले की छानबीन की जा रही है?। मृतका का मायका प्रयागराज जिले के मांडा थाना क्षेत्र अंतर्गत सैबसा गांव में है।

### घाट पर उतराया मिला अधेड़ का शव

**गैपुरा।** थाना क्षेत्र के हरगढ़ गांव में श्मशान घाट पर सोमवार की दोपहर अधेड़ का उतराए हुए शव से दुर्गन्ध के कारण स्नानार्थी परेशान रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालने का असफल प्रयास किया। बालू की बोरी में शव बंधा होने के कारण निकाला नहीं जा सका। चर्चा है कि शनिवार को देर शाम ट्रैक्टर ट्राली से कुछ लोग यहां आए थे। शव को गंगा में फेंककर भाग निकले। मौके पर पहुंचे नायब दरोगा महेंद्र कुमार ने बताया कि किसी ने शव को प्रवाहित किया है। घाट पर स्नान करने पहुंचे राजेन्द्र कुमार, शिवा सिंह ने बताया कि दुर्गन्ध के चलते स्नान करने वालों को काफी परेशानी हो रही है।

## गरीबों में बांटा गया कंबल

**हलिया।** विकास खंड अन्तर्गत बंजारी कला गांव में सोमवार को समाज सेवी सपत्नी ग्राम प्रधान बेटी तथा बेटे के साथ पिता की तीसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर 210 गरीबों में कंबल के साथ मिष्ठान वितरित किया गया। हलिया विकासखंड के बंजारी कला गांव में समाजसेवी संजय सिंह पत्नी ग्राम प्रधान ज्योति सिंह बेटा उज्ज्वल प्रताप सिंह तथा बेटी यशस्वी के साथ पिता लोकेंद्र प्रताप सिंह की 30वीं पूर्ण तिथि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 210 गरीबों, निराश्रितों में कंबल वितरण कर पूर्ण का काम किए हैं। समाजसेवी ने कहा कि ठंड के इस मौसम में गरीब और असहाय लोगों के लिए सबसे बड़ी समस्या ठंड से बचाव की होती है। ऐसे में जरूरतमंदों को पिता की पुण्यतिथि पर राहत देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नीरज सिंह, विनीत सिंह, तौलन शर्मा, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

# विंध्याचल धाम व रेलवे स्टेशन पर चलाया गया चेकिंग अभियान


निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी

**मीरजापुर।** प्रयागराज महाकुंभ को सकुशल सम्पन्न कराने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला एवं क्षेत्राधिकारी एलआईयू अंजय सिंह के नेतृत्व में बीडीएस/एस चेक टीम के साथ विन्ध्याचल क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम द्वारा मां विन्ध्यवासिनी देवी धाम, गंगा घाटों व धाम परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की सघन चेकिंग की गई। साथ ही रेलवे स्टेशन विन्ध्याचल तथा श्रद्धालुओं के विश्राम, ठहरने हेतु बने स्टेशन के पास रैन बसेरा में चेकिंग की गई। महाकुम्भ प्रयागराज तथा मां विन्ध्यवासिनी देवी दर्शन पूजन करने आने व जाने वाले सभी श्रद्धालुगण को सुरक्षित वातावरण, सुदृढ़ यातायात व्यवस्था एवं मां विन्ध्यवासिनी देवी के सुगम दर्शन-पूजन कराने सहित चुस्त दुरुस्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस कटिबद्ध है। उक्त सघन चेकिंग अभियान के दौरान थानाध्यक्ष विन्ध्याचल अमित कुमार, विन्ध्यधाम प्रभारी राजेश मिश्रा सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण तथा राजकीय रेलवे पुलिस विन्ध्याचल अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## संक्षेप

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 317 जोड़ों की होगी शादी

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के भटवारी गांव स्थित पहड़ी पर मंगलवार को चार ब्लाकों का मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह में 500 के सापेक्ष कुल 317 जोड़ों की शादी संपन्न होगी। जिसमें हलिया विकास खंड के 117, पटेहरा से 72 , लालगंज से 94 , छानवे विकास से 34 जोड़ों की शादी किया जाना है। इस संबंध में बीडीओ डाक्टर राजीव कुमार शर्मा व समाज कल्याण अधिकारी रणजीत ने बताया कि 500 के सापेक्ष चार ब्लॉकों से 317 जोड़ों की सूची फाइनल है। एक दो जोडे बढ़ भी सकते है। शादी के लिये सभी तैयारियां पूर्ण है।

### डॉ. दीप नारायण को मिला युवा शक्ति सम्मान

**चुनार।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विषय के सहायक प्रोफेसर डा0 दीप नारायण को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश काशी महानगर इकाई द्वारा शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा कार्य हेतु युवा शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ काशी महानगर इकाई द्वारा कर्तव्यबोध पखवारा के अन्तर्गत यह सम्मान समारोह शेपा संस्थान वाराणसी में आयोजित किया गया। समारोह के अध्यक्ष प्रोफेसर पृथ्वीश नाग, निदेशक शेपा, मुख्य अतिथि प्रोफेसर आनन्द कुमार त्यागी, कुलपति, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर संजीव कुमार, कुलपति, महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ द्वारा सम्मान प्रदान किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला, समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने डा0 दीप नारायण को इस सम्मान हेतु बधाई दी गई।



### महिला को बचाने में बाइक सवार गिरकर घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चककोटार बौद्ध मंदिर के पास सोमवार को तीन बजे दिन पैदल जा रही महिला को बाइक से टक्कर लगने पर बाइक सवार सहित महिला गिरकर घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उपचार चल रहा है। थाना क्षेत्र के अहुगी कलां गांव निवासी 35 वर्षीय श्याम लाल अपने रिस्तेदार के यहां बाइक से जा रहे थे कि जैसे ही अदवा पुरवा नहर चककोटार गांव स्थित बौद्ध मंदिर के पास पहुंचे कि सड़क पर पैदल जा रही महिला बीरपुर गांव निवासी 50 वर्षीय शांति देवी बाइक सवार ने असंतुलित होकर टक्कर मार दिया जिससे राहगीर महिला सहित बाइक सवार गिर कर घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उपचार चल रहा है। इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया कि घायलों का उपचार किया जा रहा है हालात सामान्य है।

### पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**लालगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के निर्देश के क्रम में थाना लालगंज पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक सुरेश सिंह कुशवाहा मय पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर तेन्दुहनी गांव निवासी राजेश पुत्र जगन व खमरिया निवासी जगन्नाथ कोल पुत्र पन्नालाल कोल को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय जेल भेजा गया। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस की निगाह क्षेत्र में बनी हुई है। अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### बाइक में साड़ी फंसने से महिला गिरकर घायल

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सगरा गांव में सोमवार को बाइक से हलिया बाजार आ रहे बाइक चालक के पीछे बैठी महिला की साड़ी बाइक में फंस गयी जिससे सड़क पर गिरकर घायल हो गयी। महिला को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। थाना क्षेत्र के सगरा गांव निवासी 24 वर्षीय लीलावती अपने एक रिस्तेदार के साथ बाइक पर पीछे बैठकर हलिया बाजार आई थी कि अचानक बाजार में बाइक के चक्का में साड़ी फंस गयी जिससे सड़क पर गिरकर घायल हो गई। आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उपचार चल रहा है। इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया कि महिला का उपचार किया जा रहा है। सर व पैर चोटे आई है।

### हजारों श्रद्धालुओं ने गड़बड़ा धाम में नवाया शीश

**हलिया।** विकास खंड के सुप्रसिद्ध स्थल गड़बड़ा धाम में सोमवार को भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। भोर से ही ठंड की बिना परवाह किए, आस्था की डोर से बंधे भक्तों ने सेवटी नदी में स्नान किया। मंदिर का कपाट खुलते ही पुरुष, महिला भक्त अलग-अलग कतारों में खड़े होकर दर्शन पूजन किया। मंदिर परिसर मां के जयकारे से गूंजता रहा। सेवटी नदी से जल भरकर देवी धाम में दर्शन-पूजन के लिए भक्त पहुंचे। स्नान के लिए घाट पर भी भीड़ उमड़ी रही। मंदिर पुजारी मंगल धारी मिश्र व रामाश्रय मिश्र ने बताया कि भोर से मंगल आरती के पश्चात से ही मंदिर का पट खोल दिया गया था। तब से अनवरत श्रद्धालुओं के आने-जाने का सिलसिला पूरे दिन जारी रहा। लगभग बीस हजार भक्तों ने मां के दरबार में शीश नवाया।

### महिला जन सुनवाई का आयोजन 22 को

**मीरजापुर।** सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ नीलम प्रभात की अध्यक्षता में 22 जनवरी को अपरान्ह 12 बजे से जिला पंचायत सभागार में महिला जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन होना है। उक्त जन सुनवाई कार्यक्रम में कोई भी महिला या बालिका जो किसी प्रकार की हिंसा, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न या अन्य उत्पीड़न से पीड़ित हो या उन्हे किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है तो वे आयोजित महिला जन सुनवाई कार्यक्रम में सदस्य के समक्ष उपस्थिति होकर अपने प्रकरण का निस्तारण करा सकती है।

### अतिक्रमण हटाने के लिए तहसील दिवस पर दिया प्रार्थना पत्र

**लालगंज।** उत्तर प्रदेश अधिवक्ता संघर्ष समिति अध्यक्ष चंद्रदत्त त्रिपाठी एडवोकेट ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि तहसील क्षेत्र की आधा दर्जन मुख्य बाजारों की सड़कों पर अवैध रूप से टीन सेट एवं सड़क की पटरी पर गिट्टी बालू रखकर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे आए दिन दुर्घटना घटित हो रही है। सड़क से अतिक्रमण हटाया जाए। मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीएम वित्त ने अतिक्रमण हटाए जाने का संबंधित विभाग को निर्देश दिया गया। उन्होंने मांग किया कि सड़कों पर से अतिक्रमण खाली कराया जाए जिसमें लोक निर्माण विभाग एवं पुलिस प्रशासन की टीम गठित कर अभिलंब अतिक्रमण खाली कराए जाने की मांग की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीएम वित्त ने संबंधित विभाग को निर्देश दिया।

### हृदय गति रुकने से किसान की मौत

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव निवासी एक अधेड़ किसान की रविवार को देर रात हृदय गति रुकने से मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव निवासी 52 वर्षीय लाल बहादुर सिंह उर्फ गुड्डू सिंह रविवार को शाम गांव में एक कार्यक्रम में शरीक होने गए थे। वहां से देर शाम खेत के पास से वापस लौट रहे थे कि रास्ते में अचेत होकर गिर गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर चले गये और अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक अधेड़ किसान के पास चार बेटियां हैं। इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया कि परिजन मृत अवस्था में लेकर आए थे। प्रथम दृष्टया हृदय गति रुकने से मौत हुई है।

### मारपीट करने का आरोप लगाते हुए दर्ज कराया मुकदमा

**लालगंज।** थाना क्षेत्र के पचोखर गांव निवासी दिवंगत पूर्व विधायक की पुत्रवधू द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पांच के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। दूसरे पक्ष से भी पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। लालगंज थाना क्षेत्र के गांव निवासी पूर्व विधायक भाईलाल कोल की पुत्रवधू सरोज द्वारा गांव के लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाने का सोमवार को तहरीर दिया है। मिले तहरीर के आधार पर थाने में आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले का छानबीन करते हुए पुलिस ने आरोपियों को धर पकड़ में पुलिस जुट गई है। उधर पचोखर गांव निवासी दूसरे पक्ष द्वारा से विष्णु प्रसाद मिश्र द्वारा भी थाने में तहरीर देकर द्वार चार के समय बारातियों के साथ मारपीट करने और शादी विवाह में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाया गया है। दी गई तहरीर में बताया गया कि रविवार को शाम विष्णु प्रसाद मिश्रा के चाचा मंगला प्रसाद मिश्र की लड़की की शादी का उत्सव था। बारातियों को आने के बाद विपक्षियों द्वारा शराब के नशे में उत्पाद मचाया गया और मना करने पर मारपीट की गई। तहरीर में पांच लोगों को नामजद किया गया है। तहरीर के आधार पर थाने में पांच लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर ली गई है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की जांच पड़ताल की जा रही है।

### चुनाव के लिए नामांकन पत्र की खरीदारी प्रारंभ

**लालगंज।** उपरौध अधिवक्ता समिति की नई कार्यकारिणी चुनाव हेतु नामांकन पत्र की खरीदारी प्रारंभ हो गई। नामांकन फॉर्म 20 एवं 21 जनवरी को वितरित किया जाएगा। सहायक चुनाव अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि नामांकन पर्चा सोमवार एवं मंगलवार को वितरित किया जाएगा। जिसमे सोमवार को अध्यक्ष पद से एक, सचिव पद से एक, पुस्तकालय पद से एक नामांकन वितरित किया गया।

# स्कॉर्पियो-बाइक की टक्कर में एक की मौत, दूसरा जख्मी

## भरहरी गांव के परेवानाला पर हुआ हादसा, सिंगरौली से भरहरी आ रहे थे बाइक सवार



जनसंदेश न्यूज

**चोपन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भरहरी गांव के परेवानाला पर सोमवार को स्कॉर्पियो-बाइक सवार के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाते हुए शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी।

बताया गया कि संतलाल पुत्र राम आधार व पन्नालाल पुत्र रामधनी निवासीगण सुध्दां, सिंगरौली मध्य प्रदेश बाइक से किसी कार्य से भरहरी की तरफ जा रहे थे। तभी तेज गति से आ रही स्कार्पियो से बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में संतलाल की मौत हो गई। जबकि पन्नालाल घायल हो गया।

हादसा होते ही मौके पर अफरा तफरी मच गयी। देखते ही देखते आस पास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गयी। लोगों ने बचाव कार्य शुरू करते हुए इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू करते हुए घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उधर मौत की खबर लगते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

### पेड़ से टकरायी बोलेरो, चार घायल

**खलियारी।** रायपुर थाना क्षेत्र के रॉबर्ट्सगंज-खलियारी मार्ग पर सोमवार को बोलेरो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वैनी पहुंचाया। बताया गया कि मांची थाना क्षेत्र के सुअरसोत गांव से एक ही परिवार के 6-7 लोग बोलेरो से प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए गए थे। वापसी के दौरान सोमवार की तड़के रायपुर थाना क्षेत्र के रॉबर्ट्सगंज-खलियारी मार्ग पर पटवध मोड़ के पास बोलेरो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दुर्गावती 50, कबूतरी 58, गुप्तेश्वर 38, रामचंद्र 60 को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रामचंद्र की हालत नाजुक होने के चलते उन्हें वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी।

## ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले तीन धराये

**अनपरा।** स्थानीय पुलिस ने डीजल चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात जरिकेन से 250 लीटर डीजल, तीन मोबाइल, एक तमंचा, दो अदद जिन्दा कारतूस बरामद कर लिया। एसएचओ ने बताया कि बीते 19 जनवरी को सुनील कुमार यादव ने तहरीर दी कि बीते 17 जनवरी की रात अन्नपूर्णा होटल बैरपान ग्राम कुलडोमरी के पास खड़ी ट्रकों से अज्ञात चोरों द्वारा डीजल चोरी कर लिया गया। जिसपर पुलिस संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। इस क्रम में पुलिस ने ट्रकों से डीजल चोरी को अंजाम देने वाले राजेश कुमार पनिका पुत्र शिवप्रसाद पनिका निवासी शूदा, चितरंगी, राम विशाले सिंह पुत्र बाबूलाल व सुखसैन सिंह पुत्र राम सिंह गोड़ निवासीगण बगैया, चितरंगी, सिंगरौली को मुखबिर की सूचना पर कुलडोमरी टोला लोझरा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपियों के पास से पुलिस ने 250 लीटर डीजल, एक कार, तीन मोबाइल, अवैध कट्टा 12 बोर व जिन्दा कारतूस बरामद कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी। टीम में प्रभारी निरीक्षक शिव प्रताप वर्मा, अशोक सिंह, उदयभान राव, रविशंकर बिन्द, विपिन जायसवाल, मनीष कुमार भारती आदि शामिल रहे।

# सिंगरौली की निधि के सिर सजा मिस इंडिया का ताज

## फर्रुखाबाद में आयोजित प्रतियोगिता में चुनी गई विजेता

जनसंदेश न्यूज

**शक्तिनगर।** सिंगरौली जिले के मोरवा स्थित भूसा मोड़ निवासी निधि तिवारी ने इस बार प्रदेश के फरुर्खाबाद युवा महोत्सव में आयोजित 21वीं ब्यूटी विथ ब्रेन प्रतियोगिता जीतकर मिस इंडिया का खिताब अपने नाम किया। गौरतलब है कि बीते वर्ष भी इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी रही निधि को मिस प्रिटी इंडिया के खिताब से नवाजा गया था।

मुख्य अतिथि रहीं जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव व वरिष्ठ सपा नेता डा. नवल किशोर साकिया ने उन्हें क्राउन पहनाकर, विजेता की शील्ड, प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। बीते 16 जनवरी को हुए इस प्रतियोगिता में उत्तरप्रदेश के कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र, फरुर्खाबाद, इटावा समेत अन्य जिले से भी प्रतिभागी हिस्सा लेने पहुंचे थे। वहीं मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले से पहुंची निधि तिवारी ने इन प्रतिभागियों के बीच अपनी जगह बनाते हुए खिताब अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त फतेहगढ़ से प्रतिभागी रिया सिन्हा को मिस फरुर्खाबाद, गोरखपुर की अनु सिंह को मिस यूपी, वही लखनऊ की कृषिका यादव को मिस प्रिटी इंडिया के खिताब से नवाजा गया। लंबे समय से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने नृत्य कला का जलवा बिखेरती निधि का सपना बड़े पर्दे पर काम करने के साथ बिग बॉस जैसे रियलिटी शो में हिस्सा लेने का है। इन्होंने इंस्टाग्राम में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि लगातार जिम करते हुए एवं स्ट्रिक्ट डाइट मेंटेन कर उन्होंने इस बार इस प्रतियोगिता को जीता है। वहीं वह आगे भी मिस इंडिया कॉन्टैक्ट में पहुंचने की तैयारी में जुटी रहेंगी, ताकि बड़े पर्दे पर जाने का उनका सपना साकार हो सके।



निधि को सम्मानित करते अतिथिगण।

# आपदा से निपटने के लिए मॉक ड्रिल जरूरी : महाप्रबंधक

**बीजपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी रिहंदनगर में सोमवार को आग लगने की स्थिति में बचाव के उद्देश्य से मॉक ड्रील का अभ्यास किया गया। आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग, इलेक्ट्रिकल विभाग व थानाध्यक्ष आदि को दिया गया। सूचना मिलते ही सीआईएसएफ की अग्निशमन विभाग के कर्मी पहुंच गये। वहीं धन्वंतरि चिकित्सालय से एंबुलेंस भी पहुंच गयी। सभी बच्चे सुरक्षित बाहर आ गए।

प्रभाकर और पियूष शर्मा को बेहोशी की स्थिति में एम्बुलेंस से धन्वंतरि चिकित्सालय भेजा गया। महाप्रबंधक संजय असाटी ने बताया कि सभी विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में अग्निशमन विभाग को तत्काल सूचित करना चाहिए और बचाव उपकरण चलाने का तरीका सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर मॉकड्रिल द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाना जरूरी है। वहीं इंस्पेक्टर फायर कैलाश चंद्र गोरा ने विद्यार्थियों को अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण दिया। प्रबंधक सेफ्टी कुलदीप चौधरी ने आग से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडर के लिक होने की स्थिति में सभी खिड़कियां और दरवाजे खोल देना चाहिए। किसी भी स्विच को ऑन-ऑफ नहीं करना चाहिए। डीजीएम इलेक्ट्रीकल मनोज रंजन ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की स्थिति में मेन स्विच ऑफ कर देना चाहिए। इस मौके पर जिम्मी जोसेफ, विरेन्द्र कुमार नायक, संतोष उपाध्याय, सुनील बास्के, मनोज रंजन, आलोक चौधरी, रोशन कुमार, सत्यनारायण सिंह, देवांश चौधरी, रितांशु गुप्ता, नीरव कश्यप समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



बच्चों को आग से बचाव के उपाय बताते अधिकारी।

### दुबाए चुनाव : 15 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**दुद्धी।** बार एसोसिएशन के वर्ष 2025-26 के लिए होने वाले संगठनात्मक चुनाव के नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन तक 15 लोगों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन किया। जिसमें अध्यक्ष व सचिव को छोड़ शेष पदों पर निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। इल्डर कमेटी के चेयरमैन अशोक कुमार ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए नामांकन कुलभूषण पांडेय व प्रेमचंद यादव, सचिव पद पर राकेश कुमार व दिनेश कुमार ने नामांकन दाखिल किया। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विपिन बिहारी, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर दो पद के लिए दुबेश प्रकाश व रामसागर, उपाध्यक्ष दो वर्ष से ऊपर दो पद के लिए कृष्णानंद तिवारी व प्रदीप कुमार, कोषाध्यक्ष के लिए राजेश रंजन जौहरी, सहसचिव पुस्तकालय बैजनाथ यादव, सहसचिव प्रशासन पीयूष कुमार, सहसचिव प्रकाशन एमजे अहमद एवं सदस्य गवर्निंग काउंसिल 15 वर्ष से ऊपर छह पदों के लिए शन्नो बानो व मनोज कुमार यादव ने नामांकन दाखिल किया। इस प्रकार अध्यक्ष व सचिव को छोड़ सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच, वापसी और वैध नामांकन पत्रों का प्रकाशन होगा। मतदान 24 को और उसी दिन मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी।

# बाबा साहब के बताये रास्ते पर चल रही बीजेपी : अमरनाथ

## संविधान गौरव अभियान के तहत बीजेपी कार्यालय पर हुई गोष्ठी

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाये जा रहे संविधान गौरव अभियान के क्रम में सोमवार को जिला कार्यालय पर गोष्ठी सम्पन्न हुई। गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव व विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि संविधान गौरव संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर उत्सव स्वरुपी अभियान है। बाबा साहब ने जिस पथ पर चलने का सपना देखा था, आज भारतीय जनता पार्टी उस पथ पर चल रही है। बाबा साहब की सोच थी कि देश में सामाजिक, आर्थिक समरसता व लोगों में सद्भाव बना रहे, तभी देश की उन्नति संभव है। जब वे कानून मंत्री थे तभी उन्होंने लाये गये धारा 370 का विरोध किया था। कहा कि बाबा साहब सच्चे राष्ट्रवादी थे, जिन्होंने संविधान की आत्मा को परिभाषित किया। कांग्रेस पार्टी के विभाजक एजेण्डे से राष्ट्र की रक्षा करने में भी उनका अहम योगदान था। पिछले 75 वर्षों में कांग्रेस ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लगातार अपमानित किया है। कांग्रेस की इस मानसिकता की वजह से दशकों तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं मिला। जिला प्रभारी ने कहा कि आज बाबा साहब के नाम पर तमाम राजनीतिक दल अपनी रोटी सेंकते हैं और उनके सिद्धांतों, परिकल्पना को भूल जाते हैं, लेकिना पार्टी की मोदी सरकार द्वारा अन्त्योदय को ध्यान में रखकर कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने कहा कि बाबा अंबेडकर के जीवन का जो उद्देश्य था, वही संगठन के मुखिया पं. दीनदयाल उपाध्याय की भी परिकल्पना थी। जब तक अंतिम व्यक्ति का विकास नहीं, होगा तब तक भारत विश्व गुरु नही बन सकता।

इस मौके पर अजीत चौबे, अशोक मिश्रा, उदयनाथ मौर्या, रामसुन्दर निषाद, संतोष शुक्ला, बृजेश श्रीवास्तव, शारदा खरवार, कुसुम शर्मा, रजनीश रघुवंशी, प्रमिला तिवारी, कैलाश बैसवार, अनिल सिंह गौतम, विनय श्रीवास्तव, नार सिंह पटेल, सरजू बैसवार, यादवेन्द्र द्विवेदी, कमलेश खांभे, अनूप तिवारी, मनीष पटेल, विजय चौहान, अंकुर सिंह, योगेन्द्र बिन्द, संदीप पटेल समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता ने किया।



गोष्ठी को संबोधित करते मुख्य अतिथि बीजेपी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव।

# एनटीपीसी ने आयोजित किया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

जनसंदेश न्यूज

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली के ऐश उपयोगिता समूह एवं सुरक्षा विभाग द्वारा बीते 18 जनवरी को स्थानीय ऐश डाइक, खड़िया बाजार में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य ट्रैफिक नियमों के पालन हेतु सुरक्षित व्यवहार, वाहन फिटनेस की महत्ता और कार्यस्थल एवं आस-पास के क्षेत्र में कर्मचारियों और पर्यवेक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

अभियान में सुरक्षित ड्राइविंग प्रथाओं का प्रदर्शन, सुरक्षा पुस्तिकाओं का वितरण और सड़क खतरा प्रबंधन पर इंटरैक्टिव सत्र शामिल किए गए। प्रतिभागियों को स्पीड लिमिट, सुरक्षा गियर पहनने की महत्ता और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रक्रियाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। तत्पश्चात सड़क सुरक्षा जागरूकता क्विज भी आयोजित किया गया, जिसमें जागरूक ड्राइवरों और पर्यवेक्षकों को सम्मान स्वरूप टोकन गिफ्ट प्रदान किए गए। इसके तहत एक सुरक्षित कार्य परिवेश को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दोहराया गया।

एडीएम विभाग के संजीव कुमार, रंजीत कुमार केसरी, दिवाकर कुमार, बिकाश पी जनार्दन द्वारा ड्राइवरों एवं तमाम आगंतुकों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।



रहवासियों को जागरूक करते एनटीपीसी के अधिकारी।

# सीएमओ के खिलाफ स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश

## दिव्यांग सर्टिफिकेट जारी करने के लिए नहीं लगा कैम्प, बिफरे डीएम

**आयोजन**

### संपूर्ण समाधान दिवस पर जिले के चारों तहसीलों में अधिकारियों ने सुनी पीड़ितों की फरियाद

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिले की चारो तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार के स्थान पर सोमवार को किया गया। इस दौरान दर्जनों मामलों का निस्तारण कराया गया। मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में जिलाधिकारी बीएन सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने तहसील दिवस में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सरल भाव से सुनते हुए उनके प्रकरणों का निस्तारण कराया। इस दौरान जनकल्याणकारी विभागों द्वारा अपने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड, विधवा, वृद्धा, सुमंगला योजना, दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी करने सम्बन्धी कैम्प लगाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा पूर्व से ही दिया जाता रहा।

जिलाधिकारी ने विभागों द्वारा लगाये गये कैम्प का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया कि समाज कल्याण विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा कैम्प आयोजित कर पेंशन के नये आवेदन करने के साथ ही लोगों के आयुष्मान कार्ड का केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण में पाया गया कि दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाने का कैम्प नहीं लगाया गया था, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित मुख्य चिकित्साधिकारी के खिलाफ तत्काल स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये।

कैम्प में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत पांच लाभार्थियों का नया आवेदन करने के साथ ही पात्र दो विधवा पेंशन का भी आवेदन किया गया। समाज कल्याण विभाग एक नये पात्र लाभार्थी का आवेदन करने के साथ ही एक लाभार्थी का केवाईसी किया गया। आठ पात्र लाभार्थियों के बने हुए आयुष्मान कार्ड की केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करायी गयी।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं सम्बन्धी कैम्प अवश्य लगाया जाये, जिससे लोगों को सम्बन्धित विभाग में आने के बजाय सम्पूर्ण समाधान दिवस में उनके समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस के मौके पर प्रत्येक तहसील में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, इसके लिए नागरिकों में प्रचार-प्रसार करने की जरूरत है, जिससे ज्यादा से ज्यादा पात्र लाभार्थियों को केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।



घोरावल तहसील में पीड़ितों की फरियाद सुनते डीएम व एसपी।

## संक्षेप

### राज्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को महाकुंभ आने का दिया आमंत्रण

**डाला।** राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने सोमवार को दिल्ली में जनजाति कार्य केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव से स्नेहिल मुलाकात कर उनको सरकार की ओर से महाकुंभ में आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने महाकुम्भ की तैयारियों के बारे में भी बताया। राज्यमंत्री ने बताया कि पौराणिक काल से प्रत्येक 12 वर्षों के अंतराल पर सांस्कृतिक और आध्यात्मिक के समागम प्रयागराज में मां गंगा, यमुना और सरस्वती संगम प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में आने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उनकी ओर से आमंत्रित किया है। कुंभ पर्व पर स्नान का महत्व शास्त्रों में वर्णित है। इस बार स्नान के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

### दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की कैद, 10 हजार रुपये अर्थदंड

**सोनभद्र।** अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/सीएडब्लू, सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने सोमवार को सात वर्ष पूर्व हुए दुष्कर्म के मामले सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी डब्लू को 10वर्ष की कठोर कैद व 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं कोर्ट ने अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक जुगैल थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासिनी पीड़िता ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसके पति 15 दिन पूर्व से काम करने बाहर गए थे। उसे घर में अकेला पाकर डब्लू पुत्र रामप्रसाद निवासी जुगैल टोला लोलहवा, थाना जुगैल, जिला सोनभद्र ने 3 फरवरी 2018 को 12 बजे उसके साथ जबरन बलात्कार किया। शोर करने पर मारा पीटा और लोगों के आने पर भाग गया। उसके ससुर आए तो उनसे सारी बात बताई। वह तीन बच्चों की मां है। आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें। इस तहरीर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान और पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी डब्लू को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बहस की।

### दो चोर धराये, समर्सेबिल समेत तमंचा-कारतूस बरामद

**घोरावल।** अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के क्रम में स्थानीय पुलिस ने समर्सेबिल पम्प चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार उनके कब्जे से चोरी की दो समर्सेबिल, एक मोनो ब्लाक, दो स्टार्टर, दो देशी तमंचा, चार जिन्दा कातूस, नगद 3000 व एक बिना नम्बर प्लेट की बाइक बरामद करने का दावा किया है। घोरावल कोतवाली में आरोपियों को मीडिया से रूबरू कराते हुए सीओ राहुल पांडेय ने बताया कि पुलिस टीम को गश्त के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि जमगाई तिराहे पर दो बाइक पर चार व्यक्ति बोरियों में कुछ सामान लेकर कहीं जाने के लिए खड़े हैं। जिसपर पुलिस की दो टीमों द्वारा जमगाई तिराहे पर पहुंचकर चारों से पूछताछ हेतु वाहन रोका तो दोनों बाइक पर सवार चारो व्यक्ति भागने लगे। जिसपर पुलिस टीम ने एक बाइक पर सवार राहुल पुत्र रामलखन निवासी ग्राम जेडरुआ, करमा व प्रमोद बैगा पुत्र मोहर लाल निवासी ग्राम दुगौलिया, शाहगंज, सोनभद्र को पीछा कर पकड़ लिया, जबकि दूसरे बाइक सवार अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। उनके कब्जे से चोरी का एक समर्सेबिल, एक स्टार्टर व जामा तलाशी में दो तमंचा 315 बोर मय चार अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दूसरी बाइक से जो दो व्यक्ति भाग गये वह हमलोग के साथी हैं, जिनका नाम सत्यपाल पुत्र कोमलचन्द्र पाल व गुंजन पुत्र चौधरी निवासीगण ग्राम बकाही, रॉबर्ट्सगंज हैं।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, सनसनी

**सोनभद्र।** चुनार चोपन रेल ट्रैक पर एक युवक का शव मिलने से सनसनी मच गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया कि सोमवार की सुबह चुनार चोपन रेल ट्रैक पर चौकी क्षेत्र के वार्ड नंबर छह के पास एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच शुरू कर दी। शव की पहचान रिपु मौर्या 30 पुत्र लाल बाबू मौर्या निवासी वार्ड छह चुर्क के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**दुद्धी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रजखड़ गांव में सोमवार की तड़के एक विवाहिता की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि रेखा देवी 28 पत्नी रत्नेश पटेल निवासी रजखड़ अपने घर में सुबह उठकर पति से बाहर जाने की बात बोलकर निकली थी। घर के महज 50 मीटर दूर धान के पुआल पर अचेतावस्था में विवाहिता पड़ी हुई थी। परिजन आनन-फानन में विवाहिता को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

# टीसीडी दुद्धी ने प्रकाश पाली रावट्र्सगंज को 43 रनों से दी शिकस्त

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** टाउन क्लब के तत्वावधान में स्थानीय टीसीडी खेल मैदान पर चल रहे 38वें अंतरराज्जीय क्रिकेट टूनार्मेंट के सोमवार को खेले गए मैच में टीसीडी दुद्धी की टीम ने प्रकाश पाली की टीम को 43 रनों से हरा फाइनल में प्रवेश कर लिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुमित सोनी ने बताया कि मैच का टॉस टीसीडी दुद्धी के कप्तान सागर ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 3 विकेट खोकर 246 रन बनाये।

जिसमें आलोक शर्मा ने बल्लेबाजी करते हुए 124 रन, अंकित ने 31 रन, अंकुर ने नाबाद 22 रन, रजत राज ने 48 रन बनाए। प्रकाश पाली टीम के गेंदबाज काशी ने दो विकेट व शिव ने एक विकेट हासिल किया। बल्लेबाजी के लिए उतरी प्रकाश पाली की टीम 20 ओवर में छह विकेट खोकर 203 रन ही बना सकी। अमित ने 54 रनों की पारी खेली। गौरव ने 50 रन, सौर्य ने 61 रन बनाये। टीसीडी दुद्धी के गेंदबाजों में सचिन ने 3 विकेट, धर्मेंद्र ने दो विकेट हासिल किया। आलोक को मैन आफ द मैच घोषित कर मुख्य अतिथि राजेश शर्मा के हाथों पुरस्कृत किया गया। अम्पायर सुनील गुप्ता व जामी, कमेंट्री सलीम खां एवं सुनील जायसवाल, स्कोरिंग निशान्त जौहरी व अयाज ने किया।



खिलाड़ी को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि।

### डीसीए-बी टीम रही विजेता

**ओबरा।** जिला सोनभद्र क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित सोनभद्र क्रिकेट लीग में सोमवार का मुकाबला डीसीए-बी बनाम डीसीए-सी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसीए-सी की टीम ने 30.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 152 रन बनाए। सर्वाधिक अभिजीत ने 25 व रंजन ने 24 रन बनाए। वहीं गेंदबाजी में डीसीए-बी की ओर से अमित ने चार और रित्विक ने तीन विकेट हासिल किए। जबाब में उतरी डीसीए-बी ने यह लक्ष्य महज 17 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। शिव ने सर्वाधिक 83 रन व रित्विक ने 54 रनों की पारी खेली। डीसीए-सी की ओर से रंजन व अभिषेक ने 1-1 विकेट हासिल किए। 54 रन बनाने और 3 विकेट हासिल करने वाले रित्विक को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। अंपायर विंदेश व शिवम रहे।

# नैस्कॉम फाउंडेशन ने ग्रामीणों को दिया डिजिटल प्रशिक्षण

**सोनभद्र।** चतरा ब्लॉक के ग्राम नौडिहा, चरकोनवा और चिंतविसरांव में नैस्कॉम फाउंडेशन द्वारा डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। फाउंडेशन मैनेजर संजय राणा और प्रोजेक्ट फील्ड ऑफिसर राघवेंद्र पांडे ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को डिजिटल तकनीक के प्रति प्रशिक्षण करना और उन्हें डिजिटली सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण में डिजिटल उपकरणों के माध्यम से आमजन मानस कैसे अपने जीवन को आसान बना सकते हैं एवं कैसे संभावित खतरों से स्वयं एवं अपने परिवार को बचा सकते हैं के बारे में अवगत करवाया गया। जिसमें मोबाइल बैंकिंग, बेसिक कंप्यूटर की जानकारी, ऑनलाइन लेन-देन, सरकारी पोर्टल के माध्यम से ई गवर्नेंस सुविधाओं का उपयोग और डिजिटल सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। मैनेजर डिजिटल लिटरेसी ने बताया कि डिजिटल साक्षरता आज के युग में अत्यंत आवश्यक है और नैस्कॉम फाउंडेशन इस दिशा में ग्रामीण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राघवेंद्र पांडे ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग पर जोर दिया और प्रशिक्षण के माध्यम से कई उपयोगी टिप्स के साथ डिजिटल उपकरणों को साझा करते हुए कैसे उपयोग किए जाते हैं। 120 लोगों ने इस पहल का स्वागत किया और इसे अपने और परिवार के लोगों को जीवन में उपयोगी बताया। कार्यक्रम नैस्कॉम फाउंडेशन की डिजिटल सशक्तिकरण की मुहिम का हिस्सा है, जो ग्रामीण भारत को डिजिटल रूप से मजबूत और जागरूक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मास्टर ट्रेनर शशिभूषण, शिवा, अभिषेक कुमार ने डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिया।



ग्रामीणों को प्रशिक्षण देते ट्रेनर।

# शहर बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले व्यापारियों ने निकाला जुलूस

जनसंदेश न्यूज

**डीडीयू नगर।** नगर क्षेत्र में एक गुट सिक्स लेन बनाने के लिए तीन दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहा है। वहीं दूसरी ओर व्यापारियों के गुट ने सोमवार को नगर क्षेत्र में फोर लेन बनाने के लिए में पीडब्ल्यूडी आफिस तक जुलूस निकाला। व्यापारियों व दुकानदारों का एक जत्था सोमवार को शहर बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले पीडब्ल्यूडी कार्यालय पहुंचा और एक्सईएन राजेश कुमार को पत्रक सौंपा। उन्होंने नगर में फोरलेन बनाने के निर्णय का स्वागत किया।

सुबह व्यापारी व दुकानदार गल्ला मंडी स्थित कार्यालय पहुंचे। यहां से जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए जीटी रोड होते हुए वे पीडब्ल्यूडी कार्यालय पहुंचे। यहां भी उन्होंने फोरलेन के समर्थन में जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। इसके बाद वे एक्सईएन के कार्यालय में पहुंचे और मांगपत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश पर नगर में बन रहे फोरलेन से वे पूरी तरह संतुष्ट हैं। यह जनहित में लिया गया न्यायसंगत कार्य है। इस मानक में भी कई दुकानों और मकान क्षतिग्रस्त होंगे किंतु जनता के हित में यह भी व्यापारियों को स्वीकार्य है। जीटी रोड के व्यापारियों के हित को ध्यान में रखकर कराया जा रहा फोरलेन का निर्माण स्वागत योग्य है। इन दुकानों से कई लोगों की रोजी-रोटी चलती है। इस दौरान इरशाद अहमद बबलू, लक्ष्मीकांत अग्रहरि, निजाम बाबू, संता सिंह, आशुतोष जायसवाल, शिवकुमार जायसवाल, अंकुर जायसवाल, दिनेश जायसवाल, सरदार सतपाल सिंह, सरदार लोचन सिंह, राजवीर सिंह, रोहिताश पाल, विकास खरवार, मुन्नू चौरसिया सौरभ जायसवाल, राजकुमार गुप्ता आदि शामिल रहे।



फोर लेन के समर्थन में डीडीयू नगर में जुलूस निकालते व्यापारी।

## नहर में गिरने से मजदूर की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के अमिलाई गांव में रविवार की रात में नहर में गिरने से 48 वर्षीय गुलाब राम की मौत हो गयी। देर रात लोगों ने नहर से निकालकर उसको घर ले गये। सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

बताते हैं कि अमिलाई गांव के रहने वाले गुलाब राम मजदूरी कर परिजनों का परिवार चलाते थे। रविवार की शाम को बिना बताये घर से अपने लूना से चले गये। रात में करीब 1 बजे नहर में गिरे गुलाब को देख राहगीर ने ग्रामीणों को सूचना दिया। ग्रामीणों ने उसे नहर से निकालकर घर पहुंचाया। जहां परिजनों ने उसे आग तपाकर घर में सुला दिया। भोर में मजदूर की मौत हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे बलुआ इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा और कैलावर चौकी इंचार्ज अनिल यादव ने शव को पीएम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। मृतक के बड़े पुत्र मनीष ने थाने में तहरीर दिया कि मेरे पिता खेत मे पानी लगाने गये थे, जहां नहर में गिरने से मौत हो गयी। इस संदर्भ में बलुआ इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। नहर में गिरने से मौत हुई है। मौत से पत्नी तेतरा देवी, पुत्र मनीष, शाह भारती, पुत्री पायल, प्रियंका का रोकर बुरा हाल रहा।


मजदूर की मौत के बाद अमिलाई में रोते बिलखते परिजन।

## कुम्भ से लौट रहे बाइक सवार की दुर्घटना एक घायल एक की मौत

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के जसौली ग्राम के समीप सोमवार की रात नेशनल हाइवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बुलेट सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से तत्काल दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान एक युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं दूसरे युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिहार के गया निवासी दोनों युवक बुलेट बाइक से प्रयागराज में लगे महाकुम्भ में संगम स्नान करने गए थे। सोमवार को लौटते समय देर शाम कोतवाली क्षेत्र के जसौली ग्राम के पास नेशनल हाइवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। इससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल घटना से पुलिस को अवगत कराया। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया।

वहीं एक अन्य युवक की हालत नाजुक देख वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बिहार के गया निवासी दोनों युवक प्रयागराज संगम से लौट रहे थे।

### महाकुंभ को देखते हुए आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान

**डीडीयू नगर।** महाकुंभ को देखते हुए स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डीडीयू के निरीक्षक प्रभारी प्रदीप कुमार रावत के नेतृत्व में स्टेशन, प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया में रेल यात्रियों की सुरक्षा बाबत जागरूक अभियान चलाया जा रहा है। डीडीयू स्टेशन पर सोमवार की दोपहर में रेलवे सुरक्षा बल हाथ में बैनर लेकर माइक पर एलाउंस कर जागरूक किया गया। गाड़ियों में बिना किसी उचित व पर्याप्त कारण के गाड़ियों में चेन पुलिंग ना करें। ट्रेस पासिंग न करें, रेलवे लाइन को पार करने के लिए अधिकृत रास्ते का ही प्रयोग करें। ट्रेनों पर पत्थर आदि न फेंकने के बाबत जागरूक किया गया। इससे होने वाले नुकसान एवं प्रशासन के तरफ से की जाने वाली विधिक कार्यवाही व इससे लिए न्यायालय द्वारा दिए जाने दंडों के संबंध में विस्तार से बताया गया। रेलवे ट्रैक पार नहीं करने, एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए सदैव फूट ओवर ब्रिज का प्रयोग करें। इससे होने वाली दुर्घटना के बारे में अवगत करते हुए लाउड हेलर, बैनर, पोस्टर के माध्यम पूरे स्टेशन परिसर में घूम घूम कर यात्रियों को जागरूक किया गया। इस अभियान में उपनिरीक्षक अर्चना मीणा, सहायक उप निरीक्षक पीएन राय, एससी नादर, प्रधान आरक्षी रसीदा बानो, आरक्षी भूपेंद्र यादव,अशोक यादव,विजय सिंह व अन्य स्टाफ शामिल रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में पड़े 106 प्रार्थना पत्र, 6 का हुआ निस्तारण

**चकिया।** तहसील सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फूंडे की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मामलों के 106 प्रार्थना पत्र पड़े, जिसमें से 6 प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया।

इस दौरान अधिवक्ता रजनीश मौर्य ने महिला अस्पताल के बगल में जमीन नदी कमर को लेकर पत्रक दिया। वहीं सेमरा गांव निवासी अनफूल देवी ने जमीन पर फर्जी खारिज न होने के संबंध में पत्र दिया वहीं जिलाधिकारी ने ढोड़नपुर गांव में बच्चन, वंशी, बनवारी, लोचन और बबाड़ के 30 साल पुराने पट्टे और हाई कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए वन विभाग को चेताया कि वन भूमि पर कब्जे और पट्टे से संबंधित मामलों का निपटारा समय रहते कर लें। समाधान दिवस में इलिया निवासी इम्तियाज ने हल्का लेखपाल रमेश पाल पर आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया कि गांव की बंजर की जमीन पर लेखपाल द्वारा फर्जी तरीके से धारा 80 करते हुए अतिक्रमण कर दिया गया है। वहीं बेलावर गांव में किसान राम सुधार, राम प्रताप वीरेंद्र ने उनकी जमीन पर फर्जी तरीके से मेड़ बांधे विभाग द्वारा मेड़ा बनाने और सिंचाई विभाग द्वारा मनमाने तरीके से उसका मत्स्य पालन के लिए पट्टा करने से संबंधित प्रार्थना पत्र देकर मत्स्य पालन के पट्टे को निरस्त करने की मांग की। इसके अलावा भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र पाल ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से चंद्रप्रभा बांध के सुलूस गेट से हो रहे लगातार रिसाव को बंद कराने, पथरहवा लेफ्ट और राईट माईनर से अतिक्रमण हटाने, गरला जैन कुंड में कराए गए कार्यों की जांच कराने और नहरों की सफाई के नाम पर निकाली गई धन राशि की जांच कराने की मांग की। इसके अलावा तहसील क्षेत्र के डुमरी और बसनिया गांव के ग्रामीणों ने धरने के माध्यम से विद्युत विभाग द्वारा बिजली बिल के नाम पर किये गये फर्जीवाड़ा की जांच कराने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से डीएफओ दिलीप श्रीवास्तव, एसडीएम दिव्या ओझा, तहसीलदार सुरेश चंद्र, डीपीआरओ नीरज सिंहा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।


चकिया में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियाद सुनते डीएम।

## पुलिस ने चोरी की स्कॉर्पियो को 24 घंटे में खोज निकाला

जनसंदेश न्यूज

**धानापुर।** क्षेत्र के खड़ान गांव में शनिवार की रात चोरी हुई स्कॉर्पियो को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खोज निकाला। हालांकि इस कार्यवाही में दो वाहन चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। बताया जाता है कि खड़ान गांव निवासी लक्ष्मण प्रसाद अपनी स्कॉर्पियो को घर के सामने प्रतिदिन की भांति खड़ा किए थे। उक्त स्कॉर्पियो शनिवार की रात चोरी हो गयी। भुक्तभोगी ने रविवार की सुबह स्कॉर्पियो गायब देखा तो सन्न रह गए। इधर-उधर ढूंढने के बाद भुक्तभोगी ने घटना की लिखित सूचना स्थानीय थाने में दी।

थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी हुई स्कार्पियों खड़ान से धानापुर ब्लाक होते हुए जनपद वाराणसी कबाड़ की दुकान पर बेचने के लिए चोर ले जा रहे हैं। सूचना पर भुक्तभोगी के साथ योजनाबद्ध तरीके से वाहन चेकिंग शुरू की गई। कुछ देर में एक वाहन आते दिखाई दिया जो कुछ दूरी पर ही रुक गई जिसे संदिग्ध देख गाड़ी के पास पहुंचने पर उसमें चालक सहित दो लोग बैठे थे जिनकी पहचान मनीष यादव उर्फ गुरुदयाल यादव निवासी कवईपहाड़पुर तथा बब्लू विश्वकर्मा निवासी हेतमपुर थाना धानापुर जनपद चन्दौली के रूप में की गयी। अंधेरे का फायदा उठाकर दोनों भाग निकले। वाहन को बरामद कर लिया गया और दोनों अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह, एसआई कृष्ण कुमार उपाध्याय, सुरेश यादव, सोनू यादव, अभिषेक दुबे शामिल रहे।


बरामद चोरी की स्कार्पियो के साथ पुलिस टीम।

### सोलर पम्प स्थापना के लिए आवेदन करें किसान

**चंदौली।** शासन की ओर से जनपद में किसानों के लिए कुल 540 सोलर पंप का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके सापेक्ष अब तक 150 किसानों की ओर से ही सोलर सिंचाई पंप की बुकिंग विभागीय पोर्टल पर की गई है। उप कृषि निदेशक भीमसेन ने बताया कि सोलर सिंचाई पंप के लिए 60 प्रतिशत अनुदान निर्धारित है। बुकिंग के समय किसान को पांच हजार रुपये टोकन मनी के रूप में आनलाइन भुगतान करना है। शेष 40 प्रतिशत कृषक अंश चालान के माध्यम से या आनलाइन भुगतान गेटवे के माध्यम से जमा कर सकते हैं। बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए कृषक के पास स्वयं की बोरिंग होना अनिवार्य है। इच्छुक किसान सिंचाई सोलर पंप के लिए आनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

### शिवपुर में हुआ कंबल वितरण

**चंदौली।** क्षेत्र के ग्राम सभा शिवपुर में सोमवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुरारी उर्फ चाखन यादव द्वारा कंबल वितरण किया गया। इस दौरान जोगी यादव, शेषनाथ यादव, दादा बनारसी यादव, सूर्यनाथ यादव, अवधेश यादव, विजय यादव, युवराज, राकेश यादव, संजय यादव, कैलाश आदि उपस्थित रहे।

## किसानों ने पुलिया निर्माण को लेकर तहसील पर दिया धरना

**सकलडीहा।** टिमिलपुर स्थित प्रतीक्षा हास्पीटल के समीप चंदा पुलिया सकरा होने से दर्जनों गांव का पानी निकासी की समस्या खड़ी होगयी है। जिसे लेकर किसान यूनियन के पदाधिकारी बीते कई दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे है। सोमवार को पुनरू किसान यूनियन के पदाधिकारी तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। एसडीएम ने समस्या का शीघ्र समाधान कराने का भरोसा दिया। इस दौरान किसान यूनियन के पदाधिकारी महिलाओं को कंबल दिलाने की मांग उठाया।

किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि बीते दो साल से सकलडीहा में सड़क और नाला निर्माण कार्य चल रहा है। कार्यदायी संस्था की मनमानी के कारण सकलडीहा, टिमिलपुर, ताजपुर, घरचित,सेवखर कला, सेवखर खुर्द सहित कई गांव के किसान पानी निकासी की समस्या को लेकर परेशान है। बीते दिनों किसानों के साथ सकलडीहा विधायक पीएन सिंह यादव और कांग्रेस नेता देवेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना ने धरना प्रदर्शन किया। अधिकारी बार बार निर्माण हो जाने का आश्वासन दे रहे है। लेकिन कार्यदायी संस्था पुलिया की चौड़ाई और उंचाई बढ़ाने को लेकर मौन साधे हुए है। इसके अलावा सकलडीहा में डाकघर के समीप पुलिया निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। सकलडीहा राजवाहा के समीप आधा पुलिया बनाकर छोड़ा गया है। जिसके कारण आवागमन में काफी समस्या होती है। आये दिन जाम भी लगता है। किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने पुलिया निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग किया। धरना स्थल पर पहुंचे एसडीएम अनुपम मिश्रा ने महिलाओं को कंबल दिलाने का भरोसा देते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने का भरोसा देकर धरना समाप्त कराया। इस मौके पर किसान नेता रामअवतार सिंह,मनोज यादव,गोपाल सिंह, रंकज सिंह, फेकू यादव, रामविलास मौर्या, राधेश्याम शुक्ला, विभूति नारायण तिवारी, राधेश्याम शुक्ल,सुशील, रामदेवी सहित अन्य किसान और महिलाएं रही।

## मां खण्डवारी पीजी कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

**चहनियां।** माँ खण्डवारी पीजी कालेज चहनियां के डीएलएड के छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक भ्रमण यात्रा 13 जनवरी से शुरू होकर 20 जनवरी को समाप्त हुई। सर्वप्रथम संस्था के चेयरमैन डॉ राजेन्द्र प्रताप सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर यात्रा को मॉ खण्डवारी पीजी कॉलेज परिसर से रवाना किया। बस द्वारा यात्रा वाराणसी कैंट स्टेशन पहुंची जहां से ट्रेन द्वारा पठानकोट पंजाब पहुंच कर पुनः बस द्वारा कटरा जम्मू पहुंचे।

यात्रा के तीसरे दिन कटरा से 90 किलोमीटर दूर शिवखोड़ी गुफा में अर्धनारिश्वर भोलेनाथ सहित 33 कोटि देवी देवताओं के दर्शन किये तथा वहाँ की प्राकृतिक सुन्दरता को भी देखा। यात्रा के अगले दिन उधमपुर जिले में स्थित पटनीटॉप हिल स्टेशन पर गए, जहां देवदार, सेव के वृक्षों सहित बर्फ की चादर लपेटे हुए रास्ते, पेड़ पौधे आदि की जानकारी ली। अगले दिन कटरा से बस द्वारा पठानकोट आकर ट्रेन द्वारा वाराणसी होते हुए बस द्वारा कॉलेज परिसर में वापस लौट कर आए। यात्रा में संस्था के प्रबंध निदेशक डा. आशुतोष कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष डा. नवनीत कुमार तिवारी, प्राचार्य डॉ अश्विनी श्रीवास्तव, सुनीता गुप्ता, सन्तोष सिंह, आलोक सिंह, राघवेन्द्र मिश्र, अरविन्द कुमार सिंह, मोहम्मद इस्लामुद्दीन, सुजीत सिंह, कुंदन सिंह, आशीष मिश्र, अभिषेक यादव, श्यामसुन्दर आदि लोग मौजूद रहे। सभी छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय मैनेजमेंट और विभाग को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यात्रा का अनुभव साझा किया।


जम्मू के पटनी टॉप में जानकारी लेते खण्डवारी कालेज के छात्र छात्राएं साथ में निदेशक डॉ. आशुतोष सिंह।

### जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा वनांचल

**नौगढ़।** योगमाया आश्रम जयमोहनी पोस्ता (चोरमरवा) के परिसर में प्रदीपानंद जगदंबा परिवार ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित श्री हरि कथा ज्ञान यज्ञ व जल तपस्या के 05वें दिन सोमवार को भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंडप की परिक्रमा कर जन जीवन में सुख समृद्धि की कामना किया। सुबह 05 बजे से 06 बजे तक जल तपस्या कर रहे स्वामी प्रदीपानंद का आशीर्वाद पाने के लिए भी भक्तों की लाईन लगी रही। कथावाचिका साध्वी रानी पाण्डेय के मुखारविंद से दोपहर 12 बजे से 03 बजे तक आयोजित श्री हरि कथा में सैकड़ों लोगों ने कथा श्रवण किया। वनांचल क्षेत्र में जय श्री राम हर हर महादेव के उद्घोष के बीच भक्ति भाव का संचार होने से वातावरण भक्तिमय बन गया है।

कथावाचक साध्वी रानी पाण्डेय ने बताया कि जीवन में सुख और दु.ख का आना जाना लगा रहता है। सुख में ज्यादा खुश और दुःख में घबराना नहीं चाहिए। प्रभु नाम का सुमिरन करते रहने से ही जीवन सफल होगा। दीन दुखियों की मदद करनी चाहिए। इसके अलावा ईर्ष्या, लोभ, मोह व अहंकार से बचना चाहिए। सनातन संस्कृति की रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य व दायित्व है। यज्ञ की महिमा व कथा श्रवण से जीवन में लाभ के बारे में सविस्तार प्रकाश डाला। प्रभु श्रीराम चन्द्र की वनागमन की कथा का सविस्तार वर्णन करके बताया कि पुत्र को सदैव आज्ञाकारी होना चाहिए।

## शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए नियमित तौर पर करें गश्त: एएसपी

जनसंदेश न्यूज

**नौगढ।** नक्सल प्रभावित रहे सोनभद्र, मिर्जापुर, चन्दौली व पड़ोसी राज्य बिहार के कैमूर जिले के सुरक्षा बल अधिकारियों व तहसील क्षेत्र के अन्य विभागीय अधिकारियों की बैठक सोमवार को थाना नौगढ सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन अनिल कुमार की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विचारों को साझा करके नक्सल उन्मूलन के बारे में सहमति बनी। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि क्षेत्र में सूचना तंत्र को मजबूत रखा जाय। किसी भी अनजान चेहरों की बार बार आवाजाही पर संदिग्धता प्रतीत होने की दशा में तत्काल जांच पड़ताल किया जाना चाहिए।

संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्तता बरतने वालों को चिन्हित कर के कार्रवाई किया जाना चाहिए। थाना प्रभारी द्वारा नियमित गश्त जारी रखकर के क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम बनाएं रखें। थाने में आने वाले हर एक फरियादियों की फरियाद को पूरी तन्मयता से सुनकर के तत्काल जांच पड़ताल कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करें।

बताया कि नक्सलियों या संविधान विरोधी कार्यों में संलिप्तता बरतने वालों की धर पकड़ करने में पड़ोसी थानों का भी सहयोग लिया जाय, जिससे अपराधियों को दूसरे प्रदेश या थाना क्षेत्र में भागकर पुलिस पकड़ से बचने का मौका नहीं मिल सके। उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर ने बैठक में मौजूद अन्य विभागीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्य क्षेत्र गांवों से शुरू होता है। जहां पर नियुक्त कर्मचारियों को निर्देशित किया जाय कि किसी पर संदिग्धता प्रतीत होने या मनबढ झगड़ालू प्रवृत्ति की आशंका होने पर तत्काल नजदीकी थाना पुलिस को सूचना देवें, जिससे सुरक्षा बल के जवान मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर के आवश्यक कार्रवाई किए जाने की पहल कर सकें।

बैठक में पुलिस पीएसी व वन विभाग स्वास्थ्य विभाग शिक्षा विभाग सिंचाई विभाग आदि विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।


नौगढ़ थाना सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते एएसपी।

## संक्षेप

### बलिदान भारतीय संस्कृति की पहचानः राघवेंद्र नारायण




**चहनियां।** भारतीय संस्कृति की पहचान बलिदान से ही होती है। बलिदान राष्ट्रवाद की भावना से होता है और राष्ट्रवाद का पोषक हिंदूवाद ही है। उक्त बातें अमर बलिदानी चन्दन राय के सातवें पुण्यतिथि समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी व पूर्व विधायक राघवेंद्र नारायण सिंह ने कही। उन्होंने इस दौरान शहीद चन्दन को नमन करते हुए उनके परिजनों को धन्यवाद दिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की चुटकी लिया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव मुसलमानों को खुश करने के लिये वे महाकुम्भ में स्नान करने के बजाय हरिद्वार जाकर स्नान किया। कपिलवस्तु के विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि अमर बलिदानी चन्दन की शहादत इस क्षेत्र के लिये गौरव है। भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि युवाओं के प्रेरणा स्रोत के रूप में चन्दन का बलिदान अमर रहेगा। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद चन्दन राय को पुष्पांजलि अर्पित करने, वाराणसी मण्डल अंतर्गत शहीद सैनिकों के परिजनों व जनपद के मेधावी छात्रों को सम्मानित करने से हुआ। स्कूली छात्र छात्राओं सहित अनेक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों की तालियां बटोरी। शहीदों की याद में 200 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया गया। इस दौरान डॉ. अखिलेश अग्रहरी, अजीत सिंह, विजय यादव, चंदू चौधरी, प्रमुख अरुण जायसवाल, मोहित राय, धनंजय सिंह, लल्ला सिंह, संकठा राजभर, संदीप सिंह, मृत्युंजय सिंह, नित्यानंद सिंह, अतुल यादव, शिवकुमार यादव, रामदयाल, संदीप, अतुल, शिवम, शैलेश, राजन, हरिश्चन्द्र, विजय जायसवाल आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता सत्यप्रकाश राय व धन्यवाद ज्ञापन अंबरीश सिंह ने किया।

### समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शांति पाठ का हुआ आयोजन



**डीडीयू नगर।** नगर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पूर्व रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री सपा सुप्रीमो मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई राजपाल सिंह यादव के निधन पर उनके आत्मा के शांति के हवन पूजन कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पूर्व सांसद व पूर्व ब्लाक प्रमुख बाबूलाल यादव ने कहा कि राजपाल जी सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई है जो कुशल सरल किसान मृदुभाषी व्यक्ति थे। सैफई के साथ साथ मुगलसराय समाजवादी पार्टी कार्यालय में विद्वानों द्वारा शांति पाठ कराया गया। अंत में उनके तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही ईश्वर से प्रार्थना किया गया कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। इस दौरान पूर्व सांसद रामकिशुन, पूर्व ब्लाक प्रमुख बाबूलाल यादव, अमर नाथ जायसवाल उर्फ मोनू जायसवाल, प्रेम तिवारी, विजय धुरिया, बैजनाथ मास्टर, कैलाश यादव, रामनाथ यादव, अनिल, आरती यादव समसवाल, शमीम मिल्की, राजकुमार, लाल बाबू यादव, डा.किसन, सुरेश मास्टर आदि लोग मौजूद रहे।

### परिवर्तन सेवा समिति ने वृद्धाश्रम में बांटा कंबल



**डीडीयू नगर।** परिवर्तन सेवा समिति के तत्वाधान में दुल्हीपुर स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर जायसवाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य है गरीबों एवं असहायों की सेवा करना इसी क्रम में सूचना प्राप्त हुई की दुल्हीपुर में एक वृद्धा आश्रम है जिसमें लगभग 30 की संख्या में बुजुर्ग रहते हैं और इन्हें कंबल की शीघ्र आवश्यकता है तो समिति के सदस्यों के साथ तत्काल वहाँ पहुंचकर बुजुर्गों के मध्य कंबल वितरण किया गया। परिवर्तन सेवा समिति विगत 3 वर्षों से लगातार सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है नर सेवा ही नारायण सेवा की तर्ज पर गरीबों को सेवा प्रदान कर रही है और आगे भी सूचनाएं प्राप्त होगी तो हमारी टीम गरीब असहायों के कंबल वितरण का कार्य जारी रहेगा। इस मौके पर एस फाजिल, दिलीप जायसवाल, मयंक जायसवाल, निखिल गुप्ता मौजूद रहे।

### संविधान के बाबत जागरूकता का भाजपा ने किया आह्वान



**चंदौली।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक सोमवार को जिला कार्यालय में हुई। इसमें संविधान गौरव अभियान के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां संविधान के बाबा चर्चा की गई और लोगों को जागरूक करने के लिए आवाहन किया गया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरेंद्र सिंह ने कहा कि जिन लोगों ने समाज को बांटने का काम किया। वही लोग आज हम पर आरोप लगा रहे हैं।भारतीय जनता पार्टी हमेशा से संविधान को मनाने व रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने कहा कि संविधान गौरव अभियान का उद्देश्य संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करने के साथ संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करना है। कहा कि यह अभियान सभी मंडलों में संचालित किया जा रहा है। खास तौर से उन क्षेत्रों में जहां दलित समुदाय की संख्या अधिक है। इस पूर्व जिलाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, उमाशंकर सिंह, जितेंद्र पांडेय, गौरव श्रीवास्तव, अनिल तिवारी, बुद्ध लाल विश्वकर्मा, किरण शर्मा, सुरेश मौर्य, विपिन सिंह, राधेश्याम राम, बंधु राम उपस्थित रहे।

### युवाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य कर रही सरकार




**चंदौली।** प्रशिक्षित युवाओं को स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए सोमवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की कार्यशाला मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के 10 लाभार्थियों को लगभग एक करोड़ का चेक वितरित किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें उद्योग व सेवा क्षेत्र की इकाईयों का बिना बंधक, ब्याज मुक्त के साथ 10 प्रतिशत का अनुदान अधिकतम पांच लाख तक का ऋण जनपद के बैंक शाखाओं के माध्यम से दिया जाएगा। संयुक्त आयुक्त उद्योग वाराणसी उमेश सिंह ने कहा कि जनपद के 21 से 40 वर्ष के आठवीं पास युवाओं को आर्थिक स्वावलंबन के लिए सुनहरा मौका है। इस योजना में जनपद का लक्ष्य 1000 निर्धारित किया गया है। कार्यशाला में प्रशिक्षिक डा. अमित सिंह व अजय सिंह ने बड़ी संख्या में उपस्थित युवक व युवतियों को प्रशिक्षित किया। उपायुक्त उद्योग सिद्धार्थ यादव, उद्योग विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सहित जिला खादी ग्रामोद्योग, अग्रणी जिला प्रबंधक सहित विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबंधक उपस्थित थे। वर्कशाप में उद्योग विभाग के अधिकारी व कर्मचारी के अलावा, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक एवं जनपद के विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबन्धक उपस्थित रहे। संचालन डा. अंजना झा द्वारा किया गया।

### फार्मर रजिस्ट्री का कार्य करा लें किसान

**चंदौली।** कृषि व राजस्व विभाग के कर्मचारियों और जन सेवा केंद्र के माध्यम से जनपद में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है। कृषि उप निदेशक भीम सेन ने बताया कि किसानों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। किसान जन सुविधा केंद्रों का प्रयोग कर निर्धारित शुल्क देकर फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त भी उन्हीं किसानों को मिलेगी जो फार्मर रजिस्ट्री कराएगें। 31 जनवरी तक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण नहीं कराने पर सम्मान निधि की आगामी किस्त से वंचित हो सकते हैं।

### इंद्रधनुष-2025: काव्य गोष्ठी में कवियों ने प्रस्तुतियों से मन मोहा

**डीडीयू नगर।** नगर के स्टेशन रोड स्थित ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन शाखा तीन के परिसर में आयोजित इंद्रधनुष 2025 के नाम, काव्य गोष्ठी नशिस्त में नगर और वाराणसी के रचनाकारों ने अपनी रचनाओं से उपस्थित लोगों का मन मोहा। संयोजक आकाश मिश्र की रचना तुम्हारे अल्फाज तुम्हारी बातें बातों से महकती रातें ने खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम की शुरूआत मुश्ताक बनारसी ने ये गम जो तुमने दिया है तो कोई बात नहीं, यही तुम्हारी अदा है तो कोई बात नहीं सुनाकर वाहवाही लूट। वाराणसी की झरना मुखर्जी ने अपनी सुरीली आवाज में जिंदगी एक बहता पानी है सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध किया। डॉ.आलम नसीरपुरी, डॉ. सुभाष कुमार, शम्सुज जमा ने शेरो- शायरी, नज्म से सभी का मन मोह लिया। रीना तिवारी ने हौसला बन गई हूं सभी के लिए, गम छुपाती हूं अक्सर खुशी के लिये सुनाया।

# स्पोर्ट्स



नई दिल्ली में इंडियन ओपन बैडमिंटन में विक्टर एक्सलीसेन एकल मैच में जीत के बाद उत्साहित होते हुए।

## अंडर-19 टी-20 विश्वकप

# नाइजीरिया की महिला क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को 2 रनों से हराया



**कुचिंग।** नाइजीरिया की महिला क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को 2 रनों से हराकर महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप में अपनी पहली जीत हासिल की है। बारिश से प्रभावित इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए नाइजीरिया की टीम ने कप्तान लक्की पिटी 19, लिलियन उडेह 18 रनों की सहायता से निर्धारित 30 ओवरों में छह विकेट पर 65 रन बनाए। इस मैच में नाइजीरिया के छह बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज केट इरविन पहले ही गेंद पर पेवेलियन लौट गयीं।

इसके बाद दूसरी सलामी बल्लेबाज एम्मा मैकलियोड तीसरे ओवर में तेज गेंदबाज यूसेन पीस का शिकार बनी। न्यूजीलैंड के विकेट एक के बाद एक गिरते गये। 11 ओवर में ही उसने 49 रन पर पांच विकेट खो दिये। न्यूजीलैंड की ओर से अनिका टोड 19, वेकलिन 18 और ईव वोलैंड ने 14 रन बनाए वहीं अन्य बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड को अंतिम दो ओवरो में 17 रन चाहिये थे। कीवी कप्तान टैश वेकलिन ने आठ रन बनाए। इस प्रकार उसे अंतिम ओवर में 9 रनों की जरुरत रही पर वह छह रन ही बना पायी और उसे दो रनों से हार का सामना करना पड़ा।

### आखिरी ओवर में 9 रन नहीं बना सके

न्यूजीलैंड को जीतने के लिए आखिरी ओवर में 9 रन की जरूरत थी। कप्तान ताश वेकलिन 18 रन बनाकर खेल रही थीं। शुरूआती 4 गेंदों पर 4 सिंगल आए, जबकि 5वीं गेंद डॉट हो गई। अब आखिरी बॉल पर 5 रन चाहिए थे, लम्बाट ने बड़ा शॉट खेला और रन लेने के लिए दौड़ पड़ीं। दोनों प्लेयर्स 2 ही रन दौड़ पाईं और तीसरा रन लेने की कोशिश में रनआउट हो गईं।

## अंडर-19 महिला विश्व कप में अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की टीमें जीतीं

**कुआलालंपुर।** अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी अंडर-19 महिला विश्व कप में जीत हासिल की है। अमेरिका ने इसानी वाघेला के 3 विकेट जबकि दिशा ढींगरा के 46 रनों की सहायता से आयरलैंड को नौ विकेट से हराया। इस मैच में आयरलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और वह पहले बल्लोबजी करते हुए 74 रन ही बना पायी। इसके बाद अमेरिका ने जीत के लिए मिले 75 रनों के लक्ष्य को केवल 10 ओवर में ही प्राप्त कर लिया। अमेरिका के दिशा और चेतना रेड्डी की शुरूआती साझेदारी ने अच्छी शुरूआत मिली। दिशा ने 33 गेंदों पर 46 रन बनाये। वहीं कुआलालपुर में खेले एक अन्य मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 2 विकेट से पराजित किया। इस मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आफिया असीमा के 29 रनों की सहायता से 9 विकेट पर 91 रन बनाये। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान लूसी हैमिल्टन के 30 रनों की पारी से आठ विकेट पर 92 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए उसने 17 रनों पर ही 5 विकेट खो दिए पर एला ब्रिस्को 11 और टेगन विलियमसन 3 ने अंत में टीम को जीत दिला दी।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन : वर्ल्ड नंबर-1 सिनर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

## डेनमार्क के होल्गर रूने को हराया, विमेंस सिंगल्स में एलिना स्वितोलिना जीतीं

**मेलबर्न।** दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन में मेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। डिफेंडिंग चैंपियन इटली के सिनर ने डेनमार्क के होल्गर रूने को 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से हराया। वहीं यूक्रेन की महिला टेनिस स्टार एलिना स्वितोलिना जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी हैं। वहीं 32 डिग्री सेल्सियस से अधिक टेम्परेचर में खेले गए इस मैच में अंपायर को मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। बाद में सिनर की दमदार सर्विस से नेट गिर गया। जिससे खेल 20 मिनट रुका रहा। रॉड लेवर एरिना में सोमवार को सिनर और 13वीं वरीयता प्राप्त रूने गर्मी से निपटने के लिये चेहरे पर ठंडा तौलिया को रखते दिखे। दोनों ने कई बार



गर्दन पर पानी भी गिराया। तीसरे सेट में सिनर को 10 मिनट से ज्यादा लॉकर रूम में मेडिकल हेल्प लेनी पड़ी। सिनर का सामना अब आस्ट्रेलिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनाउर या अमेरिका के गैर वरीय एलेक्स मिचेलसन से होगा। मेंस सिंगल्स में इटली के ही 55वीं रैंकिंग वाले लोरेंजो सोनेगो ने अमेरिकी लर्नर टीएन को 6-2, 6-3, 3-6, 6-1 से मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के बेन शेल्टन से होगा। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में नोवाक जोकोविच की टक्कर कार्लोस अल्काराज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव की भिडंत टॉमी पॉल से होगी। यूक्रेन की महिला टेनिस स्टार एलिना स्वितोलिना जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी हैं। एलिना ने चौथे दौर के मुकाबले में वेरोनिका कुदेरमेटोवा को 6-4, 6-1 से हराया। इस प्रकार स्वितोलिना 100 मैच जीतने वाली पहली यूक्रेनी खिलाड़ी बनी हैं। यह उनके करियर का 12वां ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल है।

अब क्वार्टरफाइनल में स्वितोलिना का मुकाबला एलिना रिबाकिना और मेडिसन कीज के बीच होने वाले चौथे दौर के मुकाबले की विजेता खिलाड़ी से होगा। बेटी स्काई के जन्म के बाद यह स्वितोलिना का चौथा ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल है। उन्होंने 2018 और 2019 में लगातार दो बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया था। स्वितोलिना को पिछले साल चौथे दौर में चोटिल होन के कारण केवल तीन गेम के बाद ही मैच छोड़ना पड़ा। इसके बाद पूरे सत्र में वह मुश्किलों से जूझती रहीं जिसके कारण उसे सर्जरी भी करानी पड़ी थी। स्वितोलिना को वेरोनिका के खिलाफ शुरूआत में संघर्ष करना पड़ा, क्योंकि विश्व की पूर्व विश्व नंबर 9 कुदेरमेटोवा ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 4-1 की बढ़त बना ली थी पर इसके बाद स्वितोलिना ने शानदार जीत दिलाकर पांच गेम के साथ ही पहला सेट जीत लिया। वहीं दूसरे सेट में स्वितोलिना ने शानदार वापसी करते हुए 3-1 की बढ़त के साथ मैच जीत लिया।

### ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची स्वितोलिना, 100 मैच जीतने वाली पहली यूक्रेनी खिलाड़ी बनी



# मोहम्मद शमी ने कोलकाता में पट्टी बांधकर प्रैक्टिस की

**कोलकाता।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 क्रिकेट सीरीज के लिए लगाये अभ्यास सत्र के दौरान लंगड़ाते हुए गए ड्रेसिंग रूम की ओर जाते दिखे। शमी को पैर पर पट्टी बांधे देखा गया और वो लंगड़ाकर ड्रेसिंग रूम की ओर जा रहे थे। भारतीय टीम को 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। इसमें शमी की फिटनेस की जांच भी हो जाएगी। शमी को अगले माह होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भी टीम में शामिल किया गया है। ऐसे में उनकी फिटनेस पर चयन समिति की भी नजरं रहेंगी। शमी जिस प्रकार से अभ्यास के दौरान असहज नजर आये उससे उनकी फिटनेस पर सवाल उठने लगे हैं।

शमी एक साल से भी अधिक समय से टीम से बाहर हैं। साल 2024 के पूरे सत्र में वह टखने की चोट के कारण नहीं खेल पाये थे। गत वर्ष नवंबर में बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेट में उनकी सफल वापसी हुई। इसी को देखते हुए चयनकताओं ने शमी को इंग्लैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मैदान में उतारा। शमी ने ईडन गार्डन्स में पहले अभयास सत्र में भाग लिया। उन्होंने एक घंटे से अधिक समय तक पूरी ताकत से गेंदबाजी की पर इसके बाद उन्हें पैर में दर्द होने लगा। इसके बाद वह ड्रेसिंग रूम की ओर लौटे पर कुछ समय बाद ही पट्टी बांधकर वापस आ गये।

### इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 से वापसी करेंगे, नवंबर 2023 में खेला था आखिरी इंटरनेशनल



## चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के इरादे से उतरेंगे: रोहित

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि टीम पाकिस्तान में अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे में खराब प्रदर्शन के हुई निराशा को पीछे छोड़ते हुए रोहित का लक्ष्य इस टूनार्मेंट को जीतकर अपने आलोचकों को करारा जवाब देना रहेगा। रोहित के अलावा इस टूनार्मेंट के लिए उपकप्तान बने शुभमन गिल का लक्ष्य भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने चयन को सही साबित करना होगा। इस टूनार्मेंट में खेलने वाली 8 में से 7 टीमों की घोषणा हो गयी है। केवल मेजबान पाकिस्तान ही अब तक अपनी टीम घोषित नहीं कर पाया है। बीसीसीआई के भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने से मना करने के कारण इस टूनार्मेंट में भारतीय टीम के मुकाबले दुबई में रखे गये हैं। रोहित ने कहा कि भारतीय टीम जल्द ही चैंपियंस ट्रॉफी में अपना अभियान शुरू करेगी और एक और ट्रॉफी जीतने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा, ह्यह्य हम एक और टूनार्मेंट में जीत के इरादे से उतरेंगे। मुझे भरोसा है कि जब हम दुबई पहुंचेंगे तो 140 करोड़ लोगों की शुभकामनाएं हमारे साथ होंगी। इस टूनार्मेंट में खेलने वाली 8 टीमों को 4-4 के दो समूहों में बांटा गया है। ग्रुप ए में बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में अफगानिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमें हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। वहीं 23 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाएगा।



## जिला बदर और हिस्ट्रीशीटरों पर सख्ती से करें कार्रवाई: सीओ

**सकलडीहा।** डिप्टी एसपी रघुराज सोमवार को सकलडीहा कोतवाली का मुआयना किया। इस दौरान पुलिस कर्मियों का आवास, सीज किये गये वाहन, अपराध रजिस्टर और विवेचनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी लिया। कोतवाली पुलिस को हर हाल में रात्रि गश्त और हिस्ट्रीशीटर और जिला बदर हुए अभियुक्तों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अंत में सकलडीहा में जाम की समस्या को लेकर लगातार पीकेट पुलिस को तैनात रखने को बताया। पुलिस अधीक्षक आदित्य लाग्हें के निर्देश पर लगातार कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने की कवायद चौकी से लेकर थाने तक किया जा रहा है। इस क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज अधिकारी के आदेश का सख्ती से पालन कराने को लेकर लगातार थाने का मुआयना करने में जुटे है। इस क्रम में सीओ सकलडीहा ने कोतवाली में अपराध के विभिन्न रजिस्टर का मुआयना किया। इसके साथ ही जेल, शस्त्र, सीसी टीएनएस, महिला हेल्प डेक्स, मुकदमों का निस्तारण, थाना और तहसील में पड़ने वाले समस्या का निस्तारण,आईजीआरएस आदि के बारे में विस्तार से जानकारी लिया। सीओ ने डैमेज हो चुके पुलिस कर्मियों के आवास, सीज वाहनों के बारे में जानकारी लिया।

## बॉलीवुड न्यूज

### 'माटी से बंधी डोर' में नया मोड़, वैजू के जीवन में होगा बड़ा बदलाव



**मुंबई।** स्टार प्लस का शो 'माटी से बंधी डोर', जिसमें ऋतुजा बागवे और अंकित गुप्ता लीड रोल्स निभा रहे हैं, को दर्शकों का दिल जीत रहा है। ऋतुजा 'वैजू' और अंकित 'रणविजय' का रोल निभा रहे हैं। इस शो की कहानी दिल को छू लेने वाली है, भावनाओं से भरपूर है, और कलाकारों की परफॉर्मेंस जबरदस्त है। महाराष्ट्र के भूमिपुर गांव में सेट किया गया शो 'माटी से बंधी डोर' वैजू की कहानी है। वैजू एक मेहनती और अपने परिवार के लिए समर्पित लड़की है, जो खेतों में मेहनत करती है ताकि अपने घरवालों का सहारा बन सके। लेकिन वैजू के सपने सिर्फ जीने तक सीमित नहीं हैं। वो अपनी जिंदगी और अपने गांव का भविष्य बेहतर बनाने की चाहत रखती है। पर किस्मत उसके लिए कुछ और ही सोच कर बैठी है। शो 'माटी से बंधी डोर' के नए ट्रैक में वैजू और रणविजय की शादी के बाद उनके रिश्ते में आ रहे बदलावों पर फोकस है। हाल ही में रिलीज हुए प्रोमो में दिखाया गया है कि वैजू अपनी प्रेग्नेंसी की खबर परिवार को बताती है, जिससे सब हैरान रह जाते हैं। लेकिन कहानी में बड़ा ट्विस्ट तब आता है, जब रणविजय जया के साथ आता है और बताता है कि जया भी प्रेग्नेंट है। सबसे चौंकाने वाली बात तब होती है, जब रणविजय यह कहता है कि वह सिर्फ वैजू के नहीं, बल्कि जया के बच्चे की भी ज़िम्मेदारी उठाएगा। यह सुनकर वैजू और पूरा परिवार सदमे में आ जाता है। रणविजय के इस हैरान कर देने वाले फैसले ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या जया के बच्चे का पिता वही है, या इसके पीछे कोई और वजह है? अगर रणविजय जया के बच्चे को अपनी पहचान देता है, तो इसका वैजू के साथ उसके रिश्ते पर क्या असर होगा? इस राज ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया है और दिलचस्पी बढ़ा दी है।

### अभिरा की जिंदगी में नया मोड़, सिद्धार्थ शिवपुरी की एंट्री



**मुंबई।** स्टार प्लस का पॉपुलर शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' अपनी बदलती और इमोशन से भरी कहानी के साथ दर्शकों को अपनी तरफ खीच रहा है। शो में अभिरा (समृद्धि शुक्ला) और अरमान (रोहित पुरोहित) कई इमोशनल उतार-चढ़ाव से गुजर रहे हैं, खासकर तब, जब विद्या की सजा का चौंकाने वाला मोड़ सामने आता है। अभिरा का यह मुश्किल फैसला था कि वह विद्या को अभिर के साथ हुए दर्दनाक हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराएं, और यही सब हुआ। हालांकि, अभिरा ने काफी कोशिशों के बाद विद्या को जेल से बाहर निकाला, लेकिन उस हादसे के कारण हुए भावनात्मक घाव अब भी उनके रिश्तों में तनाव और मतभेद पैदा कर रहे हैं। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का मौजूदा ट्रैक पूरी तरह से इमोशनल ड्रामा से भरपूर है। अभिरा अपनी गलतियों के बाद पैदा हुई मुश्किलों का सामना कर रही है, वहीं विद्या, जो उस हादसे से टूट चुकी है, अभिरा को माफ करने के लिए तैयार नहीं है। अब विद्या ने अरमान से मांग की है कि वह पोद्दार परिवार के लिए न्याय दिलवाए, जिससे अरमान और अभिरा के बीच दरार और भी गहरी हो गई है। शो के मेकर्स ने एक दिलचस्प प्रोमो रिलीज किया है, जिसमें दिखाया गया है कि इस तूफान के बीच अभिरा को एक बड़ा झटका लगता है जब वह अपना वकील बनने का लाइसेंस खो देती है। इस घटना से अभिरा पूरी तरह से टूट जाती है और वह अपने जीवन के सबसे निचले दौर में पहुंच जाती है।

### 'आजाद' के निर्देशक अभिषेक कपूर ने अमन देवगन और राशा थडानी के प्रति आभार व्यक्त किया



**मुंबई।** प्रशंसित फिल्म निर्माता अभिषेक कपूर की हालिया निर्देशित फिल्म 'आजाद' सिनेमाघरों में उतरी है और दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त कर रही है। फिल्म निमार्ता ने नए चेहरों अमन देवगन और राशा थडानी को फिल्मों में लॉन्च करके 2025 की शानदार शुरूआत की। फिल्म रिलीज से पहले ही राशा थडानी ने 'उई अम्मा' गाने से स्टारडम हासिल कर लिया और अब फिल्म में उनके अभिनय की चर्चा हो रही है। दर्शकों को ऐसा नहीं लगा कि यह उनकी पहली फिल्म है, बल्कि उनके अभिनय से ऐसा लगा कि जैसे वे काफी समय से इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। 'आजाद' की रिलीज के बाद, निर्देशक अभिषेक कपूर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म, नवोदित कलाकारों, कलाकारों और क्रू और अपनी पत्नी प्रज्ञा कपूर के लिए एक विनम्र नोट लिखा। अभिषेक कपूर के नोट का एक हिस्सा इस प्रकार है, "सपने हिट या फ्लॉप नहीं होते, साकार होते हैं। #आजाद की कहानी ऐसी है जिस पर मुझे पूरा विश्वास था और इसे जीवंत करना एक सपना पूरा होने जैसा है। मैं अपने युवा प्रतिभाओं राशा और अमन को उनके आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं देना चाहता हूं। उन्होंने उम्मीदों से बढ़कर काम किया है और दुनिया उनके लिए खुली है। मैं हर एक कलाकार और क्रू सदस्य को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इस भव्य विजन को समर्पित हर विवरण पर अथक परिश्रम किया। उन्होंने आगे कहा, "और मेरी चट्टान, मेरी पत्नी, प्रज्ञा। इस पूरी यात्रा में तुम मेरी मार्गदर्शक ज्योति और मेरा सुरक्षित आश्रय रही हो। तुम्हारा धैर्य और प्रोत्साहन मुझे सबसे कठिन दिनों में भी आगे बढ़ने में मदद करता रहा है। मैं हर मायने में तुम्हारा साथी होने के लिए बहुत आभारी हूँ।" इसके अलावा, अभिषेक कपूर ने इस विजन का समर्थन करने के लिए रोनी स्क्रूवाला को भी धन्यवाद दिया। "यह उनकी बदौलत है कि सपने पूरे हुए हैं और करियर की शुरूआत हुई है। वह वास्तव में कला के सबसे महान संरक्षक हैं जिन्हें मैं जानता हूँ और भारतीय मनोरंजन उद्योग के एक स्तंभ हैं। हम सभी उनका बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं।

## जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 27 और 28 जनवरी को

**चंदौली।** खिलाड़ियों में खेल के प्रति रूचि, जागरूकता, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं मानसिक विकास के मद्देनजर युवा कल्याण विभाग की ओर से जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 27 व 28 जनवरी को महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज के मैदान पर किया गया है। जनपद स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं (पुरूष व महिला श्रेणी) सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर बालक व बालिका वर्ग में 08 विधाओं यथा एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी. वॉलीबाल, फुटबॉल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिंटन में विकास खण्ड स्तर पर विजेता प्रतिभागी भाग लेंगे।

जनपद के समस्त विकास खण्डों में आयोजित 08-विधाओं यथा- एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, वॉलीबाल, फुटबाल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिण्टन में प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ी अपने-अपने आधार कार्ड के मूल प्रति व छायाप्रति के साथ प्रातः 09 बजे तक आयोजन स्थल पर उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर प्रतियोतगिता में प्रतिभाग करें। साथ ही साथ यह भी अवगत कराना है कि 27 जनवरी को एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबाल 28 जनवरी को कुश्ती, भारोत्तोलन, जूडो, बैडमिन्टन व फुटबॉल के विजेता खिलाड़ी प्रतिभाग करेगें। प्रतियोगिता आयु सीमा के अन्तर्गत करायी जायेगी। प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

## चन्दौली समाचार

# यातायात नियमों का पालन करने से घटेगी सड़क दुर्घटनाएं

### सेफ्टी माह

### धानापुर में स्वयंसेवकों ने आमजन को किया जागरूक

**धानापुर।** कस्बा स्थित शहीद हीरा सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार रोड सेफ्टी माह के अंतर्गत सोमवार को सड़क सुरक्षा जन जागरूकता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने पोस्टर तथा स्लोगन के साथ रैली निकाल कर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया। रैली महाविद्यालय से चलकर धानापुर कस्बा स्थित बस स्टैंड तक गई।

इस दौरान स्वयंसेवकों ने लोगों को बताया कि यातायात के नियमों का पालन करके ही सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। वाहन चलाते समय सभी को ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना चाहिए। नशे की हालत में ड्राइविंग नहीं करना चाहिए। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने लोगों को बताया कि देश में बीते वर्ष 2024 में 1.80 लाख से अधिक लोगों ने सड़क दुर्घटना में जान गंवाई जिनमें से 30000 लोगों की मौत हेलमेट न लगाने के कारण हुई है। बताया कि सड़क हादसों में 66 प्रतिशत मौतें ऐसे लोगों की हुई जिनकी आयु 18 से 34 साल थीं जो बेहद गंभीर और चिंताजनक स्थिति है। परिवहन विभाग द्वारा जारी आंकड़े के अनुसार पूर्वांचल में हुए सड़क हादसों में आजमगढ़ पहले तथा चंदौली नौवें स्थान पर है। रैली को संबोधित करते हुए धानापुर थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने कहा कि सड़क पर चलने वाले सभी लोग यदि यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें तो सड़क दुर्घटनाएं शून्य हो जाएगी। उन्होंने सभी से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील किया। इस अवसर पर डॉ. सत्यप्रकाश पटेल, डॉ. अंकित पटेल तथा सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहें।




धानापुर में जागरूकता के लिए रैली निकालते स्वयंसेवक।

## टीवी रोग के संक्रमण को रोकने के लिए चलेगा अभियान

**नियामताबाद।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय सघन टीवी अभियान के तहत नियमताबाद ब्लॉक परिसर में जिला क्षय अधिकारी राजेश कुमार व प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रविकांत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को रवाना किया। इस संबंध में जिला क्षय अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद चंदौली के सभी ब्लॉकों में कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एम्बुलेंस प्रत्येक गांव में रवाना होकर टीवी रोगियों की स्क्रीनिंग कर इलाज शुरू किया जाएगा इस अभियान को गति देने का निर्देश भी दिया। उन्होंने बताया कि 2025 तक प्रधानमंत्री ने टीवी को जड़ से समाप्त करने के लिए आह्वान किया है ऐसे में विशेष अभियान के तहत नए टीवी रोगियों को खोजने टीवी मरीजों की मृत्यु दर को कम करना और स्वस्थ व्यक्तियों में टीवी संक्रमण को रोकने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है जिसमें ट्रेसिंग, टेस्टिंग व ट्रीटमेंट पर जोर रहेगा। डा. रविकांत सिंह ने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर टीवी की जांच की जा रही है एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ कर टीवी रोगियों की पहचान कर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा एक्स-रे और बलगम की जांच कराई जाएगी हमारा यह प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति बीमारी से ग्रसित ना हो टीवी उन्मूलन का जो लक्ष्य सरकार ने 2025 तक रखा है इस लक्ष्य तक अवश्य ही हमारा देश टीवी मुक्त हो सकेगा।





स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जंघई शाखा का एटीएम 7 माह से बंद था जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। लेकिन खबर प्रकाशित होने के बाद बैंक अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की और एटीएम को चालू कर दिया गया जिससे उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

# जौनपुर



# घायल ई-रिक्शा चालक की इलाज के दौरान मौत, शोक

दु:खद

**मौत की खबर मिलते ही परिवार में मचा कोहराम**

**अर्टिगा कार के धक्के से पलटा था ई-रिक्शा**

**जिला अस्पताल में चल रहा था इलाज**

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जौनपुर-रायबरेली हाईवे पर इटहरा गांव के पास रविवार को शाम करीब 4 बजे आर्टिका और ई-रिक्शा की हुई भिड़ंत में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी बीती रात जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। विदित हो कि क्षेत्र के पकड़ी गोदाम मोहल्ला निवासी 50 वर्षीय स्वामीनाथ गौतम अपना ई-रिक्शा लेकर प्रतापगढ़ की ओर जा रहा था। जैसे ही इसका रिक्शा उक्त मार्ग पर इटहरा के पास पहुंचा पीछे से आ रही तेज रफ्तार आर्टिगा कार ने धक्का मार दिया जिससे ई-रिक्शा पलट गया था। जिसमें चालक स्वामीनाथ गौतम गंभीर रूप से घायल हो गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। इलाज के बाद गंभीर हालत देख चिकित्सक ने बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया था जहां इलाज के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। इस सम्बन्ध मे स्थानीय प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि हादसे में घायल ई-रिक्शा चालक स्वामीनाथ गौतम की इलाज के दौरान बीती रात मौत हो गई है।



मृतक ई-रिक्शा चालक की फाइल फोटो

## ट्रेन से कटकर अज्ञात महिला की मौत

**जंघई।** जंघई स्टेशन के पूरब तरफ जंघई जरौना मार्ग पर बाबा नगर के पास स्थित रेलवे फाटक के पास रविवार की रात दस बजे एक अज्ञात महिला की ट्रेन की चपेट मे आने से मौत हो गयी। महिला की उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है। जंघई स्टेशन के पूर्वी फाटक पर महिला के ट्रेन से कटने पर स्थानीय लोगों ने गेट मैन को सूचना दी तो गेटमैन ने स्टेशन अधीक्षक को सूचना दी। स्टेशन अधीक्षक के मेमो पर आरपीएफ सब इन्सपेक्टर दीपक कुमार मौके पर पहुंच गये घटना सराय ममरेज थाना क्षेत्र मे होने के कारण सराय ममरेज पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जंघई चौकी प्रभारी संजय कुमार मौर्य और एसआई सौरभ कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेजवाया। अभी तक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। सरायममरेज थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि महिला की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

# जानलेवा हमला व अभद्रता करने के मामले में आधा दर्जन पर मुकदमा दर्ज

जनसंदेश न्यूज

कार्रवाई

**पुलिस मामले की जांच में जुटी**

**शाहगंज।** नगर के एराकियाना मोहल्ले में 12 जनवरी को घर में घुसकर पुरुष व महिला के साथ धारदार हथियार से मारपीट समेत महिला से अभद्रता करने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

उक्त मोहल्ला निवासी रिजवान पुत्र जियाउद्दीन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीते एक सप्ताह पूर्व पीड़ित मोहल्ला स्थित अपने किराने की दुकान पर बैठा था उसी समय पुरानी रंजिश को लेकर उक्त मोहल्ला निवासी फरहान अख्तर, सुफियान अख्तर व अदनान अख्तर पुत्रगण सलमान व इमरान अख्तर, जीशान अख्तर सलमान अख्तर पुत्रगण सैय्यद महमूद एक जुट होकर दुकान में घुसकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने पीड़ित पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। शोरगुल सुनकर पीड़ित की बहन बचाने पहुची तो उक्त लोगों ने उसपर हमला कर अभद्रता करने लगे। शोरशराबे की आवाज सुनकर भीड़ इकट्ठा होते देख लोग मौके से फरार हो गए। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों पर सोमवार को विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

# हल्का लेखपाल ने पीड़ित के निर्माण पर चलवा दिया जेसीबी

दबंगई

**जिलाधिकारी से लगायी गुहार**

**खेतासराय।** क्षेत्र के एक गांव में अतिक्रमण हटाने के लिए एक व्यक्ति ने शिकायत किया तो उल्टा पीड़ित के भूमिधरी पर लेखपाल ने जेसीबी चलवा दिया। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़ित ने इसके विरुद्ध जाँच और अतिक्रमण हटाने के लिए जिलाधिकारी को प्रार्थना-पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

सूम्बुलपुर गाँव निवासी जुबैर पुत्र असगर अली ने ग्राम के सार्वजनिक चकमार्ग पर गाँव के नईम व जाबिर द्वारा बांस बल्ली के माध्यम से सार्वजनिक चकमार्ग को कब्जा करने का आरोप लगाते हुए समाधान दिवस पर प्रार्थना-पत्र देकर अतिक्रमण हटाने की गुहार लगाया था। आरोप है कि साजिश के तहत हल्का लेखपाल द्वारा गलत ढंग रिपोर्ट में मौके पर रास्ता खाली कोई अतिक्रमण नहीं है तथा शांतिभंग की धारा में कार्रवाई कर दिया गया जिससे प्रार्थी पूरी तरह से भयभीत है। प्रार्थी सार्वजनिक रास्ते पर हुए अतिक्रमण के विरुद्ध फिर से प्रार्थना-पत्र देकर गुहार लगायी है। आरोप है कि दुबारा प्रार्थना-पत्र के बाद हल्का लेखपाल अतिक्रमण हटवाने के लिए मोटी रकम की मांग किया। प्रार्थी ने पैसा देने में असहमति जतायी तो लेखपाल अनिरुद्ध सिंह ने बिना किसी उच्चाधिकारियों के आदेश, न तो किसी प्रकार की नोटिस दिए बगैर प्रार्थी की जमीन पर हुए पिलर आदि के निर्माण पर ही जेसीबी चलवा दिया। आरोप है उक्त हल्का लेखपाल धमकी दे रहा है कि किसी प्रकार की कार्यवाई किया तो फर्जी मुकदमा लदवाकर जिन्दगी पलीत कर दूंगा। जिससे प्रार्थी और भी भयभीत है। प्रार्थी मामले की जाँच और अतिक्रमण हटवाने के लिए जिलाधिकारी को प्रार्थना-पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## डेंटिंग वर्कशॉप से पिकअप चोरी चार दिन बाद भी पुलिस मौन

**जलालपुर।** थाना क्षेत्र के दरवेशपुर गांव स्थित एक डेंटिंग वर्कशॉप से पिकअप वाहन चोरी हो गया। घटना को चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के लौकरी परियावां गांव निवासी पीड़ित केडी ने बताया कि पिकअप वाहन उनके भाई अजीत कुमार के नाम पर पंजीकृत है। उन्होंने इसे 13 जनवरी को जलालपुर थाना क्षेत्र के दरवेशपुर गांव स्थित बाबू डेंटर की दुकान पर डेंटिंग कार्य के लिए छोड़ा था। 16 जनवरी की रात वाहन दुकान के बाहर खड़ा था लेकिन अज्ञात चोर उसे चुरा ले गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की लेकिन न तो अब तक मामला दर्ज किया गया है और न ही पिकअप की बरामदगी हुई है। दुकानदार बाबू ने बताया कि 16 जनवरी की सुबह पिकअप दुकान से बाहर खड़ी करके में रिश्तेदारी चला गया। उस समय पिकअप मलिक के भाई केडी आए हुए थे उनके वापस जाने बाद पिकअप की चाबी गायब हो गई। काफी खोजबीन की गई लेकिन चाबी नहीं मिली। रिश्तेदारी से वापस घर आया और रात करीब 12 बजे तक वाहन दुकान के बाहर मौजूद था, लेकिन देर रात चोरी हो गया।

# पीयू प्रबंधक महासंघ ने कुलपति को मुकुट पहनाकर किया सम्मानित

सम्मान

**परीक्षा संचालन व मूल्यांकन में सहयोग का दिया आश्वासन**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्ववित्तपोषित प्रबंधक महासंघ ने कुलपति प्रो. वंदना सिंह व परीक्षा नियंत्रक डा. विनोद कुमार सिंह और कुलसचिव (परीक्षा) अजीत प्रताप सिंह को आगामी परीक्षा संचालन और मूल्यांकन को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महासंघ ने विश्वविद्यालय प्रशासन को हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कुलपति को चांदी का मुकुट और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

प्रबंधक महासंघ के अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार तिवारी और संरक्षक अशोक दुबे की अगुवाई में हुए इस आयोजन में महासंघ के कई प्रबंधकों ने हिस्सा लिया। प्रमुख रूप से डॉ. ज्ञान प्रकाश पाठक, प्राचार्य शरद सिंह (लीलावती अध्याय प्रसाद महाविद्यालय, बराई थानागद्दी), अखिल प्रताप सिंह (मालती देवी महाविद्यालय), मुन्ना यादव (श्री अभिमन्यु महाविद्यालय), नीरज मिश्रा (भोलानाथ महाविद्यालय), विनोद तिवारी, विद्याधर तिवारी महाविद्यालय, राजकुमार मौर्य और डॉ. रिंकू मौर्य सहित कई प्रबंधक उपस्थित रहे। इस अवसर पर महासंघ ने विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता लाने के लिए समन्वय और सहयोग की आवश्यकता है। साथ ही, उन्होंने नए वर्ष के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं और विश्वविद्यालय के सतत विकास में योगदान देने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम को लेकर विश्वविद्यालय के शिक्षाविदों और प्रबंधकों के बीच सकारात्मक ऊर्जा और आपसी सहयोग का माहौल देखने को मिला।

# प्रादेशिक सदस्य संगठन के लिए मार्गदर्शक है : दिनेश टंडन

सम्मेलन

**व्यापार मंडल की नई कमेटी व्यापारियों का शोषण नहीं होने देगी : राधेरमण जायसवाल**

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** नगर उद्योग व्यापार मंडल की 2024 से 2027 तक कार्य करने वाली नगर कमेटी का परिचय सम्मेलन अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल की अध्यक्षता में सुतहट्टी चौराहा स्थित बैंकर प्लाजा के मीटिंग हॉल में आयोजित की गया।

अध्यक्ष राधेरमण ने सभी संरक्षक के साथ अतिथि और व्यापारियों का स्वागत करते हुए कहा कि नगर उद्योग व्यापार मंडल की नए कमेटी व्यापारियों का शोषण किसी भी हालत में नहीं होने देंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी सदस्यों को प्रमाण पत्र के साथ व्यापारी परिचय पत्र भी वितरित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जौनपुर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि जहां जरूरत होगी जिला कमेटी वहां उपस्थित मिलेगा तथा प्रादेशिक सदस्य संगठन के लिए एक मार्गदर्शक का काम करते हैं जिससे प्रदेश नेतृत्व को व्यापारी हित की लड़ाई में सर्वसम्मति बनाने में सहायता मिलती है। कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष साहू के द्वारा ईशवंदना का पाठ किया गया। तत्पश्चात सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सम्मेलन में उपस्थित जिला संरक्षक राजदेव यादव, छबूलाल सोनकर, जगदीश चंद्र गाढ़ा, नन्हेंलाल वर्मा, श्याम चंद्र अग्रहरी, अनिल जायसवाल, हरि ओम ने उपस्थित पदाधिकारी के साथ सभी व्यापारियों को एकजुट रहने का संबोधन किया और एक दूसरे का सहयोग करने के लिए तत्पर रहने के लिए कहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में महामंत्री नगर मनोज साहू एवं मुन्नालाल अग्रहरि, यशवंत साहू, अनिल वर्मा, अरविंद जायसवाल, कार्यक्रम संयोजक विमल भोजवाल और समाजसेवी अरविंद बैंकर का विशेष सहयोग रहा।

सम्मेलन में जिला महामंत्री रामकुमार साहू, ओम प्रकाश जायसवाल, अमर जौहरी, संदीप वर्मा, रामकुमार साहू, संतोष मौर्य, रोशी सोनकर, निरंजन वर्मा, लोकेश साहू, हफिज शाह, रंजीत सिंह, विजय गुप्ता, रमेश जायसवाल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन युवा जिलाध्यक्ष संतोष अग्रहरि ने किया। उपस्थित सभी अतिथियों और पदाधिकारियों का आभार संयोजक/वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल भोजवाल ने व्यक्त किया।

# भंगार बन चुके वाहनों को एसपी के आदेश पर हटवाया गया



**जफराबाद।** एसपी डा. कौस्तुभ के निर्देश पर इंस्पेक्टर जय प्रकाश यादव ने थाने के पास मुकदमें में लम्बित होने के चलते वर्षो से खड़े वाहनों को हटवाने का काम युद्ध स्तर पर करवाया जा रहा है। थाने के सामने वर्षो से खड़े कबाड़ की शक्ल में तब्दील हो चुके वाहनों को देखकर काफी खराब लगता था। एसपी ने इन्हें हटाकर कहीं सुरक्षित व तरीके से रखवाने का निर्देश दिया था। बता दे कि बेतरतीब थाने के सामने कई वर्षों से सड़क पर खड़ी गाड़ियों से कई हादसे भी हो चुके है। इसके अलावा थाने के आसपास गंदगी और पेड़ो के जाल को भी पुलिस ने कड़ी मेहनत और जेसीबी की मदद से हटवा दिया। कई वर्षों में पहली बार इस तरह से साफ सफाई का कार्य किया गया। थाना प्रभारी के कार्य की स्थानीय लोगों ने काफी सराहना किया।

# दो पक्षों में विवाद, जमकर मारपीट



**जलालपुर।** थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में रविवार की शाम ग्राम समाज की कटी विवादित लकड़ी को ले जाने के प्रयास में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में एक पक्ष से चंदन सिंह (26 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में गहरी चोट आई, जिसके चलते करीब आधा दर्जन टांके लगाए गए। दूसरे पक्ष से कल्लू उर्फ हर्ष पाल और दो महिलाएं भी चोटिल हुई हैं। बताया गया कि गांव समाज की जमीन पर एक पेड़ की लकड़ी काटकर प्रधान के निर्देश पर सुरक्षित रखी गई थी। यह लकड़ी विवादित थी, इसलिए कुछ लोगों की निगरानी में रखी गई थी। रविवार को एक पक्ष ने लकड़ी ले जाने की कोशिश की, जिसके बाद दूसरा पक्ष भी लकड़ी ले जाने लगा। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना की सूचना दोनों पक्षों ने पुलिस को दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दो नफर वारंटी गिरफ्तार

**गौराबादशाहपुर।** पुलिस ने सोमवार को न्यायालय से प्राप्त एनबीडब्ल्यू के क्रम में अलग-अलग स्थानों से दो नफर वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष फूलचंद पांडे ने बताया कि विजय कुमार पुत्र रामजतन ग्राम कबीरूद्दीनपुर तथा राहुल पाल पुत्र राम जगपाल ग्राम सकरा अलग-अलग मामलों में वांछित थे। अभियुक्तगणों को उनके घर से ही गिरफ्तार कर थाना लाकर आवश्यक विधि कार्यवाही कर संबंधित न्यायालय भेजा जा रहा है।

# मीरजापुर ने मेरठ व गोरखपुर ने आजमगढ़ को हराकर अगले चक्र में किया प्रवेश

खेलकूद

**मुलायम सिंह यादव राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल**



**केराकत।** स्थानीय नार्मल स्कूल के मैदान पर केराकत स्पोर्ट्स एकेडमी फेडरेशन के तत्वावधान में चल रही मुलायम सिंह यादव राज्य स्तरीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता में चौथे दिन सोमवार को दो मैच खेले गए। पहला मुकाबला डीएफए मिर्जापुर और डीएफए मेरठ के बीच हुआ जिसमें मिर्जापुर की टीम ने डीएफए मेरठ को एक शून्य गोल के अन्तर से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया।

मैच की शुरूआत जीआर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन संजय यादव सरावां ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। खेल के पहले हाफ में मिर्जापुर की रिया ने 31वें मिनट में एक गोल कर अपनी टीम को एक गोल की बढ़त दिला दिया। दूसरे हाफ में डीएफए मेरठ की खिलाड़ियों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन करते हुए कई बार अच्छे मूव बनाए और जोरदार तरीके से आक्रमण किया लेकिन बराबरी भी नहीं कर पाए। फलस्वरूप निर्णायक ने डीएफए मिर्जापुर को विजेता घोषित किया। दूसरा मुकाबला डीएफए आजमगढ़ और डीएफए गोरखपुर के बीच हुआ जिसमें गोरखपुर की टीम ने डीएफए आजमगढ़ को 2-0 गोल से हराकर अगले चक्र में अपनी जगह बना लिया। खेल के प्रथम हाफ में यद्यपि दोनों टीमों ने अथक प्रयास किया और बार बार एक दूसरे पर जोरदार तरीके से आक्रमण किए किन्तु किसी को सफलता नहीं मिली और प्रथम हाफ गोलविहीन ही गुजर गया। दूसरे हाफ के शुरूआती समय में एकबारगी ऐसा लगा कि खेल टाई हो जाएगा लेकिन खेल के 49वें मिनट में गोरखपुर की नेहा ने और उसके दो मिनट बाद ही रुखसार ने एक एक गोल कर के अपनी टीम को 2-0 गोल के अंतर से जीत दिला दी। खेल में निर्णायक धीरज पटेल और सहयोगी निर्णायक विशाल कुमार, कविता पटेल और शालिनी यादव रहीं। तीसरी आंख के रूप में असेसर निर्णायक अजेय कुमार यादव रहे। इस अवसर पर संस्थापक लालजी यादव, नेशनल फुटबॉलर राना अनवर, पूर्व सदस्य जिला पंचायत हरीशचंद्र यादव बबलू, सपा नेता आजाद कुरैशी, राजेश यादव मिश्रा, रूपेश शर्मा, फूलचंद यादव, साहबलाल सोनकर, अरविंद यादव आदि लोग उपस्थित थे। संचालन संजय आर्य ने किया।

# संक्षेप

## विधवा ने प्रार्थना पत्र देकर लगाया छेड़खानी का आरोप

**मड़ियाहूं।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासिनी विधवा ने एक मनबढ़ व्यक्ति पर मारपीट व छेड़खानी का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव में वह अपनी नाबालिक बच्चियों के साथ रहती है, पति की मौत हो चुकी है। काजीपुर गांव निवासी एक व्यक्ति जो मनबढ़ किस्म का है आए दिन शराब पीकर घर में घुसकर गाली गलौज व मारपीट कर छेड़खानी करता है। बीते 9 दिसंबर को भी उसके द्वारा मेरी लड़की के साथ छेड़खानी की गई थी। प्रार्थना पत्र भी दिया गया था, लेकिन पुलिस ने शांति भंग में उसका चालान कर छोड़ दिया था। शुक्रवार को पुनः घर में घुसकर मारपीट कर गाली गलौज व छेड़खानी का आरोप लगाया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का प्रार्थना पत्र देते हुए जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है सत्यता पाई गई तो मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

## विभिन्न मामलों में वांछित सात का पुलिस ने भेजा चालान

**जौनपुर।** जिले की रामपुर थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चार गांवों से सात लोगों को सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है। रामपुर थाना क्षेत्र के चार गांव के सात लोगों को न्यायालय से जारी विभिन्न मामलों में वारंट के बावजूद न्यायालय में हाजिर नहीं होने के कारण वांछित सात आरोपियों को रामपुर थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला के निर्देशन में मुखबिर की सूचना पर सोमवार की सुबह हमराह पुलिसकर्मियों ने दबिश देकर महेश गौतम, भागीरथी एवं अभिलाख निवासी राघवरामपट्टी, राजकरन यादव उर्फ मल्लू निवासी राजापुर थाना रामपुर, जनार्दन निवासी बनीडीह थाना रामपुर, सुगन्न बनवासी थाना रामपुर, अवधेश निवासी कोटिगांव थाना रामपुर जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है। दबिश के दौरान सब इंस्पेक्टर राम आसरे कुशवाहा कबीर अली बेग, मायाशंकर दुबे, हेड कांस्टेबल सूरज सोनकर, संजय प्रजापति आजाद खां रहे।

## तहसील दिवस के दौरान बेहोश हुई महिला

**जफराबाद।** थाना क्षेत्र की नासही मोहल्ला निवासी सोनी वर्मा अपनी दो ननदों के साथ संपत्ति बंटवारे की शिकायत लेकर आई थी। दोपहर करीब 1:45 बजे उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम सदर पवन कुमार सिंह ने तत्काल अपनी सरकारी गाड़ी से महिला को जिला अस्पताल भेजवाया, जहां उसका इलाज जारी है। सोनी वर्मा का आरोप है कि उनके पड़ोसी जबरदस्ती उनकी संपत्ति पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन एक हिस्सेदार को पूरा पार्टीशन दिलवा रहा है, जबकि वसीयत फर्जी है और मामला न्यायालय में विचाराधीन है। महिला के परिजनों ने चेतावनी दी है कि अगर उन्हें कोई नुकसान होता है तो इसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी है।

## प्रेमी युगल ने मंदिर में रचाई शादी

**खुटहन।** स्वजनों के विरोध के चलते दो दिनों पूर्व घर से भागे प्रेमी युगल को पुलिस ने पकड़ थाने लायी तो दोनों शादी करने की जिद पर अड़ गए। उनके आगे दोनों पक्षों को विवश होकर सहमति प्रदान करना ही पड़ा। कई मानिंद जनों की मौजूदगी में थाना परिसर स्थित मंदिर में एक दूजे को जयमाल पहनाकर दोनों सात जन्मों तक साथ निभाने की कसमें खाई। थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव निवासी सजातीय युवक और युवती का महीनों से आपस में प्रेम संबंध चल रहा था। युवती के अभिभावक को इसकी जानकारी हुई तो युवती पर पाबंदियां लगाई जाने लगी। गत शनिवार को दोनों घर से फरार हो गए। घटना की सूचना युवती के पिता द्वारा थाने पर दी गई। सोमवार को पुलिस ने युवक के एक रिश्तेदार के घर से दोनों को बरामद कर लिया। थाने लाकर दोनों के स्वजनों को बुलाया गया तो युवती युवक संग शादी करने को अड़ गई। गांव के कई लोग थाने पर पहुंच समझाने बुझाने लगे। प्रेमी युगल के जिद के आगे किसी की न चली। प्रेमी ने मंदिर प्रांगण में प्रेमिका की मांग भर दोनों एक दूसरे के गले में जयमाल पहनाकर जन्म जन्मांतर के लिए एक दूजे के हो गए।

## सहोदया स्कूल एसोसिएशन के निर्विरोध कोषाध्यक्ष बने प्रधानाचार्य विनोद कुमार यादव



**खेतासराय।** सेंट तुलसी ग्लोबल स्कूल, आमगांव, फुलेश के प्रधानाचार्य विनोद कुमार यादव को सहोदया स्कूल एसोशिएशन का निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुना गया है। यह चुनाव सर्वसम्मति से हुआ जिसमें उनकी नेतृत्व क्षमता, शैक्षणिक कुशलता और वित्तीय प्रबंधन में दक्षता को मान्यता दी गई। विनोद कुमार यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। सेंट तुलसी ग्लोबल स्कूल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। छात्रों के सर्वांगीण विकास और शैक्षणिक गुणवत्ता को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने अपने स्कूल को एक प्रतिष्ठित संस्थान के रूप में स्थापित किया है। सहोदया स्कूल एसोशिएशन के कोषाध्यक्ष के रूप में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। एसोशिएशन का उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों के बीच समन्वय स्थापित करना और शिक्षकों तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए नई पहल करना है। विनोद कुमार यादव ने इस अवसर पर कहा, मैं इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए प्रतिबद्ध हूं और एसोशिएशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का हर संभव प्रयास करूंगा और अपना शत प्रतिशत योगदान दूंगा। उनके निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर डॉक्टर जेपी सिंह आर्थो सर्जन, प्रबन्धक दुर्गेश सिंह देवदूत हेल्पिंग्स हैंड्स के संस्थापक सदस्य, अशोक यादव सुल्तानी, अनूप सिंह अपरिहार, गौरव सिंह, नेहा सिंह, विवेक कोच, अभिषेक अस्थाना, दीपक मौर्य, रविकांत पटवा आदि लोगों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## नि:शुल्क कम्बल वितरण और नेकी की दीवार में सैकड़ों जरूरतमंद लाभान्वित

**शाहगंज।** नगर के लायंस क्लब द्वारा अध्यक्ष मनीष अग्रहरि के नेतृत्व में नि:शुल्क कम्बल वितरण समारोह एवं नेकी की दीवार का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों जरूरतमंद को लाभ मिला। समारोह जरूरतमंद को कम्बल मिलते ही व आवश्यकता की सामग्री मिलते ही खुशी से चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वनाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के अभय सिंह रहे। दीप प्रज्वलित कर कम्बल वितरण किया गया। वहीं नेकी की दीवार के फीता काट कर उद्घाटन हुआ। विशिष्ट अतिथि के डा. मनोज सिंह और विशाल जायसवाल रहे। कम्बल वितरण समारोह में लगभग 465 कम्बल वितरित किया गया। नेकी के दीवार में जरुरतमंद ने लगभग 1295 उपयोगी वस्त्र नि:शुल्क प्राप्त किया। अध्यक्ष मनीष अग्रहरि, लियो अध्यक्ष अधिवक्ता शशांक गुप्ता के साथ कार्यक्रम संयोजक पूर्व ग्राम प्रधान सुभाष यादव उर्फ चंदू एवं मनोज जायसवाल रहे। संचालन उपाध्यक्ष रविकांत जायसवाल व आभार सचिव मनोज पाण्डेय ने व्यक्त किया। इस दौरान प्रमुख रुप से डा. अभिषेक रावत, डा. आरके वर्मा, रूपेश जायसवाल, प्रवीण श्रीवास्तव, प्रदीप जायसवाल, अरुण पांडेय, सतीश गुप्ता, सुरेंद्र तिवारी, अनिमेष अग्रहरि, सर्वेश चौरसिया, विजेंद्र अग्रहरि, डा. तारिक शेख, राजीव गुप्ता, अंकित गुप्ता उर्फ रोमिल, डा. ज्ञान चंद्र चित्रवंशी, डा. टीएन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## यातायात जागरूकता कर किया 427 वाहनों का चालान

**जौनपुर।** सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत सड़क दुर्घटना व उनमें होने वाली मृत्यु में कमी लाये जाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा हौज टोल प्लाजा क्षेत्र में मंडलाधिकारी वाराणसी मनोज वर्मा, एआरटीओ सत्येंद्र कुमार, पीटीओ अधिकारी तथा यातायात प्रभारी सुशील कुमार मिश्रा के द्वारा ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवा कर वाहन चालकों के इसके महत्व के प्रति जागरुक किया गया। सड़क के किनारे गलत तरीके से पार्क किये गये वाहनों को हटवाया गया तथा हाइवे पर स्पीड राडार लगाकर तेजगति से चलने वाले 30 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन तथा बिना हेल्मेट वाहन संचालन करना, बिना सीटबेल्ट प्रयोग किये चार पहिया वाहन संचालित करना, चारपहिया वाहन पर ब्लैक फिल्म का प्रयोग करना, माडीफाइड साइलेंसर का प्रयोग करना, रांग साइड वाहन का संचालन करना आदि अपराधों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गयी। प्रवर्तन कार्यवाही के अन्तर्गत यातायात पुलिस तथा थाना पुलिस द्वारा सोमवार को 427 वाहनों का चालान किया गया।

# औराई तहसील में मण्डलायुक्त और पुलिस महानिरीक्षक ने सुनी फरियाद

**आयोजन**

सम्बन्धित को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के दिए गए निर्देश

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** शासन के निर्देशानुसार जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु परिक्षेत्र के समस्त तहसीलों पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मण्डलायुक्त विंध्याचल मण्डल व पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर ने तहसील औराई में फरियादियों की समस्या सुनकर समाधान का भरोसा दिलाया तथा अधीनस्थों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाए, समाधान ऐसा करें कि फरियादी संतुष्ट हो जाए और उसे दोबारा शिकायत करने की जरूरत न पड़े। मंडलायुक्त व आईजी ने यह भी निर्देश दिया कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाए। राजस्व से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाए तथा शिकायतों का निस्तारण कागजों तक सीमित ना हो, शिकायतकर्ता की शिकायत का वास्तविक निस्तारण हो। इसी तरह भदोही तहसील में उपजिलाधिकारी श्यामणि त्रिपाठी व ज्ञानपुर में एसडीएम अरुण गिरी ने फरियादियों की शिकायती पत्रों का निस्तारण किया।

## पुलिस के अथक प्रयास के बाद गुमशुदा हुई बरामद



**भदोही।** स्थानीय कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास कर गुमशुदा युवती को सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस ने उसे बरामद करते हुए युवती के परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया। उक्त कोतवाली क्षेत्र के सालिमपुर निवासी महेंद्र सरोज पुत्र लालजी सरोज द्वारा 17 जनवरी को पुलिस को सूचना दी गई कि हमारी पुत्री जिसकी उम्र 20 वर्ष है।

जो पढ़ने के लिए ज्ञानपुर में स्थित एक कालेज गई हुई थी, लेकिन वापस नहीं आई। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्समय ही गुमशुदगी दर्ज कर गुमशुदा की सकुशल बरामदगी के प्रयास में लग गई। वहीं हल्का इंचार्ज सालिमपुर कोमल सिंह युवती को सकुशल बरामद करने में लगे रहे। इसी क्रम में सोमवार को उपनिरीक्षक कोमल सिंह ने गुमशुदा को सकुशल बरामद कर लिया। इसकी जानकारी पुलिस द्वारा गुमशुदा के परिजनों को दी गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों को पुलिस ने गुमशुदा को सुपुर्द कर दिया। गुमशुदा के पिता महेंद्र सरोज ने बताया कि बेटी पढ़ने के लिए ज्ञानपुर कालेज गई थी। माता-पिता के डांट से क्षुब्ध होकर बेटी कालेज से घर न आकर अपनी मौसी के यहां चली गई थी।

## राष्ट्रीय राजमार्ग के उत्तरी लेन का नाला जाम, दुकानों में जा रहा पानी



**गोपीगंज।** नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग के उत्तरी लेन पर बना नाला जाम होने से गन्दा पानी रास्ते के साथ दुकानो की ओर बहने लगा, जिससे मजबूरन लोग दुकान बंद कर दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर पालिका कर्मचारियों के साथ प्रभारी अधिशासी अधिकारी मौके पर पहुच कर सफाई कार्य शुरू करा दिया।

नगर से मलजल की निकासी की स्थाई व्यवस्था नही हो सकी है। बारिश मे नाली नाला की सफाई करा दी जाती है, लेकिन जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से आए दिन समस्या सामने आ जाती है। दो दिन पूर्व नाले का पानी ओवर फ्लो हो गया और नाले का पानी दुकानों की ओर फैलने लगा तो किसी ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से कर दिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर लाव लश्कर के साथ प्रभारी अधिशासी अधिकारी डा. अनुपम सिंह मौके पर पहुंच गए। जेसीबी लेकर पहुचे अधिकारी और कर्मचारी चेम्बर खोल कर सफाई कराने के साथ टैंक लेकर पानी निकालने का काम शुरू कर दिया। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि समस्या के स्थाई समाधान की योजना बनाई जाएगी। दुकानदार विकाश चौरसिया, सुरजीत यादव, दीप चंद, शिवम, योगेश, रमेश आदि ने बताया कि नाले का पानी भर जाने से तीन दिन से दुकान बंद करना पड़ा है।

## आज छह घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**भदोही।** बिजली विभाग द्वारा छह फीडरों में 21 जनवरी मंगलवार को बिजनेस प्लान के अंतर्गत विद्युत से सम्बंधित कार्य कराया जाना है। कुशियरा फीडर, इंडस्ट्रियल फीडर, नेशनल फीडर, ममहर फीडर, दशरथपुर फीडर व इंद्रामिल फीडर से लाइन क्रॉसिंग पर केबिल लगाए जाने का कार्य किया जाना है। विद्युत वितरण खण्ड भदोही के अधिशासी अभियंता आरबी शर्मा ने बताया कि कार्य किये जाने की वजह से आज भदोही सब स्टेशन, धवरहरा उपकेंद्र व कार्पेट सिटी उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्रों में प्रातः 11 बजे से सायं पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। शटडाउन से उक्त उपकेंद्रों से चलने वाले फीडर कुशियरा, इंडस्ट्रियल, नेशनल, ममहर, दशरथपुर, इंद्रामिल की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता ने उक्त फीडर के विद्युत उपभोक्ताओं से प्रातः 11 बजे से पहले ही विद्युत से सम्बंधित कार्य पूरा करने का आह्वाहन किया है।

# राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में जौनपुर ने गाजीपुर को दो विकेट से हराया

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी में महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला गाजीपुर और जौनपुर के बीच खेला गया। बेहद ही रोमांचक मैच में जौनपुर की टीम ने दो विकेट से जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। गाजीपुर क्रिकेट टीम के कैप्टन ने टॉस जीतकर 25 ओवरों के निर्धारित खेल में पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

गाजीपुर के बल्लेबाजों ने 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 136 रन बनाकर जौनपुर के सामने 137 रनों का लक्ष्य रखा, जिसमें दीपक यादव ने शानदार 46 रन, गोलू यादव ने 45 व अजय मौर्य ने 12 रनों का योगदान किया। जौनपुर के गेंदबाज आकाश तिवारी ने तीन विकेट झटके। 136 रनों के जवाब में खेलने उतरी जौनपुर की टीम ने 24 वें ओवर में 8 विकेट पर 138 बनाकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमें जौनपुर के बल्लेबाज दया ने 23 रन, आदर्श यादव ने 27, वीरेंद्र प्रताप ने 22 रनों का योगदान किया। इस प्रकार जौनपुर की टीम ने गाजीपुर को दो विकेट से हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। मैच के दौरान पूरा स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रहा है चौके, छक्के व विकेट पर दर्शकों ने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन मंगलवार को दो क्वालीफाइंग मैचों का आयोजन किया गया है। पहला मुकाबला आजाद स्पोर्ट्स क्लब बनाम मिजार्पुर और दूसरा मैच मोढ़ बनाम लखनऊ के बीच खेला जाएगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन



जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

जन समस्याओं का निस्तारण करने का अधिकारियों को निर्देश

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र के निर्देश के क्रम में समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान ने सदर तहसील में सुनवाई की और संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। जन समस्याओं के निस्तारण करने को अधिकारियों को पहली प्राथमिकता देने के निर्देश दिया। इसी प्रकार समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस : 71 प्रार्थना पत्र में दस निस्तारित

**शाहगंज।** तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें फरियादियों द्वारा कुल 71 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। मौके पर महज 10 प्रार्थना पत्रों का ही निस्तारण हो सका। शेष प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को सौंपा गया है। दिवस पर नई आबादी निवासी एडवोकेट शारिक खान ने नगर के आजमगढ़ मार्ग स्थित नई सब्जी मंडी बाईपास दादर रोड से योगीनाथ तिराहे तक बेहद जर्जर सड़क के निर्माण हेतु प्रार्थना पत्र सौंपा। जर्जर मार्ग के कारण आये दिन दुर्घटना में लोग जख्मी हो रहें हैं। वहीं हमजापुर गांव निवासी श्याम बहादुर ने प्रार्थना पत्र देकर कहा हमारा वृद्धावस्था पेंशन नहीं बन रहा है। वहीं असैथा पट्टी निवासी शिवपूजन पुत्र फूलचंद ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि वह बहुत गरीब है लेकिन आज तक राशनकार्ड नहीं बन सका। सभी पीड़ितों को फिलहाल आश्वासन मिला है। इस दौरान नायब तहसीलदार बलवंत उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान, चिकित्सा अधीक्षक डा. रफीक फारुकी, अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरी, प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह समेत विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस में आए 35 मामलों में चार निस्तारित

**मड़ियाहूं।** स्थानीय तहसील परिसर स्थित सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी कुणाल गौरव व क्षेत्राधिकारी गिरेंद्र कुमार सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। इस दौरान कल 35 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें चार का निस्तारण करते हुए शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए भेजा गया। इस दौरान तहसीलदार सत्येंद्र मौर्य, नायब तहसीलदार सत्येंद्र मौर्य, संदीप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल, सहायक विकास अधिकारी कृषि राजेश कुमार यादव सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**केराकत।** तहसील सभागार में सीआरओ राम कारन की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। दिवस में 82 प्रार्थना पत्र दिए गए जिसमें 12 का त्वरित निस्तारण किया गया शेष सभी राजस्व विभाग के मामले रहे जिन्हें संबंधित विभाग को हस्तांतरित कर निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए। मौके पर उपजिलाधिकारी सुनील कुमार, क्षेत्राधिकारी, कोतवाली प्रभारी, जलालपुर थाना, चंदवक थाना के साथ सभी लेखपाल व कर्मचारीगण मौजूद रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आए एडीएम भू राजस्व ने कहाकि प्रार्थना पत्रों पारदर्शिता के लिए निस्तारण हुए प्रार्थना पत्रों की क्रास चेकिंग की? जाएगी। किसी विभाग कुछ निस्तारण दूसरे विभाग से क्रास चेकिंग से वादकारियो को संतुष्टि मिलेगी। उन्होंने अधिनस्थों को प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए मौके पर जाने और जियो टैग फोटो लगाने का निर्देश दिया।

## गणतन्त्र दिवस पर महिला व पुरूष क्रास कन्ट्री रेस का आयोजन

**जौनपुर।** उप क्रीड़ा अधिकारी ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ.प्र. लखनऊ से प्राप्त निर्देश एवं जिला प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में पुरूष वर्ग की 5 किमी एवं महिला वर्ग में 3 किमी की क्रास कन्ट्री रेस का आयोजन प्रातः 7 बजे से कुत्तुपुर तिराहे से इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम तक किया जायेगा। उक्त रेस में प्रतिभाग करने के इच्छुक पुरूष एवं महिला प्रतिभागी दिनांक 26 जनवरी को प्रातः 6 बजे कुत्तुपुर तिराहे पर उपस्थित होकर अपना नाम, पता अंकित करवाते हुए अपनी प्रविष्टि अंकित कराकर प्रतिभाग कर सकते हैं। रेस में प्रविष्टि का समय 6.30 बजे तक होगा। उक्त अवधि में जो भी प्रतिभागी उपस्थित होकर अपनी प्रविष्टि करा सकते हैं, करा लें अन्यथा उसके बाद प्रविष्टि नहीं ली जायेगी। क्रास कन्ट्री रेस में प्रथम छः स्थान प्राप्त करने वाले पुरूष एवं महिला खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

## शीतकालीन अवकाश के बाद स्कूलों में लौटी रौनक, चहक उठे बच्चे



**सुइथाकला।** शीतकालीन अवकाश के बाद सोमवार को क्षेत्र के तमाम परिषदीय और गैर परिषदीय स्कूलों के ताले खुल गए। स्कूलों के ताले खुलते ही स्कूलों में बच्चों के चहकने से दोबारा रौनक लौट आई। स्कूल आने से बच्चों के चेहरे खिल सा उठे।

गौरतलब हो कि शैक्षणिक कैलेंडर के तहत विगत 31 दिसम्बर से 14 जनवरी तक शीतावकाश रहा। अगले दिन बुधवार यानी 15 जनवरी से स्कूल खुले, पर ठंड बढ़ जाने के कारण जिलाधिकारी द्वारा तीन दिन शनिवार तक के लिए अवकाश घोषित कर दिया गया। जिसके चलते स्कूलों और कालेजों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की छुट्टी कर दी गई थी। अगले दिन रविवार होने के कारण सोमवार से स्कूल खुल गए। मौसम साफ रहा और खिली धूप में बच्चे पढ़ते लिखते दिखाई पड़े।

अवकाश के बाद सोमवार बच्चों के लिए पढ़ाई का पहला दिन रहा, जिसके कारण बच्चों की उपस्थिति कम रही। बहरहाल सोमवार को स्कूलों में पठन पाठन का दौर चलते दिखाई पड़ा। स्कूली गतिविधियां पुनः अपनी पटरी पर लौट आई।

## राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला का आयोजन आज

**जौनपुर।** शासन की मंशा एवं निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ.प्र. के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर कैम्पस में 21 जनवरी को प्रातः 10 बजे रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनी, भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड वाराणसी, एसके इलेक्ट्रानिक, नवरना भारत प्रा.लि., जेपटो रिडर नोयडा के द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर, सेल आफिसर एवं जेप्टो रिडर आदि पदों पर भर्ती करेंगी, रोजगार मेले में प्रतिभागी अभ्यार्थियों की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, आईटीआई एवं स्नातक उत्तीर्ण एवं आयु सीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को भर्ती करेंगी। रोजगार मेले में अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में अभ्यर्थी अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई०डी०प्रुफ सहित उपस्थित हों।

# निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अनियमितता व गंदगी पाए जाने पर बीएसए नाराज



**जौनपुर।** शासन के मंशानुरूप बेसिक शिक्षा विभाग में गुणवत्ता संवर्धन एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु जनपद के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने सोमवार को विकास क्षेत्र मड़ियाहूँ एवं बरसठी के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। बीएसए द्वारा प्राथमिक विद्यालय ददरा, मड़ियाहूँ के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षक एवं अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय में उपस्थिति पायी गयी।

बीएसए द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक को नामांकन के सापेक्ष छात्र उपस्थिति बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बच्चों का अधिगम स्तर बेहतर जिसके लिये बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साफ सफाई अच्छी पाई गई। विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय चकनरायनपुर का निरीक्षण अपरान्ह 12:09 एवं कम्पोजिट विद्यालय पल्टूपुर के निरीक्षण के दौरान दोनों विद्यालयों में कार्यरत समस्त शिक्षक एवं अन्य शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय में उपस्थिति पाये गये। दोनों विद्यालयों द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की उपस्थिति एवं मध्यान्ह वितरण से सम्बंधित सूचना शासन द्वारा उपलब्ध कराये गये टैबलेट के माध्यम से प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज नहीं की जा रही पायी गयी। साथ ही साथ कम्पोजिट विद्यालय चकनरायनपुर के एक कक्षा-कक्ष में कबाड़ इकट्ठा किया गया प्राप्त हुआ। दोनों विद्यालयों में प्राप्त कमियों के कारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दोनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को कारण बताओं नोटिस निर्गत करते हुये प्राप्त कमियों को पूर्ण कर साक्ष्य सहित सम्बंधित खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किये जानें एवं विद्यालय में उपस्थिति समस्त शैक्षणिक कर्मचारियों को शासन की मंशानुरूप छात्रों के अधिगम स्तर के संवर्धन हेतु अनवरत प्रयास किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डाक्टर गोरखनाथ पटेल द्वारा कम्पोजिट विद्यालय पल्टूपुर में छात्रों के बैठकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता की जाँच की गयी।

## संक्षेप

### किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में युवक पर मां ने दर्ज कराया मुकदमा

**गोपीगंज।** कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के एक गांव निवासिनी मां ने अपने ननिहाल आए सजातीय युवक पर नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया। महिला की तहरीर पर गोपीगंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई। आरोप लगाते हुए बताया पीड़िता ने बताया कि उनकी पुत्री उम्र लगभग 17 वर्ष को सायंकाल लगभग 4 बजे के बाद घर में नहीं देखा गया। आस पास खोज बीन पुछताछ की गयी कोई पता नहीं चला। गांव के लोगो से पता चला कि एक युवक के साथ सांयसाल लगभग 5.30 बजे साथ मे जाते देखा गया था, जो अपने ननिहाल में आया था। मेरी नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने से हम लोग परेशान हैं मेरी पुत्री को उसके चगुंल से छुड़ाया जाय। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।

### नगर निकायों के विनियमित क्षेत्र व डूडा के कार्यों के सम्बंध में एडीएम ने की बैठक

**भदोही।** नगर निकाय एवं विनियमित क्षेत्र के कार्यों की अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एडीएम ने सम्बंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। अपर जिलाधिकारी ने नगर निकाय के कार्यों की प्रगति समीक्षा के दौरान एमआरएफ योजना के अंतर्गत कार्य, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट योजना अंतर्गत कार्य, वेंडिंग जोन, स्वच्छता कार्यक्रम, 15 वें राज्य वित्त, अन्य विकास कार्यों के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में स्वीकृत कार्यों की प्रगति व किस्त के रूप में प्राप्त धनराशि व स्वीकृत कार्य, पेयजल आदि के अंतर्गत स्वीकृत करने, गौशाला निर्माण, गोवंश को पकड़कर गौशाला में स्थापित किए जाने की प्रगति, आगामी मानसून के दृष्टिगत ड्रेनेज, जल निकासी की व्यवस्था, पं दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की स्थिति के विभिन्न आयामों सहित प्रगति समीक्षा की। अपर जिलाधिकारी ने सभी आयामों पर बिन्दुवार गंभीरता से व ससमय योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश समस्त अधिशासी अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर समस्त अधिशासी अधिकारी, एलबीसी उपस्थित रहे।

### आईटीआई कॉलेज पिपरीस में जागरूकता कार्यक्रम में यातायात प्रभारी ने दी जानकारी

**भदोही।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में सोमवार को यातायात प्रभारी द्वारा आईटीआई कॉलेज पिपरीस भदोही में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों व वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया। जनपदीय पुलिस ने जनपद के विभिन्न चौराहों व तिराहों पर भ्रमण कर ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा व बस चालकों आदि को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया। साथ ही यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रर्वतन की कार्यवाही करते हुए नशे की हालत में एक वाहन चालक खतरनाक तरीके, तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले 55 वाहन चालकों, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट न लगाने वाले बीस, दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट ड्राइव करने वाले पचास वाहन चालकों का चालान तथा अवैध पार्किंग वाले वाहन चालकों का नियमानुसार चालान किया गया। सभी से वाहन चलाते समय सीटबेल्ट व हेलमेट का अनिवार्य रुप से प्रयोग करने के लिए अपील की गई।

### टीएसआई ने स्कॉट के साथ जनपद सीमा से स्नानार्थियों को कराया पार

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के लालानगर टोलप्लाजा के पास ट्रैक्टर ट्राली पर बैठकर प्रयागराज महाकुम्भ में स्न्नान करने जा रही दर्जनों महिलाओं को स्वयं स्काट के साथ यातायात प्रभारी अनिल सिंह ने जनपद बार्डर पार कराया। बताते चले कि सोमवार को यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक अनिल सिंह अपने टीम के साथ लालानगर टोल पर मौजूद थे, जहां वाराणसी से एक ट्रैक्टर ट्राली पर दर्जन भर से ज्यादा महिलाएं प्रयागराज महाकुंभ में स्न्नान करने जा रही थी। जिन्हें स्वयं अपने वाहन से स्काट करते हुए प्रयागराज बॉर्डर तक सुरक्षित पहुचा दिया। यातायात प्रभारी ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली पर यात्रियों को बिठाकर ले जाने पर रोक है, लेकिन सब श्रद्धालु प्रयागराज जा रहे थे, जिला प्रशासन की मंशा है, इसलिए मैं स्वयं स्काट करते हुए प्रयागराज बार्डर तक सुरक्षित्र पहुचा दिया।

### शाहापुर में हुआ सह खिचड़ी भोज व कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**सुइथाकला।** विकासखंड क्षेत्र के गैरवाह गांव स्थित शाहापुर में रविवार को सह खिचड़ी भोज एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो. डॉ. रामप्यारे ने कहाकि सह खिचड़ी भोज कार्यक्रम सामाजिक समरसता की भावना का प्रतीक है। ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से समाज में एकता, आपसी सौहार्द्र और प्रेम बढ़ता है। इससे सामाजिक दूरी न केवल कम होती है बल्कि दिल की दूरियां भी मिटती हैं। बतौर विशिष्ट अतिथि शाहगंज एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया ने बच्चों और बेटियों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बेटे और बेटियों को एक समान शिक्षा देने की बात कही। इसी कड़ी में मेडिकल कॉलेज प्रयागराज के पूर्व प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह, सदस्य जिला पंचायत रविंद्र नाथ विंद, मान सिंह, हनुमत सिंह, राजेंद्र प्रताप, डॉ. नैय्यरे आजम आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए। अन्त में आयोजक डॉ. आरके वर्मा ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। अध्यक्षता राम शिरोमणि वर्मा व संचालन विनय वर्मा ने किया। इस दौरान रामकिशुन वर्मा, हरिराम वर्मा, तनवीर हसन, विंन्दे, सुरेश, राम सिंह व प्रदीप समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित है करणी सेनाः प्रमोद कुमार

**खेतासराय।** करणी सेना भारत के तत्वावधान में और राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह वीरू के निर्देश पर रविवार की रात्रि धौरइल गांव में एक सभा हुई जिसमें संगठन के विस्तार और महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई जिसमें कई जनपद के लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय संयोजक प्रमोद कुमार सिंह लल्ला ने कहा कि आज क्षत्रिय समाज में सबसे उपेक्षित है चाहे सरकार किसी की रही हो। जबकि राष्ट्र के उत्थान में इस समाज का विषेश स्थान है। चाहे वह देश की आन के लिए बलि देने की हो अथवा किसी भी जाति धर्म के विरुद्ध हो रहे अनाचार की। अनीति की बात हो तो रक्षक के तौर पर खड़ा रहता है या फिर मुगलों से लोहा लेने की बात रही हो। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष सुजीत सिंह ने कहा कि करणी सेना भारत समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए सदैव खड़ी है। कार्यक्रम का आयोजन धौरइल निवासी सनी सिंह के आवास पर हुआ। इस अवसर पर संयोजक मनोज सिंह, यादवेंद्र सिंह, सत्यम सिंह, वेदप्रकाश सिंह, मोहित सिंह, रविंद्र सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### राज्य सूचना आयुक्त ने दलित बस्ती में जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल

**जौनपुर।** राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र प्रताप सिंह रविवार को जनपद के मड़ियाहूं तहसील स्थित अटरिया गांव निवासी संजय सिंह के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पहुचें। इसके उपरांत ग्राम मीरपुर बेलवा बाजार, शीतलगंज स्थित अनूप सिंह गोलू के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। राज्य सूचना आयुक्त द्वारा दलित बस्ती में जाकर गरीब, आसहाय एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सीता गौतम, शोभाई रिकाई, अनीता गीता, सुनीता गोलका, गयादीन नीमरा, मंजू, सरिता, सुमन, देवकी, सविता, अच्छेलाल, हरि, मुकुंद, प्रेमचंद, छोटेलाल को कम्बल वितरण किया गया। दलित बस्ती में रहने वाली सीता के बने हाथों का खाना खाकर राज्य सूचना आयुक्त भावुक हो उठे। राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र प्रताप सिंह ने इस दौरान समाज के कमजोर वर्ग की मदद के लिए लगातार प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी भारतीय जाति धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्र को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज की संयुक्त जिम्मेदारी है कि हम हर व्यक्ति को सम्मान का दर्जा दे और अवसर प्रदान करें, ताकि वे अपने जीवन को बेहतर बना सकें। इसके उपरान्त भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जगत नारायण दुबे के यहां आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य भारत यदुवंशी, सोनू सिंह, चंदन सिंह गोलू, आसिफ, पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री डॉ. शैलेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य अनीश, अमित सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र प्रताप सिंह जौनपुर स्थित डाक बंगले में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि आरटीआई भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का सशक्त माध्यम है। यदि कोई अधिकारी मांगी गई सूचनाओं को टाल मटोल करता है या समुचित सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराता है तो निश्चित तौर पर कहीं न कहीं कोई गड़बड़ी होती है। ऐसे में राज्य सूचना आयोग में अपील करने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# अरब जगत व मध्य पूर्व पर ट्रंप की क्या होगी नीति



मध्य पूर्व दुनिया का एक ऐसा अहम क्षेत्र है, जहां होने वाली गतिविधियां कई देशों को प्रभावित करती हैं। ऐसे में सवाल ये उठता है कि अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर वापसी के बाद डोनाल्ड ट्रंप की इस क्षेत्र को लेकर क्या नीति होगी? चुनाव जीतने के बाद और शपथ ग्रहण से पहले ही ट्रंप जिस तरह से कई मुद्दों को लेकर लगातार बयान दे रहे हैं वो उन्हें अमेरिकी इतिहास में बाकी के राष्ट्रपतियों से बिलकुल अलग बनाता है। पिछले साल पांच नवंबर को चुनाव नतीजे आने के बाद से ही ट्रंप लगातार अमेरिका की विदेश नीति में हस्तक्षेप करते दिख रहे हैं जबकि उन्होंने औपचारिक रूप से राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभाला लिया है। चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप ने दावा किया था कि वो मध्य पूर्व में चल रही लड़ाई रुकवा देंगे। साथ ही उन्होंने हमास को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर उनके पदभार ग्रहण करने से पहले हमास, सभी बंधको को छोड़ने के लिए राजी नहीं होता तो उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। जानकारों का मानना है कि ट्रंप की इस धमकी ने गजा में सीजफायर कायम करने में अहम भूमिका निभाई, जबकि एक साल पहले बाइडन प्रशासन की युद्धविराम की कोशिशें नाकाम हो गई थीं। हमास ही नहीं, बल्कि ट्रंप ने इसराइली प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू पर भी इस डील को मानने के लिए दबाव बनाया। जबकि पूर्व में नेतन्याहू और उनकी कैबिनेट के कई सदस्य इस सीजफायर की कई शर्तों से सहमत नहीं थे। युद्धविराम के बाद से कई सवाल पैदा हो रहे हैं, जैसे गजा पट्टी पर किसकी हुकूमत होगी, हमास का क्या भविष्य होगा। साथ ही मध्य पूर्व में शक्ति संतुलन में क्या किसी तरह का बदलाव आएगा? इस बात की संभावना तो बिलकुल नहीं है कि ट्रंप, ईरान को परमाणु हथियार पाने के लिए कार्यक्रम जारी रखने देंगे। अमेरिकी सूत्रों के मुताबिक ट्रंप ने नेतन्याहू को

**अहम मुद्दा**

**चुनाव जीतने के बाद ट्रंप के बयान अलग रौशनी डाल रहे**

भरोसा दिलाया है कि अगर ईरान परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश करता है या उसके करीब पहुंचता है तो इसराइल को मिलिट्री ऑपरेशन करने की छूट है और मुमकिन है कि अमेरिका भी इस ऑपरेशन में शामिल होगा। इसराइल-हिजबुल्लाह की लड़ाई और सीरिया में बशर-अल-असद की सत्ता गिरने के बाद से मध्य पूर्व में ईरान के दबदबे को झटका लगा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि ट्रंप अब और ज्यादा प्रत्यक्ष तरीके से ईरान पर दबाव डालेंगे। इराक पर भी सबकी नजर होगी जहां ईरान समर्थित हथियारबंद गिरोह हैं और अमेरिका के समर्थन वाली सरकार है। कुल मिलाकर देखना होगा कि ट्रंप किस हद तक ईरान पर दबाव डालते हैं और ईरान इन दबावों का किस हद तक सामना करने में सक्षम होगा। मध्य पूर्व के लिए यमन भी बेहद अहम होने वाला है. हूती विद्रोहियों के साथ जारी जंग, ट्रंप को विरासत में मिलेगी।

हूतियों के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बावजूद बाइडन प्रशासन लाल सागर में हूती हमलों के खतरे को खत्म करने में नाकाम रहा है। अपने पिछले कार्यकाल के आखिरी दिनों में ट्रंप ने हूती को आतंकवादी संगठन की लिस्ट में डाला था. लेकिन यमन में हूती विद्रोहियों से डील करने के लिए बाइडन प्रशासन ने उन्हें इस लिस्ट से हटा दिया था। अनुमान जताया जा रहा है कि ट्रंप दोबारा से हूती को आतंकवादी संगठन की लिस्ट में डाल देंगे और हूतियों के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में और तेजी आएगी।

लेबनान में ईरान के कम होते दबदबे को और कैसे कम किया जाए इसे लेकर भी ट्रंप कदम उठा सकते हैं। हाल ही में लेबनान में वहां जोसेफ औन नए राष्ट्रपति चुने गए और प्रधानमंत्री पद के लिए नवाफ सलाम के नाम पर सहमति बनी है. इन दोनों को ही लेबनान पसंद नहीं करता है। सीरिया के हालात भी ट्रंप के पिछले कार्यकाल की तुलना में काफी बदल गए हैं। अब वहां के नए नेता अहमद अल-शरा ने कहा है कि वो सभी से बेहतर संबंध चाहते हैं। तुर्की का भी इसमें अहम रोल होगा जिसे एक तरह से ट्रंप ने भी स्वीकारा है। अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप ने कोशिश की थी कि पूर्वी सीरिया में अमेरिकी मौजूदगी कम की जा सके। इससे वहां तुर्की का प्रभाव बढ़ जाता जो अमेरिका समर्थित कुर्दिश विद्रोही दल सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्स के लिए अच्छा नहीं था। ट्रंप अपने नए कार्यकाल में कुर्दिश सहयोगियों का साथ शायद न छोड़ें, लेकिन इराक और सीरिया में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति के बारे में कोई निर्णायक फैसला जरूर ले सकते हैं। साथ ही वो सहयोगी तुर्की और विरोधी ईरान को लेकर क्या फैसले लेते हैं इस पर भी सबकी नजरें टिकी होंगी। ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिका के मध्य पूर्व के उसके परंपरागत सहयोगियों जैसे सऊदी अरब, यूएई, मिस्र, कतर, कुवैत, बहरीन, ओमान और जॉर्डन से संबंध और मजबूत होने की संभावना है। क्योंकि ट्रंप का फोकस मध्य पूर्व के साथ ऐसे संबंध बढ़ाने पर होगा जिससे अमेरिका की सैन्य और आर्थिक ताकत और मजबूत हो. भले ही इसके लिए इन देशों के मानवाधिकारों को लेकर कमजोर रिकॉर्ड्स को नजरअंदाज ही क्यों न करना पड़े।अगर ट्रंप, सऊदी अरब और इसराइल के बीच किसी तरह की डील करवा पाए तो ये उनके लिए बेहद बड़ी उपलब्धि होगी। लेकिन इसराइल के साथ बेहतर संबंधों के एवज में सऊदी अरब बहुत बड़ी कीमत चाहेगा। जैसे सऊदी अरब अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम को आगे बढ़ाना चाहेगा. साथ ही एक फलस्तीनी राज्य की स्थापना की गारंटी भी वो मांग सकता है। कुल मिलाकर ट्रंप की मध्य पूर्व नीति में आर्थिक मोर्चे पर बड़ा फोकस होगा. बाइडन प्रशासन की नीतियों के फोकस में मुख्य रूप से चीन से मुकाबला था तो ट्रंप चाहेंगे कि मध्य पूर्व से बेहतर रिश्ते बनाकर आर्थिक मोर्चे पर चीन को काफी पीछा छोड़ सकें।

# कोलकाता कांड: तारीख-दर-तारीख कब-क्या हुआ



पिछले साल 9 अगस्त को हुए इस जघन्य कांड में 164 दिनों के बाद सियालदह कोर्ट का फैसला है। कोर्ट ने संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, 66 और 103 (1) के तहत के दोषी ठहराते हुए फैसला सुनाया है। इन धाराओं के तहत अपराधी को अधिकतम फांसी या उम्रैकद की सजा का प्रावधान है। लेकिन न्यायाधीश ने इसे रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस नहीं मानते हुए उम्रकैद की सजा दी है।

## सीबीआई ने चार्जशीट में संजय को बताया अपराधी

सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में संजय रॉय को ही असली अपराधी बताया है। इसके साथ ही इसको गैंगरेप की बजाए रेप कहा गया है। चार्जशीट के अनुसार सिविक वालंटियर संजय रॉय ने अकेले ही इस वारदात को अंजाम दिया है। पीड़िता से लिए गया सीमन का सैंपल उससे मैच हो गया था। सीएफएसएल रिपोर्ट से पुष्टि हुई थी कि सीमन संजय रॉय का ही है। कई भौतिक-परिस्थितिजन्य साक्ष्य, फोरेंसिक रिपोर्ट के आधार पर साबित हुआ कि वारदात उसने ही किया है। सीबीआई की चार्जशीट में उल्लेख किया गया है कि 9 अगस्त 2024 को क्राइम सीन से मिले छोटे बाल को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा गया था। रिपोर्ट में ये बाल संजय रॉय के बताए गए। करीब 100 गवाहों, 12 पॉलीग्राफ टेस्ट, सीसीटीवी कैमरों, फॉरेंसिक रिपोर्ट, मोबाइल की कॉल डिटेल और लोकेशन, ईयरफोन और आरोपी के बयान के बाद चार्जशीट फाइल की गई। इसमें सीबीआई ने भी ये साफ कर दिया है कि ट्रेनी जूनियर डॉक्टर के साथ रेप हुआ था, ना कि गैंगरेप। सीबीआई की चार्जशीट के मुताबिक, इस केस को सुलझाने में तीन चीजें सबसे अहम साबित हुई हैं। इनमें पहली, अस्पताल के सेमिनार रूम के बाहर सीसीटीवी कैमरे से मिली तस्वीरें हैं। इन तस्वीरों में 9 अगस्त की सुबह 4 बजे संजय रॉय सेमिनार हॉल के अंदर जाता दिखाई देता है। आधे घंटे बाद वो बाहर निकल जाता है। इस दौरान सेमिनार हॉल में संजय के अलावा ना और कोई दूसरा गया, न बाहर आया। दूसरी, सेमिनार हॉल से मिला संजय रॉय का मोबाइल का ईयरफोन। जो बाद में उसी के ब्लूटूथ से कनेक्ट हो गया था। तीसरी, सबसे अहम चीज फॉरेंसिक रिपोर्ट थी। ट्रेनी जूनियर डॉक्टर के नाखुन में मिले खून से संजय का डीएनए मैच कर गया। इसके अलावा सीमन का डीएनए भी संजय रॉय से मैच कर गया था। प्राइवेट पार्ट से भी संजय का ही डीएनए सैंपल मिला था। चार्जशीट के मुताबिक, वारदात वाली रात संजय रॉय ने काफी शराब पी रखी थी। उसी नशे में वो रात करीब चार बजे अस्पताल के तीसरी मंजिल पर पहुंचा। इस बात से अंजान कि सेमिनार हॉल में ट्रेनी जूनियर डॉक्टर सो रही है, वो वहां पहुंच गया। वहां उसे ट्रेनी डॉक्टर दिखाई दी। इसके बाद वो उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। डॉक्टर बचने की कोशिश करती रही। संजय रॉय ने उसका मुंह और गला दबा दिया। उसने जब ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप किया, तब वो बेहोश थी। पीड़ित के जिस्म पर 16 बाहरी और 9 अंदरुनी चोट थी। खुद को बचाने के दौरान उसने संजय पर हमला भी किया था। इसकी वजह से खरोंचने के दौरान उसके नाखुन में उसका खून आ गया था। संजय के हाथ और गर्दन पर भी खरोंचे जाने के निशान थे। इसका वो सही-सही जवाब नहीं दे पाया था। फिलहाल कोर्ट ने उसे दोषी करार दे दिया है। सोमवार को सजा का ऐलान होगा।

**9 अगस्त, 2024:** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की तीसरी मंजिल पर सेमिनार हॉल में पोस्ट-ग्रेजुएट ट्रेनी डॉक्टर का शव मिला था। उसकी बलात्कार के बाद बर्बरता पूर्वक हत्या की गई थी। पीड़िता का शव देखकर हर कोई दहल उठा था।

**10 अगस्त, 2024:** कोलकाता पुलिस ने अपने सिविक वालंटियर संजय रॉय को पीड़िता के साथ बलात्कार के बाद हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया। वो अस्पताल परिसर में बने कैंप में नशे में धुत होकर सो रहा था।

**12 अगस्त, 2024:** वेस्ट बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मृतक डॉक्टर के घर का दौरा किया। कोलकाता पुलिस से कहा कि उन्हें एक सप्ताह में मामले को सुलझाना होगा अन्यथा वो जांच सीबीआई को सौंप देंगी।

इस जघन्य कांड के मद्देनजर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। जूनियर डॉक्टर धरने पर बैठ गया। सभी जगहों पर अस्पताल का कामगाज ठप्प हो गया। जूनियर डॉक्टरों के विरोध के बीच आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्रिंसिपल संदीप घोष ने इस्तीफा दे दिया। कुछ घंटों बाद सरकार ने उन्हें कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया।

**13 अगस्त, 2024:** कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस केस की जांच सीबीआई को सौंप दी। कोर्ट ने संदीप घोष को लंबी छुट्टी पर जाने को भी कह दिया। कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई की एक टीम दिल्ली से कोलकाता पहुंची। कोलकाता पुलिस ने संजय रॉय को सीबीआई की हिरासत में दे दिया।

**14 अगस्त, 2024:** महिलाओं की सुरक्षा की मांग को लेकर लाखों लोग 'रिक्लेम द नाइट' विरोध प्रदर्शन के तहत पश्चिम बंगाल में सड़कों पर उतरे। विरोध प्रदर्शनों के बीच, भीड़ ने ताला में आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ कर दी।

**17 अगस्त, 2024:** आईएमए ने 24 घंटे के लिए देश भर में स्वास्थ्य सेवाओं को बंद करने का आह्वान किया।

**18 अगस्त, 2024:** सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया।

**20 अगस्त, 2024:** सुप्रीम कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने में देरी और हजारों उपद्रवियों को अस्पताल में तोड़फोड़ करने की अनुमति देने पर पश्चिम बंगाल सरकार की खिंचाई कर दी। कोर्ट ने डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित की खातिर प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए 10 सदस्यीय राष्ट्रीय टास्क फोर्स का गठन किया। डॉक्टरों को काम पर वापस आने लायक माहौल बनाने के लिए अस्पताल में सीआईएसएफकी तैनाती का भी आदेश दिया।

**21 अगस्त, 2024:** सीआईएसएफ ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की सुरक्षा अपने हाथ में ले ली। कोलकाता पुलिस ने 14 अगस्त को अस्पताल में हुई तोड़फोड़ के सिलसिले में तीन पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया।

**27 अगस्त, 2024:** छात्र संगठन 'छात्र समाज' ने सीएम ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए राज्य सचिवालय नबन्ना तक मार्च निकाला। बीच रास्ते में रोके जाने के बाद कार्यकताओं की पुलिस से झड़प हुई, जिसमें कई लोग घायल हो गए।

**2 सितंबर, 2024:** सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में वित्तीय धोखाधड़ी के आरोपों के सिलसिले में संदीप घोष को गिरफ्तार किया।

**10 सितंबर, 2024:** जूनियर डॉक्टरों ने साल्ट लेक में राज्य स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय स्वास्थ्य भवन के बाहर धरना शुरू किया, जबकि उनका काम बंद जारी रहा।

**14 सितंबर, 2024:** सीबीआई ने संदीप घोष पर डॉक्टर के बलात्कार और हत्या में एफआईआर दर्ज करने में देरी करने और सबूतों से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। जांच एजेंसी ने इसी मामले में ताला पुलिस स्टेशन के प्रभारी अभिजीत मंडल को भी गिरफ्तार किया।

**16 सितंबर, 2024:** आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की, क्योंकि विरोध प्रदर्शनों ने पूरे पश्चिम बंगाल में स्वास्थ्य सेवाओं को ठप्प कर दिया था।

**17 सितंबर, 2024:** आंदोलनकारी डॉक्टरों के साथ मुख्यमंत्री की बैठक के बाद कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल को हटा दिया गया। उनकी जगह आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार वर्मा को नियुक्त किया गया। स्वास्थ्य सेवा निदेशक (डीएचएस) देबाशीष हलदर, चिकित्सा शिक्षा निदेशक (डीएमई) कौस्तव नायक और कोलकाता पुलिस के उत्तरी डिवीजन के उपायुक्त अभिषेक गुप्ता को भी हटा दिया गया।

**19 सितंबर, 2024:** जूनियर डॉक्टरों ने आंदोलन वापस लेने की घोषणा कर दी।

**6 अक्टूबर, 2024:** वेस्ट बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट ने एस्प्लेनेड में आमरण अनशन शुरू किया, जिसमें सरकार से उनकी बाकी मांगें पूरी करने और अपने मृतक साथी के लिए न्याय सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया।

**7 अक्टूबर, 2024:** सीबीआई ने सियालदह कोर्ट में संजय रॉय के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

**21 अक्टूबर, 2024:** राज्य सचिवालय नबन्ना में ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद जूनियर डॉक्टरों ने अपना 17 दिन का अनशन खत्म किया।

**12 नवंबर, 2024:** सियालदह कोर्ट में बंद कमरे में सुनवाई शुरू हुई।

**29 नवंबर, 2024:** सीबीआई ने वित्तीय अनियमितताओं के मामले में 125 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया। इसमें संदीप घोष को आरोपी बनाया गया।

**13 दिसंबर, 2024:** सबूतों से छेड़छाड़, एफआईआर दर्ज करने में देरी से संबंधित मामले में संदीप घोष और अभिजीत मंडल को जमानत मिल गई, क्योंकि सीबीआई 90 दिनों की अनिवार्य अवधि के भीतर उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने में विफल रही।

**9 जनवरी, 2025:** सियालदह कोर्ट में बलात्कार और हत्या मामले की सुनवाई पूरी हुई।

**18 जनवरी, 2025:** कोर्ट ने संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (बलात्कार), 66 (मृत्यु का कारण बनना) और 103 (1) (हत्या) के तहत दोषी ठहराया।

**20 जनवरी, 2025:** सियालदह कोर्ट ने संजय रॉय को मरते दम तक उम्रकैद की सजा सुनाई। इस केस के रेयरेस्ट ऑफ रेयर मानने से इनकार किया। राज्य को मृतक डॉक्टर के परिवार को 17 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया। लेकिन परिजनों ने पैसे लेने इनकार कर दिया।

# एसीपी ने चाट दुकानदार की लगाई क्लास



**फटकार**

**दुकान के सामने लग रहे भीषण जाम को देखकर पारा चढ़ा**

**कहा, 2 दिन में व्यवस्था ठीक करें अन्यथा दर्ज होगा मुकदमा**

**वाराणसी।** एडिशनल पुलिस कमिश्नर डॉ. एस चिनप्पा का पारा उस वक्त चढ़ गया जब उन्होंने गोदौलिया स्थित काशी चाट के बाहर लगी भारी भीड़ और यातायात में हो रही बाधाओं को देखा। शाम से लेकर रात तक, यह एक लेन पूरी तरह से बाधित रहती है, जिससे यातायात में परेशानी हो रही थी। इसकी तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थी। एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने काशी चाट के मालिक को बुलाकर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि यदि अगले 1-2 दिन में व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो दशाश्वमेध थाना प्रभारी को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया जाएगा। डॉ. एस चिनप्पा ने सोमवार को शहर में अतिक्रमण अभियान और यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन के लिए पैदल गश्त की। उन्होंने बेनिया बाग तिराहा से लेकर भेलूपुर थाना तक और रेवड़ी तालाब से गिरिजाघर चौराहा तक अतिक्रमण की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान लगभग 50 वाहनों का चालान किया गया और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की गई। इसके साथ ही, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर उन्हें कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। इस निरीक्षण में एडीसीपी सरवणन टी. और एसीपी दशाश्वमेध भी उपस्थित रहे।

## वरुणा किनारे शव मिलने से हड़कंप

**वाराणसी।** वरूणा किनारे एक शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सोमवार को जैतपुरा थाना क्षेत्र के ढेलवरिया निवासी गोलू चौहान (22) का शव ढेलवारिया इलाके में वरुणा नदी के किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार युवक मैजिक चलाता था। वह कुछ दिन से परेशान था और बीती रात 8 बजे घर आकर दो मिनट में वापस आने की बात कहकर निकल गया था और फिर नहीं लौटा। सुबह उसका शव वरुणा किनारे मिला गोलू की मां कौशल्या ने बताया-रविवार की रात 8 बजे गोलू गाड़ी चलाकर घर आया। हमने कहा खाना खा लो तो वो बोला अभी आते हैं दो मिनट काम से जा रहे फिर खाना खाएंगे। दोस्त के फोन पर घर से बाहर गए युवक की हमलावरों ने हत्या कर दी और शव वरुणा किनारे फेंक दिया। सोमवार को युवक का शव वरुणा किनारे मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लिया और शिनाख्त की। इसके बाद पुलिस ने युवक के परिजनों को बुलाया तो इकलौते बेटे का शव देखकर मां गश खाकर गिर गई। परिजन शव से लिपटकर रोते बिलखते नजर आए। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच कराई। युवक की गर्दन पर गहरा निशान मिला तो शरी पर अन्य चोटें भी नजर आई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कौशल्या ने बताया- रात 11 बजे तक जब गोलू घर नहीं आया तो उसे ढूंढने निकल गई। हर जगह देखा पर वह नहीं मिला। उसके दोस्तों से भी जानकारी ली पर उसे किसी ने नहीं देखा था। कौशल्या ने बताया- इसके बाद छत पर जाकर लेट गई और गोलू का इंतजार करने लगी पर वह नहीं आया। सुबह हुई तो फिर ढूंढने निकली और आस-पास के लोगों से पूछा तो किसी को पता नहीं था।

## चाइनीज मांझे से कटा अधेड़ का गला



**वाराणसी।** फुलवरिया क्षेत्र के इमलिया घाट तिराहे पर सोमवार शाम चाइनीज मांझे की चपेट में आने से 45 वर्षीय इरफान का गला कट गया। सड़क पर तड़पते हुए इरफान को स्थानीय लोगों ने तुरंत ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। घायल इरफान की पहचान फुलवरिया निवासी मोहम्मद कुरबान के पुत्र के रूप में हुई है।इरफान के पिता मोहम्मद कुरबान ने बताया कि उनका बेटा कई सालों से पुलिस वर्दी सिलने का काम करता है। वह अर्दली बाजार से कपड़ा लेकर घर पर सिलाई करता था। सोमवार को भी वह स्कूटी से अर्दली बाजार से घर लौट रहा था, जब इमलिया घाट पर चाइनीज मांझा उसकी गर्दन में लिपट गया। इरफान के गले पर गहरा कट लग गया और खून बहने लगा। जब तक वह कुछ समझ पाता, वह सड़क पर गिर चुका था। स्थानीय लोगों ने उसे उठाया और नजदीकी अस्पताल में भेजा, जहां से डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में फिलहाल इरफान के गले पर पट्टी बांध दी गई है और ब्लड चढ़ाया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक इरफान की सर्जरी नहीं हो सकी थी। हालांकि उसकी सिटी स्कैन, एक्सरे और अन्य जांच कराई गई हैं। उसके पिता मोहम्मद कुरबान ने चाइनीज मांझे पर रोक लगाने की कड़ी मांग की है, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए महिला उप निरीक्षक पुरस्कृत

**बड़ागांव।** स्थानीय थाने में तैनात महिला उप निरीक्षक द्वारा जन सुनवाई एवं अन्य शिकायतों में फरियादियों की संतुष्टि एवं भौतिक सत्यापन कर उनका निस्तारण कर एक उदाहरण



पेश करने पर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन द्वारा पांच हजार रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बड़ागांव थाने में तैनात 2023 बैच की प्रशिक्षु महिला उप निरीक्षक अंकिता सिंह की कार्य प्रणाली से प्रसन्न होकर उक्त पुरस्कार राशि प्रदान करते हुए पुलिस उपायुक्त द्वारा भविष्य में इससे बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देते हुए उनको प्रोत्साहित किया गया।

## वाराणसी मंडल की महिला कबड्डी टीम को गोल्ड मेडल



**वाराणसी।** मथुरा के स्पोर्ट्स स्टेडियम में 18 से 20 जनवरी तक आयोजित स्व. मोहन पहलवान स्मृति महिला अंतर मंडलीय स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप के लीग मैच में वाराणसी मंडल ने बस्ती मण्डल को 22-07 के अंकों से हराया और अयोध्या मण्डल को 24-07 अंकों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में आजमगढ़ मण्डल को 34-07 के अंकों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में मिजार्पुर मण्डल को 27-16 के अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में आगरा हास्टल को 32-23 के स्कोर से हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। टीम कोच कु.शिखा सिंह थीं। इस जीत पर वाराणसी की क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी विमला सिंह, उप्र कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव राजेश कुमार सिंह, सतेन्द्र कुमार,विनय कुमार सिंह,जयशंकर पाण्डेय, शिवमुनि सिंह,राम पाल, विनोद कुमार यादव,अमित गौतम, प्रशान्त सिंह आदि ने बधाई दी है।

## महाकुंभ में दैवीय आपदा व कष्ट निवारण के लिए रुद्राभिषेक

**पूजा**

**स्वामी नारायणानंदतीर्थ वेद विद्यालय में वेदपाठी बटुकों ने किया पूजन-अर्चन**

**वाराणसी।** शिवाजीनगर कॉलोनी, छित्तुपुर, रमना स्थित श्रीस्वामी नारायणानन्दतीर्थ वेद विद्यालय द्वारा महाकुंभ मेले में 19 जनवरी को दैवीय आपदा व अन्य कष्टों के निवारण के लिए पाठशाला में भगवान नर्मदेश्वर शिव का वैदिक विधि-विधान पूर्वक चारों वेदों के मंत्रों से रुद्राभिषेक किया गया। इसका उद्देश्य था कि संपूर्ण महाकुंभ सुखावहता के साथ संपन्न हो और आपदा या कष्ट ना आए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी का पदार्पण हुआ। कार्यक्रम में परम तपस्वी वैदिक वाङ्मय के लिए समर्पित संत लखन स्वरूप ब्रह्मचारी ने प्रोफेसर साहब को सम्मानित किया तथा संस्था के



अध्यक्ष डा.वरुणेश चन्द्र दीक्षित ने सभी का सम्मान किया। इसी दौरान महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन द्वारा निर्धारित निरीक्षण का क्रम भी पूरा हुआ। वैदिक विज्ञान केन्द्र के पूर्व समन्वयक प्रो.उपेन्द्र त्रिपाठी ने बड़ी ही प्रसन्नता के साथ निरीक्षण किया तथा पाठशाला की अद्भुत परंपरा को देखते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य सुनील पाठक, मदनमोहन पाण्डेय, दुष्यन्त मिश्र, रामयश मिश्र, अशोक पाण्डेय सहित डेढ़ सौ से अधिक बटुकों तथा सभी वेद विद्यालय के सदस्यों की उपस्थिति रही।